5. संताली भाषा में वचन की संख्या तीन है। (क) एक वचन (ख) द्विवचन (ग) बहु वचन। (क) एक वचन – संताली भाषा में एक वचन से एक ही संख्या का बोध होता है। जैसे – मिदटां दारे (एक पेड़), मिद होड़ (एक आदमी) आदि। (ख) द्विवचन – संताली भाषा में द्विवचन से केवल दो संख्या का बोध होता है। जैसे – दारे कीन (दो पेड़), होड़ कीन (दो आदमी) आदि। (ग) बहु वचन – संताली भाषा में बहु वचन से दो से अधिक संख्या का बोध होता है। जैसे – दारे को (पेड़ों), होड़ को (आदमियों) आदि। संताली व्याकरण में एक वचन से द्विवचन बनाने के लिए किन, बिन, बेन, लिंञ, लांग सम्बन्ध तत्व या प्रत्यय का व्यवहार होता है। जैसे – राम आर लखन किन जम केदा (राम और लखन दोनों खाऐ हैं), अका ते बिन चालाव लेना?(आप दोनों कहां गये थे) उसी तरह संताली व्याकरण में एक वचन से बहु वचन बनाने के लिए विकारी शब्दों के साथ को, सांगे, आडी गान, ले, बन, पे संबंध तत्व या प्रत्यय जोड़कर बहु वचन बनाया जाता है।

6. विशेषण – संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता या गुण प्रकट करने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं। (क) संताली भाषा में विशेषण का विशेषता यह है कि मूल शब्द के लिंग एवं वचन में परिवर्तन होने पर भी विशेषण में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

   जैसे– हेंदे गॉय – काली गाय हेंदे डांगरा – काला बैल आदि।

   (ख) संताली भाषा में मूल शब्द का प्रयोग विशेषण के अन्त में आने से प्रत्यय का व्यवहार नहीं होता है यदि विशेषण का प्रयोग मूल शब्द के अन्त में आने से विशेषण में या, आ, वा प्रत्यय का व्यवहार होता है।

   जैसे– लाटु अड़ाः – अड़ाः लाटुवा
   उसुल बुरु – बुरु उसुला
   सारी काथा – काथा सारीया आदि।

7. संताली भाषा में और एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि समस्त निर्जीव पदार्थ ही निर्जीव लिंग (हा़द जानांग) के अन्तर्गत आता है। लेकिन सूर्य, चांद एवं तारे निर्जीव पदार्थ होने के वावजूद संताली भाषा में सजीव या प्राणी वाचक जैसे व्यवहार होता है तथा पेड़ पौधे सजीव होते हुए भी संताली भाषा में निर्जीव पदार्थ रुप में व्यवहार होता है।

   जैसे – बेड़ाय राकाब एना, चांदोय न्रलोक् काना, इपिल को हांसुरोक् काना आदि। मिदटाड० दारे मेनाःआ, बारया दारे ताहें काना आदि।

   संताली भाषा में प्रत्यय से ही सजीव एवं निर्जीव पदार्थ का पता लगाया जा सकता है। सजीव पदार्थ या प्राणी के लिए उय, या, य प्रत्यय एवं निर्जीव वस्तुओं के लिए आ प्रत्यय जोड़कर अलग–अलग व्यवहार किया जाता है।

शम्भुनाथ सोरेन
सहायक प्रोफेसर,
संताली विभाग, मानभुम महाविद्यालय, मानबजार,
पो/थाना – मानबजार, जिला – पुरूलिया, पश्चिम बंगला,
पिन– 723131, मो – 9800432482

स्थायी पता :
ग्राम– मधुपुर, पो. – कालापाथर,
थाना – चाकुलिया, जिला – पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड,
पिन– 832301, मो – 9800432482

8. संताली भाषा में मूल शब्द या संज्ञा शब्दों के पुर्व आयमा, आडिगान,आडिसांगे, सांगे, आडिगटान, आमदा, आडिआमदा, उसता.य, आडी अकज आदि प्रत्ययों को जोड़ कर बहू वचन बनाया जाता है। जैसे – आडिसांगे होड़ (बहुत आदमी), आयमा होड़ (बहुत आदमी), आडिअकज दाक् मेनाक्आ (पानी बहुत ज्यादा है) आदि।
9. संताली एक योगात्मक भाषा है। योगात्मक भाषा होने के कारण पद बनाने के लिए शब्दों में संबंध तत्व या प्रत्यय जोड़ने की आवश्यकता है। जैसे – जम+आक् = जमाक्, आ+सेन = आसेन आदि।
10. संताली भाषा में द्विरुकत (संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, विशेषण, अव्यय) शब्दों का व्यवहार होता है। जैसे – अड़ाक् – अड़ाक्, इञ+इञ = इञिञ आदि।

निष्कर्ष :–

सच तो यह है कि मातृभाषा के साहित्य लिखन से ही सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनीतिक और राष्ट्रीय जीवन का परिचय मिलता है । उसी तरह संताली संतालों का मातृभाषा है और उसी भाषा के माध्यम से वर्तमान काल के अनुरूप लिखित साहित्य का सृजित हो रहा है एवं साहित्यकारों द्वारा समाज को आगे निरन्तर विकास के लिए नवीनता लाता रहा है । दुसरी ओर संताली भाषा का स्पष्ट विशेषताएं सामने आ रहा है। इससे हम कह सकते हैं सन्ताली भाषा कई क्षेत्रों में अपना महत्व रखता है।

संदर्भ सूची –

1. शुक्ल डॉ. धीरेन्द्र – हिन्दी नाट्य परिदृश्य, प्रकाशन संस्थान, 4268–B/3, अंसारी रोड, दरियागंज, नयी दिल्ली – 110002 पृष्ठ संख्या – 14
2. शुक्ल डॉ. धीरेन्द्र – हिन्दी नाट्य परिदृश्य, प्रकाशन संस्थान, 4268–B/3, अंसारी रोड, दरियागंज, नयी दिल्ली – 110002 पृष्ठ संख्या – 14
3. डॉ. नगेन्द्र एवं डॉ हरदयाल, हिंदी साहित्य का इतिहास – मयूर बुक्स, 4226/1 अंसारी रोड, दरियागंज, नयी दिल्ली 110002 । 64 वां संस्करणः अगस्त 2018। पृष्ठ संख्या – 44
4. सिंह बी.एन. – शिक्षा – सिद्धांत, शिक्षा – दर्शन, शिक्षा समाज शास्त्र, नवदीप पब्लिकेशन दीपगंगा कॉम्प्लेक्स, अशोक राजपथ, पटना – 4, पृष्ठ संख्या – 57
5. सोरेन भोगला – संताली भाषा लिपि और साहित्य का विकास – पृष्ठ संख्या–62
6. सिंह बी.एन. – शिक्षा – सिद्धांत, शिक्षा – दर्शन, शिक्षा समाज शास्त्र, नवदीप पब्लिकेशन दीपगंगा कॉम्प्लेक्स, अशोक राजपथ, पटना – 4, पृष्ठ संख्या – 57

3

गिजूभाई की बाल–शिक्षा और जीवन कौशलों का विकास

चित्रलेखा शर्मा, डॉ0 प्रताप सिंह राणा

सारांश

शिक्षा मानवजीवन की प्रगति की प्रथम सीढी है। शिक्षा का उद्देश्य बालकों को भावी जीवन के लिए तैयार करना है। जिससे बालक समाज का एक सक्रिय, योग्य और उत्तरदायी नागरिक बनने में सक्षम हो और जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना कर सकें। आज हम 21वीं शताब्दी के उच्च तकनीक से पूर्ण समाज में रह रहे हैं। जहां सूचना तकनीकी के बढ़ते प्रभाव के कारण शिक्षा की पारम्परिक अवधारणाएं परिवर्तित हो रहीं हैं। आज शिक्षा में जीवन उपागम का महत्व बढ़ गया हैं। ऐसे में यक्ष प्रश्न यह है कि बालक को जीवन उपयोगी शिक्षा किस प्रकार प्रदान की जाए जिससे बालक जीवन में आने वाली समस्याओं से आसानी से निपट सकें। इन्हीं सब प्रश्नों का उत्तर देखने के लिए जीवन कौशलों पर आधारित शिक्षा कैसी हो?इस संदर्भ में हम जीवन कौशलों के बारे में चर्चा करेंगे। इसके साथ ही 15 नवम्बर 1885 में जन्में गिजूभाई (गिरजाशंकर भगवान बधेका) की बाल–शिक्षा सूचना पर आधारित न होकर जीवन कौशलों पर आधारित थी। वह अपनी बाल्यकाल की शिक्षा से बहुत दुखी थे, इसलिए उन्होंने स्वयं लिखा है– ''घोडों के अस्तबलों जैसी शालाओं को बारूद से उड़ा दो'' उन्होनें 1920 में दक्षिणामूर्ति बाल–मंदिर, भावनगर की स्थापना की। वहीं पर उन्होंने बाल–शिक्षा में प्रयोग करते हुए विभिन्न जीवन कौशलों को विकसित किया। लेकिन 23 जून 1939 को मुम्बई में उनका निधन हो गया जिस कारण उनके द्वारा किये गए प्रयोगों से देश लाभान्वित न हो सका लेकिन उनकी रचनाओं का हिन्दी अनुवाद होने के उपरान्त शिक्षाविदो का ध्यान इस ओर गया है। प्रस्तुत शोधपत्र में गिजूभाई की बाल–शिक्षा और जीवन कौशलों पर प्रकाश डाला है।

शब्द संकेत –

गिजूभाई की बाल–शिक्षा (प्राथमिक शिक्षा)

जीवन कौशल (जीवनोपयोगी शिक्षण)

प्रस्तावना

शिक्षा मानव–जीवन की प्रगति पथ की प्रथम सीढ़ी है। शिक्षा के द्वारा बालक जीवन के प्रति एक उचित दृष्टिकोण विकसित करता है। शिक्षा के द्वारा बालक बौद्धिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक समस्याओं का समाधान खोजता है। शिक्षा बालको को न केवल जीवन के फैसले लेना सिखाती है, वरन् उसे उन्नतशील सुसंस्कृत और सभ्य भी बनाती हैं। शिक्षा का मुख्य उद्देश्य भावी जीवन के तैयार करना है। जिससे बालक एक सक्रिय एवं योग्य नागरिक बन सके।

जीवन कौशल मनोसामाजिक योग्यताओं का एक समूह है जो बालक को निर्णय लेने, समस्याओं का हल करने, सर्जनात्मक एवं आलोचनात्मक ढंग से सोचने, प्रभावशाली ढंग से संवाद करने, स्वस्थ आदतों का निर्माण करने, परानुभूति करने, अपने जीवन को स्वस्थ उत्पादित ढंग से व्यवस्थित करने में सहायता करता है। ये सभी क्षमताएं बालकों को जीवन की कठिन परिस्थितियों का सामना करने, मानसिक और सामाजिक योग्यताएं विकसित करने में सहायक होती हैं। 15 नवम्बर 1885 ई0 में गुजरात में जन्मे गिजूभाई (गिरजाशंकर भगवान बधेका) ने 1920 में दक्षिणामूर्ति बाल–मंदिर, भावनगर की स्थापना की। वहां पर रहकर उन्होंने बालकों की शिक्षा पर नए–नए प्रयोग किए। उनका मानना था कि शिक्षा ज्ञान अर्जन करने और तथ्यों को स्मरण करने की वस्तु नहीं है। उन्होंने समाज के सक्रिय, योग्य और उत्तरदायी सदस्य के निर्माण के लिए शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव किए । उनका मानना था कि शिक्षा जीवनोपयोगी होनी चाहिए। वह सूचना केन्द्रित शिक्षा के विरोधी थे, उनके अनुसार शिक्षा बालक केन्द्रित होनी चाहिए। वह रटने के बजाए करके सीखने पर बल देते थे। वह परम्परागत सूचना देने के बजाय मनो–सामाजिक योग्यताओं और कौशलों के विकास पर बल देते थे और हस्त कौशलों के सिखाने पर बल देते थे। इनकी बाल–शिक्षा का उद्देश्य बालक में जीवन कौशलों का विकास करना आवश्यक है। इसके लिए उनका मानना है कि बालकों को कहानी, कविता, खेल के माध्यम से जीवनोपयोगी शिक्षा देनी चाहिए। जिससे बालक बड़ा होकर जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना कर उनका समाधान कर सकें।

गिजूभाई के अनुसार **'' गिजूभाई बालक की अन्तः शक्तियों के विकास में आने वाले अवरोधों को दूर कर उनके विकास को सकारात्मक गति प्रदान करना ही शिक्षा है।''**

गिजूभाई की बाल–शिक्षा का प्रमुख उददेश्य बालक का सर्वागीण विकास करना है। उनकी बाल–शिक्षा के अग्रलिखित उददेश्य हैं–

- स्वस्थ आदतों का विकास
- आत्मविकास का उददेश्य
- सृजनात्मकता का विकास
- व्यक्तित्व समायोजन का विकास
- जीविका उपार्जन की शक्ति का विकास

जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए विभिन्न प्रकार के जीवन कौशलों को विकसित करके ही बालक को पूर्ण व्यक्ति बनाया जा सकता है। परन्तु वर्तमान शिक्षा पद्धति बालकों में जीवन कौशलों का विकास नहीं कर पा रहीं है। इस कारण बालक जीवन में आने

वाली कठिनाईओं और चुनौतियों का सामना करने में सक्षम नहीं हो पा रहें है। इसी कारण बालकों में चिंता, हताशा और तनाव उत्पन्न हो रहा है।

शिक्षा ही एक ऐसा यन्त्र है जो जीवन कौशलों को विकसित करने में हमारी मदद कर सकती है।

1. जीवन कौशलों का अर्थ और बाल–शिक्षा – अपने जीवन को सरल और सहज बनाना ही जीवन कौशल है। जो बालको को दैनिक जीवन की मांगों और चुनौतियों का प्रभावपूर्ण ढंग से सामना करने में समर्थ बनाती है। यह कौशल विकास एक आजीवन प्रक्रिया है। जो बालकों को बढ़ने और परिपक्व होने में मदद करता है।

2. जीवन कौशल के प्रकार – जीवन कौशल उपागम पारम्परिक शैक्षिक उपागम से भिन्न हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 1997 में जीवन कौशलों को जीवन का अंग बताते हुए व्याख्या की है। जीवन कौशलों की कोई विस्तृत सूची नहीं है लेकिन उत्पादक और संतोषजनक जीवन जीने के लिए नौ–जीवन कौशल आवश्यक बताए गए हैं। इन कौशलों की प्रथमिकता बालकों की जीवन परिस्थितियों पर निर्भर करती है। जिसमें संस्कृति, विश्वास, भौगोलिक स्थिति शामिल है। मुख्य रूप से नौ कौशल इस प्रकार बताए गए हैं–

2.1 समस्या समाधान – जीवन में आने वाली समस्याओं को समझने और उनके समाधान निकालने की प्रक्रिया ही समस्या समाधान है।

2.2 निर्णय निर्माण – समस्या को हल करने के लिए तार्किक निष्कर्ष निकालकर उचित कार्य करना ही निर्णय निर्माण है।

2.3 आलोचनात्मक चिंतन – उचित कारणों और साक्ष्यों के आधार पर वस्तुनिष्ठ निर्णय लेना ही आलोचनात्मक चिंतन हैं।

2.4 सर्जनात्मक चिंतन – किसी कार्य को नए व अलग तरीके से देखने व करने की योग्यता सृजनात्मक चिंतन होती है।

2.5 सम्प्रेषण कौशल – प्रभावी ढंग से पढना, बोलना, लिखना, सुनना की योग्यता ही सम्प्रेषण कौशल है।

2.6 आत्मजागरूकता – स्वयं को जानने की योग्यता ही आत्मजागरूकता है।

2.7 तनाव प्रबन्धन – तनावपूर्ण स्थितियों में स्वयं को स्थिर बनाए रखना ही तनाव प्रबन्धन कहलाता है।

2.8 परानुभूति – दूसरे के स्थान पर स्वयं को रखकर देखना ही परानुभूति है।

2.9 अंतवैयक्तिक संबंध – यह कौशल हमें मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखने में मदद करता है। इसमें प्रभावी सम्प्रेषण और अच्छी श्रवण क्षमता का गुण होना आवश्यक हैं।

3. शिक्षा में जीवन कौशलो का महत्व – जीवन कौशल शिक्षा आधुनिक परिपेक्ष में बालक को बाल केन्द्रित और शारीरिक और मानसिक क्षमता को विकसित करने में मदद करती हैं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 में भी जोर दिया गया है कि जीवन संबंधी कौशलों का दैनिक जीवन की चुनौतियों और मांगों के संदर्भ में महत्वपूर्ण स्थान है।

4. जीवन कौशल पर आधारित शैक्षणिक गतिविधियां –

सम्भावित कौशल	शैक्षणिक गतिविधि
सम्प्रेषण कौशल	समूह कार्य
परानुभूति	
अंतवैयक्तिक संबंध	
समस्या समाधान	**प्रोजेक्ट**
सृजनात्मक चिंतन	
आलोचनात्मक चिंतन	
अंतवैयक्तिक संबंध	
तनाव प्रबंधन	**खेल, नाट्य, वाद–विवाद**
निर्णय निर्माण	
समस्या समाधान	

शिक्षक का जीवन कौशलों को विकसित करने में योगदान – जीवन कौशल को विकसित करने में शिक्षक का महत्वपूर्ण स्थान है। प्रो0 एस0 के0 दुबे के शब्दों में – **जीवन कौशल का आशय उन दक्षताओं के विकास से हैं जो बालक के सर्वांगीण विकास में योगदान देती हैं। और बालक को कुशल नागरिक और योग्य सामाजिक सदस्य के रूप में विकसित करते हुए उसमें जीवन की विषम परिस्थितियों में समायोजन की योग्यता विकसित करती है।** यह योग्यताएं एक शिक्षक द्वारा ही दी जा सकती हैं।

निष्कर्ष– जीवन कौशल को अच्छी तरह समझने के उपरान्त गिजूभाई की बाल–शिक्षा द्वारा कैसे जीवन कौशलों को प्राप्त किया जा सकता हैं। इस पर चर्चा करेंगें– गिजूभाई के अनुसार शिक्षा प्राप्त करना केवल ज्ञान का अर्जन नहीं वरन् जीवन कौशलों का विकास करना भी हैं। जीवन कौशलों के साथ ही आत्मविकास और जीवनोपयोगी हस्त कौशलों का विकास भी शिक्षा का मुख्य उददेश्य है। जीवन कौशलों का विकास उनकी बाल शिक्षा में देखने के लिए उनकी बाल–शिक्षा में होने वाली शैक्षणिक गतिविधि के माध्यम से इस सारणी में देखा जा सकता है–

गिजूभाई की बाल शिक्षा की शैक्षणिक गतिविधि से होने वाले जीवन कौशलों का विकास

क0 सं0	शैक्षणिक गतिविधियां	सम्भावित जीवन कौशल
1.	समूह कार्य गिजूभाई बाल शिक्षा में बालकों से समूह कार्य करवाते थे जैसे– बागवानी।	सम्प्रेषण कौशल परानुभूति अंतवैयक्तिक संबंध
2.	प्रोजेक्ट गिजूभाई बाल–शिक्षा में बालकों को प्रोजेक्ट के माध्यम से पर्यावरण शिक्षा, भूगोल और इतिहास का अध्ययन करवाते थे।	समस्या समाधान सृजनात्मक चिंतन आलोचनात्मक चिंतन अंतवैयक्तिक संबंध
3.	खेल, नाट्य (भूमिका निर्वाह) गिजूभाई मातृभाषा शिक्षण, गणित, भूगोल, कला, नैतिक शिक्षा में इस विधा का प्रयोग करते थे।	तनाव प्रबंधन अंतवैयक्तिक संबंध परानुभूति
4.	प्रश्नोत्तर इस विधा का प्रयोग व्याकरण, इतिहास, भूगोल और वार्तालाप में देखने को मिलता है।	सम्प्रेषण कौशल सृजनात्मक चिंतन आलोचनात्मक चिंतन अंतवैयक्तिक संबंध
5.	वाद–विवाद एवं विचार–विमर्श गिजूभाई की गीता (दिवास्वप्न) में वाद–विवाद और विचार विमर्श की विभिन्न झलकियां परिलक्षित होती हैं।	निर्णय लेना संप्रेषण कौशल
6.	बुद्धिशीलता या मस्तिष्क झंझावत गिजूभाई कहानी शिक्षण में इस विधा का प्रयोग करते हैं।	समस्या समाधान

निष्कर्ष

इस सारणी को देखने के उपरान्त ज्ञात होता है कि जीवन कौशलों को विकसित करने के लिए पाठ्यक्रम लचीला होना चाहिए जिससे बालक अपनी जरूरत के अनुसार शिक्षा के माध्यम से जीवन कौशलों को भी विकसित कर सकें। यदि प्रारम्भ से ही विभिन्न विषयों को सिखाते समय बालको में जीवन कौशलों को विकसित कर दिया जाए तब बालक में प्रारम्भिक अवस्था में ही जीवनोपयोगी गुणों का विकास हो जाता है। और वह जीवन पर्यन्त समुचित सामंजस्य स्थापित कर आदर्श जीवन व्यतीत कर सकता है। गिजूभाई का मानना हैं कि बालक में जीवन कौशल विकसित करने के लिए किसी विशेष प्रयास की आवश्यकता नहीं है बल्कि यदि नियोजित ढंग से बालक को अवसर प्रदान किए जाएं तब बालक स्वयं आसानी से जीवन कौशलों को आत्मसात कर लेता है। जिससे बालक को एक योग्य, सक्रिय उत्तरदायी नागरिक बनाया जा सकता है।

संदर्भ सूची

- अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा आयोग, 1996. लर्निंग द ट्रेजर विदइन, यूनेस्को, पेरिस.
- राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्. 2006 राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा – 2005. एन.सी.ई.आर.टी., नयी दिल्ली.
- विश्व स्वास्थ्य संगठन. 1997. विद्यालयों में जीवन कौशल शिक्षा. जेनेवा.
- राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, पूर्व प्राथमिक शिक्षाः एक परिचय, नई दिल्ली :एन.सी.ई.आर.टी., 2003
- राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, शिक्षा बिना बोझ केः राष्ट्रीय सलाहकार समिति की रिपोर्ट :एन.सी.ई.आर.टी., 2004
- राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, कैसे पढ़ाये रिमझिमः शिक्षक संदर्शिका, नई दिल्ली :एन.सी.ई.आर.टी., 200
- लाल, रमन बिहारी, भारतीय शिक्षा का विकास एवं उसकी समस्याएं, मेरठः रस्तौगी पब्लिकेशन, 2005–06
- बधेका गिजूभाई, दिवास्वप्न (शिक्षा संबंधी प्रयोगों की कहानी) (गुजराती से अनु0) सूरज प्रकाश, अनु0 नई दिल्लीः गीतांजलि प्रकाशन, 200
- 6बधेका गिजूभाई, प्राथमिक विद्यालय में भाषा शिक्षा (गुजराती से अनुवाद) दीनानाथ दबे, अनु0 जयपुरः गीतांजलि प्रकाशन, 2005

चित्रलेखा शर्मा
शोधार्थिनी
भगवन्त यूनिवर्सिटी, अजमेर, राजस्थान, भारत
मोबाइल नं0 7534089365

डॉ0 प्रताप सिंह राणा
शोधनिदेशंक
भगवन्त यूनिवर्सिटी, अजमेर, राजस्थान, भारत

4

मालती जोशी के उपन्यास में नारी पात्र

नेहा

सारांशः

उपन्यास और कहानी हिंदी साहित्य की पुरानी विधाएं हैं। जिसमें समय की सच्ची तस्वीर प्रस्तुत होती है। दुनिया में हर चीज परिवर्तनशील है। यह सृष्टि का नियम है। हर आने वाला समय व्यक्ति में कुछ ना कुछ परिवर्तन अवश्य लाता है। समाज में नारी का जीवन पुरुषों की भांति अधिक उतार चढ़ाव से भरा रहता है, ठीक उसी प्रकार मालती जोशी के कथा साहित्य में भी उतार चढ़ाव आते रहते है। मालती जोशी ने अपने साहित्य के जगत में पुरुष के स्थान पर स्त्री को अधिक महत्वता प्रदान की है। कथा साहित्य के माध्यम से मालती जोशी ने नारी में आधुनिक विचारों का संचार करने की कोशिश की है। मालती जी ने यह दर्शाने का प्रयास किया है कि पुरानी और कठोर विचार प्रक्रिया को त्यागने से ही समाज की प्रगति हो सकती है। मालती जोशी ने अपने कथा साहित्य में नारी के विभिन्न प्रकार वर्णित किए हैं। कहीं उन्होंने नारी को बहन के रूप में, कहीं बेटी के रूप में, कहीं पत्नी के रूप में तो कहीं मां के रूप में दर्शाया है। स्वयं मालती जी अपने आप को एक घरेलू महिला ही मानती आ रही है। उनके द्वारा लिखा गया साहित्य आम नारी को भी आधुनिक बनाने की ओर प्रेरित करता है। मालती जोशी ने अपने उपन्यासों के माध्यम से समाज में नवीन व आधुनिक विचारों का संचार किया है। वैदिक काल में भी नारी के जीवन में नए–नए विचारों का संचार होता था। पुरुषों के समान ही नारी भी समाज के कार्यों में भागीदारी देती थी। नारी की स्थिति का सजीव चित्रण मालती जी ने आधुनिकता बोध के साथ बखूबी किया है।

"महाभारत में भी पत्नी के विषय में कहा गया है कि घर–घर नहीं किंतु ग्रहणी ही घर है। ग्रहणी विहीन घर अरण्य दृष्य है। एक वृक्ष के नीचे भी अगर पत्नी हो तो वह घर है। उसके बिना महल भी बीहड़ जंगल है।"

मूल शब्दः– परिवर्तनशील, आत्मिक संबंध, भावना की अनुभूति।

प्रस्तावनाः–मालती जोशी जी का साहित्य भूतकाल, वर्तमान काल और भविष्य काल को साथ लेकर चलता है। मालती जोशी जी ने समाज के समसामयिक परिवेश में नारी का आधुनिक स्वरूप उकेरा है। समाज की यथास्थिति में नारी की भूमिका कितनी सशक्त है इसका निर्वाह लेखिका ने साहित्य लेखन में किया है। मालती जोशी ने अपने उपन्यास सहचारणी में दर्शाया है कि एक पुरुष सत्तात्मक समाज में औरत के साथ कितनी निर्दयता, क्रूरता और अमानवीयता का व्यवहार करता है। योगेश और नीलम उपन्यास में नायक नायिका है। इस उपन्यास में नीलम का विवाह योगेश के साथ कर दिया जाता है। वह पहले से ही शादीशुदा है और एक बेटी का पिता है। लेकिन नीलम ने भी शादी से पहले कोई छानबीन नहीं की थी, परंतु नीलम तन मन धन से योगेश को चाहती है। योगेश अपनी बुरी हरकतों से बाज नहीं आता है। शादी के 4 वर्ष पूरे भी नहीं हुए कि वह सीमा की ओर आकर्षित हो गया। यह सब जानते हुए भी नीलम सहचारिणी धर्म निभाती है। यह देखकर योगेश सोचता है कि नीलम उसे नीचा दिखाने का प्रयास कर रही है। इस उपन्यास में योगेश अंत तक नीलम की कोई खबर नहीं लेता नीलम कामकाजी स्त्री बनकर अपना जीवन यापन करती है। नीलम कहती है कि सहचारिणी बनना कोई आसान बात नहीं है। पति जब बार–बार एक ही गलती करे तो मजबूर होकर स्त्री को सहचारिणी का निर्णय लेना ही पड़ता है। इस प्रकार मालती जोशी ने अपने उपन्यास में सहचारिणी नीलम की मनोस्थिति को दर्शाया है।

मालती जोशी का एक अन्य उपन्यास पुनरागमनायच जिसका प्रकाशन 1985 में हुआ यह एक लघु उपन्यास है इसमें नायक दीपक विवाह से पहले अपने मंगेतर निधि से प्रेम का परिमान मांगता है। निधि तन मन धन से समर्पित हो जाती है परंतु बाद में दीपक निधि के संस्कारों को गलत बता कर रिश्ता तोड़ देता है। निधि मानसिक रूप से टूट जाती है। इसमें एक ऐसे रिश्ते को दर्शाया गया है जिसकी नीव समझौते पर रखी गई है।

मालती जोशी का उपन्यास राग विराग जिसमें एक स्त्री की स्थिति को दर्शाया गया है। इस उपन्यास की नायिका कल्याणी मनोज को इंजीनियर बनाने के लिए अपनी दुनिया छोड़ देती है। परंतु मनोज अपनी मां की बातों में आकर उसके काले रंग को लेकर उसे छोड़ देता है। शादी नहीं करता और अर्चना से विवाह कर लेता है।श्रीरंग कल्याणी का साथ देते हुए उसे पुनः जीवन जीने की राह दिखाता है और सितारों की दुनिया में ले जाता है। इस प्रकार वह फिर से संगीत की दुनिया को अपना लेती है और जीवन जीने के लिए फिर उम्मीद के साथ आगे बढ़ती है और एक नई दुनिया का बसेरा करती है।

मालती जोशी का उपन्यास शोभायात्रा जिसमें बेमेल विवाह की समस्या को उजागर किया गया है। इस उपन्यास की नायिका वंदना अपने वैवाहिक जीवन से खुश नहीं थी। वंदना वह उसके पति मनोज के वैवाहिक जीवन में तालमेल नहीं बैठता था। वंदना अंग्रेजी साहित्य की उच्च शिक्षित अध्येता संवेदनशील और सुसंस्कृत युवती है। परंतु मनोज शराबी, व्यभिचार, खूब पाखंडी, व्यक्ति है जिस कारण मनोज और वंदना में रोज झगड़े होते थे। यह उपन्यास एक बेमेल विवाह की समस्या को उजागर करता है। मालती जोशी के ऐसे अनेक उपन्यास है जिसमें नारी विभिन्न समस्याओं का सामना करती है।

एक अन्य उपन्यास पाषाण युग के माध्यम से मालती जोशी ने अनमोल विवाह और पुनर्विवाह की समस्या को उजागर किया है। नायिका नीरजा बकुल के पिता की शोध छात्रा थी। पहले बकुल उनको दीदी के रूप में संबोधित करता था लेकिन इसी कुप्रथा के कारण नीरजा को मां का दर्जा दिया लेकिन बकुल ने यह स्वीकार नहीं किया। शादी के बाद प्रोफेसर साहब भी नीरजा पर शक करने लग गए, पुस्तक प्रकाशन में पत्नी की अहम भूमिका होती है लेकिन यह हक

प्रोफेसर साहब ने अपने मृत पत्नी को दिया और नीरज को पराई स्त्री का नाम दे दिया। जिस कारण नीरजा को बहुत दुख हुआ कॉलेज में नौकरी मिलने के बाद नीरजा बिना किसी से कुछ कहे घर छोड़कर चली गई उपन्यास में नायिका नीरजा का समर्पण चरित्र किया है। मालती जोशी ने अपने उपन्यासो में समाज में यथा स्थिति में नारी की भूमिका कितनी सशक्त है इसका निर्वाह लेखिका ने अपने लेखन में किया है उन्होंने अपने उपन्यास में नारी की स्थिति का वर्णन किया है। मालती जोशी ने अपने कथा साहित्य में स्त्री को पुरुष के समान दर्जा मिलने की बात का समर्थन किया है। लेखिका के साहित्य में अधिकांश वर्णन महिला पात्रों का ही रहा है। स्वयं लेखिका का विचार आधुनिकता बोध की ओर रहा है।

निष्कर्ष :–

अंत में कहा जा सकता है कि मालती जोशी का कथा साहित्य वर्तमान में भी नारी की भूमिका को लेकर बहुत ही प्रासंगिक है। नारी पात्रों का मर्मस्पर्शी चरित्र चित्रण करना मालती जोशी जी के कथा साहित्य की विशेषता है। समाज का नारी के साथ संपूर्ण वृतांत अपने कथा साहित्य में जोशी जी ने उकेरा है अपने युगांतकारी लेखन से लेखिका ने नारी पात्रों में जीवटता पैदा की है। सुप्रसिद्ध कहानी लेखिका पदम श्री विजेता मालती जोशी ने संपूर्ण साहित्य में नारी की स्थिति का ही चित्रण किया है। नारी पात्र हमेशा अपने संघर्ष में स्थिति से जूझती है। जीवन को सही दिशा में ले जाने का प्रयास करती है बिना संघर्ष और समस्याओं के जीवन जीना वास्तविक नहीं होता है यही जीवन की वास्तविक स्थिति है। अपनी लेखनी कला से सबको प्रभावित करने वाली लेखिका अपने साहित्य में हमेशा आधुनिक विचारों को ही सम्मिलित करती है। विशेषकर नारी समुदाय के प्रति संपूर्ण लेखन कार्य समर्पित करने वाली मालती जोशी हमेशा सलंग्न रही है। बहुमुखी प्रतिभा की धनी मालती जोशी का साहित्य सृजन अभी अनवरत जारी है।

संदर्भ सूची –

(1)महाभारत ग्रंथ से एक परिभाषा पृष्ठ संख्या
(2)सहचारिणी :– मालती जोशी पृष्ठ संख्या 22
(3)पाषाण युग :– मालती जोशी पृष्ठ संख्या 56
(4)पुनरागमनायच :–मालती जोशी पृष्ठ संख्या 34
(5)राज विराग :– मालती जोशी पृष्ठ संख्या 44
(6)डॉक्टर सुभाष ताल्लेकर, मालती जोशी का कथा साहित्य पृष्ठ संख्या 142

Neha
House No 145
Tarang Residency, Sector 7
Sohna Road, Palwal (Haryana)
Pin 121102
Mobile No:- 8930828220
E-mail:- nehasharma02425@gmail.com

5

स्वामी दयानन्द : एक युग पुरुष

डॉ0 सुरेन्द्र सिंह

सारांश :–

स्वामी दयानन्द एक महान समाज सुधारक, एक दूरदर्शी राजनीतिक चिन्तक तथा आधात्मिक क्षेत्र में विशेष पहचान रखने वाले विचारक तथा दार्शनिक थे। उनके व्यक्तित्व तथा कृतित्व दोनों से मानव कल्याण के क्षेत्र में उनके जीवन से प्रेरणा ली जा सकती है। महर्षि दयानन्द का जीवन 12 फरवरी 1824 से 30 अक्तूबर, 1883 तक रहा। जिसमें उन्होंने प्रतिपल सकारात्मक तथा रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाकर मानवता को विशेष योगदान दिया। उन्होंने साम्राज्यवाद, उपनिवेशवाद तथा ब्रिटेन का भारत में शासन का पुरजोर विरोध किया है। वे राष्ट्रवादी चिन्तक थे। उनके राष्ट्रवाद में प्राचीन भारतीय सभ्यता व संस्कृति को गौरवमयी करना बहुआयामी दृष्टिकोण के आधार पर राष्ट्र–कल्याण करना था। नवजागरण का मार्ग प्रशस्त करने में उनका विशेष योगदान था। वे वेदों की ओर लोटने के लिए भारतीयों को प्रेरित करते है ताकि उनके व्यक्तित्व तथा बौद्धिक विचारों में सुधार किया जा सके तथा मनोबल में वृद्धि की जा सके, जिससे भारतीय जनमानस में भयरहित वातावरण का निर्माण किया जा सके। उन्होंने भारतीय रियासतों का भ्रमण किया तथा आर्य समाज के नियमों व सिद्धांतों को व्यवहार में लाने के लिए प्रेरित किया। भारतीय शिक्षा में महिलाओं को भी गुरूकुल पद्धति से शिक्षा प्रदान करने को आवश्यक मानते थे। वे हिन्दुत्व के प्रबल समर्थक थे तथा भारतीयों को आर्य बताया। आर्य का अर्थ–श्रेष्ठ अर्थात् भारत में विश्व के श्रेष्ठ नागरिक निवास करते है। वे स्वराज्य के प्रबल समर्थक थे। राष्ट्र–भाषा की वकालत तथा स्त्री–शिक्षा में विश्वास करते थे। उन्होंने जाति–व्यवस्था तथा मूर्ति–पूजा का खण्डन किया। वे सामाजिक, समानता, बंधुत्व जैसे रचनात्मक कार्य के पक्षधर थे। उस समय में उनका राज्य के लोकतांत्रिक स्वरूप तथा स्वराज्य के स्वरूप का अध्ययन अपने आप में उत्कृष्ट था।

भूमिका :–

स्वामी दयानन्द ने भारतीयों के आत्म–सम्मान की सुरक्षा की तथा युवाओं को मानसिक तौर पर जागरूक करने का कार्य किया। उनके कार्यों में भारतीय इतिहास को महान बताया तथा प्राचीनकालीन व्यवस्था में भविष्य को निखारने के गुणों को समाहित करने की प्रेरणा दिखाई देती है। वे भारतीय संस्कृति को श्रेष्ठ मानते थे लेकिन इसमें आई कुरीतियों को दूर करने के लिए आह्वान किया। उन्होंने हिन्दू–पुनरूद्धार पर बल दिया। अपने राजनपीतिक चिन्तन में कहते थे कि अंग्रेज भारतीयों को प्रसन्न नहीं कर सकते क्योंकि उनमें निष्पक्षता की प्रबलता का अभाव है। विदेशी सरकार चाहे कितनी भी मूल्यों तथा पक्षपातों से परे क्यों न हो, स्वशासन के आगे पूर्णतः विफल है। वे अपने चिन्तन में आगाह करते है कि भारतीय विदेशियों के विचारों से बहकने का कार्य न करें क्योंकि इससे राष्ट्रीय गौरव को हानि पहुंचती है। अपने राजनीतिक विचारों में दयानन्द ने राष्ट्रवादी विचारधारा को जगाया जो कि अंग्रेजों द्वारा साम्राज्यवाद में जकड़ लिया गया था।[1] वे एक महान सामाजिक सुधारवादी चिन्तक थे। उन्होंने इस बात की हिमायत की कि धार्मिक सुधारों के बिना राष्ट्रवाद की परिकल्पना नहीं की जा सकती। समाज व राष्ट्र में नैतिक मूल्यों के अभाव में राजनीतिक सुधार असंभव तथा अल्पकालीन होगा। उनके राजनीतिक विचारों की पृष्ठभूमि में दार्शनिक मूल्यों का समावेश है। उनका कहना था कि यदि भारतीय वेदांत के अनुरूप अपना व्यवहार करें तो उनमें हीन भावना का अंत हो जाएगा। उनके 'वेदों की ओर लौटो' का नारा यह बताता है कि वेदांत ईश्वरीय सत्ता सार्वदेशिक थी जो एक ईश्वरीयवाद में विश्वास रखती है।[2] वे निर्गुण ईश्वर के उपासक थे। वे एक अच्छे देशभक्त के लिए आडंम्बरी व्यवहार के स्थान पर यर्थाथवाद में विश्वास के पक्षधर थे। यह मार्ग व्यक्ति में नैतिकता का द्योतक है। उन्होंने राजनीति में नवजागरण का मार्ग प्रशस्त किया। उनके जीवन में कूट–कूट कर भारतीय प्रेम की भावना भरी पड़ी थी। उनके राजनीतिक विचारों की झलक 'सत्यार्थ प्रकाश' तथा 'ऋग्वेदादिभाष्या' नामक ग्रन्थों में मिलती है। वे प्रबुद्ध राजतंत्र, ग्राम सुशासन तथा अन्तर्राष्ट्रीयतावाद के प्रबल समर्थक थे।

अपने दार्शनिक विचारों में स्वामी दयानन्द ने स्पष्ट वर्णन किया है कि :–

भारतीय राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक :–

दयानन्द ने भारतीयों में स्वाभिमान जगाया, उन्होंने स्वदेश पर बल दिया। वे भारतीय राष्ट्रवाद के अग्रदूत थे। उन्होंने पश्चिमी सभ्यता का पुरजोर विरोध किया तथा भारत की संस्कृति का प्रबल समर्थन किया। हिन्दू धर्म में आई कुरीतियों को दूर करने के लिए भी पहल उन्होंने की। भारतीयता के गीतों को उन्होंने जनमानस तक पहुंचाया। भारत को उन्होंने विश्व का पारसमणि बताया जिसे लोहे रूप दरिद्र विदेशी छूने के साथ ही सुवर्ण तात्पर्य अमीर बन जाते है।[3] उन्होंने भारत के नागरिकों को आर्य बताया तथा आर्यो को ही विश्व में श्रेष्ठ स्थान दिलाने की वकालत की। उन्होंने वेद को वाणी की उपमा दी तथा ईश्वर का प्रिय देश बताया। वे अन्याय का लोप चाहते थे तथा न्याय की संकल्पना की अभिव्यक्ति को उत्तम मानते थे। निःसंदेह वे लोकतांत्रिक विचारों के ही प्रबल समर्थक थे। वे वेदिक धर्म को उत्तम मानते थे। उन्होंने फ्रांसीसी क्रांति, यूनान तथा रोम के गणतंत्रवाद का समर्थन किया और उनसे प्रेरणा ली।

सामाजिक समानता, राजनीति की पहली पृष्ठभूमि को मानना :–

महर्षि दयानन्द ने आर्य समाज की स्थापना की, जिनके प्रमुख सिद्धांतों में जाति व्यवस्था, असमानता, लिंग–भेद का पुरजोर विरोध किया।[4] दयानन्द ने भारतीयों को मानसिक स्वतंत्रता दिलाने का कार्य किया। रविन्द्रनाथ टेगौर ने कहा है कि दयानन्द भारत को नए पथ पर ले जाना चाहते थे जिसमें विवेकपूर्ण समाज का निर्माण हो सके। वे सार्वजनिक सेवा, आत्म–त्याग, उत्साह, अनुशासन और देशभक्ति की भावना के प्रबल दावेदार थे।[5]

स्वराज्य के प्रबल समर्थक :–

महर्षि दयानन्द ने अपनी पुस्तक 'सत्यार्थ प्रकाश' में स्वराज्य की मांग की। स्वदेशी राज्य के वे हिमायती थे। वे देशवासियों का ध्यान इस ओर ले गये कि बिना स्वतंत्रता के भारत का विकास संभव नहीं है। अतएव स्वराज्य के लिए ही संघर्ष करें, सुधारात्मक दृष्टिकोण की ओर ध्यान न दे। वे कहते थे कि विदेशी शासन कितना ही न्यायप्रिय हो, सुखदायक हो, पक्षपात रहित हो परन्तु यह शासन कभी भी शांति तथा विकास प्रदान नहीं कर सकता। यह शासन सर्वोंगीण विकास नहीं कर सकता। उन्होंने भारत को कभी भी पराधीन न रहने से संबंधित गाने भी लिखे। वे ईश्वर की स्तुति में कहते है कि वे हमें इतना साहस दे कि हम भारत की सेवा कर सके।

राष्ट्र–भाषा की वकालत :–

महर्षि दयानन्द ने राष्ट्र–भाषा के रूप में हिन्दी को स्थान दिया है क्योंकि समस्त भारत की एक भाषा नहीं होगी तो हम एकता में नहीं रह सकेंगे। हालांकि उनकी अपनी मातृभाषा गुजराती थी। वे संस्कृत के विद्वान थे। डा. अम्बेडकर ने भी अपनी पुस्तक थॉट ऑन पाकिस्तान में लिखा है कि दयानन्द वास्तव में आदर्श हिन्दी प्रेमी थे।[6]

देशी रियासतों पर टिप्पणी :–

महर्षि दयानन्द ने देशी रियासतों को उत्तरदायी माना कि उन्होंने 1857 की क्रांति में बढ़–चढ़कर भाग नहीं लिया तथा लगभग तटस्थ रहे। वे देशी–रियासतों में सामाजिक, राजनीतिक चेतना के पक्षधर थे। वे एक महान संत थे जिन्होंने राजा–महाराजाओं के दिल में भी स्वदेश अभियान जगाया इसमें ब्रितानवी सरकार बैचेन हो गई। उन्होंने नरेशों के व्यक्तिगत जीवन में सुधार लाने का प्रयास किया। उन्होंने उदयपुर, कोल्हापुर, इन्दोर, जोधपुर, शाहपुरा में उपदेश दिया तथा बल दिया कि राजा के सार्वजनिक जीवन तथा व्यक्तिगत जीवन में अधिक अंतर नहीं होना चाहिए। उनके प्रभाववश कई नरेशों की दिनचर्या में बदलाव भी आया।[7]

स्वदेशी तथा निर्भयता के समर्थक :–

स्वदेशी के पक्षधर के रूप में उन्हें महात्मा गाँधी के अग्रदूत के रूप में जाना जाता है। वे स्वदेशी का समर्थन करते थे – इसलिए भारत में बनी वस्तुओं के प्रति उनका लगाव था जिससे आत्म–निर्भर समाज का निर्माण किया जा सके। महर्षि दयानन्द के राजनीतिक चिन्तन में निर्भीकता को प्रबलता प्रदान करना। वे स्पष्ट कहते थे कि साम्राज्यवादी शक्तियों से तभी लड़ा जा सकता है जब मानव निर्भीक होगा, साहसी होगा तथा आत्म–बल से प्रेरित तथा लबरेज होगा। ये विचार भारतीय जनमानस को जगाने के लिए ही प्रयोग में लाए गये। स्वतंत्रता का आधार तैयार करने में उनके ये विचार युवाओं को उत्प्रेरित करने वाले सिद्ध हुए। उनके द्वारा स्थापित आर्य समाज भले ही गैर–राजनीतिक संस्था थी परन्तु उनके सिद्धांतों में प्रबल राष्ट्रवादी विचारधारा को देखा जा सकता है।

प्रजातंत्र के समर्थक :–

उनका प्रजातांत्रिक व्यवस्था में गहरा विश्वास था क्योंकि आर्य समाज के संगठन के चुनाव लोकतंत्र से चुनाव करवाए जाते थे। वे लोकतांत्रिक सिद्धांतों के निर्वाचन पद्धति को श्रेष्ठ मानते थे। इसके लिए उन्होंने आदर्श राजतंत्र शब्द का प्रयोग भी किया है। राजा को परिषद की अध्यक्षता करनी चाहिए। दोनों को ही जनता की सेवा करनी चाहिए। वे पूर्ण स्वाधीन राजतंत्र के विरोधी थे क्योंकि इससे राजा निरंकुश हो जाएगा। अतएव राजा को न्यायप्रिय अन्याय नाशक तथा दुष्ट नाशक होना चाहिए। उन्होंने अमर्यादित दण्ड की व्यवस्था को अस्वीकार कर दिया। सुविचार पर आधारित न्याय को वे प्रबलता देते थे। उनका समानता व भातृत्व में दृढ़ विश्वास था। उन्होंने अपने शासन को जाति–विशेष का विरोधी बताया। उन्होंने अस्पृश्यता का भी खण्डन किया।

प्रबुद्ध राजतंत्र के समर्थक :–

स्वामी दयानन्द प्रबुद्ध राजतंत्र के हिमायती थे। उनका राजनीतिक दर्शन वेदों तथा मनुस्मृति का मिश्रित रूप था। राजदर्शन को उन्होंन इसी का आधार बनाया। मनु की भांति राजा को श्रेष्ठ स्थान जो निरंकुश, अनैतिक तथा अधर्मिता से दूर रहकर शासन करें। दयानन्द ने भी मर्यादित राजतंत्र की वकालत की है जो जन–इच्छा का सम्मान कर सके। राज–काज चलाने की प्रेरणा मंत्रियों से भी ले। उन्होंने नैतिकता पर आधारित राजनीति को प्राथमिकता दी है, वे मानते थे कि राजनीतिक शासकों को भी आद्यात्मिक महापुरुषों के निर्देशानुसार कार्य करना चाहिए।

ग्राम प्रशासन सम्बन्धी विचार :–

स्वामी दयानन्द सरस्वती दूरदर्शिता पर आधारित ग्रामीण प्रशासन की बात करते है। उन्होंने प्रशासनिक इकाई के रूप में गांवों को ही चुना है। ग्रामीण प्रशासन से सम्बन्धित उनके विचार मनुस्मृति से मेल खाते है। उनके अनुसार दो, तीन तथा पांच गांवों के बीच एक प्रशासनिक कार्यालय होना चाहिए, जिसमें कार्यालय संचालन के लिए योग्य कर्मचारियों व अधिकारियों का चयन किया जाए ताकि गांवों का सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक विकास किया जा सके। गांव प्रमुख को भी स्थान दिया जाए। दस गांवों के मुखिया के रूप में एक अधिकारी कार्य करें, बीस गांवों के पीछे एक और अधिकारी, सौ गांवों के पीछे एक और अधिकारी प्रशासनिक संचालन के लिए नियुक्त किए जाए। वे प्रत्येक 10 गांवों के लिए एक पुलिस स्टेशन की स्थापना पर भी बल देते थे। 5 मुख्य पुलिस स्टेशनों पर एक तहसील तथा दस तहसीलों के बाद एक जिले का निर्माण किया जाए ताकि गांवों की सूचना का माध्यम इस प्रकार बन

सके।[8]

अन्तर्राष्ट्रीयता के समर्थक :–

उन्होंने यह भी याचना की है कि आर्य साम्राज्य विश्व–स्तरीय होना चाहिए। प्राचीन भारतीय गौरवमयी शैली के वे उपासक तथा प्रशंसक थे। उनके अध्ययन में समस्त विश्व के लिए संदेश था कि सभी लोग खुश, स्वस्थ तथा बलिष्ठ हो। वे वैश्विक सद्भावना में विश्वास रखते थे। उन्होंने सभी धर्मो की सभा का भी आयोजन किया था, वे हिन्दू तथा मुसलमानों के बीच एकता के प्रबल हिमायती थे। वे एकताबद्ध होकर राष्ट्र कल्याण के लिए कार्य करने के पक्षधर थे। वे कहते थे कि इसाईयों ने हमें गुलाम बनाया है। अतएव हिन्दुओं को भी अपने गौरव को जगाकर ईसाइयत का पुरजोर विरोध करना चाहिए। वे सर्वधर्म के भावों की अभिव्यक्ति में विश्वास रखते थे। वे पूर्व तथा पश्चिम के भेद को पाटने में विश्वास रखते थे।

अहिंसात्मक प्रवृति पर बल :–

स्वामी दयानन्द सरस्वती अहिंसा के प्रबल पुजारी थे। उन्होंने अहिंसा की व्यवहारिक धारणा प्रस्तुत की है। न्याय के मामले में वे कठोर दण्डात्मक प्रवृति को अपनाने पर बल देते है, डाकू, चोर तथा अपराधी को यदि कठोर शारीरिक दण्ड दिया जाए तो दयानन्द को कोई आपत्ति नहीं है। वे अपने व्यक्तिगत जीवन में अहिंसा का पाठ पढ़ा गए कि स्वयं को विष देने वाले को भी उन्होंने माफ कर दिया। उनके रसोइये जगन्नाथ द्वारा दूध में विष देने पर उन्होंने 200 रूपये दिए तथा कहा कि नेपाल में चला जाए तथा भारत से भाग जाए ताकि ब्रिटिश कानूनों से बचा जा सके।[9]

दैवीय नियमों की श्रेष्ठता में विश्वास :–

महर्षि दयानन्द दैवीय श्रेष्ठता में विश्वास रखते थे। वे आद्यात्मिक युगपुरुष थे। उनके व्यक्तिगत जीवन में ईश्वरीय प्रभुसत्ता को ही स्वीकार करते थे। उन्होंने राज्य की परिकल्पना को आवश्यक बताया। वे मानते थे कि बिना राज्य नामक संस्था के समाज में सर्वागीण विकास नहीं किया जा सकता। इसलिए सामाजिक जीवन में भी राज्य की महत्वता को समाप्त करना नहीं चाहते थे। राजकीय कानूनों की अपेक्षा वे ईश्वरीय कानूनों की श्रेष्ठता में विश्वास रखते थे क्योंकि ये कानून सार्वभौमिक तथा सर्वव्यापक हैं। सार्वजनिक जीवन में वे हिंसा को उचित मानते थे जो राज्य तथा समाज के लिए उपयोगी हो।

शिक्षा संबंधी विचार :–

दयानन्द ने शिक्षा को मानव जीवन के लिए अपरिहार्य माना है। समुचित शिक्षा के अभाव में राज्य का विकास संभव नहीं है। वह देश कभी प्रगति नहीं कर सकेगा जिसके पास सुयोग्य नागरिक उत्पन्न करने वाला शिक्षा तंत्र नहीं होगा। उनकी शिक्षा का तात्पर्य शारीरिक निर्माण करना था जो कि इन्द्रियों के नियंत्रण से, साधना से तथा बौद्धिक शक्तियों के विकासात्मक स्वरूप से ही प्राप्त की जा सकती है। उनकी शिक्षा में ब्रह्मचार्य को आवश्यक माना गया है। उनका मानना था कि शिक्षा का कार्य चरित्रवान तथा विद्वान व्यक्तियों के हाथों में ही केन्द्रित होना चाहिए। अतएव वैदिक शिक्षा राज्य तथा समाज के लिए आवश्यक कर देनी चाहिए। वे प्राथमिक शिक्षा के लिए 5 वर्ष से 8 वर्ष तक की आयु सीमा तय करते है। इसके बाद विद्यालय में भेजना, दाखिला करवाना दण्डनीय अपराध माना जाए ताकि अभिभावक इसके प्रति गंभीर हो सके। वे सेवा–निवृत शिक्षकों की सेवाओं को भी वे स्वीकार करते थे। वे नारी शिक्षा को भी अनिवार्य मानते थे क्योंकि पुरुषों के समान शिक्षा लेकर वे अपनी आजीविका कमाने में सक्षम हो जाएगी। वे राष्ट्रीय शिक्षा के पक्षधर थे, नैतिकता, संस्कारयुक्त तथा कर्त्तव्यपरायण शिक्षा देना उनका प्रमुख लक्ष्य था ताकि राष्ट्र की उन्नति में प्रत्येक नागरिक सहभागिता दर्ज करवा सके तथा उन्नतिशील राष्ट्र व समाज का निर्माण किया जा सके।[10]

निष्कर्ष :–

इस प्रकार स्वामी दयानन्द भारत के निर्माताओं में सर्वोच्च स्थान रखते है। उनके देश के सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, सांस्कृतिक मुक्ति के लिए आजीवन प्रयास किया। वेदांत के दर्शन तथा प्रकृति की ओर बढ़ों के विचारों में उन्हें लोकप्रिय बना दिया, वास्तव में वे भारत के युग पुरुश थे।

सार–संदर्भ

1. अवस्थी, अमरेश्वर तथा डा. अवस्थी, रामकुमार 'भारतीय सामाजिक एवं राजनीतिक चिन्तन', पृ0सं0–59
2. पी.रामगोपाल, 'भारतीय राजनीति (विक्टोरिया से नेहरू तक), पृ. सं0–57
3. स्वामी दयानन्द 'सत्यार्थ प्रकाश' पृ. सं.–172
4. ताराचन्द 'हिन्दुस्तान', 29 अक्तूबर, 1920 लेख।
5. अवस्थी, अमरेश्वर तथा डा. अवस्थी, रामकुमार 'भारतीय सामाजिक एवं राजनीतिक चिन्तन', पृ0सं0–373
6. 'प्रकाशवीर' हिन्दुस्तान (समाचार पत्र), 5 नवम्बर, 1972 एक लेख।
7. विश्वचन्द्र 'हिन्दुस्तान, 29 अक्तूबर, 1970 लेख,
8. अवस्थी, अमरेश्वर तथा डॉ0 अवस्थी, रामकुमार 'भारतीय सामाजिक एवं राजनीतिक चिन्तन', पृ0सं0–259
9. वही, पृ0सं0–261
10. वही, पृ0सं0–262

डॉ0 सुरेन्द्र सिंह

सहायक प्राध्यापक,

राजनीति–शास्त्र विभाग,

जनता विद्या मंदिर गणपतराय रासीवासिया महाविद्यालय,

चरखी दादरी (हरियाणा)–127306

9813049625

surenderckd74@gmail.com

6

हरियाणा के उभारदार शिल्पों का परिचय व परंपरा के विशेष के संदर्भ में

Dr. Pawan

सारांश :–

कला का उदय मानव जीवन के साथ ही आरंभ हुआ है। किसी भी राष्ट्र की पहचान उसकी संस्कृति होती है। आदिकाल में मनुष्य अपने मन के भावों को चित्रों के माध्यम से ही व्यक्त करता था। वास्तुकला, कला का अभिन्न अंग मानी गई है। आरंभ में वास्तुकला केवल हवेलियों, मंदिरों, मस्जिदों, कलात्मक इमारतों आदि तक ही सीमित थी। लेकिन समय के परिवर्तन के साथ–साथ इसने अपनी अलग पहचान बना ली और यह कलात्मक इमारतों से निकलकर चौराहों और पार्को आदि पर आ गई है।

मानव विकास के साथ–साथ कलाओं का भी विकास हुआ है। जिसमें उभारदार शिल्पों का इतिहास अत्यंत प्राचीन रहा है। उभारदार शिल्प की अनेक शिल्पगत विशेषताएं देखने को मिलती है। उभारदार शिल्प का विकास निरंतर चलता रहा है। प्रागैतिहासिक काल से मध्यकाल तक अनेकों मंदिरों और कंदराओं का निर्माण हुआ, जिसमें अनेकों उभारदार शिल्पों के उदाहरण देखने को मिलते हैं। मध्यकाल से आधुनिक काल में भी अनेकों उभारदार शिल्पों का विकास हुआ है।

जैसे सिंधु घाटी, अजंता, एलोरा, एलिफेंटा आदि की गुफाओं में भी उभारदार शिल्पों के उदाहरण देखे जा सकते है। यहां से प्राप्त मूर्तियां, मनके, बर्तन, खिलौने आदि प्राप्त हुए हैं। अक्षरों को भी शिलाओं पर उकेरा जाता था। जो उस समय की संस्कृति को दर्शाते हैं।

मुख्य शब्दः– उभारदार, शिल्पगत, प्रागैतिहासिक, मध्यकाल और आधुनिक काल।

उभारदार शिल्प का परिचय

उभारदार का अर्थ– उकेरना, नक्काशी, उभरी हुई नकाशी, उभार, फूटा हुआ आदि शब्द प्रयोग किए जाते हैं।

शिल्प का अर्थ– हस्तकला, शिल्प कला, दस्तकारी, बनाना, रचना करना, पैदा करना आदि शब्द प्रयोग किए जाते हैं।

उभारदार शिल्प की परिभाषा– किसी व्यक्ति के हाथों व औजारों द्वारा बनाया गया शिल्प, जो उभरा हुआ या नक्काशी किया गया हो, चाहे वह किसी भी माध्यम में हो, जैसे– मिट्टी, परस्तर, लकड़ी आदि। उभारदार शिल्प के तीन प्रकार हैं। जो निम्न प्रकार से हैं।

1. लो रिलीफ।
2. मिडिल रिलीफ।
3. हाई रिलीफ।

1. लो रिलीफ– इस विधि में औजारों के द्वारा मिट्टी, परस्तर तथा लकड़ी आदि पर ड्राइंग करके हल्की–हल्की सी कार्विंग की जाती है, जिसे देखने वाले को लगेगा कि आकृतियां हल्की सी उभरी हुई है तथा हल्की सी परछाई नजर आ रही है, उसे लो रिलीफ कहते हैं।

2. मिडिल रिलीफ– इस विधि में मिट्टी, परस्तर व लकड़ी की पहले की तुलना में ज्यादा कार्विंग की जाती है, जिसे मिडिल रिलीफ कहते हैं।

3. हाई रिलीफ– इस विधि के द्वारा मिट्टी, परस्तर तथा लकड़ी आदि पर ड्राइंग करके अधिक गहराई से कार्विंग की जाती है। जो अर्द्ध–चित्रण की तरह दिखाई देती है, उसे हाई रिलीफ कहा जाता है।

उभारदार शिल्पों की परंपरा– उभारदार शिल्पों का प्रचलन सिंधु सभ्यता से ही चलन में रहा है। सिंधु सभ्यता से प्राप्त मर्दभांड, मनके और अन्य धातुओं पर उत्कीर्ण की गई आकृतियां इसका अद्भुत उदाहरण है। हड़प्पा सभ्यता में मनकों पर अनेकों आकृतियां तथा शिलाओं पर अक्षरों को भी उकेरा जाता था।

अगर हम मध्यकाल की बात करते हैं। तो इस कला का विकास अधिक नहीं हुआ। मुगल काल में शिल्प वास्तुकारों की अधिक प्रगति देखने को नहीं मिलती। परंतु गुप्त काल में ज्ञान, विज्ञान तथा साहित्य का अधिक विकास हुआ है। इस समय मंदिरों में शिलाओं के ऊपर इस कला का विकास देखने को मिलता है।

उभारदार शिल्प का उत्कृष्ट नमूना खजुराहों के मंदिरों, अजंता, एलोरा की गुफाओं की कलाकारी को देखने के लिए अत्यंत प्रसिद्ध है। लेकिन फिर भी इस कला को दक्षिण भारत के राजाओं की देन कहा जा सकता है।

आधुनिक काल में ब्रिटिश समय–ब्रिटिश काल में शिल्प कला का उतना विकास नहीं हो पाया था। जितना की मध्यकाल तथा गुप्त काल में हुआ। लेकिन स्वतंत्रता के बाद प्रत्येक राज्य की सरकारों ने ऐतिहासिक स्मारकों के पुनर्निर्माण के लिए ऐतिहासिक कदम उठाएगए। ऐसे ही कदम हरियाणा राज्य में हवेलियों, मंदिरों, मस्जिदों आदि कलात्मक इमारतों पर देखने को मिलते हैं।

हरियाणा एक हरा–भरा तथा खुशहाल प्रदेश रहा है। यहां का ग्रामीण जीवन लोगों के द्वारा किया गया कार्य परंपरा में परिवर्तित करके सुचारू रूप से एक दूसरे के साथ मिलकर कार्य को पूर्ण किया जाता है और इस मनोरंजन का हिस्सा बनकर आपसी भाई–चारे को भी बनाए रखा है। यह एक प्रकार से कला–कार्य कहलाता है। कला के विभिन्न आयाम है। ये कला के कार्य यहां की परंपरा से जुड़कर लोगों को आनन्द प्रदान करती है।

हम यहां हरियाणा में बने कलात्मक शिल्प का कर जिक्र कर रहे हैं। 'उभारदार शिल्प' की परंपरा के रूप में यहां की प्रमुख हवेलियों, मंदिरों, दरगाहों तथा कुओं पर बनी कलात्मक नक्काशी को बड़े सुंदर

ढंग से उकेरा गया है।

अंग्रेजों के शासनकाल में (सन 1803 में) यहां के भवनों की वास्तुकला में काफी परिवर्तन देखने को मिला है। यहां पर नए तरीके के भवन व इमारतें बनने लगी। अंग्रेजों ने सन् 1806 में करनाल शहर में अपनी छावनी डाली तथा इसके बाद यहां पर पहली वास्तुकला की इमारतों में 'अक्टर लोनी हाउस' तथा 'एडम हाउस' जैसी इमारतें बनवाई। जो यूरोपीय तथा भारतीय वास्तुकला का मिश्रण रहीं है। कुछ समय पश्चात् हरियाणा राज्य में 'रोहतक', 'हिसार', 'सिरसा', 'अंबाला' तथा 'गुड़गांव' शहरों में भी वास्तुकला से संबंधित इमारतें बनने लगी।[2]

समय के साथ–साथ इस क्षेत्र में धनी व साहूकार लोगों ने वास्तुकला तथा कलात्मक हवेलियों व इमारतें बनवानी शुरू कर दी। जिनमें राजस्थान तथा हरियाणवी वास्तुकला का मिश्रण देखने को मिलता है।

उभारदार शिल्प की परंपरा के रूप में बनी प्रमुख हवेलियों, मंदिरों, मस्जिदों, दरगाहों तथा कुओं पर बनी कलात्मक नक्काशी को बहुत ही सुंदर ढंग से उकेरा गया है।

कलात्मक हवेलियों व इमारतों को बनाने वाले कारीगरों ने इमारतों व उनके हिस्सों को बहुत ही सुंदर व आकर्षक ढंग से निर्मित करते समय विभिन्न सामग्री, जिसमें ईट, रोड़ी, सीमेंट, लोहा, लकड़ी, पत्थर, धातु, चुना आदि का आवश्यकता अनुसार प्रयोग किया है। इनके द्वारा हवेलियों, मंदिरों, मस्जिदों आदि इमारतों पर कलात्मक नक्काशी व सुंदरता दिखाई देती हैं।

कलात्मक हवेलियों व इमारतों के विभिन्न भागों पर की गई नक्काशी–

हवेलियों के मुख्यद्वार–हवेलियों के मुख्यद्वार पर विभिन्न प्रकार की नक्काशी की गई है। जिन पर श्री गणेश, शुभ–लाभ, ओम, स्वास्तिक, हनुमान जी आदि को कार्विंग के माध्यम से उकेरा गया है। हवेलियों के मुख्यद्वार को फूल–पत्तियां व पशु पक्षियों के अलंकरण डिजाइन से भी उकेरा गया है। जो देखने में बहुत ही सुसज्जित और आकर्षित दिखाई देते हैं।

मुख्यद्वार के कपाट–मुख्य द्वार के कपाट मुख्य रूप से लकड़ी व लोहे की पत्ती आदि से निर्मित है। इन कपाटों पर काष्ट शिल्प में प्राकृतिक, ज्यामितीय डिजाइन व शिल्प उकेरे गए हैं। जिनमें ओम, श्री कृष्णा, गणेश जी, मोर तथा पशु–पक्षियों के चित्र को काष्ट शिल्प कला के माध्यम से बहुत ही सुंदर ढंग से उकेरा गया है।

मुख्यद्वार की देहल–हवेली के मुख्यद्वार की देहल पर काष्ट से निर्मित नक्काशी का आकर्षक नमूना देखने को मिलता है। मुख्यद्वार को बंद करने के लिए घर के बाहर देहल पर एक कुंडी लगाई जाती है। यह कुंडी लोहे और काष्ट में निर्मित होती है। जिस पर फूल–पत्तियां व अन्य शिल्प उकेरे गए हैं। जो बहुत ही देखने योग्य हैं।

गवाक्ष तथा जालियां–हवेलियों के मुख्यद्वार के ऊपर छोटी–छोटी जालियां लगाई जाती हैं। इन जालियों को भरने के लिए जालियों में अलंकरण डिजाइन, ओम, स्वास्तिक, स्वागतम या कोई मूर्ति जैसे–श्री कृष्ण जी बांसुरी बजाते हुए, लक्ष्मी माता, शिव शंकर, देव, पशु–पक्षियों, फूल–पत्तियों आदि के शिल्प निर्मित है। अधिकतर मुख्यद्वार के ऊपर फूल–पत्तियों का आकार बना हुआ है। जो देखने में बहुत ही सुंदर लग रहे हैं। ये गवाक्ष पत्थर, चूने तथा पक्की ईंटो से निर्मित पाए गए है। मुख्यद्वारों में रंगीन कांच के आकार स्थापित किए जाते हैं। गवाक्षों पर प्राकृतिक ज्यामितीय डिजाइन की नक्काशी भी की जाती थी।

चौतरियां–चौतरियां हवेली के मुख्यद्वार के दोनों कोनों पर निर्मित होती है। जो बैठने के लिए काम में ली जाती है। इन चौतरियों पर विभिन्न प्रकार के शिलालेख व विभिन्न प्रकार के शिल्प उकेरे गए हैं। जिनमें फूल–पत्तियों के अलंकरण डिजाइन व पशु–पक्षी आदि निर्मित है।

तोरण द्वार–तोरण द्वार चौखट के साइड में लकड़ी या पत्थर से निर्मित होते हैं। जिन पर फूल–पत्तियों की बेल तथा विभिन्न डिजाइन की नक्काशी की जाती है।

टोडे–तोड़ो का प्रयोग छज्जो के नीचे मजबूती देने के लिए होता है। जोकि पत्थर से निर्मित होते हैं और विभिन्न पत्तियों से अलंकृत होते हैं।

स्तंभ–स्तंभ सिरदर के नीचे लगा होता है। जो छत व सिरदर को मजबूती प्रदान करता है। जिस पर प्राकृतिक व ज्यामितीय डिजाइन बना हुआ है।

शिलालेख–यह मुख्यद्वार के ऊपर या हवेली के बाहर निर्मित होते हैं। जिसमें घर के मुखिया का नाम, भवन निर्माण सन् व अपने इष्ट देवी–देवताओं आदि को उकेरा गया है। यह विभिन्न भाषाओं में अंकित है। जो उर्दू,फारसी, अंग्रेजी तथा हिंदी भाषा में पाए गए हैं।

हवेली का ताज–यह हवेली के सबसे ऊपरी हिस्से पर बना होता है। जिन पर मोर, बाज, फूलों का गुलदस्ता तथा पानी की टंकी के रूप में भी डिजाइन आदि पाए गए हैं। जो देखने में बहुत ही अद्भुत लगते हैं।[3]

निष्कर्ष– उपरोक्त तथ्यों के आधार पर हम कह सकते हैं। कि उभारदार शिल्प का इतिहास बहुत ही प्राचीन रहा है। उभारदार का अर्थ–उकेरना, कार्विंग करना। उभारदार शिल्प को विभिन्न माध्यमों में, विभिन्न उपकरणों व तकनीकों के माध्यम से बहुत ही सुंदर और आकर्षक रूप दिया गया है। इसके उदाहरण हमें अनेकों– हवेलियों, मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों, कलात्मक इमारतों आदि पर देखने को मिलता है। जिन पर की गई नक्काशी बहुत ही भव्य और मनमोहक

है। जो हमारे मन को छू जाती है।

सन्दर्भ सूची

1. https://www.hindi2dictionary.com
2. यादव, के. सी., हरियाणा ऐतिहासिक सिंहवलोकन मैकमिलन इंडिया लिमिटेड, 2/10 अंसारी रोड़, दरियागंज, नई दिल्ली– 110002, शाखाएँ : बंबई, कलकत्ता, मद्रास, प्रथम संस्करण : 1981, पेज सं. 92
3. रस्तोगी, राशि, (TGT) प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक चयन परीक्षा, चित्रकला नोटस, प्रकाशक : इलाहाबाद पब्लिशर्स, 1012/864, पुराना कंडेरा, इलाहाबाद– 211002

Address

Dr. Pawan

S/o Lt. Sh. Raj Singh

V.P.O. Bohar, Pana Melwan,

Near Ravidass Mandir,

District- Rohtak, Haryana (124021)

Ph.- 9728627038

7

शुष्क कटिबंधीय कृषि : समस्याएं एवं सम्भावनाएं

पूजा

सारांश

भारत के पश्चिमी क्षेत्र में शुष्क कृषि अर्थात वर्षा पर आधारित खेती की जाती है। यह शुष्क एवं अर्द्ध–शुष्क क्षेत्र है जहां औसतन वार्षिक वर्षा 75 सेंटीमीटर से भी कम ही होती है। उत्तर दिशा में ताप्ती नदी से लेकर दक्षिण दिशा में कन्याकुमारी तक पश्चिमी घाट फैला हुआ है। इसी के पश्चिम में अरब सागर की मानसुनी पवनें 70 सेटींमीटर से अधिक वर्षा करती है। पश्चिमी तटीय मैदानी क्षेत्र में यह शुष्क कृषि नहीं की जाती, लेकिन पश्चिमी घाट के पूर्व में वर्षा 70 सेटींमीटर से अधिक नहीं होती, यह क्षेत्र छायाक्षेत्र कहलाता है। अतः प्रायद्वीप पठार के वर्षा छायाक्षेत्र में शुष्क कृषि की जाती है। उत्तर दिशा में पंजाब से लेकर दक्षिण दिशा में तमिलनाडु तक शुष्क कृषि की जाती है, जम्मू–कश्मीर के उत्तर व पूर्वी भाग में भी शुष्क कृषि की जाती है। शुष्क कृषि क्षेत्रों में मुख्यतः जम्मू–कश्मीर का उत्तर व पूर्वी भाग, पंजाब, हरियाणा, दक्षिण–पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, पश्चिमी मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के आन्तरिक भाग, कर्नाटक का पठारी भाग, आन्ध्र प्रदेश के रायसलीमा क्षेत्र, तेलंगाना और तमिलनाडु (तटीय क्षेत्र को छोड़कर) शामिल हैं। भारत के लगभग एक चौथाई कृषि क्षेत्र पर शुष्क कृषि की जाती है।

कुंजी शब्दः शुष्क, वर्षा, खेती, सिंचाई, आर्थिक, जल, राजस्थान, फसल आदि ।

शोध प्रविधि

प्रस्तुत शोध में यथासम्भव प्राथमिक तथा गौण दोनों स्त्रोतों का प्रयोग करते हुए उन बिन्दुओं का चयन किया गया है, जो भारत के शुष्क कटिबंधीय क्षेत्र की कृषि को प्रभावित करते हैं। प्राथमिक स्त्रोतों के रूप में लोकसभा डिबेट, सरकार द्वारा प्रकाशित नीतिगत पपत्र, सरकारी प्रकाशनों, संसद में दिए गए वक्तव्य व विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट आदि का अध्ययन किया गया है। गौण स्त्रोतों के रूप में उपलब्ध प्रतिष्ठित विद्वानों की पुस्तकों, प्राप्त लेखों, शोत्र–पत्रों, जर्नलस, विशिष्ट पत्रिकाओं तथा समाचार पत्रों का, उपयोग किया है। इसके अतिरिक्त इन्टरनेट द्वारा भी विषय सामग्री प्राप्त की गई है।

शोध के उद्देश्य

1. शुष्क कृषि क्षेत्र के किसानों के सामने आने वाली समस्याओं का पता लगाना।
2. शुष्क कृषि की विधियों का पता लगाना।
3. भारत के खाद्यान और अर्थव्यवस्था में शुष्क कृषि के महत्व का पता लगाना।

भूमिका

भारतीय शुष्क कृषि मुख्यतः मानसून पर निर्भर करती है। मानसून की अनिश्चितता, मानसून अंतराल, वर्षा की परिवर्तिता और वर्षा के वितरण में प्रादेशिक असमानताओं का कृषि उत्पादन और उत्पादकता पर सीधा प्रभाव पड़ता है। इस मानसूनी निर्भरता के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था को मानसून के साथ जुड़ा हुआ कहा जाता है। भारत की कृषि उत्पादकता अर्थात उत्पादन प्रति हेक्टेयर या प्रति व्यक्ति बहुत ही कम है। जोकि न केवल विकसित देशों की तुलना में कम है अपितु विश्व औसत तथा पड़ोसी देशों से भी कम है। फसलों के साथ पशु उत्पादों में भी उत्पादकता कम है। आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कारणों से भारत में भू–जोतें छोटी तथा बिखरी हैं। यह आधुनिक कृषि हेतु उपयुक्त नहीं है।

भारतीय शुष्क कृषि

कृषकों एवं कृषि मजदूरों की गरीबी, बुनियादी सुविधाओं का अभाव जैसे बाजार एवं भण्डारण सुविधाओं की कमी, बिचौलियों के कारण कृषि उत्पादों का लाभकारी मूल्य प्राप्त न होना, उर्वरकों की कमी एवं अधिक मूल्य, नाशीजीव बीमारियों से भेद्यता, कृषि को सम्मानजनक व्यवसाय का दर्जा ना दिया जाना, सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र की अवहेलना तथा किसानों द्वारा आत्महत्या के अलावा शुष्क क्षेत्र के किसानों के सामने ये परेशानियां भी है–

- **जीविका कृषि** :– शुष्क कृषि क्षेत्रों में मुख्य रूप से छोटे किसान ही रहते हैं जो अपना एवं अपने परिवार के भरण–पोषण के लिए ही कृषि उत्पादन करते हैं और मण्डी या बाजार में बिक्री करने के लिए ऐसे किसानों के पास कोई विशेष कृषि उपज नहीं बचती। जिसके परिणामस्वरूप इन किसानों की आर्थिक दशा अच्छी नहीं होती इसी कारण इन किसानों के पास आधुनिक कृषि यन्त्रों एवं तकनीक का भी अभाव रहता है। सूखे की स्थिती में छोटे व सीमान्त किसानों को भुखमरी और बेरोजगारी का सामना भी करना पड़ता है।
- **जलवायु** :– शुष्क जलवायु वाले क्षेत्रों में ही शुष्क कृषि की जाती है। जिन क्षेत्रों में 70 प्रतिशत तक वार्षिक वर्षा होती है उन क्षेत्रों को उपार्द्र जलवायु क्षेत्र कहते हैं, इन क्षेत्रों में वर्षभर में से लगभग 8 महीने आर्द्रता की कमी रहती है। 25 से 50 सेंटीमीटर वर्षा वाले क्षेत्र अर्द्ध–शुष्क क्षेत्र कहलाते है जहां पर सारा साल आर्द्रता की कमी रहती है। राजस्थान के कुछ क्षेत्रों (बाड़मेर व जैसलमेर) में 20 सेंटीमीटर से भी कम वार्षिक वर्षा होती है और ये पुर्णतयाः शुष्क क्षेत्र है। वर्षा कम मात्रा में होने के साथ–ही–साथ परिवर्तनशील भी बहुत है और यहां पर वर्षा की परिवर्तनशीलता 20 से 60 प्रतिशत तक होती है। वर्षा केवल वर्षा ऋतु में 3–4 महीने ही होती है जिस कारण 8–9 महीने शुष्क ही बीतते हैं। मानसून के देरी से आने और निश्चित समय से पूर्व ही वापिस चले जाने से वर्षा की अनिश्चितता बढ़ जाती है। मानसून में विच्छेद हो जाने से वर्षा काल के दो आर्द्र चरणों में एक शुष्क चरण आ जाता है, जिससे फसलों को उचित मात्रा में जल प्राप्त नहीं होता और उपज कम हो जाती है इसके अतिरिक्त कभी–कभी सूखा पड़ने पर सारी फसल नष्ट हो जाती है। कई बार छोटे किसानों को सुखे के

कारण उदरपुर्ति हेतु अन्न भी अपने खेतों से प्राप्त नहीं हो पाता ।

• **उचित सिंचाई का अभाव** :– शुष्क कृषि होने वाले ज्यादातर प्रदेशों में उचित सिंचाई नहीं हो पाती और वहां की फसलें वर्षा पर ही निर्भर रहती है इसी कारण यह खेती या कृषि वर्षाधीन कृषि भी कहलाती है। फसलों के प्रतिरूप में परिवर्तन और फसलों की आवश्यकता को देखते हुए पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नहरों तथा नलकूपों द्वारा की गई सिंचाई की व्यवस्था भी अपर्याप्त ही है। इसके अतिरिक्त राजस्थान के अधिकतर भागों में भूजल तो खारा है और कोई मुख्य या बड़ी नदी राजस्थान से होकर बहती नहीं। इस कारण राजस्थान में नहरों और नलकूपों के माध्यम से सिंचाई सम्भव नहीं है। इन्दिरा गान्धी नहर के निर्माण से पश्चिमी राजस्थान को सिंचाई में सुविधा होने लगी है, इसी के कारण ही इस क्षेत्र में कृषि उपज बढ़ी है और यहां के फसल चक्र और फसल प्रतिरूप में भी अन्तर आया है। दक्षिण भारत के अधिकतर क्षेत्रों में भूजल का अभाव है और भूमि सख्त है जिसके परिणामस्वरूप इन क्षेत्रों में तालाबों के माध्यम से कृषि की जाती है। शुष्क ऋतु में तालाब उस समय सूख जाते है जिस समय फसलों को जल की सबसे अधिक आवश्यकता होती है।

शुष्क कृषि का महत्व

शुष्क कृषि भारत के उन शुष्क एवं अर्द्ध–शुष्क क्षेत्रों में की जाती है जहां जल का अभाव, सिंचाई की कमी, उर्वरक, उन्नत किस्म के बीज, किसानों की कमजोर आर्थिक स्थिति, निवेशों की कमी जैसी अनेक समस्याएं किसानों के सामने आती रहती है।

भारत का लगभग 40 प्रतिशत खाद्यान्न शुष्क कृषि ही पैदा करती है। पिछले कुछ वर्षों में गेहूं और चावल जैसे मुख्य खाद्यान्नों को प्राथमिकता मिलने के कारण तिलहनों एवं दालों के उत्पादन में कमी आई है। शुष्क कृषि से देश की 85 प्रतिशत दालें प्राप्त होती हैं। भारत की अधिकांश जनसंख्या शाकाहारी होने के कारण उनके लिए दालें प्रोटीन का महत्वपूर्ण स्त्रोत है। देश का 95 प्रतिशत बाजरा और ज्वार, 80 प्रतिशत मक्का, 75 प्रतिशत तिलहन यहां पैदा होता है, जोकि भारत के खाद्यान्न और अर्थव्यवस्था में बड़ा महत्व रखता है।

शुष्क कटिबंधीय कृषि की विधियां :

1.वाष्पीकरण द्वारा आद्रता के ह्रास तथा पवन द्वारा मृदा के अपरदन को रोकने के लिए मिट्टी को तिनकों से ढक दिया जाता है।

2.फसल बोने से पहले मृदा को संपोषित किया जाता है। इस प्रक्रिया में मृदा को महीन कणों में परिवर्तित किया जाता है ताकि जल मृदा में आसानी से प्रवेश कर सके तथा पौधों की जड़ों को विकसित होने का पूरा अवसर मिल सके।

3.उर्वरकों एवं खादों के अभाव में निरंतर फसल बोने से भूमि की उपजाऊ शक्ति कम हो जाती है। इस समस्या को हल करने के लिए भूमि को परती छोड़ा जाता है।

4.मृदा में उपस्थिति आर्द्रता के संरक्षण के लिए खेत को बार–बार जोता जाता है। वर्षा ऋतु में तो यह प्रक्रिया अनिवार्य है।

5.पौधों की गोडाई तथा छंटाई नियमित रूप से की जाती है। गोडाई से मृदा में वायु प्रवेश करती है जिससे पौधों को फलने–फूलने का पूरा अवसर मिल जाता है। गोडाई का काम सूर्योदय से पहले किया जाता है ताकि रात की ओस मृदा में प्रवेश करके फसलों को आर्द्रता प्रदान कर सके। छंटाई से पौधों के अनचाहे भाग को काट दिया जाता है और उनके लाभकारी भाग को पनपने का पूरा अवसर मिलता है।

शुष्क कटिबंधीय कृषि की मुख्य समस्याएं :

1. अधिकांश क्षेत्रों की मृदा में ह्यूमस तथा अन्य पोषकों की कमी होती है और मृदा की उपजाऊ शक्ति कम होती है।

2. वर्षा की अनिश्चितता एवं अनियमितता के कारण प्रायः सूखा अथवा बाढ़ आते रहते हैं, जिससे कृषि उपज की भारी हानि होती है।

3. शुष्क कृषि वाले भागों में वर्षा अपर्याप्त, अनिश्चित, अनियमित तथा परिवर्तनशील होती है, जिससे किसानों को सदा ही मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

4. आधारभूत ढांचे, जैसे–सड़कें बाजार, भण्डारण आदि का उचित विकास न होने पर किसानों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

5. कुछ इलाकों में भूमि उपजाऊ है परंतु सिंचाई की उचित व्यवस्था न होने के कारण कृषि उत्पादन में वृद्धि करना मुश्किल है।

6. यहां वायु से मृदा अपरदन का खतरा सदा ही बना रहता है।

7. छोटे व सीमांत किसानों के पास कृषि निवेश के लिए अधिक पूंजी नहीं होती जिस कारण आधुनिक प्रौद्योगिकी का प्रयोग कम होता है। परिणामस्वरूप कृषि उपज कम है।

शुष्क कटिबंधीय क्षेत्रों में कृषि हेतु सुधार की सम्भावनाएं :

1.जल संसाधनों का संरक्षण एवं उचित उपयोगः– वर्षाधीन कृषि में सबसे बड़ी समस्या फसलों को पर्याप्त जल उपलब्ध कराने की होती है। मृदा में उपस्थित नमी का संरक्षण गहरी तथा सतही जुताई द्वारा किया जाता है। गहरी जुताई मुख्यतः खरीफ फसलों के लिए लाभकारी होती है क्योंकि इस जुताई से मृदा संस्तर के नीचे की कठोर मिट्टी टूट जाती है और वर्षा का जल रिस कर मृदा संस्तर के आंतरिक भाग में चला जाता है। इसके अतिरिक्त गहरी जुताई से बीज बोने तथा खरपतवार को निकालने में भी आसानी होती है। सतही जुताई से रबी की फसल को लाभ प्राप्त होता है क्योंकि यह मृदा की नमी को संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

उपरोक्त कृषि प्रक्रिया के अतिरिक्त वर्षा के जल संग्रहण की भी व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए सरकारी एवं गैर–सरकारी संस्थानों का सहयोग अनिवार्य है।

2.वैकल्पिक भूमि उपयोग का नियोजनः किसान की आय को बढ़ाने तथा फसल नष्ट होने से हानि को कम करने के लिए निम्नलिखित उपाय सुझाए जाते हैंः–

कृ

I. कृषि वानिकी एवं फलीदार फसलों के साथ अंतर्फसलन।

II. सीमान्त एवं कृषि योग्य व्यर्थ भूमि में वन चरागाह तथा

सामाजिक वानिकी।

3.अनुसंधानः इस कृषि में विकास की बड़ी संभावनाएं हैं और उनका लाभ उठाने के लिए अधिक से अधिक अनुसंधान पर बल देना चाहिए।

4.फसल विविधीकरणः कुछ चयनित फसलों पर निर्भर न रह कर फसलों के विविधीकरण पर बल देना चाहिए। इससे जलवायु की अनियमितता तथा मृदा के निम्नीकरण की समस्या काफी हद तक हल हो सकती है। उदाहरणतया दलहन फसलों को अपनाया जा सकता है और खाद्यान्नों के साथ फलीदार फसलें उगाई जा सकती हैं। फ्लीदार पौधे वायुमंडलीय नाइट्रोजन को स्थिर रखते हैं।

5.सूखा प्रतिरोधी फसलेंः इन शुष्क एवं अर्द्ध–शुष्क इलाकों में यथासम्भव सूखा प्रतिरोधी फसलें ही उगाई जानी चाहिए। इसके लिए किसानों को सूखा प्रतिरोधी बीज उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। अल्पावधि वाली फसलों को अपनाकर भी यह समस्या हल हो सकती है। सरकार ने मक्का, गेहूं, जौ, सरसों, बाजरा, चना, सोरघम, उड़द, सोयाबीन, अरहर मूंग आदि फसलों के उन्नत बीजों का विकास करने की व्यवस्था की है।

6.फसलों का क्षेत्रीय वितरणः अधिक जल से पैदा होने वाली फसलों को निम्न क्षेत्र, विशेषतया अपवाह क्षेत्र के निम्न भाग में बोना चाहिए। कपास को अधिक जल अथवा फुहार सिंचाई (Sprinkle irrigation) वाले इलाकों में बोना चाहिए।

7.खरपतवार पर नियंत्रणः कृषि के न्यायोचित विकास के लिए खरपतवार को नियंत्रित करना आवश्यक है क्योंकि इससे मृदा की नमी कम हो जाती है और पौधों को उचित आहार नहीं मिलता। गैर–मौसमी जुताई, समुचित बीज संस्तर निर्माण, समयबद्ध बुआई तथा खरपतवार नाशकों की सहायता से खरपतवार पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

8.खाद का प्रयोगः वर्षाधीन कृषि क्षेत्र के किसानों की आर्थिक दशा इतनी अच्छी नहीं होती कि वे महंगे उर्वरक खरीद सकें। अतः भूमि की उपजाऊ शक्ति को बनाए रखने के लिए गोबर अथवा वनस्पतिक खाद का प्रयोग करना चाहिए। इससे पर्यावरण प्रदूषण भी नहीं होगा और मृदा की उपजाऊ शक्ति भी बनी रहेगी।

9.मृदा अपरदन पर नियंत्रणः शुष्क एवं अर्द्ध–शुष्क इलाकों में वायु द्वारा मृदा अपरदन एक गंभीर समस्या है। इसे नियंत्रित करने के लिए कई उपाय सुझाए जा सकते हैं जिनमें पौध अवरोधों का निर्माण, रेत के टीलों का स्थिरीकरण, समोच्च रेखीय जुताई आदि प्रमुख हैं।

निष्कर्ष

भारतीय कृषि के योजनागत विकास के बावजूद भी 85 मिलियन हेक्टेयर (60 प्रतिशत) कृषि क्षेत्र असिंचित है और भारत की अर्थव्यवस्था काफी हद तक मानसून पर निर्भर करती है। देश के 13 राज्यों के 100 जिलों को सूखा संभावित या शुष्क व अर्द्ध– शुष्क क्षेत्र चिन्हित किया गया है जहाँ पर कुल वर्षा वाष्पोत्सर्जन से भी कम होती है। देश के इतने बड़े भू–भाग के सूखाग्रस्त होने के कारण ही संसाधन होने के बावजूद भी देश को दलहनों व खाद्य तेलों की पूर्ति हेतु आयात करना पड़ता है। शुष्क व अर्द्ध–शुष्क क्षेत्रों में यदि उन्नत सस्य तकनीकें अपनाई जाएं, वर्षा के जल का संरक्षण व संचय किया जाए, फसल प्रबन्धन की समन्वित प्रौद्योगिकी अपनाई जाए तथा सूखे से फसलों के बचाव के लिए समय पर ठोस कदम उठाए जाएं, तो शुष्क क्षेत्रों की उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। इसके अतिरिक्त सुनियोजित तरीके से सूखा व अकाल प्रबंधन एवं नमी संरक्षण तथा उपलब्ध मृदा नमी का सही उपयोग करके न केवल शुष्क क्षेत्रों का टिकाऊ विकास, खाद्य व पोषण सुरक्षा के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है बल्कि कृषि आय वृद्धि व रोजगार सृजन करके शुष्क व अर्द्ध–शुष्क क्षेत्रों का चहुंमुखी विकास किया जा सकता है।

सन्दर्भ सूची

1. Tharke, Dr. Ramesh B. (2017), Indian Agriculture Yesterday, Today, and Tomorrow, Mumbai: Storymirror Info Tech Ltd.
2. Harisha, Dr. B. N. (2018), Indian Agriculture Current & Scenario, New Delhi: Educreation Publishing.
3. Sunda, Dr. Nem Raj (2021), Basic Agriculture, Jaipur: Surahee Publications.
4. Ojha, T.P. (2016), Agricultural Engineering (Vol-1), New Delhi: Jain Brother Publications.
5. तिवारी, आर.सी., बी. एन. सिंह (2023), कृषि भूगोल, इलाहाबाद : प्रवालिका प्रकाशन।
6. सक्सेना, डॉ. हरि मोहन (2022), राजस्थान का भूगोल, जयपुर : दी कपूर प्रेस।
7. जैन, डॉ हुक्म चन्द, डॉ नारायण लाल माली (2022), राजस्थान का इतिहास : संस्कृति, परम्परा एवं विरासत, जयपुर : रेनबो आफसेट प्रिंटर्स।
8. The Tribune, 02 January, 2024-
9. https://pib.gov.in

पूजा
(M.Sc. NET in Geography)
गांव – सुलखनी
तहसील व जिला– हिसार
(हरियाणा)
पिन कोड – 125121
फोन नं0– 7027890008
ई–मेलः rao771265@gmail.com

8

भारत में आपदा प्रबंधन : केन्द्र एवं राज्य सरकारों की भूमिका

डॉ0 प्रवीन कुमार

सारांश

भारत क्षेत्रफल में विश्व का सातवां सबसे बड़ा देश और सबसे अधिक जनसंख्या वाला लोकतंत्र है। दक्षिण में हिंद महासागर, दक्षिण–पश्चिम में अरब सागर और दक्षिण–पूर्व में बंगाल की खाड़ी से घिरे हुए भारत की भू–सीमा एशिया क्षेत्र के छः देशों से और समुद्री सीमा चार देशों से मिलती है। अलग–अलग कृषिगत जलवायु और जलीय मौसम विज्ञानी जैव मंडल के साथ–साथ पर्वतों और समतल भूमि की विविधता के फलस्वरूप भारत बड़े पैमाने पर आपदाओं के प्रति प्राकृतिक रूप से संवेदनशील है। सामान्य रूप से अनुभव की जाने वाली प्राकृतिक आपदाओं में बाढ़, चक्रवात, सूखा, भूकम्प, बादल फटना, लू चलना, भू–स्खलन, मृदा–स्खलन और हिम–स्खलन, दावानल, समुद्री तट कटाव, जल भराव, सुनामी और बिजली गिरना आदि शामिल हैं। इसके अलावा, विश्व में किसी अन्य देश की तरह भारत भी रासायनिक, जैविक, रेडियोएक्टिव और आणविक (सीबीआरएन) आपात स्थितियों जैसी नई और उभरती हुई आपदाओं के प्रति संवेदनशील है। मानवजनित आपदाओं में आतंकवाद और भगदड़ भी नई आपदाएं हैं।

कुंजी शब्द : सुरक्षा, प्रबंधन, जोखिम, आपातकाल, आपदा, भूकंप, योजना, राष्ट्रीय आदि।

शोध प्रविधि

प्रस्तुत शोध में यथासम्भव प्राथनिक तथा गौण दोनों स्त्रोतों का प्रयोग करते हुए उन बिन्दुओं का चयन किया गया है, जो भारत में किसी भी प्राकृतिक या मानवजनित आपदा के समय जान एवं माल के बचाव हेतु उत्तरदायी है। प्राथमिक स्त्रोतों के रूप में लोकसभा डिबेट, सरकार द्वारा प्रकाशित नीतिगत पपत्र, सरकारी प्रकाशनों, संसद में दिए गए वक्तव्य व विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट आदि का अध्ययन किया गया है। गौण स्त्रोतों के रूप में उपलब्ध प्रतिष्ठित विद्वानों की पुस्तकों, प्राप्त लेखों, शोत्र–पत्रों, जर्नलस, विशिष्ट पत्रिकाओं तथा समाचार पत्रों का, उपयोग किया है। इसके अतिरिक्त इन्टरनेट द्वारा भी विषय सामग्री प्राप्त की गई है।

शोध के उद्देश्य

1. आपदा से बचाव में केन्द्र और राज्य सरकारों की भूमिका का पता लगाना।
2. भारत में आपदा प्रबंधन के संस्थागत तंत्र की कार्यप्रणाली का पता लगाना।

भूमिका

प्रकृति की विभिन्न अभिव्यक्तियाँ हैं, सौम्य भी और आक्रामक भी। हम देखते हैं कि कभी–कभी यह बहुत शांत होता है जबकि कभी–कभी यह उग्र हो जाता है। बेशक, शांत पक्ष हर किसी को पसंद होता है लेकिन जब क्रूर पक्ष दिखाया जाता है, तो तबाही होती है। जब भी कोई विपत्तिपूर्ण स्थिति उत्पन्न होती है जो जीवन और पारिस्थितिकी तंत्र को परेशान कर सकती है, तो हमें जीवन को बचाने और संरक्षित करने के लिए आपातकालीन उपायों की आवश्यकता होती है। चूँकि प्राकृतिक आपदाओं का पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता, वे कहीं भी, किसी भी समय घटित हो सकती हैं।ये घटित होने वाली सबसे खतरनाक आपदाएं हैं जो जीवन की हानि और पृथ्वी को क्षति पहुंचाती है।इसके अलावा अनेक मानव निर्मित आपदाएँ हैं। वे तकनीकी खतरों या मनुष्य की लापरवाही का परिणाम हैं। कुछ मानव निर्मित आपदाओं में आग, परमाणु विस्फोट या विकिरण, तेल रिसाव, परिवहन दुर्घटनाएँ, आतंकवादी हमले और बहुत कुछ शामिल हैं। इस प्रकार की आपदाओं में प्रकृति की बहुत कम या कोई भूमिका नहीं होती है।

भारत में आपदा प्रबंधन

भारत में आपदा का जोखिम जनसांख्यिकीय परिवर्तन और सामाजिक–आर्थिक स्थितियों, उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में मानव बस्ती सहित तेजी से शहरीकरण, पर्यावरण क्षति, जलवायु परिवर्तन, मानव प्रवासन और पशु व्यापार के कारण उत्पन्न महामारी और वैश्विक महामारी इत्यादि के परिणामस्वरूप बढ़ जाता है। आपदाएं भारत की अर्थव्यवस्था, जनसंख्या और सतत् विकास के राष्ट्रीय प्रयासों पर प्रभाव डालती हैं।

आपदा प्रबंधन संबंधी राष्ट्रीय नीति, 2009 के अनुसार आपदा के समय बचाव, राहत और पुनर्वास उपाय करने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों की होती है। केन्द्र सरकार, गंभीर प्राकृतिक आपदाओं की दशा में लॉजिस्टिक और वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्य सरकारों के प्रयासों में मदद करती है। सरकार ने आपदा प्रबंधन के प्रति दृष्टिकोण में आदर्शवादी परिवर्तन लाकर राहत–केन्द्रित दृष्टिकोण के बजाय समग्र और एकीकृत दृष्टिकोण अपनाया है, जिसमें आपदा प्रबंधन के पूरे परिवेश, रोकथाम, प्रशमन, तैयारी, कार्रवाई, राहत, पुनर्निर्माण और पुनर्वास को सम्मिलित किया गया है।

आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005

भारत सरकार ने आपदाओं और उससे संबंधित अथवा तत्संबंधी मामलों के प्रभावी प्रबंधन के लिए प्रावधान करने हेतु आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 अधिनियमित किया था। इसमें आपदा प्रबंधन

की योजनाओं की तैयारी और कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर संस्थागत तंत्र निर्धारित किया गया है जिससे आपदाओं के प्रभाव को रोकने और उन्हें कम करने तथा आपदा की किसी भी परिस्थिति में तत्काल कार्रवाई करने के संबंध में सरकार के विभिन्न विंगों द्वारा उपाय किया जाना सुनिश्चित होता है।

गृह मंत्रालय द्वारा बचाव और राहत अभियान का समन्वय : राष्ट्रीय आपदाओं (सूखा, ओलावृष्टि और कीट हमला, जिसकी देखरेख कृषि और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा की जाती है, को छोड़कर) के प्रबंधन के लिए भारत सरकार की ओर से गृह मंत्रालय एक नोडल मंत्रालय है। गृह मंत्रालय में आपदा प्रबंधन प्रभाग यह कार्य करता है। **भारत ने अपने सतत् प्रयासो से प्राकतिक** आपदाओं से निपटने के संबंध में अपनी तैयारी में अत्यधिक सुधार किया है। हमारे आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 में विकास आयोजन के अंतर्गत आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) की योजनाओं को शामिल करने की आवश्यकता का प्रावधान है। आपदा प्रबंधन संबंधी राष्ट्रीय नीति और राष्ट्रीय योजना में एक सुरक्षित और आपदा–रोधी भारत का निर्माण करने की कोशिश की गई है। केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा किए गए उपायों से आपदा प्रबंधन पद्धतियों, तैयारी, निवारण और कार्यवाही तंत्र में काफी सुधार हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप देश में चक्रवातों सहित प्राकृतिक आपदाओं के दौरान होने वाली मौतों में भारी कमी हुई है।

राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि : आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 46(1) में किसी चुनौतीपूर्ण आपदा प्रबंधन की स्थिति अथवा आपदा से निपटने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि के गठन का प्रावधान है। तदनुसार, गृह मंत्रालय ने दिनांक 28.09.2010 को राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि के गठन के लिए अधिसूचना जारी की थी।

अतिरिक्त वित्तीय सहायता : राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि के प्रावधानों के अतिरिक्त, गंभीर प्राकृतिक आपदाओं के मद्देनजर राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि से निधियां प्रदान की जाती हैं। प्रभावित राज्य से ज्ञापन प्राप्त होने पर, एक अंतर–मंत्रालयी केंद्रीय टीम, जिसमें केंद्रीय मंत्रालयों व विभागों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं, गठित की जाती है। इस टीम की रिपोर्ट की जांच राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की उप समिति द्वारा की जाती है। उप समिति की सिफारिशों को उच्च स्तरीय समिति के समक्ष उनके विचार हेतु और राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि से निधियों के अनुमोदन हेतु रखा जाता है।

सरकार ने गंभीर प्रकृति की किसी प्राकृतिक आपदा के परिणामस्वरूप और राज्य सरकार से ज्ञापन की प्राप्ति से पहले ही अंतर–मंत्रालयी केंद्रीय टीम (आईएमसीटी) के शीघ्र गठन के लिए दिनांक 19.08.2019 को एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जो राज्यों के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेगी, ताकि हुई क्षतियों और राज्य प्रशासन द्वारा चलाए गए राहत कार्य का प्रत्यक्ष आकलन किया जा सके। इससे पहले, आईएमसीटी ज्ञापन की प्राप्ति के पश्चात प्रभावित राज्य का दौरा करती थी।

संस्थागत तंत्र

1. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) : आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के उद्देश्य हेतु स्थापित राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष माननीय प्रधानमंत्री हैं। इसमें नौ सदस्यों तक का प्रावधान है, जिनमें से एक को उपाध्यक्ष के रूप में पदनामित किया जा सकता है। वर्तमान में, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में चार सदस्य – श्री कमल किशोर, ले. जनरल (रि.) सध्यद अता हसनैन, श्री राजेन्द्र सिंह, श्री कृष्ण एस. वत्स शामिल हैं।

एनडीएमए राष्ट्रीय स्तर पर, आपदा प्रबंधन पर नीतियां निर्धारित करने और भारत सरकार के विभिन्न विभागों को उनकी अपनी योजनाओं तथा परियोजनाओं में आपदा प्रबंधन को समेकित करने के लिए उन्हें दिशानिर्देश जारी करने सहित अनेक कार्य करता है। यह उन दिशानिर्देशों को भी निर्धारित करता है जिनका अनुपालन राज्यों द्वारा अपनी राज्य आपदा प्रबंधन योजनाएं तैयार करने, योजना तैयारियों, आपदा न्यूनीकरण उपाय करने और क्षमता वृद्धि हेतु पहल करने के लिए किया जाना है।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजना (एनडीएमपी) : राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजना भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिनांक 01.06.2016 को जारी की गई थी। एनडीएमपी में आपदा प्रबंधन के सभी चरण शामिल हैं : निवारण, न्यूनीकरण, कार्रवाई और रिकवरी। यह आपदा जोखिम न्यूनीकरण हेतु सेन्दई फ्रेमवर्क (एसएफडीआरआर) से सम्बद्ध है।

2. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान : आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अंतर्गत दिनांक 30.10.2006 को स्थापित राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में मानव संसाधन विकास, प्रशिक्षण एवं शिक्षा सहित क्षमता संवर्धन, अनुसंधान, प्रलेखन और नीति नियोजन की नोडल जिम्मेदारी सौंपी गई है। दिनांक 16.10.2003 को भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन केन्द्र से अपग्रेड होकर, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) सभी स्तरों पर निवारण और तैयारी की कार्यनीति को विकसित और प्रोत्साहित करके आपदा प्रतिरोधी भारत का निर्माण करने तथा एक उत्कृष्ट केन्द्र के रूप में उभरने के अपने मिशन को पूरा करने की ओर तेजी से अग्रसर है।

3. राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) : आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के अनुपालन में गृह मंत्रालय ने

आपदाओं अथवा आपदा जैसी स्थितियों के प्रति विशेष कारवाई के उद्देश्य से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल का गठन किया है। एनडीआरएफ को वर्ष 2006 में शुरू में 08 बटालियनों के साथ गठित किया गया था जिन्हें संवेदनशीलता के प्रोफाइल के आधार पर देश के भिन्न–भिन्न भागों में तैनात किया गया था। अब एनडीआरएफ में 16 बटालियनें हैं जिनमें प्रत्येक में 1,149 कार्मिक हैं। यह बल, रासायनिक, जैविक, रेडियो–धर्मी, आणविक (सीबीआरएन) आपदाओं सहित सभी प्रकार की प्राकृतिक और मानव–जनित आपदाओं से निपटने के लिए अपने आप में सक्षम, बहु–कौशलयुक्त, उच्च तकनीक से परिपूर्ण एकमात्र बल के रूप में उभरा है। एनडीआरएफ की टीमों को आपदाओं के मामले में कारवाई के समय को कम करने के लिए 23 भिन्न–भिन्न रणनीतिक स्थानों में तैनात किया गया है।

4. नागरिक सुरक्षा : नागरिक सुरक्षा के अंतर्गत भारत या इसके किसी भू–भाग के किसी भी क्षेत्र में किसी व्यक्ति, सम्पत्ति, स्थान अथवा वस्तु पर किसी हवाई, भूमि, समुद्री अथवा अन्य स्थानों से होने वाले किसी शत्रु के हमले से सुरक्षा प्रदान करने अथवा ऐसे किसी हमले को रोकने या उसके प्रभाव को कम करने के लिए किए जाने वाले वे उपाय शामिल हैं, जो वास्तव में युद्ध नहीं है, भले ही ये उपाय ऐसे हमले के पूर्व, उसके दौरान अथवा उसके बाद किए जाएं। इसमें आपदा प्रबंधन हेतु किए गए उपाय भी शामिल हैं। कुछ वेतन भोगी स्टाफ और संस्थापना, जिसमें आपातस्थिति में वृद्धि की जाती है, को छोड़कर, नागरिक सुरक्षा का आयोजन बुनियादी तौर पर स्वैच्छिक आधार पर किया जाता है।

नागरिक सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीसीडी)

नागरिक सुरक्षा महानिदेशालय की स्थापना तत्कालीन राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा कॉलेज और राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा कॉलेज, नागपुर के कार्यों सहित नागरिक सुरक्षा, होमगार्ड और अग्निशमन सेवाओं से संबंधित सभी नीतिगत और योजनागत मामलों को देखने के लिए गृह मंत्रालय में 1962 में की गई थी और इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। महानिदेशक नागरिक सुरक्षा का पदनाम बदलकर अब महानिदेशक (अग्निशमन, नागरिक सुरक्षा और होमगार्ड) (डीजी – एफएस, सीडी एंड एचजी) कर दिया गया है। राष्ट्रीय सुरक्षा कॉलेज, नागपुर का राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, अकादमी में विलय कर दिया गया, जो इस समय राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के नियंत्रण में कार्य कर रहा है।

होमगार्ड : 'होमगार्ड' एक स्वैच्छिक बल है, जिसकी स्थापना दिसम्बर, 1946 में नागरिक अशांति एवं साम्प्रदायिक दंगों को नियंत्रित करने में पुलिस की सहायता करने के लिए की गई थी। बाद में, कई राज्यों द्वारा स्वैच्छिक नागरिक बल की अवधारणा को अपना लिया गया था। वर्ष 1962 में चीन के आक्रमण के परिणामस्वरूप, केन्द्र ने राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को अपने मौजूदा स्वैच्छिक संगठनों का होमगार्ड के रूप में विदित एक वर्दीधारी स्वैच्छिक बल में विलय करने का सुझाव दिया था। कानून एवं व्यवस्था और आन्तरिक सुरक्षा को बनाए रखने, किसी भी प्रकार की आपात स्थिति जैसे कि हवाई हमला, आग लगना, चक्रवात, भूकंप, महामारी आदि में समुदाय की सहायता करने, जरूरी सेवाएं बनाए रखने, सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने तथा कमजोर वर्गों की सुरक्षा करने में प्रशासन की सहायता करने, सामाजिक–आर्थिक एवं कल्याणकारी गतिविधियों में हिस्सा लेने तथा नागरिक सुरक्षा कार्यों के निर्वहन में पुलिस के सहयोगी बल के रूप में कार्य करना होमगार्डों की भूमिका है। होमगार्ड दो प्रकार के हैं– ग्रामीण और शहरी । सीमावर्ती राज्यों में, सीमा विंग होमगार्ड (बीडब्ल्यूएचजी) की बटालियनें भी गठित की गई हैं, जो सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सहायक के तौर पर कार्य करती हैं।

5. अग्निशमन सेवा : अग्निशमन सेवाओं का संचालन राज्यों द्वारा किया जाता है। गृह मंत्रालय, राज्यों, संघ राज्य क्षेत्रों और केन्द्रीय मंत्रालयों को आग से बचाव, आग पर नियंत्रण, अग्निशमन विधायन एवं प्रशिक्षण के बारे में तकनीकी परामर्श देता है। भारत के संविधान की XIIवीं अनुसूची में अनुच्छेद 243 (डब्ल्यू) के अंतर्गत अग्निशमन एक नगरपालिका संबंधी कार्य है जिसमें नगरपालिका को अग्निशमन सुरक्षा के संबंध में योजनाएं तैयार करने की शक्ति प्रदान की गई है। अग्निजन्य दुर्घटना से जान और माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्राथमिक जिम्मेदारी राज्यों की होती है।

समय के साथ–साथ अग्निशमन सेवाओं की भूमिका में परिवर्तन आया है। अग्निशमन स्थायी परामर्शी परिषद (एसएफएसी) ने अपनी 22वीं बैठक में एक उप समिति आग रोकथाम और विधान समिति गठित की थी। अगस्त, 2005 में आयोजित अग्निशमन स्थायी परामर्शी परिषद (एसएफएसी) की 31वीं बैठक के दौरान, आदर्श अग्निशमन बल विधेयक को अपडेट करने की नितांत आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया था ताकि बहु–जोखिम कार्रवाई यूनिट के रूप में आपदा प्रबंधन में इसकी भूमिका समेत अग्निशमन सेवाओं से संबंधित सभी मुद्दों का निराकरण किया जा सके और राज्य अग्निशमन सेवा अधिनियम में भारत की राष्ट्रीय भवन संहिता का प्रावधान किया जा सके।

राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा कॉलेज (एनएफएससी) : अग्निशमन सेवा के अधिकारियों को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा कॉलेज, नागपुर में प्रशिक्षित किया जाता है। इस कॉलेज के अग्निशमन इंजीनियरों को आग की रोकथाम और आग से सुरक्षा के कार्य हेतु भारत और विदेश में रखा जाता है। यह कॉलेज आपदा प्रबंधन के लिए अग्निशमन ग्राउंड अभियानों, पराचिकित्सीय और वास्तविक जीवन

स्थितियों पर भी प्रशिक्षण उपलब्ध कराता है।

आपदा प्रबंधन परियोजनाएं :

1. **राष्ट्रीय चक्रवात जोखिम उपशमन परियोजना (एनसीआरएमपी)**

   भारत सरकार ने चक्रवात के खतरे की संभावना वाले राज्यों में चक्रवातों के प्रभावों को कम करने और तटीय पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षण के अनुरूप लोगों और अवसंरचना को आपदा–रोधी बनाने के समग्र उद्देश्य से राष्ट्रीय चक्रवात जोखिम उपशमन परियोजना (एनसीआरएमपी) का अनुमोदन किया था।

   अग्निशमन सेवा, होमगार्ड और सिविल डिफेंस हेतु पदक : अग्निशमन सेवाओं, सिविल डिफेंस और होम गार्ड कार्मिकों के असाधारण योगदान को प्रोत्साहित करने के लिए, भारत सरकार वर्ष में दो बार अर्थात गणतंत्र दिवस तथा स्वतंत्रता दिवस पर वीरता और सेवा पदक प्रदान करती है।

2. **राष्ट्रीय आपातकालीन संचार योजना (चरण–।।)** : ओडिशा में वर्ष 1999 में आए भंयकर चक्रवात तथा गुजरात में 2001 में आए भूकंप से बड़े पैमाने पर हुई तबाही से यह पाया गया था कि दूर संचार व्यवस्था खराब हो जाने के परिणामस्वरूप प्रभावी कारवाई करने के लिए राष्ट्रीय और राज्य संसाधनों को जुटाने में समय की बर्बादी हुई थी। तदनुसार, विभिन्न स्तरों के निर्णयकर्ताओं और आपदा स्थल पर तैनात कारवाई दल के बीच विश्वसनीय संचार संपर्कों को स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय आपातकाल संचार योजना (एनईसीपी) तैयार की गई थी।

3. **अन्य आपदा प्रबंधन कार्यक्रम (ओडीएमपी)**

   - **राष्ट्रीय स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम** : राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के साथ साझेदारी में एनडीएमए द्वारा 48.47 करोड़ रु. के कुल बजटीय परिव्यय के साथ राष्ट्रीय स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम, जो भारत सरकार की एक केंद्र प्रायोजित निदर्शन परियोजना है, का कार्यान्वयन किया गया था। आपदा संबंधी तैयारी और सुरक्षा उपायों के बारे में बच्चों और स्कूल समुदाय को अवगत कराने के लक्ष्य के साथ इस परियोजना में भूकंप जोन IV एवं V में आने वाले देश के 22 राज्यों के 43 चयनित जिलों में प्रत्येक जिले के 200 स्कूल (कुल 8600 स्कूल) शामिल हैं।
   - **आपदा मित्रा योजना** : एनडीएमए ने मई, 2016 में 15.47 करोड़ रु. की कुल लागत से एक केंद्रीय सेक्टर की योजना को अनुमोदन प्रदान किया, जिसका उद्देश्य भारत के 25 राज्यों के 30 सर्वाधिक बाढ़ संभावित जिलों में आपदा कारवाई हेतु 6,000 समुदायिक स्वयंसेवकों (200 स्वयंसेवक प्रति जिला) को प्रशिक्षित करना था।
   - **सुभाष चंद्र आपदा प्रबंधन पुरस्कार** : सरकार ने सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार नामक एक वार्षिक पुरस्कार शुरू किया है। इस पुरस्कार की घोषणा प्रति वर्ष नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस पर 23 जनवरी को की जाती है।
   - **आपदा जोखिम में सतत कमी की परियोजना** : एनडीएमए पांच राज्यों अर्थात असम, बिहार, पूर्ववर्ती जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की सहभागिता से 607.40 लाख रु. की कुल लागत से जून, 2016 से आपदा जोखिम में सतत् कमी संबंधी परियोजना कार्यान्वित कर रहा है, जिसका लक्ष्य इन 5 निर्धारित राज्यों के 10 बहु–जोखिम संभावित जिलों में समुदाय और स्थानीय स्व–शासन की तैयारी को सुदृढ़ बनाना है।
   - **भूस्खलन जोखिम उपशमन स्कीम** : एनडीएमए ने भूस्खलन संभावित राज्यों में स्थान विशिष्ट भूस्खलन उपशमन के लिए एसडीएमए/डीडीएमए के आपदा जोखिम प्रशासन में सुधार के अंतर्गत ''भूस्खलन जोखिम उपशमन स्कीम'' (एलआरएमएस) शुरू की है। यह भूस्खलन निगरानी, जागरूकता पैदा करने, क्षमता निर्माण प्रशिक्षण आदि के साथ–साथ भूस्खलन उपशमन उपायों के लाभों को बताने के लिए एक पायलट स्कीम है।
   - **इंजीनियरिंग कॉलेजों में भूकंप इंजीनियरिंग संकायों की संसाधन मैपिंग** : भूकंप इंजीनियरिंग के संसाधनों का मानचित्र मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी), जयपुर के माध्यम से तैयार किया गया। एनडीएमए और एमएनआईटी जयपुर के बीच समझौता ज्ञापन पर दिनांक 18.10.2019 को हस्ताक्षर किए गए थे।
   - **जीआईएस सर्वर की स्थापना और जिओ डाटाबेस का निर्माण** : इस परियोजना का लक्ष्य बड़े पैमाने पर लोगों की सुरक्षा हेतु जोखिम न्यूनीकरण के उपायों के संबंध में निर्णायकों को निर्णय लेने में सहायता करने के लिए एक मानकीकृत स्थानिक डाटाबेस, डाटा लेयर, मानचित्र और वेब आधारित जीआईएस समाधानों का विकास करना था।
   - **मोबाइल रेडिएशन डिटेक्शन सिस्टम** : राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने रेडियोलॉजिकल आपात स्थिति की निगरानी और प्रबंधन के बारे में एक

परियोजना मोबाइल रेडिएशन डिटेक्शन सिस्टम (एमआरडीएस) शुरू की है। इस परियोजना के अंतर्गत पुलिस कार्मिकों को रेडिएशन मापने वाले उपकरणों, रेडिएशन सुरक्षा किट और रेडिएशन का पता लगाने वाले उपकरण लगे हुए वाहन प्रदान किए जाते हैं। सार्वजनिक क्षेत्रों में किसी रेडियोलॉजिकल आपात स्थिति की प्रभावशाली निगरानी और प्रबंधन के लिए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

- **बाढ़ जोखिम मानचित्र तैयार करना** : एनडीएमए द्वारा गठित विशेषज्ञ समूह के मार्गदर्शन में जिला–वार बाढ़ जोखिम मानचित्र तैयार करने का कार्य नेशनल रिमोट सेंसिंग (एनआरएससी) को सौंपा गया है।

निष्कर्ष

प्राकतिक और मानव निर्मित आपदाओं का भारत में दुखद इतिहास रहा है। पिछले कुछ दशकों में चिंताजनक जलवायु परिवर्तन के साथ देश ने बिहार कश्मीर और उत्तराखण्ड जैसे विभिन्न राज्यों और मुंबई जैसे शहरों में बाढ़ जैसी कई आपदाएं और हिन्द महासागर सुनामी, गुजरात भूकंप, ओडिसा सुपर साइक्लोन आदि आपदाएं झेली है। भारत सरकार समय–समय पर राज्य सरकारों के साथ मिलकर प्राकृतिक व मानव निर्मित आपदाओं के प्रबन्धन हेतु प्रयासरत है। आपदा के उच्च प्रबंधन हेतु एक व्यापक और अधिक जन–केंद्रित निवारक दृष्टिकोण होना चाहिए। आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रमों को सक्षम एवं प्रभावी होने के क्रम में समावेशी एवं सुलभ होने की आवश्यकता है। सरकार को संबंधित हितधारकों, खास तौर से निजी क्षेत्र को सहूलियत तथा प्रोत्साहन के साथ–साथ नीतियों, योजनाओं एवं मानकों को बनाने तथा उनके कार्यान्वयन में शामिल करना चाहिए। इसे समावेशी बनाने के लिए महिलाओं को नेतृत्वकर्ता के रूप में तथा युवाओं, बच्चों, नागरिक समाज तथा शिक्षा–जगत के लोगों को शामिल करने की आवश्यकता है। साथ ही सभी राज्यों को साथ काम करने और सहयोग के अवसर पैदा करने के लिए वैज्ञानिक एवं शोध संस्थाओं को साथ जोड़ना चाहिए तथा व्यापार क्षेत्र को अपने प्रबंधन में आपदा जोखिम को एकीकृत करना चाहिए ताकि सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।

सन्दर्भ सूची

1. G. Dr. Ramaiah (2019), Disaster Management in India, Delhi: Raj Publications.
2. Tad, Dr. M. C. Shibin (2021), Disaster Management : Challenges and Strategic for India, Chennai: Notion Press.
3. Dhawan, Nidhi Gauba (2012), Disaster Management and Preparedness, New Delhi: CBS Press.
4. Singh A.K., Nishith Rai (2021), Disaster Management in india: Perspective, Issues and Strategies, Lucknow : New Royal Book Company.
5. यादव, कृष्ण कुमार (2018), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एवं आपदा प्रबन्धन, जयपुर : वाइकिंग बुक्स।
6. The Tribune, 08 April, 2023
7. https://www.ndrf.gov.in

डॉ0 प्रवीन कुमार

गांव – सुलखनी

तहसील व जिला– हिसार

(हरियाणा)

पिन कोड – 125121

फोन नं0– 7027890008

ई–मेलः parveensanga10@gmail.com

9

गगन गिल के काव्य में मानवीय संवेदना

सुमन यादव

सारांश

संवेदना अर्थात् सहानुभूति, परदुखकातरता मनुष्य का एक दैवीय गुण है। इसका संबंध मूलतः मानव मन से होता है। किसी भी व्यक्ति के कष्ट को देखकर, मन में उठने वाले भावों, भावात्मक चिंता और उससे व्यथित होने के भाव को संवेदना के अंतर्गत गृहीत किया जाता है। मनुष्य की संवेदना विविध परिस्थितियों में भिन्न–भिन्न होती है। व्यक्ति अपने अनुभवों के आधार पर प्राप्त ज्ञान से संवेदनशील होता है। एक कवि या लेखक के लिए उसका संवेदशील होना अत्यंत आवश्यक है। वह अपनी जागृत संवेदना के माध्यम से पाठक या श्रोता के मन में भी उसी संवेदना को जागृत करने का प्रयास करता है। कई बार वह समाज के यथार्थ को भी संवेदना की भूमि पर प्रस्तुत करता है और पाठक उस यथार्थ से तादात्म्य स्थापित करते हैं। इस प्रकार मानवीय संवेदनाओं के द्वारा कवि अपने कवि–कर्म का पूर्णतः निर्वाह करता है।

शब्द कुंजी :सत्ता,संवेदना,सचेतन,जीवयष्टि, परदुखकातरता, झंझावात

संवेदना :संवेदना के बिना मनुष्य की सत्ता अधूरी है। साहित्यकार संवेदनशील साहित्य का निर्माण संवेदना के आधार पर ही करता है । साहित्यकार के अंतरजगत में कुछ नए और पुराने अनुभव होते हैं। साहित्यकार के मन में संवेदना इन्हीं अनुभवों को लेकर जागृत होती हैं। किसी वेदना या दुःख को देखकर स्वयं भी वैसा ही अनुभव करना ही संवेदना होती है। कवि या साहित्यकार अपनी संवेदना को साहित्य कृति में उभारने का प्रयास करता है। संवेदना साहित्य का प्राण होती है।

संवेदना की परिभाषा :

अनेक विद्वानों ने संवेदना को भिन्न–भिन्न दृष्टिकोणों से परिभाषित किया है । विश्वनाथ प्रसाद संवेदना को परिभाषित करते हुए लिखते हैं– " किसी वस्तु या घटना के असर से मन में उपजी भावनाओं एवं अनुभूतियों को संवेदना कहा जा सकता है।''[1]

डॉ० आनन्द प्रकाश दीक्षित का मत है– "संवेदना उत्तेजना के संबंध में देह रचना की सर्वप्रथम सचेतन प्रतिक्रिया है ।''[2]

डॉ० हरिचरण शर्मा अनुभव मात्र को संवेदना नहीं मानते। उनकी दृष्टि में– '' जो अनुभव व्यक्तित्व में घुलते हुए अनुभूति के रूप में छनकर आते हैं, वे ही संवेदना की संज्ञा प्राप्त करते हैं। इस प्रकार संवेदना प्रत्याक्षीकृत अनुभवों का 'डिस्टिल्ड फार्म' है ।''[3]

अज्ञेय संवेदना के संदर्भ में लिखते हैं– '' संवेदना वह तंत्र है जिसके सहारे जीवयष्टि अपने से इतर सब कुछ के साथ संबंध जोड़ती है, यह संबंध एकता का भी है और भिन्नता का भी, क्योंकि उसके सहारे जीवयष्टि अपने से इतर जगत् को पहचानती है, वहाँ उससे अपने को अलग भी करती है।''[4]

गगन जी ने एक रचनाकार होने और एक स्त्री रचनाकार होने के कारण मानवीय संवेदना का अत्यंत गहराई से अनुभव किया है और मनुष्य जीवन की विभिन्न संवेदनाओं को स्वयं जीते हुए उसे पाठकों तक प्रेषित किया है। उनकी कविताओं में हमें मानवीय संवेदनाओं के विविध रूप मिलते हैं।

एक अनजान, विकलांग स्त्री की संपूर्ण पीड़ा को मात्र दूरभाष पर बात करके समझ लेना, किसी सामान्य मानव के वश की बात नहीं। "सीढ़ियों में दो या तीन का अंतर उनके लिए क्या मायने रखता था, एक सीढ़ी के फासले में उनकी काया कितनी व्यथा छिपी थी, मुझे न इसका अनुमान था, न कल्पना।" वे स्वयं पीड़ित हो जाती हैं यह सोचकर कि जीवन की परिभाषा जानने के लिए वह स्त्री अपने एकांत में पीड़ा की कितनी लहरों से टकराई होगी?

वे सुखद जीवन के लिए शरीर और मन दोनों की अनिवार्यता बताती हैं। एक की भी अनुपस्थिति से दूसरा बिलकुल निष्क्रिय हो जाता है। शरीर के साथ न देने पर, मन की सबलता के लिए मनुष्य को सांत्वना के एक तिनके की आवश्यकता होती है।'' आपका मन...एक दुधारी तलवार है। यह जीने के काम भी आ सकता है, मरने के भी।" ऐसे में यदि उसे थोड़ी–सी आशा मिल जाती है तो उसकी जंजीर से बँधकर जीवन बिताना थोड़ा सहज हो जाता है।

गगन जी की रचनाएँ समाज से संबद्ध होती हैं परंतु वे उन्हें किसी सरोकार से नहीं बाँधतीं क्योंकि अपनी रचनाओं की स्वतंत्रता के लिए वे विशेष रूप से सचेष्ट रहती हैं और मानती हैं कि उसे सरोकार से बाँधना उसकी गति को अवरुद्ध करना होगा। यही कारण है कि समाज का कोई भी विषय अथवा प्राणी न तो उनकी संवेदना से ओझल होता है और न ही रचना में बोझिल होता है।

गगन जी अपने आस–पास होने वाली हर घटना के प्रति अतिरिक्त संवेदनशील हैं। वे सीधा संपर्क किए बिना भी किसी की भावनाओं की साझी बनने की क्षमता रखती हैं, तभी तो अपने पड़ोस में रहने वाली महिला की आत्महत्या पर भावुक हो उठती हैं द्य द्य उसके मनोभावों को भी वे आत्मीय के सदृश प्रस्तुत करती हैं। प्रायः स्त्री समाज अथवा लोक–लज्जा के भय से अपने प्रेम को प्रदर्शित नहीं कर पाती है और शारीरिक, मानसिक और आत्मिक पीड़ा की अतिशयता से जीवन का त्याग कर देती है। उसे लगता था कि मृत्यु के बाद एक

चमकीला दिन उसके सामने होगा। उसे अपने विचारों के झंझावात से छुटकारा मिल जाएगा परंतु यथार्थ में वह जीवन जीना चाहती है –

लेकिन छोड़ा जो उसने
एक आखिरी वाक्य
सिरहाने के नीचे
वह कहता था यही–
मैं जीना चाहती हूँ" [5]

बहुधा व्यक्ति जीवन में अकेलेपन का शिकार होता है, उसका हालचाल पूछने वाला कोई नहीं होता। गगन जी सच्ची मित्रता को चमत्कार मानती हैं जो सबके जीवन में नहीं होती। जीवन में मित्रों का अभाव एक बहुत बड़ा शून्य बन जाता है –

दिशा न होगी
कहीं
दोस्तों के घर की'' [6]

आज जिस सर्वहारा, दलित वर्ग के लिए बड़ी–बड़ी बातें की जाती हैं, महात्मा बुद्ध ने बहुत साल पहले उस सर्व–धर्म–समभाव को प्रतिष्ठित किया था। उन्होंने एक चाण्डालिनी– सुजाता की खीर के निमंत्रण को स्वीकार कर समाज में एक आदर्श, समता, आस्था, प्रेम और भक्ति–भाव की स्थापना की। गगन जी की संवेदना सुजाता के हृदय का भी स्पर्श कर आती है

"जितने दानों पर लगी थी योगी की मोहर, उतने ही जाते हैं उसके भीतर। उतने ही पका पाती है सुजाता, उतने ही ढलते हैं उसके बर्तन में।" [7]

गगन जी का हृदय संसार के सभी व्यक्तियों की पीड़ा से पीड़ित हो जाता है। परिजनों की पीड़ा और कष्ट उनके कोमल मन को और भी गहनता से पीड़ित करते हैं।वे अपने पिता के बहुत करीब थीं। उनकी बहनें और मित्र भी उनकी संवेदना के पात्र बनते है।

स्त्री के जीवन में उसके पिता का स्थान बहुत ऊँचा होता है और पिता के जीवन में भी बेटी उसके दिल के करीब होती है। पुरुष पति बनकर स्त्री पर अन्याय कर सकता है परंतु बेटी पश्चात् बेटी के रूप में उसकी संवेदनाएँ पृथक होती हैं। वह जानता है कि विवाह के कष्टों का अंत नहीं होगा अतः वह उसे अपने दिल में स्थान देता है। सन् 1984 के दंगे में लापता पिता के मिलने पर उनकी आपबीती उन्हें अश्रुपूरित कर देती है। उस हिंसक घटना की स्मृति उन्हें आज भी कँपा देती है। उनका दृढ़ विश्वास और दृढ़तर हो जाता है कि, " मारने वालों की अपेक्षा बचने वाले, बचाने वाले की संख्या हमेशा एक अधिक होती आई है।

पति की मृत्यु से बहन के जीवन में आए शून्य से गगन जी वेदना से भर जाती हैं। पूरे घर में सन्नाटा छा जाता है। इतने बड़े दुख के बाद कोई उपाय कारगर नहीं होता। उन्हें लगता है कि–

वह पत्थर की हो जाएगी
सपने में नहीं, सचमुच !" [8]

गगन गिल को नारी–सुलभ कोमलता, प्रेम, विश्वास में दृढ़ता आदि दैवी गुण ऐसा संवेदनशील हृदय देते हैं जो पुरुषों में छिपे प्रेम–भाव, अपने प्रेम को प्राप्त करने के लिए उनकी प्रबल आकांक्षा और अथक किए गए प्रयास को भी भली–भाँति पहचान लेता है। स्त्री स्वभावतः अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त नहीं करती है परंतु पुरुष भी उसके उद्‌गार को जानने के लिए प्रयत्नशील रहता है –

एक हजार एक
डिब्बियों में बंद
तुम्हारा हृदय
एक हजार एक
बोतलों से आई बाहर
उसकी आकांक्षा'' [9]

निष्कर्ष

प्रायः ऐसा भी होता है कि पुरुष पत्नी के रहते भी किसी दूसरी स्त्री से प्रेम करता है। वह सभी से अपनी भावनाएँ छिपाता है, अनुचित और अमर्यादित कार्य करता है। कवयित्री उसके मनोभावों को समझकर कहती हैं कि वह अपने नाजायज सपनों को फेंकने की गुप्त जगह तलाश रहा है। कई बार वह सफल होता है परंतु कई बार उसके प्रेम की चिंगारी उसके लिए घातक हो जाती है। कवयित्री के विशाल संवेदना–संसार में हर मनोभाव अपने लिए स्थान प्राप्त कर लेता है।

संदर्भ– सूची

1 विश्वनाथ प्रसाद, कला एवं साहित्य : प्रवृत्ति और परम्परा, पृ.68
2. (सं०) धीरेंद्र वर्मा, हिन्दी – साहित्य कोश (भाग – 1), पृ. 863
3. हरिचरण शर्मा, सर्वेश्वर का काव्य, संवेदना और संप्रेषण पृ. 103
4. अज्ञेय, आधुनिक हिन्दी साहित्य, पृ. 17 पृ.17
5 गगन गिल, अंधेरे मे बुद्व, पृ0 58
6 गगन गिल, अंधेरे मे बुद्व, पृ0 63
7 गगन गिल, अंधेरे मे बुद्व, पृ0 128
8 गगन गिल, एक दिन लौटेगी लडकी, पृ0 20
9 गगन गिल, आकांक्षा समय नही , पृ0 33

सुमन यादव
शोधार्थी
राजेन्द्र सिंह
शोध निर्देशक
बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय
रोहतक।

10

इस्लाम धर्म में बालिकाओं की शैक्षणिक स्थिति की वैधानिकता का समाजशास्त्रीय अध्ययन

गजराज सिंह, डॉ0 जाकिया रफत

सारांश

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29 सभी अल्पसंख्यकों को यह अधिकार देता है कि वे अपनी भाषा, लिपि या संस्कृति को बनाए रख सकते हैं और इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए वे शिक्षण संस्थाओं की स्थापना तथा उनका संचालन कर सकते हैं। इसके साथ ही राज्य द्वारा वित्त पोषित किसी भी शैक्षणिक संस्था में धर्म, भाषा एवं जाति के आधार पर कोई भी भेदभाव नहीं किया जायेगा और न ही उनमें प्रवेश लेने से वंचित किया जायेगा।

मुख्य शब्द : **वैधानिकता, मुस्लिम, बालिका।**

भूमिका

कहा जाता है कि इस्लाम धर्म दुनिया के सभी धर्मों में आधुनिक होने के साथ–साथ उदार भी है। इस्लाम धर्म में बिना किसी भेदभाव के पुरुष और महिलाओं को समान अधिकार प्रदान किए गए हैं। खासतौर पर शिक्षा के मामले में महिला और पुरुषों में किसी भी प्रकार का विभेद नहीं किया गया है और कहा गया है कि एक महिला के शिक्षित होने का अर्थ है एक परिवार, एक कुल का शिक्षित होना और अगर महिलाएं ही अशिक्षित हैं तो परिवार और कुल तो शिक्षा से दूर होंगे ही।

कुरान में भी कहा गया है कि एक अच्छे और उत्तम चरित्र का निर्माण शिक्षा के द्वारा ही किया जा सकता है। एक **हदीस** में भी कहा गया है कि "हर मुसलमान मर्द तथा औरत को ज्ञान की खोज के लिए हमेशा ही प्रयासरत रहना चाहिए।" इसका अर्थ यह है कि धर्म किसी भी स्थिति में मुस्लिम महिलाओं की शिक्षा प्राप्त करने के प्रयास में अवरोध उत्पन्न नहीं करता है। शिक्षा मात्र जीविकोपार्जन के लिए नहीं बल्कि मनुष्य के सर्वांगीण विकास खासतौर पर आध्यात्मिक प्रगति के लिए होनी चाहिए।

भारतीय संविधान में अल्पसंख्यकों के लिए किए गए धार्मिक, आर्थिक एवं शैक्षिक प्रावधान

भारतीय संविधान में सभी धार्मिक समुदायों के साथ समानता का व्यवहार करने की बात कही गयी है, इसके साथ ही धर्म के आधार पर किसी भी प्रकार के भेदभाव को निषेध किया गया है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25–28 के अंतर्गत धार्मिक स्वतंत्रता प्रदान की गयी है।

1. **अनुच्छेद 25** में कहा गया है कि देश के प्रत्येक नागरिक को किसी भी धर्म को मानने व उसके अनुसार आचरण करने और प्रचार करने का अधिकार है, लेकिन सार्वजनिक व्यवस्था या समाज कल्याण एवं सुधार आदि के अंतर्गत इस अधिकार पर रोक लगायी जा सकती है।
2. **अनुच्छेद 26** में कहा गया है कि देश के प्रत्येक नागरिक को धार्मिक प्रयोजन के लिए संस्था की स्थापना करना व उसका पोषण करने और धार्मिक कार्यों के प्रबंध के लिए सम्पत्ति अर्जित करने का अधिकार है।
3. **अनुच्छेद 27** में कहा गया है कि किसी भी व्यक्ति को धर्म या संप्रदाय विशेष के पोषण के लिए किसी भी प्रकार का कर देने के लिए बाध्य नहीं किया जायेगा।
4. **अनुच्छेद 28** में कहा गया है कि राज्य निधि से पोषित या आर्थिक सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में किसी भी प्रकार की धार्मिक शिक्षा प्रदान नहीं की जाएगी।

शैक्षणिक संदर्भ में अल्पसंख्यकों के हितों का संरक्षण

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 29 अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक हितों के सन्दर्भ में निम्न उद्घोषणाएँ करता है। भारतीय संविधान सभी अल्पसंख्यकों को यह अधिकार देता है कि वे अपनी भाषा, लिपि या संस्कृति को बनाए रख सकते हैं और इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए वे शिक्षण संस्थाओं की स्थापना तथा उनका संचालन कर सकते हैं। इसके साथ ही राज्य द्वारा वित्त पोषित किसी भी शैक्षणिक संस्था में धर्म, भाषा एवं जाति के आधार पर कोई भी भेदभाव नहीं किया जायेगा और न ही उनमें प्रवेश लेने से वंचित किया जायेगा।

अल्पसंख्यकों के शैक्षिक अवसरों की समानता की वास्तविक स्थिति

निर्विवाद रूप से यह कहा जा सकता है कि शिक्षा को लगभग प्रत्येक समस्या का समाधान करने का एक सशक्त साधन माना जाता है। चाहे राष्ट्रीय एकता की समस्या हो या फिर लोगों में जागरूकता उत्पन्न करना या अल्पसंख्यकों एवं पिछड़े वर्गों की स्थिति में सुधार लाना हो तो ऐसी अनेक समस्याओं के समाधान के लिए शिक्षा का ही सहारा लिया जा सकता है।

यदि शैक्षिक अवसरों की समानता की वास्तविकता व मुस्लिम समुदाय का अध्ययन किया जाए तथा इसके साथ ही विद्यालय पाठ्यक्रम का मूल्यांकन भी किया जाए तो यह ज्ञात होता है कि समस्त विद्यालय गतिविधियों में से अधिकांश का सम्बन्ध समाज के बहुसंख्यक समुदाय से होता है। बहुसंख्यक वर्ग बाहुल्य वाले अधिकतर विद्यालयों में अधिकांश पुस्तकें, पत्र–पत्रिकाएँ हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में ही उपलब्ध होती हैं। लगभग यही तथ्य इन विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या पर भी लागू होता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 30 में अल्पसंख्यकों को अपने शिक्षण संस्थाओं को स्थापित एवं संचालित करने का अधिकार प्रदान किया गया है। लेकिन देश में अभी भी अल्पसंख्यकों की स्थिति निम्न बनी हुई है। तमाम प्रयासों के बावजूद भी मुस्लिम समुदाय अभी भी अपनी वास्तविक स्थिति में नहीं आ सका है।

साहित्य का पुनरावलोकन

नेओमी एवं **लेवाइन** (1997) ने 140 देशों में महिलाओं की स्थिति का अध्ययन किया तथा अपने इस अध्ययन में भारतीय महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न मुद्दों को भी अपने अध्ययन का विषय बनाते हुए बताया कि भारतीय संविधान में महिलाओं को पुरुषों के समान ही अधिकार दिए गए हैं, लेकिन परम्परागत सामाजिक व्यवस्था के चलते भारतीय महिलाएं उपलब्ध संसाधनों का पूर्ण रूप से उपयोग नहीं कर पा रहीं हैं। अपने इस अध्ययन में उन्होंने सुझाव दिया की उच्च शिक्षा के द्वारा ही महिलाओं को सशक्त बनाया जा सकता है।

सिन्हा एवं अन्य (2012) के अनुसार समाज में असमानता होना स्वाभाविक है क्योंकि प्राकृतिक रूप से सभी समान नहीं होते हैं। महिलाऐं विश्व की कुल आबादी का लगभग आधा हिस्सा हैं। इसके बावजूद भी हम देखते हैं कि महिलाओं के अधिकारों का हनन और लिंग आधारित हिंसा बड़े पैमाने पर जारी है। लिंग के आधार पर भेदभाव का एक बड़ा कारण पुरुष और महिलाओं की भूमिकाओं का निरंकुश विभाजन है। विडंबना तो यह है कि महिलाओं द्वारा भी लिंग सम्बन्धी इन भेदभावों को जीवन के एक अपरिहार्य तथ्य के रूप में स्वीकार कर लिया था लेकिन वर्तमान समय में महिलाऐं इस शोषण और अन्याय के प्रति जागरूक हो रही हैं और निरंतर इनके खिलाफ अपने आवाज उठा रही हैं।

फिरदौस बानो (2017) ने भारत में मुस्लिम महिलाओं की शैक्षणिक स्थिति के अवलोकन सम्बन्धी अपने एक अध्ययन में पाया कि खराब आर्थिक स्थिति, घर में छोटे भाई–बहनों और बीमार लोगों की देखभाल, स्कूलों में शिक्षण प्रक्रिया का प्रभावपूर्ण न होना, विद्यालयों में महिला शिक्षकों की कमी और सरकारी योजनाओं का सही ढंग से कार्यान्वयन न किया जाना भारत में मुस्लिम महिलाओं के अशिक्षा के प्रमुख कारण हैं। इस सम्बन्ध में उन्होंने सुझाव दिया कि देश में निचली जातियों, आदिवासी और मुस्लिमों को विकास की मुख्य धारा में शामिल करने के लिए नीतिगत नवाचारों की सख्त जरुरत है।

भाबनम बानों (2018) ने महिलाओं की सामाजिक–आर्थिक स्थिति से सम्बन्धित अपने एक अध्ययन में पाया कि उदयपुर शहर में मुस्लिम महिलाओं की स्थिति अभी भी कमजोर है और उनका सामाजिक और शैक्षणिक स्तर भी निम्न है। यही स्थिति लगभग देश की मुस्लिम महिलाओं की है। अतः देश की महिलाओं की निम्न स्थिति में सुधार करने की अत्यन्त आवश्यकता है। अगर महिलाओं की स्थिति में सुधार लाकर उन्हें राश्ट्र की मुख्य धारा में लाना है तो उन्हें जागरुक करके जनकल्याण योजनाओं में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। इसके अतिरिक्त उन्हें स्वाबलंबी बनाने के साथ ही पुरुशों के समान ही उच्च शिक्षित करना होगा। और जब उनको समान अवसर उपलब्ध होंगे तो उनकी स्थिति में भी सुधार आएगा।

उद्देश्य

प्रस्तुत अध्ययन हेतु निम्न उद्देश्यों को निर्धारण किया गया है –

1. मुस्लिम बालिकाओं को वैधानिक रूप से शिक्षा का समान अधिकार प्राप्त होने सम्बंधी अध्ययन।
2. मुस्लिम बालिकाओं को समानता का वैधानिक रूप से प्राप्त होने सम्बंधी अध्ययन।

प्राक्कल्पना

प्रस्तुत अध्ययन हेतु निम्न प्राक्कल्पनाओं को बनाया गया है –

1. मुस्लिम बालिकाओं को वैधानिक रूप से समान अधिकार प्राप्त होने के बाद भी शैक्षणिक संस्थानों में नहीं भेजा जाता है।
2. वैधानिक रूप से समानता का अधिकार प्राप्त होने के बाद भी मुस्लिम बालिकाऐं दोयम दर्जे का जीवन जीने को मजबूर रहती है।

अध्ययन की आवश्यकता

प्रस्तुत अध्ययन में मुस्लिम बालिकाओं को भारतीय नागरिकों के समान ही अधिकार ही प्राप्त है। संविधान में समानता का अधिकार प्राप्त होने के बाद भी उन्हें दोयम दर्जे का जीवन जीने के लिए मजबूर किया जाता है। इसके कारणों की व्याख्या प्रस्तुत करना है।

तालिका – 1

संवैधानिक अधिकारों की जानकारी होने की स्थिति

क्र.सं.	विवरण	संख्या	प्रतिशत
1.	जानकारी है	29	29.00
2.	जानकारी नहीं है	48	48.00
3.	कोई जबाब नहीं	23	23.00
	कुल	100	100.00

स्त्रोत : अनुसंधानकर्ता द्वारा एकत्रित तथ्य।

उपरोक्त तालिका के आँकड़ों के आधार पर कहा जा सकता है कि 29 उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है कि उनकों संविधान में प्राप्त अधिकारों की जानकारी है। वहीं 48 ऐसे उत्तरदाता है, जो मानते है कि उनहें संविधान में प्राप्त अधिकारों की जानकारी नहीं हैं। इसके साथ ही 23 ऐसे भी उत्तरदाता है जिन्होंने इस बात का कोई उत्तर नहीं दिया कि उन्हें संविधान में प्राप्त अधिकारों की जानकारी है। यदि जानकारी नहीं होने वाले और उत्तर न देने वाले उत्तरदाताओं की संख्या को देखा जाये तो यह संख्या 71 होती है, जो एक तिहाई के लगभग है।

इस प्रकार स्पश्ट होता है कि एक बड़ा हिस्सा इन संवैधानिक अधिकारों के बारें में कोई जानकारी नहीं रखता है। यही कारण है कि बालिकाओं एवं मुस्लिम स्त्रियों की स्थिति अच्छी नहीं हैं।

तालिका – 2

संविधान में प्राप्त **''स्त्री अधिकारों''** की जानकारी होने की स्थिति

क्र.सं.	विवरण	संख्या	प्रतिशत
1.	जानकारी है	37	37.00
2.	जानकारी नहीं है	41	41.00
3.	कोई जबाब नहीं	22	22.00
	कुल	100	100.00

स्त्रोत : अनुसंधानकर्ता द्वारा एकत्रित तथ्य।

उपरोक्त तालिका के आँकड़ों के आधार पर कहा जा सकता है कि स्त्रियों को अपने अधिकारों की ही जानकारी नहीं है, क्योंकि 41 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इस बात को स्वीकार किया है कि उन्हें स्त्री अधिकारों के बारें में कोई जानकारी नहीं है। यदि इनके साथ उन उत्तरदाताओं की संख्याओं को भी शामिल कर लिया जायें जिन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया है तो यह 78 प्रतिशत उत्तरदाताओं को स्त्रियों को प्राप्त अधिकारों की जानकारी नहीं हैं।

इन बालिकाओं की स्थिति पर दृश्टि डालने से स्पश्ट होता है कि बालिकाओं की स्थिति अच्छी नहीं हो सकती है, क्योंकि उन्हें अपने अधिकारों की स्थिति ही पता नहीं है।

तालिका – 3

समाज में समान अधिकार होने की स्थिति

क्र.सं.	विवरण	संख्या	प्रतिशत
1.	समान अधिकार है	35	35.00
2.	समान अधिकार नहीं है	52	52.00
3.	कोई जबाब नहीं	13	13.00
	कुल	100	100.00

स्त्रोत : अनुसंधानकर्ता द्वारा एकत्रित तथ्य।

उपरोक्त तालिका के आँकड़ों के आधार पर कहा जा सकता है कि परिवार व समाज में पुरूशों के समान अधिकार प्राप्त होनें की बात को मात्र 35 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने ही स्वीकार किया है। वहीं 52 प्रतिशत अर्थात् आधे से अधिक उत्तरदाताओं ने यह स्वीकार किया है कि उन्हें न तो परिवार में और न ही समाज में पुरूशों के समान अधिकार प्राप्त है। इस तथ्य के साथ यह भी 13 प्रतिशत वे भी उत्तरदाता है जिन्होंने इस तथ्य को कोई उत्तर नहीं दिया, जो इस बात की ओर संकेत करता है कि उन्होंने समाज की इस दोहरी मानसिकता को स्वीकार कर लिया है।

इस प्रकार स्पश्ट होता है कि स्त्रियों के साथ–साथ बालिकाओं की स्थिति भी समाज में ठीक नहीं है, इस बात को अधिकतर उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है, क्योंकि इन उत्तरदाताओं की संख्या 52 प्रतिशत है। यदि इन 52 प्रतिशत उत्तरदाताओं की संख्या में 13 प्रतिशत को और जोड़ लिया है तो समाज के एक बड़ा हिस्सा यानि 65 प्रतिशत उत्तरदाता समाज में अपनी दोयम दर्जे की जिन्दगी को जीना स्वीकार कर लिया है।

निष्कर्ष

समाज की ये कैसी विडम्बना है कि आधी आबादी अपने संवैधानिक अधिकारों तक की जानकारी नहीं रखती है। इसके पीछे प्रमुख कारण के रू**य** में देखा जाये तो शिक्षा की कमी ही मानी जायेगी। क्योंकि व्यक्ति शिक्षित होगा तो वह बौद्धिक रू**य** से परिपक्व होगा। जिससे वह अपने तथा समाज से सम्बंधित जानकारी के प्रति सजग रहेगा। समाज की इस आधी आबादी को न संवैधानिक अधिकारों की ही जानकारी है और स्त्रियों को प्राप्त अधिकारों की ही जानकारी है। यही कारण वे दोयम दर्जे की जिन्दगी जीने को मजबूर है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. बेस्ट, जॉन डब्ल्यू. (1977). 'रिसर्च इन एजूकेशन', प्रेंटिस हॉल आई.एन.सी., एंग्लीबुड क्लिफ, न्यूजर्सी, पी.पी. 403।
2. ब्रिजभूशण, जे०, (1980). 'मुस्लिम वीमेन इन पर्दा एंड आउट ऑफ इट', विकास पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली।
3. ब्रिसवाल, तपन, (2008). मानवाधिकार, जेंडर एवं पर्यावरण, वीवा बुक्स प्रा. लि, नई दिल्ली।
4. **बोरा, आशारानी**, (1983), **भारतीय नारीः द□ा और दि□ा**, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली।
5. **अंसारी, अख्तर, ओटावे, ए० के० सी०** (2018). **तालीम समाज और कल्चर,** एन० सी० पी० यू० एल०, नई दिल्ली।
6. **आसिफ, एम०**, (2010). **'माध्यमिक स्तर पर मुस्लिम छात्राओं की भौक्षिक आकांक्षाओं एवं समस्याओं का अध्ययन'**, पी–एच० डी०, शिक्षाशास्त्र, सी० सी० एस० यूनीवर्सिटी, मेरठ।
7. **ऐलहॉन्स, डी० एन०, फंडामेंटल ऑफ स्टेटिक्स**, पृ. 56।

शोधार्थी

गजराज सिहं

आर0 वी0 डी0 कॉलेज बिजनौर(उत्तर प्रदेश)

इमेल– gajraj2983@gmail.com

मोबाइल नम्बर– 9837676926

पत्रचार का पता

नाम– गजराज सिहं

पिता का नाम – श्री मारेह सिहं

पता– बाल विकास महाविधालय कुतुबपुर गांवड़ी ब्लॉक

जलीलपुर चांदपुर

बिजनौर (उत्तर प्रदेश)

इमेल– gajraj2983@gmail.com

मोबाइल नम्बर– 9837676926

डॉ0 जाकिया रफत

11

मानव–पर्यावरण सम्बन्ध

डॉ0 शीबा फ़रीदी

सारांश

प्रकृति में वायु, जल, मृदा, पेड़–पौधे तथा जीव जन्तु सभी सम्मिलित रूप में पर्यावरण की रचना करते हैं। सामान्यतया किसी स्थान विशेष में मानव के चरों तरफ (स्थल, जत वायु, मृदा आदि) का वह आवरण जिससे वह घिरा है, पर्यावरण (Environment) कहलाता है. अर्थात पर्यावरण से अभिप्राय आसपास या पास पड़ोस (surrounding) अर्थात् हमारे चारों ओर फैले हुए मानव, जन्तुओं या पौधों के उस वातावरण एवं परिवेश से है, जिससे हम घिरे हुए हैं।

मनुष्य हो या अन्य जीवजन्तु सभी पर्यावरण की उपज है, उनकी उत्पति विकास, वर्तमान स्वरूप एवं भावी अस्तित्व सभी पर्यावरण की परिस्थिति पर ही निर्भर है। पर्यावरण के लिए कुछ विद्वान मिल्यू (Milieu) तो कुछ विद्वान हेबिटाट (Habitat) शब्द का प्रयोग करते हैं। इसी तरह प्राकृतिक एवं सामाजिक विज्ञानी प्राकृतिक पर्यावरण तथा भूगोलविद भौगोलिक पर्यावरण का भी प्रयोग करते है, परन्तु अधिक प्रचलित तथा मान्य मत के अनुसार मौलिक रूप से पर्यावरण का स्वरूप प्राकृतिक है अर्थात् प्राकृतिक तत्वों के प्रभाव एवं उपयोग से है। आर्थिक सामाजिक, सांस्कृतिक पर्यावरण जन्म लेता है तथा उसी से ये नियन्त्रित एवं परिचालित होते हैं। अतः वर्तमान अध्ययन में प्राकृतिक पर्यावरण को ही आधार मानना उचित होगा, जिसमें अनेक तत्वों के साथ साथ मानव स्वय भी एक कारक के रूप में कार्य करता है।

प्राथमिक पर्यावरण में मनुष्य स्वविकसित तकनीकी (Technology) की सहायता से संशोधन तथा परिवर्तन करता रहता है और उसे अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप बना लेता है। उदाहरण के लिए, वह भूमि को जोतकर खेती करता है, जंगलों को साफ करता है. सड़कें, नहीं, रेलमार्ग, आदि बनाता है, पर्वतों को काट कर सुरंगें, आदि निकालता है, नयी बस्तियां बसाता है तथा भूगर्भ से खनिज सम्पति निकालकर अनेक उपकरण एवं अस्त्रशस्त्र, आदि बनाता है और प्राकृतिक संसाधनों का विभिन्न प्रकार से शोषण कर अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। इन सबके फलस्वरूप वह एक नए पर्यावरण को जन्म देता है। इसे मानवीय मानव निर्मित अथवा प्राविधिक (Human Man-made or Technological) पर्यावरण कहा जाता है। इन्हें मानव की पदार्थ संस्कृति (Material Culture) भी कहा जाता है। यही सांस्कृतिक पर्यावरण कहलाता है। इसके अन्तर्गत औजार, गहने, अधिवास, मानवीय क्रियाओं के सृजित रूप जैसे खेत, कृत्रिम चरागाह व उद्यान, पालतू पशु सम्पदा, उद्योग एवं विविध उद्यम, परिवहन और संचार के साधन (वायुयान, रेल, मोटर, रेडियो, तार, आदि) प्रेस आदि सम्मिलित किए जाते हैं। यहां एक बात विशेष रूप से ध्यान देने योग्य है कि इन पार्थिव पदार्थों का कोई उपयोग नहीं पदि इनके उपभोग करने की क्षमता मनुष्य में न हो। इसके साथ ही यह भी एक तथ्य है कि मानव को जिस जिस प्रकार की विशिष्ट सुविधाओं की आवश्यकता होगी वह उन्हीं पर शोध कर उन्हें खोजेगा। शारीरिक एवं मानसिक योग्यता का ज्ञान, इनके निर्माण का विज्ञान, ये भी मानव संस्कृति के ही भाग हैं। ये मानव की सांस्कृतिक विरासत (Cultural hentage) है।

मानव पर्यावरण सम्बन्ध

Man Environment Relationship

मानव प्रत्येक प्रकार के क्रियाकलापों के लिए पर्यावरण पर निर्भर है। मानव एक कलाकार के रूप में पर्यावरण द्वारा प्रदत्त रंगमंच (Stage) पर कार्य करता है। कहीं पर्यावरण उसे प्रभावित करता है तो कहीं वह उसके साथ अनुकूलन तथा परिवर्तन (Adaptation and Modification) करता है। इसे पर्यावरण समायोजन (Adjustment) भी कहते है।

पर्यावरण का प्रभाव

Efects of Environment

मानव भूगोल के सिद्धान्तों को पूर्ण रूप से समझने के लिए पह आवश्यक है कि मानव और उसके पर्यावरण के पारस्परिक सम्बन्धों को समझा जाए इसके लिए पर्यावरण के प्रभावों का अध्ययन किया जाता है।

व्हाइट और रैनर ने भौगोलिक पर्यावरण के महत्व को निम्र शब्दों में व्यक्त किया है–

''भौतिक वातावरण मानव के बड़े समूहों को स्पष्टतः प्रत्यक्ष रूप में और प्राथमिक तरीके से प्रभावित करता है। प्रत्येक समूह, जनजाति, राज्य राष्ट्र और पृथ्वी के सभी साम्राज्य इसके द्वारा सीधे तौर पर सफलता के साथ निरन्तर रूप से प्रभावित होते हैं। मानव की कोई भी बड़ी महत्वपूर्ण किया बिना इसकी सहायता के, बिना इसकी रुकावटो और निर्देशों के स्वतन्त्र नहीं है। प्राकृतिक पर्यावरण मानव समाज के लिए वहीं करता है जो सामाजिक पर्यावरण व्यक्तिगत मनुष्य के लिए।

मानव भूगोल की जानी मानी विद्वान सैम्पल ने मानव पर पड़ने वाले भौगोलिक प्रभावों को चार श्रेणियों में विभक्त किया है –

(1) सीधे भौतिक प्रभाव, (2) मानसिक प्रभाव (3) आर्थिक और सामाजिक प्रभाव तथा (4) मानव की गतियों को प्रभावित करने वाले प्रभाव

1. प्रत्यक्ष भौतिक प्रभाव– पर्यावरण के सभी तत्वों में जलवायु का प्रभाव सबसे अधिक महत्वपूर्ण है जो मानव को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। जलवायु का प्रभाव प्राकृतिक वनस्पति और मिट्टियों द्वारा

मनुष्य पर पड़ता है। जलवायु का प्रभाव मनुष्य के कद, शरीर की बनावट, रंग, आदि पर पड़ता है। इसी प्रकार पर्यावरण मनुष्य की शारीरिक शक्ति को भी अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है जिससे उसके शरीर का एक भाग दूसरे की अपेक्षा अधिक सुध्द और बतिष्ठ बन जाता है। सैम्पल ने उदाहरणं देते हुए स्पष्ट किया है कि ष्पर्वतीय भागों में मनुष्य के पैर बलिष्ट और हाथ कम बलिष्ठ होते हैं, जबकि नदियों वाले मैदानी भागों में जहाँ उसे हाथ से नाव बतानी पड़ती हैरू हाथ बलिष्ठ और पैर कम बलिष्ठ होते हैं। प्रतिकृत पर्यावरण में रहने पर आँखों और त्वचा पर भी प्रभाव पड़ता है। तुर्कमान लोगों की आँखें छोटी और पलकें भारी होती है, क्योंकि वे हमेशा मरुस्थलीय भागों में रहते हैं।

2. मानसिक प्रभाव– इस प्रकार के प्रभाव मनुष्यों के धर्म उनके साहित्य, भाषा, आचार–विचार में दिखायी देते है। मनुष्य के धार्मिक विचार उसके पर्यावरण की ही उपज है। भाषा पर भी पर्यावरण का प्रभाव रहता है।

3. आर्थिक और सामाजिक प्रभाव– किसी स्थान की भौगोलिक अवस्थाएँ ही इस बात का निर्धारण करती है कि वहाँ आवश्यक वस्तुओं की प्राप्ति सरलता से होगी अथवा कठिनाई से, वहाँ किस प्रकार के उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं। इस प्रकार के प्रभाव ही मानव समाज के आकार को निर्धारित करते हैं। जिन क्षेत्रों, द्वीपों या पर्वतीय भागों में आर्थिक संसाधन कम मात्रा में पाए जाते हैं, वहां मनुष्य भी छोटे समुदायों में पाए जाते हैं, क्योंकि उन क्षेत्रों में उनके लिए उपयुक्त पर्यावरण नहीं मिलता।

4. मानव की गतियों को प्रभावित करने वाले प्रभाव– मानव समूह के आवास प्रवास को भौतिक पर्यावरण के सभी तत्व विशिष्ट एवं अनेक प्रकार से प्रभावित करते हैं। इनके अन्तर्गत पहाड़ों मरुस्थलों, दलदलों समुद्रों आदि का प्रभाव मानव के प्रवास पर पड़ता है। ये सभी उसके मार्ग का निर्धारण करते हैं, उसे सहयोग अधवा असहयोग देते हैं। उदाहरणार्थ, मानव ने नदी मागों का यातायात के साधनों के रूप में उपयोग किया जिससे अनेक मानव जातियों ने दूर–दूर जाकर अपनी बस्तियां स्थापित की। पर्वत अवरोध उत्पन्न करते हैं। भारत वर्ष के उत्तर में हिमालय पर्वत ने मध्य एशिया से सम्पर्क को सदैव रोकने का प्रयास किया है।

भौतिक पर्यावरण के जितने भी तत्व या कारक है, उनमें से प्रत्येक का अपना विशिष्ट एवं बहुमुखी प्रभाव मानव के कार्यकलाप, क्षमता के विकास एवं मानव सन्दर्भ में क्षेत्र के विकास पर पड़ता रहा है। जितनी अनुकूलता तत्वों के वितरण की होगी विकास, समृद्धि एवं मानवीय आकांक्षाएं उतनी शीघ्र पूरी होती जाएंगी। वातावरण के पूर्व वर्णित सभी तत्वों स्थिति, स्थत स्वरूप एवं घरातल, जल संस्थान, जलवायु प्राकृतिक वनस्पति, प्राणी जगत, मिट्टियाँ एवं खनिजों में से सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रभाव जलवायु एवं धरातल तत्वों का रहा है। इनकी प्रतिकूलता का शीघ्र प्रभाव मानव की क्षमता एवं अनिवार्यताओं पर तत्काल पड़ता है। यद्यपि अनेक दशाओं में अन्य कारक भी समान रूप से महत्वपूर्ण माने गए हैं। जैसे खनिज तेल भूमि पर व अपतटीय क्षेत्र में विपुल मात्रा में खोज का राष्ट्रों के अर्थतन्त्र पर वर्तमान में ताकाल प्रभाव पड़ता रहा है। यही स्थिति बहुमूल्य खनिजों की खोज में भी उत्तर मध्य युग में बनी रही। अन्य तलों के प्रभाव की भी यही वस्तुस्थिति है।

पर्यावरण से सामंजस्य या समायोजन

Adjustment with Environment

अपने भौतिक पर्यावरण के साथ मानव का सामंजस्य अत्यन्त प्राचीनकाल से चला रहा है, जबकि वह पत्थर युग में था। इस युग में मनुष्य ने अपनी सुरक्षा के लिए पर बनाने, प्रकृति की वस्तुओं का भोजन के रूप में उपयोग करने, पलर को काट छाट, पिसकर औजार बत्ताने, जंगली पशुओं को पालतू बनाने, जादू आदि पर विश्वास करने और सामूहिक रूप से सुरक्षा आदि करने के रूप में मनुष्य ने अपने सांस्कृतिक पर्यावरण को जन्म देने में योग दिया है तभी से मनुष्य भौतिक पर्यावरण के साथ सामंजस्य करता रहा है, मनुष्य ने विज्ञान, तकनीकी ज्ञान और आर्थिक क्रियाओं में बड़े महत्वपूर्ण परिवर्तन करके अपने को भौतिक पर्यावरण के साथ सामंजस्य करने की रीतियों में बड़ा प्रसार किया है। इस प्रकार सामंजस्यों को प्रधानतः तीन श्रेणियों में रखा जा सकता है आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक और राजनीतिक।

1. आर्थिक समंजन Economic Adjustment– इस प्रकार का अनुकूलन समाज द्वारा कार्य प्रतिमानों के रूप में किया जाता है। मनुष्य कौन–सा कार्य करता है यह उसकी इच्छाओं, विचारों और उसकी कुशलता पर निर्भर करता है। मोटे तौर पर यह बात भोतिक पर्यावरण में मिलने वाली सम्पदा द्वारा प्रभावित होती है। आर्थिक समंजन मुख्यतः चार श्रेणियों में बाटे जा सकते हैं–

• **उद्यम** Extractive occupations– इसमें मछली पकड़ना लकड़ी काटना, जाल बिछाकर पशुओं को पकड़ना तथा खाने खोदना सम्मिलित किया जाता है। इन कार्यों में प्रकृति से सीधे ही वस्तुएं प्राप्त की जाती है। इस प्रकार मनुष्य वस्तु उपयोगिता (Commodity Utility) उत्पन्न करता है।

• **उत्पादक उद्योग** Genetic or Productive Industries – इसके अंतर्गत मनुष्य भूमि से उन वस्तुओं को अधिकाधिक मात्रा में प्राप्त करने का प्रयास करता है जो पहले से ही मौजद है जैसे कृषि, पशुपालन तथा रेशम के कीड़े पालकर उनका उत्पादन प्राप्त करना।

• **निर्माण उद्योग** Manufacturing Industries– इनके अन्तर्गत खदानों अथवा कृषि से प्राप्त वस्तुओं को पिचलाकर, साक– सुथरा कर उनसे वस्तुएँ निर्मित की जाती हैं। इस प्रकार के उद्योग से स्वरूप उपयोगिता (Form utility) प्राप्त की जाती है।

वाणिज्यक क्रियाकलाप Commercial Activities– इनमें यातायात एकत्रीकरण विनिमय एवं अर्थ प्रबन्धन की क्रियाएँ सम्मिलित की जाती है। इसके द्वारा स्थान और समय उपयोगिता

(Place and Time) प्राप्त की जाती है। इसके साथ साथ मनुष्य की अन्य व्यावसायिक सेवाएँ शिक्षा कानून डाक्टरी आदि, व्यक्तिगत सेवाएँ । घरेलू, कार्य, सफाई का कार्य, आदि) भी सम्मिलित किए जाते हैं।

2. सामाजिक एवं सांस्कृतिक समंजन Social and Cultural Adjustment– मानव समाज अपने भौतिक पर्यावरण के साथ इस प्रकार का सामंजस्य भी स्थापित करता है। इसके अन्तर्गत जनसंख्या का घनत्व, भूमि पर स्वामित्व, सामाजिक वर्ग परिवार, समाज–सम्बन्ध, आदि बाते सम्मिलित होती है। इसी प्रकार के समेजन में मनुष्य के व्यवहार एवं आदतें, उनका स्थायी जमाव व घुमक्कड़ जीवन, उसके वस्त्र भोजन, घर, आचार विचार, धार्मिक विश्वास एवं आस्थाएं, कला, आदि बातों का भी समावेश किया जाता है।

3. राजनीतिक समंजन Political Adjustment– मानव समाज अपने भौतिक पर्यावरण से नागरिक तथा राजनीतिक समंजन भी स्थापित करता है। इस क्रिया के अन्तर्गत स्थानीय, प्रान्तीय या राष्ट्रीय सरकारों की स्थापना, अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध, सैन्य नीतियां तथा अन्तर्राष्ट्रीय कानून आदि की व्यवस्था सम्मिलित होती है।

पर्यावरण में परिवर्तन

Changes in Environment

पह तथ्य विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि प्राकृतिक और सांस्कृतिक परिस्थितियाँ या पर्यावरण प्रगतिशील (Dynamic) है, जीवित है, स्थिर (stabc) नहीं है, अर्थात् उनमें सर्वदा परिवर्तन होता रहता है। नदी के किनारे आज जो हम कण देखते है कल वहाँ नहीं रहेगा। पेड़ की जिस पत्ती को आज हम हरी देखते हैं कल उसमें कुछ परिवर्तन हो जाएगा। इसी भांति जहां मरुस्थल देखते हैं वहां पर सो या दो सौ वर्ष उपरान्त बड़े बड़े हवाई अड़े बन सकते हैं जिनके चारों ओर पातालोड़ कुओं से जल से हरे–भरे पेड़ शीतल सुन्दरता का आनन्द दे रहे हों। सौ वर्ष पहले ही कौन यह कह सकता था कि बीकानेर की मरुभूमि में नहर की सिचाई से लहलहाते खेत बन जाएंगे और इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना रेगिस्तानी गंगा के रूप में पश्चिमी राजस्थान का कायाकल्प कर देगी।

प्राकृतिक और सांस्कृतिक पर्यावरण दोनों में ही परिवर्तन आता रहता है। यह प्रकृति का नियम है (Change is the law of Nature)। कुछ परिवर्तन अचानक और कुछ धीर धारे आते हैं। इन परिवर्तनों को मुखात दो भागों में विभाजित किया जाता है

1. प्राकृतिक परिवर्तन Natural Changes– इसके अनार्गत भूकम्प, ज्वालामुखी विस्फोट बाद आना, सूखा पड़ना आधी और तुफानों का आगमन, चक्रवात और आग लग जाना आदि दैवी प्रकोप है। ऐसे परिवर्तनों पर मनुष्य का कोई नियन्त्रण नहीं है। अतः पहले से ही विनाश का अनुमान लगाना कठिन होता है।

2. मानव द्वारा लाए गए परिवर्तन Man induced Changes– इसके अन्तर्गत डेविस के अनुसार, जंगलों का काटना, आग लगाना, कृत्रिम विधि से सिंचाई के साधनों का विकास, उन्नत कृषि हेतु भूमि में रासायनिक खाद, कीटनाशक दवाएं, अधिक पानी, आदि का उपयोग, पशु चराना, खदाने खोदना तथा पृथ्वी के गर्भ से बहुमूल्य खनिज प्राप्त करना, अशात या अगम्य प्रदेशों में तेजी से पातायात का विकास कर वहीं का चहुमुखी विकास करना, आदि तप्य सम्मिलित किए गए है। ऐसे व अन्य आगे के परिवर्तन भूतल पर मानव ही ला सकता है। दलदल को सुखाकर उपजाऊ मैदान बना देना, जंगलों को काटकर कृषि योग्य भूमियों में बदलना, पर्वतीय दातों पर खेती करना शुष्क भागों में नहरें बनाकर उन्हें लहलहाते खेत बना देना, आदि कार्य मानव की सफलता की कहानी कहते हैं। सभी का वातावरण के सन्तुलन से बहुत निकट से सम्बन्ध है। आज भूमि जल एवं वायु प्रदूषण के विकराल स्वरूप का कारण भौतिक पदार्थों का अवैज्ञानिक उपयोग एवं विविध उद्योगों के घातक उत्पादों एवं उप उत्पादों के साथ जुड़ा हुआ है। ऐसा प्रभाव अनेक प्रकार से भौतिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक पर्यावरण पर प्रतिकूत प्रभाव के रूप में भी स्पष्टतः दिखायी देता है।

शरलॉक के अनुसार, ''भौतिक विश्व में परिवर्तन करने वाली शक्तियों में से जीवधारियों में मानव सबसे शक्तिशाली है। पशु चलने–फिरने तया घासफूस खाने से, कीड़े मकोड़े खाने और मिट्टी खोदने से कुछ मात्रा में परिवर्तन उत्पन्न कर देते हैं, किन्तु उनका कार्य मानव के कार्यों की तुलना में नगण्य है। मानव भी विनाशकारी शक्तियों की भांति काम करता है, वन प्रदेशों को साफ करना अथवा खदानें खोदकर भूमि में गढे बना लेना. अन्तर केवल यही है कि उसकी क्रियाएँ सर्वव्यापी न होकर चुने हुए स्थानों पर ही होती है।

निष्कर्ष :– पर्यावरण में होने वाले परिवर्तन से अथवा दूसरे पर्यावरण में अपने को उसके अनुसार बदल लेना उपयोजन या अनुकूलन कहलाता है। दूसरे शब्दों में पर्यावरण के परिवर्तनों का सामना करने के लिए शरीर में जो प्राकृतिक संशोधन होता है उसे ही समायोजन कहा जाता है। उदाहरण के लिए अधिक गर्मी का सामना करने के लिए शरीर से जो पसीना छूटता है उससे शरीर ताप सहन करने की स्थिति में हो जाता है। मानव बाह्य पर्यावरण की उन परिस्थितियों से, जो उसके कार्यों में बाधा डालती है, उपयोजन करने का प्रयास करता है और पदि इस कार्य में उसे आशातीत सफलता नहीं मिलती तो वह उसके परिवर्तन करने में लग जाता है। यदि किसी क्षेत्र विशेष में कुछ समय के लिए कृषि कार्य न किया जाए तो अनुकूल परिस्थितियों में वहाँ पास या वनों की उत्पति होना स्वाभाविक होगा। इसलिए मानत को अपने पर्यावरण से उपयोजन करने के लिए निरन्तर क्रियाशील रहना पड़ता है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि मानवता से पर्यावरण को गंभीर क्षति हुई है। पर्यावरण के नुकसान से इंसान का स्वास्थ्य हमेशा प्रभावित होता रहता है। इनमें से अधिकांश स्वास्थ्य पर्यावरण प्रदूषण से जुड़ा हुआ है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि पर्यावरण प्रदूषण की गंभीर समस्या के समाधान के लिए पर्यावरण प्रदूषण का

संपूर्ण उपयोग जुड़ा हुआ है। यदि हम संरक्षण प्रदान करते हैं और कम से कम उपयोग करते हैं तो विकराल सहायकों से बचा जा सकता है।

विनाशकारी प्रभावों को हल करने के लिए बहुत सारे नियंत्रण उपायों की आवश्यकता है क्योंकि इसका गंभीर प्रभाव पूरे मानव जीवन पर पड़ रहा है। सार्वजनिक पर्यावरण जागरूकता अभियान और पर्यावरण प्रबंधन राष्ट्रीय समुदायों द्वारा विभिन्न पर्यावरणीय जागरूकता अभियानों के प्रति जागरूकता फैलाई जा सकती है। मूल मुद्दा संपूर्ण मानव जीवन के व्यवहार और जीवन गुणवत्ता को प्रभावित करता है। इसलिए आवश्यक है कि मनुष्य अधिक से अधिक संरक्षण की नियति के साथ पर्यावरण से विवेकपूर्ण संबंध बनाए रखे।

–: सन्दर्भ :–

1. Sandipta Das and D. P. Angadi (2020). Land use-land cover (LULC) transformation and its relation with land surface temperature changes: A case study of Barrackpore Subdivision, West Bengal, India. Remote Sensing Applications: Society and Environment (Elsevier), Volume 19. https://doi.org/10.1016/j.rsase.2020.100322.

2. Sandipta Das and D. P. Angadi (2021). Assessment of urban sprawl using landscape metrics and Shannon's entropy model approach in town level of Barrackpore sub divisional region, India. Modeling Earth Systems and Environment (Springer). https://doi.org/10.1007/s40808-20-00990-9.

3. Sandipta Das and D. P. Angadi (2021). Land use land cover change detection and monitoring of urban growth using remote sensing and GIS techniques: a micro-level study. GeoJournal (Springer). https://doi.org/10.1007/s10708-020-10359-1.

4. Sandipta Das and D. P. Angadi (2020). Spatio-temporal analysis of urban functional development and its zone of Influence: A micro-level study of Barrackpore Subdivision, West Bengal. Urban India Vol 40 (II) July-December 2020. Publisher- National Institute of Urban Affairs.

डॉ0 शीबा फ़रीदी

अस्सिटेंट प्रोफेसर (भूगोल विभाग)

वाई.एम.एस. (पी.जी.) कॉलिज, मण्डी धनौरा,

जिला–अमरोहा(उ0 प्र0)

पिन कोड : 244231

मो0 नंबर : 9557513871

12

भारतीय समाज में लैंगिक असमानता

डॉ0 नाहीद परवीन

सारांश

भारतीय समाज पितृ प्रधान है। पुरुष को परिवार में सर्वोपरि माना जाता है, वंश पिता से पुत्र की दिशा में चलता है। परिवार के सबसे वृद्ध पुरुष के पास सभी निर्णय करने के अधिकार होते हैं और स्त्री की स्थिति पुरुष से हीन मानी जाती रही है। मोक्ष प्राप्ति के लिए पुत्र का जन्म महत्वपूर्ण माना जाता है पुत्री का जन्म उतना अच्छा नहीं माना जाता है जितना पुत्र का। पितृसत्तात्मक व्यवस्था के कारण बाल–विवाह, दहेज–प्रथा, विधवा पुनर्विवाह पर रोक, महिलाओं के विरुद्ध हिंसा, पुत्र–वधु के साथ दुर्व्यवहार, बालिकाओं में अशिक्षा, लैंगिक असमानता आदि सामाजिक समस्याओं का उद्भव हुआ है। आज स्थिति इस कदर बढ़ चुकी है कि अब व्यक्ति गर्भ में पल रहे कन्या भ्रूण की हत्या से लेकर अग्नि में महिलाओं को जलाने में तनिक भी संकोच नहीं कर रहा है। सृष्टि सृजन में महिला–पुरुष दोनों का समान योग है। दोनों एक–दूसरे के पूरक हैं। दोनों ही ईश्वर की सुन्दर कृतियाँ हैं, जो इस दुनिया को मिलकर सुन्दरतम स्वरूप प्रदान करते हैं। हम लोगों की मानसिकता, सामाजिक संरचनाएं व व्यवस्थाएँ बालक–बालिका के मध्य विभेद उत्पन्न कर देती हैं।

लड़कियों के साथ जन्म के बाद से ही भेदभाव किया जाने लगता है। उसे विद्यालय से बचित कर घरेलू कार्य में लगा दिया जाता है और व्यवस्था की आड़ में विभेदीकरण का दौर शुरू हो जाता है जिसकी जड़े धीरे–धीर मजबूत होती चली जाती हैं और लिंग भेद शुरू हो जाता है।

सामान्यतः समानता के अभाव को असमानता कहा जाता है। लैंगिक असमानता से अभिप्राय हे स्त्री व पुरुष को अवसरों व अधिकारों की दृष्टि से असमान समझना अर्थात लिंग के आधार पर किये जाने वाले भेदभाव या असमानता को लैंगिक असमानता कहा जाता है। यद्यपि संबिधान द्वारा समान अधिकार दिए जाते हैं फिर भी जब व्यवहार में समाज, जाति, धर्म, लिंग या अन्य किसी कारण से हम परस्पर भेदभावपूर्ण व्यवहार करते हैं तो यह असमानता की स्थिति कहलाती है। आज भी लड़की के जन्म पर परिवारों में शोक छा जाता है और लड़कों के जन्म पर खुशी। लड़की को बोझ समझा जाता है और अनेक परिवारों में उनके खान–पान तथा शिक्षा पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता है। लड़कियों को लड़कों जैसी आजादी भी नहीं दी जाती है। गाँव व शहर में उच्च शिक्षा की व्यवस्था न होने के कारण अनेक लड़कियां शिक्षा से वंचित रह जाती हैं। अतः कहा जा सकता है की देश में बालिकाओं के पिछड़ेपन के कारणों में समाजीकरण की प्रक्रिया में व्याप्त लैंगिक भेदभाव मुख्य है।

गाँधीजी ने (बत्रा, 2012) महिलाओं की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा है कि ''अगर पुरुष शिक्षित होता है तो वह केवल व्यक्तिगत जीवन के लिए शिक्षित होता है, लेकिन यदि महिला शिक्षित होती है तो पूरा परिवार शिक्षित माना जाता है।'' यहाँ तक कि शिक्षा को मनुष्य का तीसरा नेत्र कहा गया हे – **ज्ञानं मनुजस्य तृतीय नेत्रं**। प्राचीन काल में भारतीय मनीषियों ने **सा विद्या या विमुक्तये** कहकर शिक्षा का लक्ष्य निर्धारित कर दिया था **(पाठक, 2012)**। शिक्षा के द्वारा ही मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है और यह तभी सम्भव हे जब लड़का–लड़की दोनों को समान रूप से प्रारंभिक शिक्षा प्रदान की जाये, लेकिन वर्तमान में बालिका शिक्षा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल नही हो पाई है। बालिका शिक्षा की दशा सोचनीय है अतः इस स्थिति को बदलने हेतु आवश्यक उपाय करने होंगे।

लैंगिक असमानता से तात्पर्य

- लैंगिक असमानता का तात्पर्य लैंगिक आधार पर महिलाओं के साथ भेदभाव से है। परंपरागत रूप से समाज में महिलाओं को कमजोर वर्ग के रूप में देखा जाता रहा है।
- वे घर और समाज दोनों जगहों पर शोषण, अपमान और भेद–भाव से पीड़ित होती हैं। महिलाओं के खिलाफ भेदभाव दुनिया में हर जगह प्रचलित है।

भारत में लैंगिक असमानता का इतिहास History of Gender Inequality in India

- प्राचीन वैदिक सभ्यता के दौरान, महिलाओं को समाज में अत्यधिक सम्मानजनक स्थान प्राप्त था।
- वे सभाओं और समितियों का हिस्सा थे और गार्गी, लोपामुद्रा आदि जैसी बहुत ही विद्वान महिलाएँ थीं।
- मनुस्मृति भी महिलाओं का सम्मान करती है क्योंकि यह श्लोक 3. 55–3.56 में घोषित करती है कि महिलाओं को सम्मानित और सुशोभित किया जाना चाहिए और यह कि 'जहाँ महिलाओं का सम्मान किया जाता है, वहां महिलाओं का सम्मान किया जाता है। भगवान आनन्दितः लेकिन जहां वे नहीं है, कोई भी पवित्र संस्कार कोई फल नहीं देता है।
- वैश्विक लैंगिक अंतरात सूचकांक 2020 में भारत 153 देशों में 112वें स्थान पर रहा। इससे साफ तौर पर अंदाजा लगाया जा सकता है कि हमारे देश में लेगिक भेदभाव की जड़े कितनी मजबूत और गहरी

है।

- लेकिन बाद के वेदिक काल के आगमन के साथ कम उम्र में विवाह, बहुविवाह, और सभाओं और समितियों का हिस्सा बनने पर प्रतिबंध लगाने जैसी विभिन्न प्रथाओं के कारण महिलाओं की स्थिति बिगड़ने लगी।
- मध्यकाल में महिलाओं पर दहेज, सती और पर्दा प्रथा की क्रूर प्रथा थोपी गई और बहुविवाह प्रमुख हो गया। सबसे गंभीर समस्या आज भी दहेज प्रथा है. जिसने आज भी शहरी और ग्रामीण दोनों भारत में एक महिला की जान तक ले ती है।
- आधुनिक तकनीक और विज्ञान के आने से कन्या भूण हत्या आम बात हो गई है। 2001 की जनगणना के अनुसार, भारत में लिंगानुपात प्रति 1,000 पुरुषों पर 927 महिलाएं थीं। इससे पता चलता है कि भारतीय समाज में लैंगिक असमानता की जड़ें कितनी गहरी है।
- आजकल कार्यस्थल पर बलात्कार, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, छेडछाड और पोन उत्पीड़न महिलाओं के जीवन के लिए एक आम खतरा बन गया है। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, हर 42 मिनट में कुछ महिलाओं का यौन शोषण होता है और हर 93 मिनट में एक महिता को दहेज के लिए जला दिया जाता है।

लैंगिक असमानता के विभिन्न क्षेत्र

सामाजिक क्षेत्र :– सामाजिक क्षेत्र में भारतीय समाज में प्रायः महिलाओं को घरेलू कार्य के ही अनुकूल माना गया है। घर में महिलाओं का मुख्य कार्य भोजन की व्यवस्था करना और बच्चों के लालन पालन तक ही सीमित है। अक्सर ऐसा देखा गया है कि घर में लिये जाने वाले निर्णयों में भी महिलाओं की कोई भूमिका नहीं रहती है। महिलाओं के मुद्दों से संबंधित विभिन्न सामाजिक संगठनों में भी महिलाओं की न्यूनतम संख्या तैलैंगिक असमानता के विकराल रूप को व्यक्त करती है।

आर्थिक क्षेत्र :– आर्थिक क्षेत्र में कार्यरत महिला और पुरुष के पारिश्रमिक में अंतर है। औद्यागिक क्षेत्र में प्रायः महिलाओं को पुरुषों के सापेक्ष कम वेतन दिया जाता है। इतना ही नहीं रोजगार के अवसरों में भी पुरुषों को ही प्राथमिकता दी जाती है।

राजनीतिक क्षेत्र :– राजनीतिक क्षेत्र में. सभी राजनीतिक दल लोकतांत्रिक होते हुए समानता का दावा करते हैं परंतु ते न तो चुनाव में महिलाओं को प्रत्याशी के रूप में टिकट देते हैं और न हीं दल के प्रमुख पदों पर उनकी नियुक्ति करते हैं।

विज्ञान के क्षेत्र :– विज्ञान के क्षेत्र में जब हम वैज्ञानिक समुदाय पर ध्यान देते हैं तो यह पाते हैं कि प्रगतिशीलता की विचारधारा पर आधारित इस समुदाय में भी स्पष्ट रूप से लैंगिक असमानता विद्यमान है। वैज्ञानिक समुदाय में पा तो महिलाओं का प्रवेश ही मुश्किल से होता है या उन्हें कम महत्त्व के प्रोजेक्ट में लगा दिया जाता है। यह विडंबना ही है कि हम मिसाइल मैन के नाम से प्रसिद्ध स्वर्गीय ए पी जे अब्दुल कलाम से तो परिक्ति है लेकिन मिसाइल बुमेन ऑफ इंडिया टेसी थॉमस के नाम से परिचित नहीं है।

मनोरंजन क्षेत्र :– मनोरजन के क्षेत्र में अभिनेत्रियों को भी इस भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। अक्सर फिल्मों में अभिनेत्रियों को मुख्य किरदार नहीं समझा जाता और उन्हें पारिश्रमिक भी अभिनेताओं की तुलना में कम मिलता है।

खेल क्षेत्र :– खेलों में मिलने वाली पुरस्कार राशि पुरुष खिलाड़ियों की बजाय सहिता खिलाड़ियों को कम मिलती हैं। चाहे कुश्ती हो या क्रिकेट हर खेल में, भेदभाव हो रहा है। इसके साथ ही, पुरुषों के खेलों का प्रसारण भी महिलाओं के खेलों से ज्यादा है।

भारत में लैंगिक असमानता के प्रभाव Effects of Gender Inequality in India

- **घरेलू हिंसा** : लैंगिक असमानता विभिन्न रूपों में प्रकट हो सकती है और यह पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए चिंता का विषय है। भारत में लैंगिक असमानता के प्रभावों में से एक घरेलू हिंसा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के 2019 के आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं के खिलाफ अपराध के सभी 4.05 लाख मामलों में से अधिकांश (30.9:) IPC की धारा 498। के तहत दर्ज किए गए हैं, जिसमें COVID–19 महामारी में अचानक वृद्धि देखी गई।
- **महिलाओं का स्वास्थ्य** : जेसा कि ऊपर चर्चा की गई है, महिलाओं के पास कोई शारीरिक विकल्प नहीं होता है और इसलिए उनका चिकित्सा स्वास्थ्य और बिगड़ जाता है। राजस्थान और हरियाणा में लिंग निर्धारण के कारण शिशु मृत्यु दर कम देखी जा रह पाती है। रही है ओर यह यह एक कारण बन गया है कि बहुत सी लड़कियां अपने 15वें जन्मदिन तक जीवित नहीं
- **लिंग निर्धारण और लिंग** : चयनात्मक गर्भपात भारत में एक अपराध है. लेकिन ऐसे कई मामले सामने आए है जहा महिलाओं को कन्या भ्रूण होने पर गर्भपात के लिए मजबूर किया जाता है।
- लैंगिक असमानता के कारण, लड़कियों को निम्न गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त होती है जो बदले में समाज में उनकी आर्थिक स्थिति को प्रभावित करती है।
- महिलाएं भी राजनीति में भाग लेने से हिचकिचाती है और इसलिए महिलाओं के खिलाफ हिंसा, बच्चों की देखभाल और मातृ स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर ध्यान नहीं दिया जाता है।

लैंगिक असमानता भारत पर गहरी छाया

लैंगिक असमानता, वैश्विक स्तर पर एक व्यापक चिंता, भारत पर गहरी छाया डालती है। जबकि राष्ट्र ने प्रौद्योगिकी और आर्थिक विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है, यह अभी भी लगातार लैंगिक असमानताओं से जूझ रहा है जो अनगिनत महिलाओं और लड़कियों के जीवन पर गहरा प्रभाव डालती है।

लिंग आधारित हिंसाः एक चौंकाने वाली वास्तविकता

लिंग आधारित हिंसा भारत के ताने–बाने में व्याप्त है, चौकाने वाले आंकड़े महिलाओं और लड़कियों के गंभीर अनुभवों को उजागर कर रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने एक परेशान करने वाली तस्वीर पेश की है, जिसमें खुलासा किया गया है कि अकेले 2019 में, महिलाओं के खिलाफ 401,413 अपराध दर्ज किए गए, जिनमें बलात्कार, घरेलू हिंसा और दहेज से संबंधित मोतें जैसी श्रेणिया शामिल थीं। आश्चर्यजनक रूप से, यह गंभीर आंकड़ा हर 1.4 मिनट में लिंग आधारित हिंसा के एक मामले की सूचना देता है। बलात्कार के भयावह दायरे पर ध्यान केंद्रित करते हुए, इस घृणित अपराध के कारण उस वर्ष के भीतर 32,033 घटनाएं हुई। इसके अलावा, एनसीआरबी ने 2018 से 2019 तक महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 7.3 प्रतिशत की चिंताजनक वृद्धि दर्ज की है।

स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंचरू एक सतत् चुनौती

गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच अभी भी न्यायसंगत नहीं है, महिलाओं को अक्सर निम्न स्तर का चिकित्सा ध्यान मिलता है। जबकि मातृ मृत्यु दर में गिरावट आई है, वे अपेक्षाकृत उच्च बनी हुई हैं, प्रति 100,000 जीवित जन्मों पट लगभग 174 मातृ मृत्यु होती है।

लैंगिक असमानता के हेतु कानूनी और संवैधानिक सुरक्षा उपाय

संवैधानिक सुरक्षा उपाय :

भारतीय संविधान लैंगिक असमानता को समाप्त करने के लिए सकारात्मक प्रयास प्रदान करता है। संविधान की प्रस्तावना सभी को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय प्राप्त करने और अपने सभी नागरिकों को स्थिति और अवसर की समानता प्रदान करने के लक्ष्यों के बारे में बात करती है।

संविधान का अनुच्छेद 15 धर्म, मूलवंश, जाति या जन्म स्थान जैसे अन्य आधारों के अलावा लिंग के आधार पर भी भेदभाव के निषेध का प्रावधान करता है। अनुच्छेद 15(3) राज्य को महिलाओं और बच्चों के लिए कोई विशेष प्रावधान करने का अधिकार देता है।

कानूनी सुरक्षा उपाय :–

महिलाओं के शोषण को समाप्त करने और उन्हें समाज में समान दर्जा देने के लिए संसद द्वारा विभिन्न सुरक्षात्मक कानून भी पारित किए गए हैं।

सती प्रथा को समाप्त करने और दंडनीय बनाने के लिए सती (रोकथाम) अधिनियम, 1987 अधिनियमित किया गया था।

दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिए दहेज निषेध अधिनियम, 19611

अंतर्जातीय या अंतर–धर्म से विवाह करने वाले विवाहित जोड़ों को सही दर्जा देने के लिए विशेष विवाह अधिनियम, 1954

प्री–नेटल डायग्नोस्टिक तकनीक (विनियमन और दुरुपयोग की रोकथाम) विधेयक (1991 में संसद में पेश किया गया,

1994 में कन्या भ्रूण हत्या और ऐसे कई अन्य अधिनियमों को रोकने के लिए पारित किया गया।

भारतीय दंड संहिता, 1860 में धारा 304–बी जोड़ी गई थी ताकि दहेज–मृत्यु या दुल्हन को जलाने को एक विशिष्ट अपराध बनाया जा सके और अधिकतम आजीवन कारावास की सजा दी जा सके। राज्य के नीति निदेशक तत्व भी विभिन्न प्रावधान प्रदान करते हैं जो महिलाओं के लाभ के लिए हैं और भेदभाव के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करते हैं।

<u>असमानता को समाप्त करने के प्रयास</u> :–

- समाज की मानसिकता में धीरे–धीर परिवर्तन आ रहा है जिसके परिणामस्वरूप महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर गंभीरता से विमर्श किया जा रहा है। तीन तलाक, हाजी अली दरगाह में प्रवेश जैसे मुद्दों पर सरकार तथा न्यायालय की सक्रियता के कारण महिलाओं को उनका अधिकार प्रदान किया जा रहा है।
- राजनीतिक प्रतिभाग के क्षेत्र में भारत लगातार अच्छा प्रयास कर रहा है इसी के परिणामस्वरुप वैश्विक लैंगिक अंतरात सूचकांक 2020 के राजनीतिक सशक्तीकरण और भागीदारी मानक पर अन्य बिंदुओं की अपेक्षा भारत को 18वाँ स्थान प्राप्त हुआ। मंत्रिमंडल में महिलाओं की भागीदारी पहले से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है तथा इसमें भारत, विश्व में 69वें स्थान पर है।
- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं, वन स्टॉप सेंटर योजना, महिला हेल्पलाइन योजना और महिला शक्ति केंद्र जैसी योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तीकरण का प्रयास किया जा रहा है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप लिंगानुपात और तड़कियों के शैक्षिक नामांकन में प्रगति देखी जा रही है।

निष्कर्ष :–

पुरुषों और महिलाओं का सामाजिक सीमांकन संभवतः लिंग भेदभाव की प्रज्वलित शक्ति है। सभी लिगों के प्रति सही मानसिकता और दृष्टिकोण रखना व्यक्तियों और बड़े पैमाने पर राष्ट्र के विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। भारत को आजादी मिले सात दशक से भी अधिक समय हो गया है। हालाँकि, कुछ रिक्तियाँ अभी भी राष्ट्र के सामाजिक विकास में बाधक हैं। भारत में लैंगिक भेदभाव एक ऐसा बड़ा शून्य है जिसे सभी के लिए अच्छी आशाओं

सकाराकमकता और समान अवसरों से भरने की जरूरत है। इस प्रकार राष्ट्र का भविष्य युवाओं के हाथों में है, जो पहले से मौजूद मानदंडों को तोड़कर और दुनिया भर में सकारात्मकता फैलाकर समाज में योगदान दे सकते हैं।

भारत में लैंगिक असमानता एक बहुआयामी ओर सामाजिक मानदंडों ओर पूर्वाग्रहों से भरा मुद्दा है। इन भयावह अंतरालों को पाटने के सराहनीय प्रयासों के बावजूद, आँकड़े स्पष्ट रूप से याद दिलाते हैं कि अभी भी पर्याप्त काम बाकी है। लैंगिक समानता हासिल करने का प्रयास एक सामूहिक प्रयास है जिसमें नीतिगत सुधार, शैक्षिक पहल और सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव शामिल होना चाहिए। महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाना सिर्फ मानवाधिकार का मामला नहीं है बल्कि भारत के सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए एक अनिवार्य उत्प्रेरक है। इन चुनौतियों का डटकर मुकाबला करना ही देश और उसके लोगों के लिए अधिक न्यायसंगत भविष्य को बढ़ावा देने का एकमात्र रास्ता है।

–: संदर्भ :–

1- BENEVOT, A- 1989- `Education] Gender] and Economic Development : A Cross & National Study'- Sociology of Education 62 : 14 & 32.

2- BLUMBERG, R.L. 1988. `Income under Female versus Male Control'. Journal of Family Issues: 51 & 84

3- Misra, Udit- 2015- " How India Ranks on Gender Parity &and Why? " Indian Express- November 4.

4- Nair, Shalini- 2015- "More Gender Inequality in India than Pakistan and Bangladesh : UN "- Indian Express- December 15-

5- Lal, Neeta- 2016- India Needs to " Save its Daughters " Through Education and Gender Equality- Inter Press Services, March 4-

6- Masoodi, Ashwaq- 2016- " Budget 2016/Mixed bag for women "- Livemint, 6 th March

7- Gandhi, Rajat- 2015- " Women in Business : Can P2P Lending Bridge Gender Gap in Access to Capital "- The Times of India- June 19.

डॉ0 नाहीद परवीन
अस्सिटेंट प्रोफेसर (समाजशास्त्र विभाग)
वाई.एम.एस. (पी.जी.) कॉलिज, मण्डी धनौरा, जिला–अमरोहा
पिन कोड : 244231
मोबाइल नंबर : 9528415168

13

जल संसाधनों का कृषि विकास व सिंचाई नियोजन का भौगोलिक विश्लेषण

डॉ0 अरविन्द कुमार सिंह

सारांश

भूगोल विषय का उद्देश्य निश्चित चिन्तन द्वारा ऐसी क्षमता अथवा विधि के विकास करने का मार्ग प्रशस्त करना है जिससे मानव समाज के लाभार्थ आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा दृश्य भूमि के विकास के उपयोग से उत्पन्न होने वाली विभिन्न समस्याओं के हल करने के उद्देश्य की प्राप्ति हेतु सार्थक पहल की जा सके। क्योंकि इसी के साथ 'मानव कल्याण' का लक्ष्य जुड़ा है। वर्तमान में सभी विद्वानों ने भी इसी लक्ष्य को सर्वोपरि माना है। विविध प्रकार की समस्याओं के निराकरण हेतु पर्यवेक्षण विधितन्त्र तकनीकी, शोध एवं साधन आदि के लक्षण भिन्न–भिन्न प्रकार से उपस्थित हो सकते है। अतः विभिन्न समस्याओं का समीचीन समाधान तलाशने का ईमानदारी के साथ प्रयास करना अत्यावाश्यक है।

मानव सभ्यता का अभ्युदय एवं विकास संसाधनों की उपलब्धता का ही प्रतिफल है। मानव के विकास की आदिम अवस्था से लेकर वर्तमान धातु युग तक का सामाजिक एवं आर्थिक विकास संसाधनों की प्राप्ति एवं विकास पर ही निर्भर रहा है। विश्व के सभी क्षेत्रों में संसाधनों की प्राप्यता एवं उपयोगिता क्षेत्र, काल एवं परिस्थितियों के अनुसार परिवर्तित होती रहती है। यही कारण है कि विश्व के सभी भागों में मिलने वाले आर्थिक भूदृश्य में अन्तर परिलक्षित होता है। यह कहना भी अतिशयोक्ति पूर्ण न होगा कि किसी क्षेत्र का आर्थिक विकास उस क्षेत्र की संसाधन संम्भाव्यता पर निर्भर करता है।

प्रस्तावना :–

भूगोल के अन्तर्गत सामान्यतः भूमि का विश्लेषण, कृषि के विकास के लिये आवश्यक भौगोलिक कारकों एवं परिस्थितियों के साथ–साथ फसलों के प्रतिरूप, कृषि उत्पादकता, जलीय संसाधनों के विकास एवं उनकी उपलब्धता का सामयिक अध्ययन आदि, तथा कृषि के प्रादेशिक वितरण को भी सम्मिलित करते है।

प्राकृतिक संसाधनों में जल एक महत्वपूर्ण संसाधन है और यह सभी जीवधारियों के लिये आधारभूत आवश्यकता है पृथ्वी पर मानव का अस्तित्व भी जल के कारण ही है। 'जल' वास्तवमें एक अमूल्य संसाधन है। जिसके बिना वनस्पति, जीव एवं वातावरण की अनेक क्रियाएँ सम्भव नहीं है। मानव समुदाय तथा वातावरण को अनेक क्रियाऐं जल स्रोतों पर केन्द्रित रहती हैं। पेय जल आपूर्ति, प्राकृतिक वनस्पति के जन्म एवं विकास, मृदा निर्माण, जलवायु, सिंचाई, खनिज विदोहन, औद्योगिक विकास परिवहन एवं व्यापार ऊर्जा विकास, भोज्य पदार्थों के वितरण आदि के लिये जल संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता आवश्यक है।

किसी क्षेत्र विशेष में घरेलू तथा आर्थिक उद्देश्यों की पूर्ति जल संसाधनों की उपलब्धता, मात्रा, पर्याप्तता, निरन्तरता और उसके (जल) गुणों पर निर्भर करती हैं। सामान्यतः जल आपूर्ति वर्षा के वितरण से प्रभावित होती है। परन्तु महासागर, सागर, झील, तालाब, नदियों, कुऐं, स्रोत आदि भी क्षेत्र की जल उपलब्धता को प्रभावित करते हैं।

स्थिति के आधार पर जल संसाधन को दो वर्गों– '**धरातलीय जल** तथा **भूमिगत जल**' में विभाजित किया जाता है, प्राकृतिक उपहारों में मानव के लिये जल की उपयोगिता निःसन्देह एक वरदान है, जब–जब मानव ने अपनी घरेलू एवं आर्थिक आवश्यकताओं की आपूर्ति हेतु इस निःशुल्क उपहार का अविवेकी तथा मनमानेपन से दोहन किया है जल की प्राप्यता के संकट ने न केवल मानव को विचलित कर दिया है अपितु जल के गुणों में परिवर्तन, जल प्रदूषण, भूमिगत जल स्तर में गिरावट, खाद्यान्न संकट, बाढ़, वनों के विनाश जलछट जमाव, भूमि अपरदन जैसी समस्याओं की भयावहता में वृद्धि हुई है। दूसरे शब्दों में आज मानव पर्यावरण असन्तुलन एवं 'पारिस्थितिकी संकट' का सामना कर रहा है। अतः निःसंदेह युद्ध स्तर पर जल संसाधनों के संरक्षण की महती आवश्यकता है।

कृषि को नियन्त्रित करने वाले कारक

मानव की समस्त क्रियाएँ उसके भौतिक पर्यावरण पर निर्भर करती है। जिसमें वह निवास करता है। प्रकृति मानव के विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में विविध प्रकार की सम्भावनाएँ प्रदान करती है। पर्यावरण के भौतिक या प्राकृतिक कारक कृषि कार्य को अत्याधिक प्रभावित करते हैं। मैकहार्ग के अनुसार, ''प्रकृति सीमायें निर्धारित करती है, दिशा निर्देश देती है, तथा पर्यावरणीय समस्याएँ सुलझाने में सहायता प्रदान करती हैं।'' किसी भी क्षेत्र की कृषि का विकास वहाँ के प्राकृतिक पर्यावरण के अन्तर्गत ही उगती है तथा विकसित होती हैं, यही कारण है कि प्राचीन काल में कृषि का विकास उन्हीं स्थानों पर अधिक हुआ जहाँ फसलोत्पादन तथा पशुपालन के लिए उपयुक्त प्राकृतिक दशाएँ उपलब्ध थीं। अतएव कृषीय परिघटनाओं की वैज्ञानिक जानकारी के लिए प्राकृतिक पर्यावरण तथा कृषीय संक्रियाओं के परस्पर सम्बन्धों को समझना अभीष्ट है। वस्तुतः कृषि की दृष्टि से एक अपरिहार्य उपकरण है।

(क)प्राकृतिक कारक–

कृषि के अन्तर्गत फसलॉत्पादन एवं पशुपालन दोनों ही सम्मिलित हैं। यह एक सार्वभौम तथ्य है कि कृषि भूमि उपयोग के अनेक आधुनिक प्रतिरूप विगत मानवीय क्रियाओं तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की सहायता से भौतिक दशाओं में किये गये परिवर्तनों के प्रतिफल हैं तथापि कृषि को प्रभावित करने वालें मूलभूत भौतिक कारक धरातल, जलवायु, मिट्टियाँ, जल संसाधन तथा वनाच्छादित है। जो परस्पर घनिष्ट रूप से सम्बन्धित होते हैं। जलवायु, समुद्र तल से ऊँचाई तथा ढ़ालों से प्रभावित होती है तथा मिट्टियाँ वाष्पोत्सर्जन से, तथापि कृषि स्वरूपों तथाउनकी स्थापिक भिन्नताओं में इन कारकों की एकांकी या सामूहिक भूमिका को कम करके नहीं आँकना चाहिए।

(ख) धरातलीय कारक–

धरातलीय कारकों के अन्तर्गत सापेक्ष उच्चावच, सामान्य ढाल तथा विच्छेदन का निर्धारण सम्मिलित है। इन कारकों की प्रादेशिक भिन्नताओं की तीव्रता का मात्रात्मक वर्जन भूमि उपयोग के विश्लेषण को पुष्ट करता है। पृथ्वी के धरातल पर तीन प्रमुख प्रकार के स्थल रूप–पर्वत, पठार एवं मैदान दृष्टिगोचर होते हैं। वस्तुतः धरातल भूमि उपयोग तथा फसलों की उत्पत्ति एवं वितरण को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक है। धरातल के तीन प्रमुख पक्ष–समुद्र तल से ऊँचाई, ढाल तथा अपवाह प्रतिरूप कृषि भूमि उपयोग को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष दोनों रूपों से प्रभावित करते हैं। ऊँचाई, विषम उच्चावच तथा ढाल प्रत्यक्ष रूप से कृषि पर प्रभाव डालते हैं। ये तीनों कारक कृषि की तीव्रता, यन्त्रीकरण अभिगम्यता तथा निम्न क्षेत्रों में बाढ़ को निर्धारित करते हैं। इन कारकों का परोक्ष प्रभाव जलवायु में संशोधन तथा उसमें उत्पन्न मृदा अपरदन के रूप में दर्शनीय है।

शोध क्षेत्र जनपद अमरोहा गंगा, युमना के विशाल मैदान में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में स्थित है। इसलिए शोध क्षेत्र का अधिकतर भाग समतल है लेकिन कहीं–कहीं पर ऊँचे–ऊँचे ढीले स्थित हैं। धीरे–धीरे ऊँचे–ऊँचे ढीले भी समाप्त होते जा रहे हैं। गंगा नदी शोध क्षेत्र की प्रमुख नदी है। इस नदी ने शोध क्षेत्र के समस्त भाग को काटकर या अपरदित या निक्षेप की क्रिया से समतल कर दिया है। नदी की इन क्रियाओं के प्रभावी होने के कारण यहां विशेष प्रकार की मिट्टियाँ पायी जाती हैं जो कृषि के विकास में सहायक होती हैं।

(ख) मिट्टियाँ एवं उनकी उर्वरक क्षमता–

मृदा कृषि कार्य के लिये भौतिक आधार बनाती है। गठन संरचना, लवणों तथा ह्यूमस के उचित संयोजन से समृद्ध मृदाएँ उत्तम परिणाम प्रदान करती है। कृषि भूगोलवेत्ताओं के लिए मिट्टियों की भौतिक तथा रासायनिक बनावट कीजानकारी आवश्यक है क्योंकि मिट्टियाँ खाद्यान्नों, रेशों, फलोत्पादों एवं फूलों आदि फसलों के प्रकारों को प्रभावित करती है। मिट्टियाँ कृषि के लिए आवश्यक पदार्थ प्रदान करती हैं।

विनिर्माण क्षेत्र में तीव्र प्रगति के बावजूद कृषि ही विश्व का सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिक व्यवसाय है। मिट्टियों के गठन, गहराई, ढाल, अपवाह तथा उर्वरता की भिन्नताएँ मिट्टियों के अध्ययन को भौगोलिक रूप से महत्वपूर्ण बनाती है। मिट्टियाँ मोटे तौर पर भूमि उपयोग को रेखांकित करती है तथा कृषि कार्यों को सीमित करती है। आर्द्र क्षेत्रों की मिट्टियाँ अत्याधिक निक्षालन क्रिया के कारण अधिकांशतः निकृष्ट ही हैं। आर्द्धशुष्क तथा शुष्क जलवायवीय दशाओं में उनकी निकृष्टता लवणों की परतें जमने के कारण होती हैं। जबकि निर्वाहक खाद्यान्न कृषि के अन्तर्गत वे फसलों के हेरफेर के अभाव में निकृष्ट होती हैं। भारी वर्षा के क्षेत्रों में निक्षालन द्वारा पोंषक तत्वों की क्षतिपूर्ति चना तथा उर्वरकों के भारी मात्रा में निवेश द्वारा की जा सकती है, किन्तु इससे लघु तथा सीमान्त कृषकों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। अत्यधिक जनसंख्या दबाव, दोषपूर्ण कृषि पद्धतियों तथा मिट्टियों के अत्याधिक शोषण के कारण परिणाम स्वरूप मिट्टियों की उर्वरता में हास होता है। जिससे कृषीय उत्पादकता घटती है। अतएव सावधानीपर्दूक मिट्टी प्रबन्धन की बहुत आवश्यकता हैं कृषि के लिए मिट्टियों के उचित उपयोग सुनिश्चित करने हेतु उनके सामार्थ्य की जानकारी आवश्यक है हल्की मिट्टियों में खेती करना आसान होता है, किन्तु उनमें जैविक पोषक तत्वों की न्यून्ता तथा नमी की कमी होती है। इसके विपरीत भारी मिट्टियों में कृषि कार्य करना महंगा पड़ता है तथा उनकी खेती में हल्की मिट्टियों की तुलना में अधिक जोखिम रहता हैं।

जनपद की अर्थव्यवस्था मूलतः कृषि पर आधारित है। वर्ष 2022 की गणना के आंकड़ों के आधार पर जनपद की कुल जनसख्या 14.99 लाख में से 1.94 लाख कृषक तथा 0.47 लाख कृषि श्रमिक थे जो दोनों मिलकर कर्मकरों का 63.05 प्रतिशत है जिसका व्यवसाय कृषि है।राजस्व विभाग के वर्ष 2021–2022 के आंकड़ों के आधार पर जनपद की भूमि उपयोगिता निम्न प्रकार है–

तालिका सं० – 1.4

जनपद में भूमि की उपयोगिता

क्र. स.	मद	क्षेत्रफल (हजार हे० में)	जनपद की कुल भूमि से प्रतिशतता
1	कुल प्रतिवेदित क्षेत्र	216879	100.00
2	वन क्षेत्र	21340	9.8
3	कृषि योग्य बंजर भूमि	974	0.45
4	वर्तमान परती	2950	1.4
5	अन्य परती	1218	0.56
6	ऊसर एवं कृषि के अयोग्य भूमि	1054	0.49
7	कृषि के अतिरिक्त अन्य उपयोग में लाई गई भूमि	16904	7.79
8	चारागाह	196	0.09
9	उद्यान एवं वृक्षों के अन्तर्गत क्षेत्र	293	0.12
10	शुद्ध बोया गया क्षेत्रफल	171977	79.3
11	एक से अधिक बार बोया गया क्षेत्रफल	85375	39.4
12	फसल सघनता	149.6	–

स्रोतः सामाजार्थिक समीक्षा 2022 जनपद अमरोहा

निष्कर्ष

प्रस्तुत अध्ययन क्षेत्र में जल संसाधनों का कृषि विकास पर प्रभाव, समस्याएँ एवं नियोजन से तात्पर्य यह है कि जल संसाधनों का कृषि विकास पर कितना प्रभाव पड़ा तथा कृषि क्षेत्र में कितनी उन्नति हुई शोधकर्ता ने जलसंसाधनों के साथ अध्ययन क्षेत्र का भौतिक स्वरूप, आर्थिक स्वरूप तथा सांस्कृतिक स्वरूप का भी अध्ययन किया है क्योंकि उनके बिना किसी भी समाज की उन्नति असम्भव है जल संसाधनों के मूल्यांकन एवं जल की गुणवत्ता को सर्वोपरि रखा है जिसमें जल आपूर्ति के स्रोतों के साथ–साथ भौतिक जल गुणवत्ता

तथा रासायनिक जल गुणवत्ता का भी सूक्ष्मता से अध्ययन किया है तथा अध्ययन से सामने आया कि जनपद में लगभग सभी स्थानों पर जल रंगहीन, गंधहीन तथा स्वादहीन है जिससे पता चलता है कि लगभग सम्पूर्ण अध्ययन क्षेत्र का जल पीने योग्य है। प्रस्तुत अध्ययन क्षेत्र के जल संसाधन उपयोगिता का भी सूक्ष्मता से अध्ययन किया गया है जिसमें सिंचाई पशुपालन, घरेलू तथा नगरीय, औद्योगिक, जल विद्युत तथा मनोरंजन में जल के उपयोग का गहनता से अध्ययन किया गया है जिससे स्पष्ट होता है कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध है प्रस्तुत अध्ययन क्षेत्र के कृषि विकास का भी गहनता से अध्ययन किया गया है। जिसमें प्राचीन काल, मध्यकाल तथा आधुनिक काल तक का अध्ययन किया तथा प्रयास रहा है कि अध्ययन में पारदर्शिता तथा विश्वसनीतया बनी रहे अध्ययन क्षेत्र के जल संसाधनों का कृषि विकास पर प्रभाव, को विशेष महत्व दिया गया है जिसमें कृषि विकास पर सिंचाई का प्रभाव, कृषि भूमि उपयोग, फसल प्रतिरूप में परिवर्तन, कृषि उत्पादकता में परिवर्तन कृषि फसलों की गुणवत्ता में परिवर्तन तथा सिंचित क्षेत्र में परिवर्तन को विशेष स्थान दिया गया है। उक्त बिन्दु एक दूसरे पर निर्भर तथा पूरक है। इनके बिना कृषि विकास अधूरा है। इन सभी के साथ–साथ अध्ययन क्षेत्र में कुछ समस्यायें भी है।

संदर्भ

1. क्यूनेन, पी. एच. (1956), रियलम्स ऑफ वाटर, पृ0 19
2. नेगी, बी. एस. (1972), संसाधन भूगोल, पृ0 129–130
3. कौशिक, एस. डी. (1995), संसाधन भूगोल, पृ0 597
4. कौशिक, एस. डी. (1995), संसाधन भूगोल, पृ0 598
5. चौधरी, सुषमा (2002), जल संसाधन एवं प्रादेशिक नियोजन, पृ0 7
6. नेगी, पी. एच. (1998), पारिस्थितिकीय विकास एवं पर्यावरण भूगोल पृ0 46
7. सिंह, ब्रजभूषण (1979), कृषि भूगोल, पृ0 2
8. Development Report (1995),P- 11.Published in UN.D.P.
9. सिंह, काशीनाथ एवं सिंह, जगदीश (1980), आर्थिक भूगोल के मूल तत्व, पृ0 136
10. रानी, अलका (1993), जनपद बिजनौर में सिंचाई एवं कृषि विकास का भौगोलिक विश्लेषण।
11. पाठक, गणेश कुमार (2004) जल संसाधनों का दुरुपयोग और बचाव के उपायकुरुक्षेत्र जून, पृ0 7
12. जगनारायण, मधु ज्योत्सना (2004) : ''भारत में बढ़ता जल संकट'' कुरुक्षेत्र जून, पृ०15
13. लखेड़ा, एस.के. और ध्यानी, संजय ''स्वच्छ पेयजल का सपना कब होगा साकार'' कुरुक्षेत्र, जून 2004, पृ0 18
14. डोगरा, बी. एवं भारती, आर. (2004) "परम्परागत जल स्रोतों का महत्व'' कुरूक्षेत्र, पृ०22
15. साहू, विमला (2004) ''जल प्रबंधन एवं समाज का उत्तरदायित्व'' कुरुक्षेत्र, पृ0 22
16. अग्रवाल, पू.सी. (2006) ''ग्रामीण क्षेत्र में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के प्रयास'' कुरुक्षेत्र मार्च, पृ0 26
17. सिन्हा, आर. के. (2006) ''भूमि तथा जलोपलब्धता, समस्याऐं एवं समाधान'' कुरूक्षेत्र, मार्च, पृ0 31
18. मोदी, अनिता (2006), ''बढ़ता जल–संकट''कुरूक्षेत्र मार्च, पृ० 33
19. कन्नौज, एस. आर. (2006) ''राजीव गाँधी जल ग्रहण क्षेत्र प्रबन्धन मिशन'' कुरूक्षेत्र, मार्च, पृ0 35
20. मालवीय, जे. (2006), ''जल संरक्षण की अनूठी मिसाल'' कुरूक्षेत्र, मार्च, पृ0 36
21. सिंह मनमोहन (2007), ''पेयजल और स्वच्छता मुद्दे योजना'', सितम्बर, पृ0 7
22. पंगारे, बी. एवं पंगारे, जी. (2007). ''जल के आविष्कार का क्रियान्वयन'' योजनासितम्बर, पृ0 8
23. पांडुरंगी, ए. (2007), "जल क्या वास्तव में सामाजिक वस्तु है?योजना, सितम्बरपृष्ठ–11
24. अभिजात, ए. (2007), ''एक तालाब का कायाकल्प'' योजना सितम्बर
25. मिश्रा, एस.पी. (2007), "जल संसाधन प्रबन्धन एवं सरंक्षण'', आविष्कार पब्लिशर्सडिस्ट्रीब्यूटर्स जयपुर (राजस्थान)
26. रुहेलखण्ड भौगोलिक शोध पत्रिका, जुलाई (2012) अंक X11 पृ0 196
27. सिंह, ब्रजभूषण (1994), कृषि भूगोल गोरखपुर पृष्ठ 60

पता

Dr. Arvind Kumar Singh
Moh. Heera Nagar, Thana Road,
Bheind Sarswati Vidhya Mandir,
Dhanaura, Dist. Amroha (UP)
PIN - 244231
MOB. NO. 9759230260

14

''झारखण्ड में विज्ञान एंव तकनीकी के क्षेत्र में अनुसंधानः पहल, चुनौतियाँ एवं सम्भावनाएँ''

प्रो0 (डॉ0) तपन कुमार शांडिल्य कुलपति

सारांश

प्रभूत प्राकृतिक संसाधनों एवं विपुल तथा जीवन्त मानव संसाधन से युक्त झारखण्ड राज्य में विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में अनुसन्धान की असीम सम्भावनाएं हैं। राज्य सरकार, शैक्षणिक संस्थानों और विभिन्न हितधारकों ने आर्थिक विकास को गति देने, सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने और झारखण्ड को नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में अनुसन्धान की महत्त्वपूर्ण भूमिका को पहचाना है– इस विषय में कोई सन्देह नहीं है। विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में अनुसन्धान किया जाना तो अपेक्षित है ही, विज्ञानेतर विषयों में अनुसन्धान के लिए भी विज्ञान और तकनीक के उपयोग की आवश्यकता है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसन्धान को प्रोत्साहित करने के निमित राज्य में झारखण्ड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् तथा झारखण्ड सूचना प्रौद्योगिकी संवर्धन एजेंसी[1] की स्थापना की गई है जो वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति के लिए एक सक्षम वातावरण बनाने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमन्त्री फेलोशिप कार्यक्रम युवा शोधकर्ताओं को वित्तीय सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करके प्रभावशाली परियोजनाओं पर काम करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री विज्ञान प्रशिक्षण योजना विज्ञान और प्रौद्योगिकी में कौशल विकास की सुविधा प्रदान करती है। विश्वविद्यालयीय शिक्षकों को शोधपरियोजनार्थ वित्तीय अनुदान अनुसन्धान को प्रोत्साहित करने के लिए लिए सराहनीय कदम है।

झारखण्ड में कई शैक्षणिक और अनुसन्धान संस्थान हैं जो राज्य के अनुसन्धान पारिस्थितिकी तंत्र के लिए आधारस्तम्भ का कार्य करते हैं। सामान्य विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त इंडियन स्कूल ऑफ माइंस, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फाउंड्री एंड फोर्ड टेक्नोलॉजी, बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, भारतीय वन उत्पादकता संस्थान, केन्द्रीय तसर अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण संस्थान, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान जैसे संस्थान अनुसन्धान के क्षेत्र में उत्कृष्टता को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। यह सही है कि सीमित अनुसंधान नीधि, आधारभूत संरचना की कमी तथा कुशल मानवसंसाधन के कारण अनुसन्धान के क्षेत्र में चुनौतियों हैं। परन्तु सरकार, निजी क्षेत्र तथा शैक्षणिक एवं अनुसन्धान संस्थानों के बीच सहयोगात्मक प्रयास आधारभूतसंरचना की कमी को दूर कर सकते हैं, जबकि कौशल विकास की पहल जनशक्ति को उत्कृष्टता प्रदान कर सकती है।

झारखण्ड की समृद्ध जैव विविधता और अद्वितीय सामाजिक–सांस्कृतिक पक्ष अन्तर्विषयक अनुसन्धान के अवसर प्रदान करते हैं। ऐसी परियोजनाएँ जो पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को आधुनिक वैज्ञानिक तरीकों के साथ एकीकृत करती हैं, मूल्यवान अंतर्दृष्टि और समाधान प्रदान कर सकती हैं जो सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक और वैज्ञानिक दोनों रूप से मजबूत हैं।

झारखण्ड के आदिवासी समुदायों के पास कृषि, वानिकी और औषधीय पौधों से संबंधित स्वदेशी ज्ञान का भण्डार है। इस पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक अनुसन्धान के साथ एकीकृत करने से टिकाऊ और सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील समाधान प्राप्त हो सकते हैं।

शोध निष्कर्षों को व्यावहारिक समाधानों में बदलने के लिए उद्यमिता और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने की बड़ी आवश्यकता है। झारखण्ड में हाल के वर्षों में स्टार्टअप और इनक्यूबेटर का उदय हुआ है, जो अनुप्रयुक्त अनुसन्धान और प्रौद्योगिकी संचालित उद्यमों पर बढ़ते जोर का संकेत देता है। शैक्षणिक संस्थानों और सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के बीच सहयोग से सॉफ्टवेयर विकास, कृत्रिम बुद्धिमता और डेटा प्रबंधन में नवाचार हो सकते हैं। प्रतिभा को आकर्षित करने और उच्च प्रभाव वाले अनुसन्धान को बढ़ावा देने के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, अनुसन्धान केंद्रों और प्रौद्योगिकी पार्कों में निवेश, अनुसन्धान के लिए अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में योगदान दे सकता है।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अनुसन्धान को बढ़ावा देने के लिए समावेशी शैक्षिक पहल की आवश्यकता है जो राज्य के हर कोने तक पहुंचे। आउटरीच कार्यक्रम, विज्ञान मेले और मोबाइल विज्ञान प्रयोगशालाएं दूरदराज के क्षेत्रों में छात्रों के बीच अनुसन्धान में जिज्ञासा और रुचि जगा सकती हैं। राज्य भर में अनुसन्धान केंद्रों और अध्ययन केंद्रों का एक नेटवर्क बनाने से अनुसन्धान गतिविधियों के विकेंद्रीकरण को बढ़ावा मिल सकता है। यह दृष्टिकोण न केवल क्षेत्रीय विकास को सुविधाजनक बनाता है बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि अनुसन्धान के लाभ आबादी के व्यापक वर्ग तक पहुंचे।

झारखण्ड में विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अनुसन्धान को बढ़ावा देने का एक महत्त्वपूर्ण पहलू अनुसन्धान संस्थानों और उद्योगों के बीच मजबूत संबंधों को बढ़ावा देना है। उद्योगों के साथ सहयोग यह सुनिश्चित करता है कि अनुसन्धान व्यावहारिक आवश्यकताओं के अनुरूप है, जिससे ऐसे नवाचारों को बढ़ावा मिलता है जिनका वास्तविक दुनिया में अनुप्रयोग होता है। संयुक्त अनुसन्धान परियोजनाएं, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण कार्यक्रम और उद्योग–प्रायोजित अनुसन्धान जैसी पहल इस एकीकरण में योगदान करती हैं। जैसे–जैसे विज्ञान और

प्रौद्योगिकी का परिदृष्य विकसित हो रहा है, एक कुशल और अनुकूल कार्यबल सुनिश्चित करना समय की आवश्यकता है।

मुख्य रूप से कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था को देखते हुए, झारखण्ड के सतत विकास के लिए कृषि में अनुसन्धान सर्वोपरि है। वैज्ञानिक हस्तक्षेपों के माध्यम से पानी की कमी, मिट्टी की उत्कृष्टता और फसल उत्पादकता जैसी चुनौतियों का समाधान ग्रामीण समुदायों के जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। कृषकों, शोधकर्ताओं और नीति निर्माताओं से जुड़े सहयोगात्मक प्रयास ग्रामीण विकास के लिए एक समग्र दृष्टिकोण बना सकते हैं, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि अनुसन्धान परिणामों से आजीविका में ठोस सुधार हो।

झारखण्ड को विशेष रूप से कुछ क्षेत्रों में पानी की कमी से संबंधित चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सतत विकास के लिए जल संसाधन प्रबंधन में अनुसन्धान आवश्यक है। जल संचयन, वाटरशेड प्रबंधन और कुशल सिंचाई प्रथाओं के लिए नवीन तकनीकों की खोज से कृषि और आजीविका पर पानी की कमी के प्रभाव को कम किया जा सकता है। अनुसन्धान संस्थान जल प्रबंधन प्राधिकरणों के सहयोग से, मजबूत जल संरक्षण रणनीतियों के विकास में योगदान दे सकते हैं। सार्वजनिक–निजी भागीदारी (पीपीपी) को प्रोत्साहित करना अनुसन्धान पहल के लिए संसाधनों और विशेषज्ञता का लाभ उठाने का एक रणनीतिक दृष्टिकोण है। सरकार एक अनुकूल नीतिगत माहौल, वित्तीय प्रोत्साहन और सहयोगी परियोजनाओं के लिए एक रूपरेखा प्रदान करके पीपीपी की सुविधा प्रदान कर सकती है। सरकार, निजी उद्योगों और अनुसन्धान संस्थानों के बीच संयुक्त उद्यम से बुनियादी ढांचे के विकास, प्रौद्योगिकी अपनाने और सामाजिक नवाचार जैसे क्षेत्रों में प्रभावशाली परिणाम मिल सकते हैं।[2]

झारखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विशेष रूप से इसके आदिवासी समुदायों की, सांस्कृतिक संरक्षण और दस्तावेजीकरण के लिए प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने का अवसर प्रस्तुत करती है। स्वदेशी भाषाओं को डिजिटल बनाने, पारंपरिक कला रूपों का दस्तावेजीकरण करने और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित करने वाली अनुसन्धान परियोजनाएं प्रभावशाली हो सकती हैं।

अपने विविध पारिस्थितिक तंत्रों को देखते हुए, झारखण्ड पर्यावरण विज्ञान और संरक्षण में अनुसन्धान के लिए अच्छी स्थिति में है। पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए वनों की कटाई, वन्यजीव संरक्षण और टिकाऊ संसाधन प्रबंधन को संबोधित करने वाली अनुसन्धान पहल महत्त्वपूर्ण हैं। पर्यावरण संगठनों के साथ साझेदारी, रिमोट सेंसिंग प्रौद्योगिकियों का उपयोग, और समुदाय–आधारित संरक्षण का प्रयास राज्य के प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा करने वाले अनुसन्धान में योगदान दे सकते हैं। एक स्थायी और पर्यावरण–अनुकूल दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर, झारखण्ड जिम्मेदार पर्यावरण प्रबंधन के लिए एक उदाहरण स्थापित कर सकता है।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी में स्वदेशी उद्यमिता को प्रोत्साहित करना समावेशी आर्थिक विकास के लिए महत्त्वपूर्ण है। जनजातीय समुदायों या स्थानीय उद्यमियों के नेतृत्व वाले स्टार्टअप और उद्यमों को समर्थन देने से सामाजिक–आर्थिक परिदृश्य पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। स्वदेशी उद्यमियों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करने वाली अनुसन्धान समर्थित पहल से स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप अद्वितीय और टिकाऊ समाधानों का विकास हो सकता है।

स्वास्थ्य सेवा का क्षेत्र झारखण्ड में अनुसन्धान के लिए महत्त्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है, विशेष रूप से जैव प्रौद्योगिकी और चिकित्सा विज्ञान जैसे क्षेत्रों में। प्रचलित स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करने, स्वदेशी चिकित्सा समाधान विकसित करने और जैव प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों की खोज करने वाली अनुसन्धान परियोजनाएं सार्वजनिक स्वास्थ्य पर दूरगामी प्रभाव डाल सकती हैं। अनुसन्धान संस्थानों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और दवा उद्योगों के बीच सहयोग से रोग की रोकथाम, निदान और उपचार में सफलता मिल सकती है। स्वास्थ्य देखभाल अनुसन्धान में निवेश करके, झारखण्ड स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवता में सुधार कर सकता है और राष्ट्रीय और वैश्विक स्वास्थ्य प्रगति में योगदान दे सकता है। एक औद्योगिक केंद्र के रूप में झारखण्ड को पर्यावरणीय प्रभाव और टिकाऊ औद्योगिक प्रथाओं से संबंधित चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उद्योगों के पर्यावरणीय प्रभाव की निगरानी और उसे कम करने, हरित प्रौद्योगिकियों को विकसित करने और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने पर केंद्रित अनुसन्धान महत्त्वपूर्ण सिद्ध हो सकते हैं।

डिजिटल परिवर्तन के युग में, प्रभावी प्रशासन और समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए ई– गवर्नेस और डिजिटल समावेशन में अनुसन्धान अनिवार्य है।[3] ई–गवर्नेस में डिजिटल साक्षरता, सुलभ ऑनलाइन सेवाओं और साइबर सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने वाली परियोजनाएं पारदर्शी और नागरिक–केंद्रित शासन में योगदान कर सकती हैं। शोधकर्ताओं, सरकारी एजेंसियों और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों के बीच सहयोग से मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे का विकास हो सकता है। ई–गवर्नेस में अनुसन्धान को बढ़ावा देकर, झारखण्ड सार्वजनिक सेवाओं की दक्षता बढ़ा सकता है, डिजिटल सशक्तीकरण की

सुविधा प्रदान कर सकता है और शहरी–ग्रामीण डिजिटल विभाजन को पाट सकता है।

विज्ञान संचार में अनुसन्धान वैज्ञानिक अवधारणाओं और खोजों की सार्वजनिक समझ को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। विज्ञान शिक्षा, विज्ञान पत्रकारिता और इंटरैक्टिव विज्ञान संचार पर ध्यान केंद्रित करने वाली परियोजनाएं वैज्ञानिक अनुसन्धान और सार्वजनिक जागरुकता के बीच की खाई को पाट सकती हैं। इस क्षेत्र में अनुसन्धान को प्राथमिकता देकर झारखण्ड वैज्ञानिक रूप से साक्षर और सूचना–सशक्त समाज का निर्माण कर सकता है।

निष्कर्ष

ऊपर उल्लिखित अनुसन्धान मार्गों की विविध श्रृंखला झारखण्ड में अनुसंधान–संचालित पहलों की व्यापक क्षमता को दर्शाती है। बहु–विषयक दृष्टिकोण अपनाकर और विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देकर राज्य व्यापक और सतत विकास का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। इन विविध क्षेत्रों में अनुसन्धान में निरंतर निवेश न केवल झारखण्ड के विकास में योगदान देगा बल्कि राज्य को नवाचार और समावेशी विकास में अग्रणी के रूप में स्थापित करेगा। वस्तुतः झारखण्ड में अनुसन्धान के लिए निरंतर प्रतिबद्धता, दूरदर्शी नेतृत्व और समाज के सभी क्षेत्रों से सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता है। अनुसन्धान पहल की सफलता के लिए सरकार से निरंतर समर्थन, शिक्षा जगत, उद्योग और स्थानीय समुदायों के बीच सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता आवश्यक है। जैसे–जैसे झारखण्ड सतत विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, अनुसन्धान इसके निवासियों के लिए सकारात्मक बदलाव, आर्थिक विकास और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए उत्प्रेरक बन सकता है। स्थानीय शक्तियों और वैश्विक विशेषज्ञता के बीच तालमेल अनुसन्धान पहल के प्रभाव को बढ़ा सकता है जिससे झारखण्ड एक गतिशील राज्य के रूप में स्थापित हो सकता है।

<u>सन्दर्भ ग्रंथ सूची</u>

1. https://www.jharkhand.gov.in/dept-of-information-technology-jharkhand
2. The Jharkhand Gazette Extraordinary, Published By Authority Of Industries Department.
3. https://www.jharkhand.gov.in/dept-of-information-technology-jharkhand

प्रो0 (डॉ0) तपन कुमार शांडिल्य कुलपति

डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी

विश्वविद्यालय, राँची

झारखण्ड

15

आधुनिक समय में सम्बन्धों के बदलते मानदण्ड

मधु सिंगला

सारांश

आधुनिक अर्थात आज का। अन्य शब्दों में वर्तमान समय ही आधुनिक काल है। मुख्य रूप से 19वीं शताब्दी से आधुनिक काल का प्रादुर्भाव माना जाता है क्योंकि इसी समय में देश में व्यापक स्तर पर परिवर्तन आये। औद्योगिक क्रांति और वैज्ञानिक प्रगति ने सामाजिक व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन किए। जिसका प्रभाव भारतीय संस्कृति पर भी हुआ तथा जनमानस की संकुचित मानसिकता में भी बदलाव आया। पुरुष –प्रधान समाज में नारी को भी स्थान मिलने लगा और तब प्रत्येक क्षेत्र में न केवल प्रगति हुई बल्कि देश की समृद्धि में भी बदलाव आया। समय की गतिशीलता के साथ –साथ आधुनिकता में भी परिवर्तन आया। जिसके कारण परंपरागत विचारों, मूल्यों एवं जीवन –शैली में अंतर होने लगा।

''साहित्य और समाज दोनों का घनिष्ठ संबंध है। यह दोनों एक –दूसरे के सहयोगी हैं। एक के अभाव में दूसरा अधूरा है। साहित्य को समाज से अलग नहीं किया जा सकता और न ही साहित्य समाज को साहित्य से क्योंकि साहित्य का केंद्र मानव रहता है और मानव एक सामाजिक प्राणी है। साहित्यकार अपने साहित्य में मानव की भावनाओं, अनुभूतियों एवं विचारों को लिपिबद्ध करता है। साहित्य में समाज के हर पहलू पर विवचे न एवं चिंतन किया जाता है। हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार –साहित्य में उन सभी बातों का जीवंत विवरण होता है जिसे मनुष्य ने देखा है, अनुभव किया है,सोचा है और समझा है। समाज निर्माण व उसके प्रदर्शन का उत्तरदायित्व भी साहित्य पर ही है।''

साहित्य ने बदलते परिवेश की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत की। साहित्य ने न केवल आधुनिक समय में पनपती समस्याओं को दर्शाया बल्कि समस्याओं के समाधान भी प्रस्तुत किए। परिवार एवं समाज को सर्वाधिक प्रभावित नारी की स्थिति करती है। पारिवारिक धुरी होने के कारण बहुत से रिश्ते उसकी स्थिति अनुसार बनते –बिगड़ते हैं। आधुनिक काल में नारी की स्वतंत्रता, आर्थिक स्वावलंबन ने जहाँ उसमें नया आत्मविश्वास जगाया तो कहीं नारी में अभिमान की भावना भी जाग्रत होने लगी। पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव और भौतिकता की लालसा में मनुष्य पथभ्रष्ट होने लगा।

''आधुनिक युग एक संक्रमण का युग है। समाज में परिवर्तन इतनी तीव्र गति से हो रहा है कि उसको ठीक प्रकार से नियंत्रित कर सकना प्रत्येक समाज के लिए संभव नहीं। प्रत्येक देश के सामने यह समस्या है कि किस प्रकार सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा किया जाये।आये दिन जिस अनुपात में आवश्यकतायें बढ़ रही हैं उस अनुपात में साधनों के वृद्धि संभव नहीं।''

आधुनिक साहित्य का स्वरूप भी प्राचीन साहित्य से सर्वथा भिन्न है। बदलते समय के साथ साहित्यकारों की भी व्यक्तिगत और समष्टिगत प्रतिक्रियाओं में परिवर्तन आया है।

आधुनिक व्यक्ति क्षणवादी है, भौतिकतावादी है,स्वार्थी है और तर्क –वितर्क करने का पक्षधर है। इसी तर्क –वितर्क की अधिकता के कारण आधुनिक मानव में आध्यात्मिकता की अनुभूति को अनुभूत करने का न समय है न ही इच्छा। अध्यात्म का संबंध मानवता से,नैतिक मूल्यों एवं सिद्धांतों से है।जिस पर विभिन्न संबंध जीव –पर्यंत टिके रहते हैं। आधुनिक परिप्रेक्ष्य में जितनी तेजी से संबंधों का मानदंड परिवर्तित हो रहा है उसमें सकारात्मक जीवन के संकेत कम है। अपनी संस्कृति से विमुख होकर पश्चिमी संस्कृति को अपनाने की चाहत में आधुनिक मानव किसी एक संस्कृति के प्रति समर्पित नहीं हो पा रहा और इसीलिए संबंधों में कुंठा, निराशा और घुटन बढ़ती जा रही है। पश्चिमी संस्कृति की स्वतंत्रता और भारतीय संस्कृति की सात्विकता में सामंजस्य न होने के कारण उसका प्रभाव खराब होता जा रहा है। मानवीय संबधं दिनोदिन पतन की ओर उन्मुख हो रहे हैं। मशीनीकरण के युग में मनुष्य मशीनों का दास है और प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ में असंयमित व्यवहार उसकी संस्कृति के सर्वथा विपरीत है। आधुनिक समय में संबंधों में परिवर्तन का मूलाधार संयुक्त परिवारों का तेजी से कम होना है। गाँवो में अपेक्षाकृत इस प्रकार की स्थिति कम है परंतु महानगरों में परिवार की परिभाषा ही पति –पत्नी और उनकी एक या दो संतानों तक सीमित हो चुकी है। ''निःसन्देह आधुनिक युग में तेजी से बदलते हुए सामाजिक मूल्यों और आदर्शों ने परिवार जैसी सामाजिक सस्ं था को प्रभावित किया है।आधुनिक प्रवृत्तियो से प्रभावित परिवार दिन –प्रतिदिन प्राचीन मानमूल्यों, आदर्शों व सयं ुक्त परिवार की एकता को खो बैठे हैं। संयुक्त परिवार आज इसलिए टूट रहे हैं कि आधुनिक प्रवृत्तियो से उनका सामंजस्य नहीं हो पा रहा है।के.पी. चट्टोपाध्याय ने लिखा है –आणविक परिवार एक ऐसी गृहस्थ इकाई है,जो पति –पत्नी और बच्चों में ही केंद्रित है और जिसमें संयुक्तता का अभाव है।''

वर्तमान में एकल परिवारों मे मानसिक शांति एवं खुशी एक भ्रम की स्थिति ही कही जा सकती है। सम्मान, सहयोग और संयम की ऊर्जा के स्रोत जो संयुक्त परिवारों में बड़े–बुजुर्गों के रूप में होते थे अब नहीं होते। सामाजिक तालमेल के अभाव में असामाजिक कार्यों में लगातार वृद्धि हो रही है। बदलती जरूरतों और परिस्थितियों के कारण

विद्वत समाज भी एकांगी परिवार को अहमियत और आदर्श परिवार की संज्ञा देने लगे हैं। आधुनिक समय में नगरों–महानगरो ं की महंगी जीवनशैली, स्वतंत्र जीवन की चाह, आवासीय कमी तथा अन्य कई कारणो ं का प्रभाव सबंधो ं पर पड़ने लगा है। दिनोंदिन आवश्यकता का बढ़ता दायरा, कृत्रिम एवं सुख–सुविधाओ ं से पूर्ण जीवन की चाहत के कारण अर्थोपार्जन का कार्य स्त्री –पुरुष समान रूप से करने लगे हैं। दोनो ं की अत्यधिक व्यस्तता ने युवा पीढ़ी को विशेष रूप से प्रभावित किया है। बाल्यावस्था से ही मनमर्जी एवं ख्वाहिशो ं के पूरी होने की आदी हो चुकी युवा पीढ़ी के लिए ज्यादा अहमियत केवल पैसे की रह जाती है। माता–पिता द्वारा किया गया किसी प्रकार का विरोध उन्हें विद्रोह की ओर ले जाता है। समरसता का अभाव और मूल्यों में आई विविधता के कारण पारिवारिक संगठन शिथिल हो गए हैं, और होते जा रहे हैं। महानगरों में आर्थिक आत्मनिर्भरता का प्रभाव इतना अधिक है कि पति–पत्नी के रूप में अथवा अभिभावक के रूप में स्त्री–पुरुष स्वयं भी स्वतंत्र जीवन की चाहत रखते हैं। उनकी यह इच्छा इतनी प्रबल रहती है कि वे बाहरी दुनिया को ही वास्तविक दुनिया मान लेते हैं। उनका वही आचरण आगे उनकी संतान अपना लेती है और जिस प्रकार आजकल का वातावरण है कि व्यक्ति एक समय पर नितांत अकेलापन महसूस करने लगता है। उसका कारण यही है कि बाहरी दुनिया सत्य रूप में बाहरी ही रह जाती है। जिसका अनुभव विषम परिस्थितियों में कष्टकारी रहता है।युवा पीढ़ी में बढ़ता क्रोध, प्रतिस्पर्धा, ईर्ष्या, अहंकार, असहनशीलता के भाव मानसिक विकृतियों को बढ़ावा देते हैं। परिवार में अपनत्व के अभाव में युवा पीढ़ी में कुंठा, निराशा और वेदना के दबे भाव आत्महत्या, अवसाद और अन्य गंभीर बीमारियों के रूप मे ं दिखाई देते हैं।

हिंदू धर्म में पति –पत्नी का संबंध सर्वाधिक अटूट संबंध माना जाता है परंतु आधुनिक परिप्रेक्ष्य में इनके मानदंडों में भी इतने परिवर्तन आ रहे हैं कि संबंध मात्र बंधन बनकर रह
गया है।

''विवाह के आधार में भी परिवर्तन हुए हैं। नयी पीढ़ी विवाह को एक समझौता मानने लगी है। विवाह–विच्छेद को आजकल बुरा नहीं समझा जाता। विवाह का आधार प्रेम व श्रद्धा की भावना न रहकर, भौतिकता की भावना हो चुकी है। इसके अतिरिक्त अंतरजातीय विवाह भी पारिवारिक विघटन के प्रमुख कारणों में हैं। अधिकांश युवक–युवतियाँ बिना सोचे–समझे गलत चुनाव करके,प्रेम विवाह रचा बैठते हैं और बाद में एक–दूसरे की रुचियाँ, मानसिक स्तर पर भिन्न पाने पर एक–दूसरे से दूर भागते हैं।''

सनातन संस्कृति के अनुसार किसी भी हिन्दू ग्रंथ में विवाह –विच्छेद जैसा कोई विषय ही नहीं है अर्थात इसके लिए किसी एक शब्द तक का निर्माण नहीं किया गया परंतु आधुनिक काल में नैतिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों की अवहेलना युवा पीढ़ी को तनिक भी विचलित नहीं करती। परिवर्तन होना सहज प्रक्रिया है और परिवर्तन के अनुसार स्वयं को ढालना समय की आवश्यकता। परंपरागत रूढ़ियों और अंधविश्वासो ं को छोड़ देना सही है परंतु संस्कारों से विमुख होना सही नहीं है। आज भी ऐसे परिवार हैं जहाँ अंधविश्वासों और रूढ़ियों को प्रश्रय दिया जाता है परंतु आधुनिक पीढ़ी जब उन्हे ं अपनाने से इकांर कर देती है तो पुरानी पीढ़ी के बुजुर्गों का सख्त रवैया नई पीढ़ी से तादात्म्य बैठाने में असफल रहती है। आधुनिक काल में संबधों की गरिमा को बनाए रखने में प्राचीन पीढ़ी को, मध्यम पीढ़ी से और मध्यम पीढ़ी को आज के युवा पीढ़ी से औचित्यपूर्ण सामंजस्य बनाए रखना अत्यावश्यक है। जिसके लिए समय एवं संयम जरूरी है।

महानगरो ं में जिस प्रकार से वृद्ध आश्रम बढ़ रहे हैं और वृद्धों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है वह सामंजस्यता न होने का परिचायक है। लोभ–लालच, आर्थिक समस्याएं, स्वतंत्र जीवन की चाहत में आधुनिक संबंध दम तोड़ रहे हैं।

कुछ मामलो ं में देखा जाए तो वे अभिभावक जिनकी संतान बोर्डिंग मे ं पढ़ती है या विदेश चली जाती है वह वहीं बस जाती है। तब वृद्धावस्था में उनकी देखभाल को कोई नहीं रह जाता परंतु ज्यादातर इनमें वही अभिभावक होते हैं जो बाल्यावस्था या किशोरावस्था में अपनी संतान को समय नहीं देते। अभिभावक संतान के भविष्य के प्रति चिंतित रहते हुए वर्तमान को गंवा देते हैं। इसके अलावा माता –पिता की अपेक्षाएं, कार्य की व्यस्तता, बनावटी जीवन–शैली और प्रतिस्पर्धा के कारण संतान प्राकृतिक रूप से बड़ी नहीं होती। जिसके कारण आपसे संबंधो ं मे ं तनाव अत्यधिक होने लगा है एक पीढ़ी से, दूसरी पीढ़ी के बीच के अंतर को सही प्रकार से न समझने के कारण आधुनिक सबं धो ं में विघटन की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ''माता–पिता भी परिवर्तित मानमूल्यों व सिद्धांतों के साथ समझौता करने को तैयार नहीं होते। वे नई पीढ़ी से आशा करते हैं कि उनकी जीर्ण –शीर्ण मान्यताओं को, रूढ़िवादिता को वे सहर्ष स्वीकार कर जीवन में अपनायें। नियंत्रण में रहे। लेकिन जब उनकी इच्छाओं के विरुद्ध पीढ़ी मनमाना आचरण करती है तो वृद्धजन उनके कटु आलोचना करते हैं जो पारिवारिक वातावरण को दूषित करती है।''

वर्तमान समय में बंधी–बंधाई परिपाटी पर रिश्तों को चलाना मुमकिन नहीं। रहन–सहन की, आने–जाने की, आजीविका की, विवाह संबंधी, रीति–रिवाज संबंधी सीमाएं एक हद तक आवश्यक है। संबंधों में नकारात्मक बदलाव का कारण अत्यधिक ढील या जरूरत से ज्यादा सम्बन्धो को बांधकर रखना है।

भौतिकतावादी युग में प्रेम – विवाह होना और टूटना आम बात है

और कुछ ऐसा हाल अब परिवार द्वारा तय किये गए रिश्ते में होता जा रहा है क्योंकि व्यक्ति के लिए आर्थिक सक्षमता पारिवारिक जीवन से ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है। लिव–इन–रिलेशनशिप में रहना आजकल महानगरो ं में बढ़ता जा रहा है क्योंकि वैवाहिक जीवन की पवित्रता में विश्वास का स्थान रिक्त होता जा रहा है। उम्र के बंधनों को नकारते हुए आधुनिक परिप्रेक्ष्य में संबंध चाहे पति–पत्नी के हो या अभिभावक के या अन्य कोई भी, सब में परिवर्तन स्पष्ट परिलक्षित होता है। इनमें परिवर्तन या तो रूढ़िग्रस्तता के अत्यधिक दबाव के कारण है या अत्यधिक स्वच्छंदता के कारण।

निष्कर्ष

समग्रतः परिवारो ं के छोटे होने से व्यक्ति की सोच भी छोटी अर्थात् आत्मकेद्रित रह गई है। केवल कुछ प्रतिशत संबंधों में ही गंभीरता और प्रेम का भाव विद्यमान है। धर्म के प्रति आस्था, रीति–रिवाजों का निर्वहन, पारिवारिक समस्याओं के प्रति सयुंक्त निवारण जो भारतीय संस्कृति का प्रतीक है वह आज भी है, भले ही कम हो। युवा पीढ़ी पश्चिमी संस्कृति से प्रभावित तो है परंतु फिर भी कहीं–न–कहीं अपनी संस्कृति से जुड़ाव भी महसूस करती है। जब तक यह जुड़ाव की भावना है तब तक समय कितना भी आधुनिक हो जाये परंतु संबंध बने रहेगे।

1. मंजू, डॉ० रामरती, डॉ० मुक्ता के कथा साहित्य में सामाजिक संवेदना, ,पृष्ठ संख्या –111
2. डॉ० के.के मिश्र, आधुनिक भारत में सामाजिक परिवर्तन, पृष्ठ संख्या–165
3. चौहान बाजूभाई सी, अमृतलाल नागर के उपन्यासों में पारिवारिक विघटन
4. चौहान बाजूभाई सी, अमृतलाल नागर के उपन्यासों में पारिवारिक विघटन
5. चौहान बाजूभाई सी, अमृतलाल नागर के उपन्यासों में पारिवारिक विघटन

मधु सिंगला
शोध छात्रा
सिंघानिया विश्वविद्यालय
पचेरी बड़ी झुंझनु (राजस्थान)

16

मन्नू भण्डारी की कहानियों में वैवाहिक समस्या

डॉ0 सुधा कुमारी

सारांश

मन्नू भण्डारी हिंदी साहित्य की स्त्री रचनाकारों में एक ऐसा नाम है जो बदलते समय के साथ बदलते रिशतों की कहानियों को बिना किसी लाग –लपेट के सहज भाव से उकेरा है। आजादी के बाद सिर्फ देश की स्थिति नहीं बदलीं बल्कि भारतीय समाज की पारिवारिक व्यवस्था भी बदलने लगीं, इस व्यवस्था की मूल इकाई स्त्री का जीवन एक ऐसी दुनिया में प्रवेश करने लगा जहाँ उसके पिढियो से दबी इच्छाएँ आकार लेने लगीं, जिसे स्त्री ना हाथों से पकड़ पा रही थी ना ही उसे छोड़ सकती थी, जिसके कारण घर–द्वार में उलझी रहने वाली स्त्री अब घर की दुनिया में सिमटना नहीं चाहतीं थी ब्लिक अपनी एक अलग पहचान बनाने के लिए रास्ते तलाशने लगतीं है। स्त्री के इस बदलाव को समाज एवं परिवार सहजता से नहीं स्वीकारता ब्लिक उसके समक्ष चुनौतीपूर्ण स्थितियों के रूप में ही सदा दिखता है जिसे मन्नू भण्डारी ने बहुत बारीकी से उभारा है। इन्होंने स्त्री जीवन से जुड़ी अनेक समस्याओं को कलमवद्ध तो किया ही है लेकिन विवाह से उत्पन्न समस्या एवं उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं को मन्नू भण्डारी ने जिस सहजता व तीक्ष्णता के साथ उल्लेखित किया है वह अन्यत्र कहीं भी नहीं मिलता।

मन्नू भण्डारी हिंदी साहित्य का एक ऐसा नाम हैं जिन्होंने स्त्री जीवन के विभिन्न पहलुओं को कहानियों के माध्यम से सजगता के साथ चिन्हित किया है। जिसमें प्रमुखता के साथ उन्होंने नारी जीवन में आई विस गति तथा चुनौती को वैवाहिक जीवन के सापेक्ष उभारा हैं। मन्नू भण्डारी की रचनाओं में जहाँ एक ओर स्त्री आधूनिक जीवन शैली को अपनाते हुए अपने अस्तित्व के प्रति सजग एवं सचेत दिखाई पड़ती हैं वहीं अपने टूटते–बिखरते रिश्तों के समक्ष अपने को बेबस और लाचार पाती हैं, उसकी विवशता , उसकी मजबूरी कभी –कभी इतना बढ़ जाता हैं कि उसे वैवाहिक संबंध उसके लिए बेमानी तथा बोझ बन जाते हैं। वैवाहिक संबंधो से मिली यात्रणा तथा कडवाहट से बाहर निकलने के लिए सब धो से अलग होने के अलावा उनके पास अन्य कोई विकल्प नहीं बचता जिसे श्बद दराजों के साथश कहानी कि नायिका मण्जरी इस प्रकार व्यक्त करतीं हैं––––––––––––––जिस तटस्थता से उसने सब कुछ झेला और अपने को टूटने नहीं दिया, उससे उसे लगने लगा था, अनायास ही उसकी उम्र के दस साल कहीं चले जाते। –––––––––––––––––– दिनों ने गुजरकर उसकी उम्र की संख्या में जरूर वृद्धि कर दी है पर भावनाएँ आज भी अछूती है। जिन्दगी के वे सुनहरे दिन, जब उसे अपनी भावनाओं पर खर्च करना था, मरे हुए सम्बन्धों की लाश ढोने में ही बीत गए।[1]

मन्नू भण्डारी की रचनाओं का केंद्र स्त्री जीवन तथा उससे जुड़ीं समस्याएं रहीं हैं जो उनकी अधिकांष रचनाओं में आसानी से देखें जा सकते हैं। समकालीन भारतीय समाज में हो रहें परिवर्तन और उससे प्रभावित नारी का जीवन अनेक स्तरों पर परिवर्तित होने लगता हैं, सिर्फ उसके आचार––विचार जीवन–शैली, तथा सामाजिक व आथिर्क स्थिति ही नहीं बदलतीं बल्कि उसके रिश्तो की सबसे मजबूत डोर भी टूटने लगतीं है। रिश्तों की उलझनों में ऊलझी नारी के चरित्र व उसके टूटने की पीड़ा अनेक स्त्री पात्रों के माध्यम से मन्नू भण्डारी ने चित्रित किया हैं,। चाहे वह श्कील और कसकश कहानी कि रानी हो अथवा श घुटन की प्रतिमा दोनों ही अपने वैवाहिक जीवन के दंश से मुक्ति चाहती हैं। रानी अपने पति कैलाश के रुखे व्यवहार से इतनी आहत थीं कि वह––––––––––––––––कैलाश के जातें ही फूट–––फूटकर रोने लगी। विवाह से लेकर आज तक, वह अनेक प्रकार से अपने मन को समझाती आई है, पर आज उसका मन, बुद्धि और तर्कों के जाल को तो तोड़ कर पूरी शक्ति के साथ विद्रोह कर उठा।[2]

स्वात्योतर हिंदी कथा साहित्य में वैवाहिक जीवन से जुड़ी समस्याओं को स्त्री के परिपेक्ष्य में देखने एवं परखने का भरपूर प्रयास किया गया है। अधिकांश स्त्री रचकारो ने इस बिषय को ना सिर्फ कलमवद्ध किया ब्लिक उसे प्रमुखता के साथ बिना किसी लाग–लपेट के ज्यों का त्यों चित्रित किया है। मन्नू भण्डारी ने भी नारी की मनोदशाओं को, उसके टूटते विशवास को, व उनसे उपजी व्यथा को अलग– अलग पात्रों के द्वारा चिन्हित किया है। कभी वो ष्तीसरा आदमीष् कहानी कि ष्शकुनष् के रूप में तो कभी तीन निगाहों की एक तस्वीरश कि दंशना के रूप में अभिव्यक्त होती हैं। पात्र बदलते रहते हैं परंतु सबकी समस्या कमोबेश एक जैसी ही रहतीं हैं, कारण कुछ भी हो, स्थितियाँ –परिस्थितियाँ भिन्न– भिन्न होने के बावजूद भी स्त्री अपने परिवार और उसके भावनात्मक सम्बन्ध को जोडे रखने में स्वयं को लाचार व विवश पाती हैं। क्योंकि ये सभी सम्बन्ध उसकी चाहनाओ पर निर्भर नहीं करता ब्लिक अपनी इच्छाओं के पूर्ति के लिए उससे जुड़े रहते है , जिसके कारण वैवाहिक संबंध में दरार उत्पन्न होने लगता हैं। ष्दरार भरने की दरारष् कहानी कि नायिका श्रुतिदी एक विख्यात चित्रकार हैं जिसका अपने पति विभुदा से वैचारिक मतभेद इतना ज्यादा बढ़ जाता हैं कि वह अपने पति से अलग होना चाहतीं हैं वह नदी से कहती हैं कि––––––––––––––––खाने के लिए

अपनी नौकरी पर निर्भर करती हूँ, और जीने के लिए कला पर, तेरे पास घर मिल गया तो संकट–मुसीबत के समय तुझ पर निर्भर करूँगी, विभु इन सबमें आते कहाँ हैं। [3]

बदलती आथिर्क एवं सामाजिक परिस्थितियाँ परिवार के मजबूत डोर को ना सिर्फ कमजोर करतीं हैं, ब्लिक रिश्तों में कडवाहट इस कदर भर देतीं हैं कि अलगाव, दुराव, एवं घुटन वैवाहिक जीवन का प्रयार्य बन जाते हैं। बंद दराजों के साथकि नायिका मंजरी विपीन को छोड़कर दिलीप को अपनाती हैं, परन्तु इस रिश्ते में भी दरार उत्पन्न होने लगा , टूटते–बिखरते रिश्तों की उलझनों में उलझी मंजरी को लगता हैं कि ————————————बाहर से कुछ नहीं बदला था, न बातचीत में, न व्यवहार में। पर अनजाने और अनचाहे ही भीतर से जैसे मन बंट गए थे, जिन्दगी बंट गई थी, हर बात हालांकि प्रसंग और स्थितयां दूसरी थी, पर बंटने की पीड़ा वही थी, वैसी ही थी (4) मंजरी जीवन के अकेलेपन से उबकर नयें रिश्ते के साथ जुडती है क्योंकि तीन साल का उसका बेटा, उसके जीवन कि उस रिक्तता को नहीं भर पाता हैं जो उसे विपीन ने दिया है। विपीन से मिले धोखे को मण्जरी दिलीप के प्रेम एवं विशवास के सहारे भूलना चाहती है, लेकिन वहाँ भी मंजरी को वह नहीं मिलता जिसकी अपेक्षा में उसने दिलीप से की थी। इस पीड़ा से मंजरी अकेली नहीं जुझ रही हैं बल्कि कमोबेश हर आधुनिक नारी कि यहीं समस्या है जो वैवाहिक रिशतों की उलझनों में उलझकर रह जाती हैं और अततः मण्जरी की तरह इस रिश्ते से अलग होना ही बेहतर समझती हैं। जैसे मंजरी कहती हैं कि———————— ————————————इस युग में आशा करना ही मूर्खता है, क्योंकि आज जिन्दगी का एक ही पहलू हर स्थिति और हर सम्बन्ध एक सम्सयाहीन समस्या होकर ही आता है, जिसे सुलझाया नहीं जा सकता है [5]

भारतीय समाज में लगातार हो रहें परिवर्तन तथा आधुनिक होती सामाजिक वयवस्था, समाज के लगभग सभी घटकों को प्रभावित करता है, जिससे नारी भी अछूती नहीं रहती, शिक्षित होती स्त्री अपने स्व के प्रति तो सजग हैं ही ,साथ ही वह अपने उन अधिकारों को लेकर भी सचेत है, जो उसके अस्तित्व के लिए आवश्यक है। नारी का जीवन अनेक आयामों से जुडता हुआ, विभिन्न क्षेत्रों में कदम रखने लगता हैं। जिसके कारण वह घर की दहलीज लांघकर नई दुनिया से परिचित होतीं हैं, साथ ही नए रिश्ते , नई सोच के साथ जीवन को जीना चाहती हैं। लेकिन उसकी इच्छा व परिवार के तौर–तरीके के बीच इतना बड़ा फासला होता है जिसे पाटना तो दूर उसके साथ जीवन काटना भी चुनौतियों से भरा होता है। नारी जीवन में आए इन विसंगतिओ को मन्नू भंडारी ने अपनी कहानी के नारी चरित्रों के माध्यम से सहजता के साथ उकेरा है। ष्दीवार बच्चे और बरसातष् कहानी में आधुनिक व शिक्षित नारी कि इसी सम्सया पर प्रकाश डाला गया है,,जहाँ परिवार तथा समाजद दोनों ही उसके नए स्वरूप को स्वीकार नहीं करना चाहते हैं ————————————————

ये पढी–लिखी जो न करें सो थोड़ा है। ————————————मैं तो सच्ची बात कहूँ हूँ, इस पढाई, निगोड़ी ने औरतों का धरम–करम तो सब डुबो दिया!————————अरे, पढाई बिचारी क्या करैं, यह तो अपने विचार की बात है। ————————————————अब दोस जिसे चाहे दो, हम तो यह जाने है पहले की लड़कियां ऐसा नहीं करैं थीं। ————————————हद कर दीनी उसनें तो। ————————————मैंने तो तभी अम्मा से कह दीनी कि लड़की का चाल–चलन अच्छा नहीं लगे हैं, रानी बीबी से ज्यादा मेलजोल मत बढने दो। लड़की की जात को बिगड़ते कित्ती देर लगै है भला (6)

समकालीन परिवेश तथा परिस्थितियों के प्रति सजग मन्नू भंडारी अपनी कहानियों में स्त्री जगत में आए लगभग सभी परि वर्तन को चिन्हित किया है, जिसमें उसके टूटते वैवाहिक संबंधों के दंश को नारी की मनोदशा के अनुरुप चित्रित किया है। उन्होंने नारी पात्रों के माध्यम से एक ओर उसके जीवन में आए बदलाव को दर्शाने का प्रयास किया है, वही दूसरी तरफ टूटते पारिवारिक संबंध के कारण जीवन में आई कडवाहट को भी सजगता से चित्रित किया है। आधुनिक जीवन शैली स्त्री तथा पुरूष दोनों के जीवन समान रूप से प्रभावित करता है, जिसके कारण उनके वयक्तित्व को बहुत हद तक जिद्दी, स्वकेंद्रित तथा उदासीन प्रवृति वाला बनाते हैं, जो जीवन के बिषम परिस्थितियों से थककर, ऊबकर, जीवन के संत्रास भोगने के लिए विवश दिखते हैं।

निष्कर्ष

व्यक्ति की बढ़ती इच्छा, अकांझा तथा आवश्यकताओं के कारण जहाँ परिवार की उपेक्षा उसकी मजबूरी है, वही वह अपने रिश्तों को संभालने में असमर्थ दिखता है। व्यक्ति का यंत्रवत जीवन उसके संबंधो में दूरियो कारण बना, वही स्त्री परिवार के बीच में भी स्वयं को अकेला पाती है। स्त्री के इसी विवशता तथा वर्तमन की तड़प को मन्नू भण्डारी ने वैवाहिक जीवन के संदर्भ में चित्रित किया है। बिखरते रिश्तों के बीच स्वयं को तलाशती नारी के मनोभाव को मन्नू भण्डारी ने संवेदना के साथ अभिव्यक्ति किया है। स्त्री की विवशता तथा उसके अर्तमन की तड़प को मन्नू भण्डारी ने अपनी कहानियों में बिशेष रूप अभिव्यक्त किया है।

संदर्भ –सूची

1. बंद दराजों के साथ (मन्नू भण्डारी सम्पूर्ण कहानियाँ) पृ संख्या–337
2. मै हार गई (कील और कसक) पृ संख्या–121
3. मन्नू भंडारी सम्पूर्ण कहानियाँ (दरार भरने की दरार) पृ संख्या

– 373

4. मन्नू भण्डारी की सम्पूर्ण कहानियाँ (बंद दराजों के साथ) पृ संख्या –341
5. मन्नू भण्डारी की सम्पूर्ण कहानियाँ (बंद दराजों के साथ) पृ संख्या–342
6. में हार गई(दीवार श्बच्चे और बरसात) पृ संख्या –93

सम्पर्क –सूत्र

डॉ0 सुधा कुमारी

(अतिथि प्रवक्ता राजकीय महाविद्यालय बसई नवाब)

ए–7/183

सेक्टर–17, रोहिणी नई दिल्ली–110089

मोबाइल संख्या–8010164469

17

ऐतरेय उपनिषद में मूल्य : एक अंतर्दृष्टि

डॉ0 सुमन

सारांश

भारतीय आध्यात्मिकता के समृद्ध संदर्भ में, उपनिषदों में प्रकाशमय मूल्यों को मनुष्य के उज्ज्वल जीवन जीने के लिए निर्देशक सिद्धांतों का रूप माना जाता है। वे जन्म और मृत्यु के चक्र (संसार) से मुक्ति (मोक्ष) पाने के लिए आत्म–ज्ञान, नैतिक चरित्र और आध्यात्मिक साधना की आवश्यकता पर बल देते हैं।

उपनिषद हिंदू धर्म के सबसे प्राचीन ग्रंथ–रत्न हैं जो कि चिंतनशील एवं सृजनशील ऋषियों की दार्शनिक काव्य रचनाएँ हैं। उपनिषद, वास्तव में हमारे सबसे प्राचीन और पवित्र वेदों का ही विश्लेषण हैं, ये वेदों के गर्भ में निहित मूल्यों के ज्ञान को उजागर करने का प्रयास करते हैं। उपनिषद ने भारतीय दर्शन और आध्यात्मिकता को गहराई से प्रभावित किया है तथा ये ही वेदांत के विचार का मूल हैं, जो ब्रह्म को सर्वोच्च सत्य मानता है और मानव जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य उस सर्वोच्च सत्य को प्राप्त करना है। उपनिषदों में उल्लिखित अद्वैत की विचारधारा ने आदि शंकराचार्य की शिक्षाओं के साथ–साथ, अन्य भारतीय दार्शनिक परंपराओं को भी प्रभावित किया है और ये वर्तमान समय में भी प्रासंगिक हैं। उपनिषद कई महत्वपूर्ण मूल्यों को स्पष्ट करता है जो वास्तविकता की प्रकृति, स्वयं और मानव अस्तित्व के अंतिम उद्देश्य में गहन अंतर्दृष्टि का वर्णन करते हैं।

ऋग्वेद में समाहित, स्वयं (आत्मन्) और परम वास्तविकता (ब्राह्मन्) की प्रकृति पर दार्शनिक अंतर्दृष्टि और शिक्षाओं का उल्लेख मुख्यतः ऐतरेय उपनिषद में मिलता है। इनमें ध्यान, स्वयं की प्रकृति और व्यक्तिगत आत्मा (जीवात्मा) और सार्वभौमिक आत्मा (परमात्मा) के बीच संबंध पर शिक्षाएं शामिल हैं। यह उपनिषद, ऋग्वेद से जुड़े होने के बावजूद, वेदों के नाम से जाने वाले साहित्य के व्यापक निकाय का भी हिस्सा हैं और अपनी गहन दार्शनिक और आध्यात्मिक शिक्षाओं के लिए पूजनीय हैं।

ऐतरेय उपनिषद, गहन दार्शनिक अवधारणाओं को उजागर करता है और मानवता की आध्यात्मिक यात्रा के लिए प्रासंगिक अमूल्य ज्ञान प्रदान करता है। ऐतरेय उपनिषद, ऋग्वेद का एक हिस्सा, भारतीय दर्शन और आध्यात्मिकता में सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित ग्रंथों में से एक है। इसे तीन अध्यायों में विभाजित किया गया है । यह उपनिषद स्वयं की प्रकृति, ब्रह्मांड और परम वास्तविकता सहित विभिन्न दार्शनिक पहलुओं पर प्रकाश डालता है। यह तथ्यों, स्वयं के अस्तित्व और ब्रह्मांड की प्रकृति में गहराई से उतरता है, यह आध्यात्मिक साधकों के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करता है।

ऐतरेय उपनिषद में महत्वपूर्ण मूल्य :–

स्वयं (आत्मन्) की अवधारणा :– ऐतरेय उपनिषद की शिक्षाओं का केंद्र स्वयं (आत्मन्) की प्रकृति की खोज है। यह इस विचार को उजागर करता है कि व्यक्तिगत आत्म, परम वास्तविकता (ब्राह्मन्) से अलग नहीं है, बल्कि वास्तव में, उसके समान है। व्यक्ति और ब्रह्म के बीच एकता की इस अनुभूति को भारतीय दर्शन में मुक्ति (मोक्ष) की कुंजी माना जाता है। आदि शंकराचार्य द्वारा एतरेय उपनिषद पर रचित भाष्य में भी स्पष्ट है कि "सम आत्मा ब्रहास्मीत्येवं विद्यात्" अर्थात् सभी प्राणियों में स्थित आत्मा ही ब्रह्म है। इसी प्रकार बृहदारण्यक उपनिषद में भी उल्लेख मिलता है कि "अहम् ब्रह्मास्मि" अर्थात् सभी व्यक्तियों में ब्रह्म है।

ऐतरेय उपनिषद की केंद्रीय शिक्षाओं में से एक ब्राह्मन् की अवधारणा है, जो सभी प्राणियों के अस्तित्व को रेखांकित करती है। ऐतरेय उपनिषद की यह शक्तिशाली घोषणा व्यक्तिगत 'स्व' और 'परम' वास्तविकता के बीच पहचान के गहन सत्य को समाहित करती है। यह प्रत्येक प्राणी के भीतर अंतर्निहित दिव्यता और अस्तित्व की परस्पर संबद्धता को चिन्हित करती है। ब्रह्म को ब्रह्मांड में प्रत्येक वस्तु के स्रोत और सार के रूप में वर्णित किया गया है।

अस्तित्व की एकता (अद्वैत) :– ऐतरेय उपनिषद अद्वैत के दर्शन की व्याख्या करता है, जो वास्तविकता की एकरूपता की प्रकृति पर जोर देता है । यह सिखाता है कि केवल एक ही परम वास्तविकता (ब्रह्म) है और दुनिया में सभी स्पष्ट भेद और विभाजन महज भ्रम हैं। एकता की यह अनुभूति आध्यात्मिक मुक्ति की प्राप्ति के लिए केंद्रीय है। एतरेय उपनिषद के तृतीय अध्याय के प्रथम खंड में कहा गया है कि 'प्रज्ञानं ब्रह्म', अर्थात् ब्रह्म रूपी सत्य को जानने की चरम सीमा ही प्रज्ञान है। ऐतरेय उपनिषद चेतना (प्रज्ञान) और ब्रह्म के बीच की पहचान पर प्रकाश डालता है। यह ब्रह्मांड की अंतर्निहित वास्तविकता के रूप में चेतना की आंतरिक प्रकृति को रेखांकित करता है। ब्रह्मांड में सब कुछ आपस में जुड़ा हुआ है और अंततः व्यक्तिगत स्व और परम वास्तविकता के बीच कोई अलगाव नहीं है। यह शिक्षा सभी प्राणियों के प्रति एकता और करुणा की भावना को बढ़ावा देती है, एक सामंजस्यपूर्ण और संतुलित जीवन शैली को बढ़ावा देती है।

आध्यात्मिक शुद्धि और आत्म–अनुशासन :– यह उपनिषद आध्यात्मिक शुद्धि और आत्म–अनुशासन पर भी प्रकाश डालता है। इसमें ध्यान और आत्म–नियंत्रण शामिल हैं जिससे व्यक्ति अपनी भौतिक सीमाओं को पार कर सकते हैं और अपने उच्च स्व से जुड़ सकते हैं, जिससे आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त हो सकता है। जब प्राणी अपनी आत्मा को अपने मन, वचन और कर्म के द्वारा परमात्मा की ओर ले जाता है तो वहां मन, वचन और कर्म शुद्ध होते हैं, जिसके कारण जीवन में अनुशासन आता है।

यह उपनिषद स्वयं की वास्तविक प्रकृति को समझने के

अग्रदूत के रूप में आंतरिक परिवर्तन के महत्व पर जोर देता है। यह सिखाता है कि मुक्ति बाहरी अनुष्ठानों या कार्यों से नहीं बल्कि मन की शुद्धि और आध्यात्मिक ज्ञान से प्राप्त होती है। स्वयं की वास्तविक प्रकृति को समझकर, व्यक्ति जन्म और मृत्यु (संसार) के चक्र को पार कर सकता है और मुक्ति (मोक्ष) प्राप्त कर सकता है। व्यक्ति स्वयं को आत्म–जांच और आत्मनिरीक्षण के माध्यम से इस सत्य को महसूस करने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है। व्यक्ति परम शांति और खुशी प्राप्त कर सकता है। आत्म–साक्षात्कार को मानव जीवन के अंतिम लक्ष्य के रूप में देखा जाता है और इसे सत्य पूर्णताः की कुंजी माना जाता है।

नैतिक आचरण (धर्म) :– ऐतरेय उपनिषद एक धार्मिक और सदाचारी जीवन जीने में नैतिक आचरण (धर्म) के महत्व को रेखांकित करता है। यह सिखाता है कि आध्यात्मिक विकास और आत्म–प्राप्ति के लिए नैतिक सिद्धांतों और धार्मिकता का पालन आवश्यक है। यह दुनिया में सद्भाव और संतुलन बनाए रखने में धार्मिक आचरण के महत्व को रेखांकित करता है।

वैराग्य (वैराग्य) :– उपनिषद, सांसारिक इच्छाओं और आसक्तियों से रहित वैराग्य के गुण की प्रशंसा करता है। यह वर्णित करता है कि सच्ची खुशी और संतुष्टि, भौतिक संपत्ति के प्रति लगाव को छोड़कर आध्यात्मिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने से आती है। ऐतरेय उपनिषद की शिक्षाएँ, विशेष रूप से वैराग्य और स्वयं की अनित्यता से संबंधित शिक्षाएँ, बौद्ध धर्म की शिक्षाओं के समान हैं। बौद्ध धर्म दुख से मुक्ति पाने के साधन के रूप में नैतिक आचरण, ध्यान और आत्म–बोध के महत्व पर ही जोर देता है।

ज्ञान (विद्या) :– ऐतरेय उपनिषद मुक्ति प्राप्त करने में ज्ञान (विद्या) के महत्व पर जोर देता है। यह सिखाता है कि सच्चा ज्ञान केवल बौद्धिक समझ नहीं है, बल्कि ब्रह्म के समान स्वयं (आत्मन्) की प्राप्ति है। आचरण और परिचर्या तो केवल अंतर शुद्धि के लिए हैं, परन्तु ज्ञान के बिना कोई भी मुक्त नहीं हो सकता। जीव ज्ञान, गुरु की शरण से, शास्त्रों के अध्ययन से, विचार–ध्यान से, निर्विकल्प समाधि आदि द्वारा प्राप्त करके अपने आत्मस्वरूप को जान पाता है और ब्रह्म के साथ एकत्व को प्राप्त करता है। ऐतरेय उपनिषद ज्ञान के अधिकारी को ही संन्यासी मानता है।

योग :– ऐतरेय उपनिषद में सिखाए गए आत्म–बोध, नैतिक आचरण और वैराग्य के मूल्य भी योग में मूलभूत सिद्धांत हैं। योग, जैसा कि पतंजलि के योग सूत्र में बताया गया है, का उद्देश्य ध्यान और आसन जैसी प्रथाओं के माध्यम से मन, शरीर और आत्मा का एकीकरण करना है। इन प्रथाओं का उद्देश्य आत्म–बोध प्राप्त करना और जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्ति पाना है।

एकता और सद्भाव :– अस्तित्व की एकता और प्रकृति के साथ सद्भाव में रहने का मूल्य, जैसा कि ऐतरेय उपनिषद में उल्लेखित किया गया है, का पर्यावरणीय नैतिकता और स्थिर जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। यह सभी जीवन रूपों के अंतर्संबंध और पर्यावरण के सम्मान और संरक्षण के महत्व पर जोर देता है।

कर्म का सिद्धांत :– ऐतरेय उपनिषद कर्म के सिद्धांत पर भी चर्चा करता है, जो कहता है कि प्रत्येक कर्म का फल मनुष्य को भोगना पड़ता है, हमारा जीवन हमारे द्वारा किए गए कर्मो का ही परिणाम होता है , हम जो बोते हैं वही काटते हैं। यह धार्मिक कार्यों (धर्म) को करने और नैतिक जीवन जीने के महत्व पर जोर देता है। कर्म का सिद्धांत व्यक्तिगत जिम्मेदारी के विचार पर प्रकाश डालता है और ईमानदारी तथा सदाचार का जीवन जीने के महत्व को रेखांकित करता है।

विश्व का भ्रम (माया) :– उपनिषद माया, दुनिया के भ्रम की अवधारणा पर भी चर्चा करता है। यह शिक्षित करता है कि दुनिया वैसी नहीं है जैसी दिखती है और अंतिम वास्तविकता इंद्रियों की समझ से परे है। यह शिक्षा व्यक्ति को जीवन के सतही और क्षणिक पहलुओं से परे देखने और उससे परे गहरे सत्य की तलाश करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

ध्यान व चिंतन :– ऐतरेय उपनिषद स्वयं की वास्तविक प्रकृति को समझने के साधन के रूप में ध्यान के महत्व पर जोर देता है। यह ज्ञान देता है कि ध्यान के माध्यम से, व्यक्ति मन की सीमाओं को पार कर सकता है और ब्रह्म की शाश्वत और अपरिवर्तनीय वास्तविकता का अनुभव कर सकता है। ध्यान को आध्यात्मिक विकास और आत्म–खोज के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में देखा जाता है।

ऐतरेय उपनिषद में उद्धृत मूल्य भारतीय दर्शन और आध्यात्मिकता के समृद्ध संदर्भ में उत्कृष्ट स्थान रखते हैं। ये मूल्य वेदांत, योग और बौद्ध धर्म सहित विभिन्न दार्शनिक शाखाओं और आध्यात्मिक पद्धतियों का अवलंब बनते हैं तथा द्वैत वेदांत , अद्वैत वेदांत व विशिष्टाद्वैत वेदांत सहित विभिन्न दार्शनिक परंपराओं को गहराई से प्रभावित करते है। ऐतरेय उपनिषद में अस्तित्व की प्रकृति और जीवन के उद्देश्य को समझने के लिए दार्शनिक आधार का स्तंभ विद्यमान है। यह प्राणियों को अहंकार की सीमाओं को पार करने और स्वयं की वास्तविक प्रकृति को समझने के लिए एक मार्गदर्शन प्रदान करता है।

इसके अतिरिक्त, ऐतरेय उपनिषद में कथित नैतिक मूल्य, एक सद्वृत्तिशील और अर्थपूर्ण जीवन जीने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों के रूप में कार्य करते हैं। ये मूल्य, सृष्टि के साथ सद्भाव रखते हुए प्राणी के भीतर सत्यता, धार्मिकता, अनुशासन इत्यादि गुणों को उन्नत करने के महत्व पर जोर देते हैं।

निष्कर्ष :–

ऐतरेय उपनिषद, वास्तविकता और स्वयं की प्रकृति में अपनी गहन अंतर्दृष्टि के साथ, एकता, आत्म–बोध, नैतिक आचरण, वैराग्य और ज्ञान जैसे मूल्यों के महत्व पर अनमोल शिक्षाएँ प्रदान करता है। भारतीय दर्शन और आध्यात्मिकता में गहराई से विद्यमान ये मूल्य प्राणियों को आध्यात्मिक विकास और ज्ञानोदय के मार्ग पर

प्रेरित करते रहते हैं। ये हमें प्राचीन धर्मग्रंथों में विद्यमान शाश्वत ज्ञान तथा सार्थक व पूर्ण जीवन की दिशा में मार्गदर्शन करने में उनकी प्रासंगिकता की याद दिलाते हैं। ऐतरेय उपनिषद में वर्णित मूल्यों को स्वयं में आत्मसात करके और उन्हें अपने जीवन में एकीकृत करके, व्यक्ति आत्म–खोज और आध्यात्मिक प्राप्ति की ओर सरलता से अग्रसर हो सकता है।

संदर्भ :–

एतरेयोपनिषद् , सानुवाद–शांकरभाष्यसहित, गीताप्रेस, गोरखपुर।

वैदिक साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, डॉ० जयदेव विद्या अलंकार, हरियाणा साहित्य अकादमी, चंडीगढ़।

उपनिषदः एक परिचय, वेम्पटि कुटुम्बशास्त्री,राष्ट्रीय संस्कृत संस्थानम् , नई दिल्ली।

उपनिषदों का संदेशः, महात्मा आनंद स्वामी सरस्वती, विजय कुमार गोविंदराम हसनंद, नई दिल्ली।

उपनिषद् वाणी, स्वामी विष्णुतीर्थ जी महाराज, योग श्री पीठ आश्रम, ऋषिकेश।

ऐतरेय उपनिषद, स्वामी गम्भीरानन्द, अद्वैत आश्रम, कोलकाता।

डॉ0 सुमन

सहायक प्रोफेसर, संस्कृत

आदर्श महिला महाविद्यालय, भिवानी।

(हरियाणा)

18

हिन्दी साहित्य में नारी विमर्श तथा इसकी महत्ता

रेनू

सारांश

हिन्दी कथा साहित्य में स्त्री विमर्श जिसमें नारी जीवन की अनेक समस्याएं देखने को मिलती हैं।'नारी विमर्श' पर लिखने वाली पहली लेखिका महादेवी वर्मा है। हिन्दी साहित्य में छायावाद काल से स्त्री विमर्श का जन्म माना जाता है। महादेवी की रचना'श्रृंखला की कड़िया' नारी सशक्तिकरण का सुन्दर उदाहरण है।

प्रेमचन्द्र से लेकर आज तक अनेक पुरूष लेखकों ने स्त्री समस्या को अपना विषय बनाया लेकिन उस रूप में नहीं लिखा जिस रूप में स्वयं महिला लेखिकाओं ने लिखी है। अतः शुरूआती गुंज पश्चिम में देखने को मिला। सन् 1960 ई. के आस पास नारी सशक्तिकरण जोर पकड़ी जिसमें चार नाम चर्चित हैं– उशा प्रियवंदा, कृष्णा सोबती, मन्नू भण्ड़ारी एवं शिवानी आदि लेखिकाओं ने नारी मन की अन्तर्द्वन्द्वों एवं आप बीती घटनाओं को उकेरना शुरू किया और आज स्त्री–विमर्श एक ज्वलत मुद्दा है।

आठवें दशक तक आते–आते यही विषय एक आन्दोलन का रूप ले लिया जो शुरूआती स्त्री–विमर्श से ज्यादा शक्तिशाली सिद्ध हुआ। आज मैत्रेयी पुष्पा तक आते–आतेमहिला लेखिकाओं की बाढसी आ गयी जो पितृसत्ता समाजको झकझोर दिया। नारी मुक्ति की गुंज अब देह मुक्ति के रूप में परिलक्षित होने लगा।

सामाजिक सरोकारों से लैस बुद्धिजीवियों औरकार्यकर्ताओं के बीच लंबे समय से यह लगातार चर्चा और चिंता का विषय रहा है किहिन्दी में स्त्री प्रश्न पर मौलिक लेखन आज भीकाफी कम मात्रा में मौजूद है। स्त्री विमर्श की सैद्धान्तिक अवधारणाओं एवं साहित्य में प्रचलित स्त्री विमर्श की प्रस्थापनाओ की भिन्नता या एकांगीपन के संदर्भ में पहला प्रश्न यह उठता है कि हिन्दी साहित्य जगतमें स्त्री–विमर्श के मायने क्या है?साहित्य जिसे कथा, कहानी, आलोचना, कविता इत्यादि मानवीय संवेदनाओं की वाहक विधा के रूप में देखा जाता है वह दलित, स्त्री, अल्पसंख्यक तथा अन्य हाशिए के विमर्शो को किस रूप में चित्रित करता है। साहित्य अपने यथार्थवादी होने के दावे के बावजूद क्या स्त्री–विमर्श की मूल अवधारणाओं को रेखांकित कर उस पर आम जन के बीच किसी किस्म की संवेदना को विकसित कर पाने में सफल हो पाया है।

स्त्री के प्रश्न हाशिए के नहीं, बल्कि जीवन के केंद्रीय प्रश्न है। हिंदी साहित्य में मुख्यधारा जिसे वर्चस्वशाली पुरूष लेखन भी कहा जा सकता है, में स्त्री प्रश्नों अथवा स्त्री मुद्दों की लगातार उपेक्षा की जाती रही है। इसका अर्थ यह नहीं है कि स्त्री अथवा स्त्री प्रश्न सिरे से गायब है बल्कि यह है कि स्त्री की उपस्थिति या तो यौन(Sexual object)के रूप में है या यदि वह संघर्ष भी कर रही है तो उसका संघर्श बहुत अधिक पितृसत्तात्मक, मनोसंरचना अख्तियार किए होता है। संघर्ष करने वाली स्त्री की निर्मिति ही पितृसत्तात्मक होती है। साहित्य की पितृसत्तात्मक परम्परा में लगातार स्त्री प्रश्नों का हास होता क्यों दिख रहा है?क्या स्त्री विमर्श को देह केंद्रित विमर्श के समकक्ष रखकर स्त्री–विमर्श चलाने के दायित्वों का निर्वाह किया जा सकता?यदि साहित्य का कोई सामाजिक दायित्व है तो हिंदी साहित्य में स्त्री विमर्श के नाम स्त्री देह को बेचने व स्त्री को सेम्सुअल ऑब्जेक्ट अथवा मार्केट के उत्पाद के रूप में तब्दील कर दिए जाने की जो पूँजीवादी पितृसत्तात्मक बाजारवादी रणनीति काम कर रही है उस मानसिकता से यह मुक्त क्यों नहीं है?उसको पहचानकर उसके सक्रिय प्रतिरोध से वास्तविक स्त्री– विमर्श संभव है। सत्तर के दशक में नवसामाजिक आंदोलन के रूप में समतामूलक समाज निर्माण के स्वप्न को लेकर उभरे स्त्रीवादी आंदोलनों की चेतना एवं अनेक मुद्दों को जाने–अनजाने नजरअंदाज करने का प्रयास किया जा रहा है।

साहित्य में महिला लेखन के रूप में उपलब्ध विभिन्न कहानियों, कविताओं तथा आत्मकथाओं में स्त्री की दैहिक पीड़ा से परे जाकर उसकी वर्गीय, जातीय एवं लैंगिक पीड़ा का वास्तविक स्वरूप प्रतिबिंबित नहीं हो पा रहा है।

साठ के दशक में पुरूष वर्चस्ववाद की सामाजिक सता और संस्कृति के विरूद्ध उठ खड़े हुए स्त्रीयों के प्रबल आंदोलन को नारीवादी आंदोलन का नाम दिया गया। वस्तुतः नारीवादी आंदोलन एक राजनीतिक आंदोलन है जो स्त्री की समाजिक, आर्थिक राजनीतिक एवं दैहिक स्वतंत्रता का पक्षधर है। स्त्री मुक्ति अकेले स्त्री की मुक्ति का प्रश्न नहीं है बल्कियह संपूर्ण मानवता की अनिवार्य शर्त है। दरअसल यह अस्मिता कीलड़ाई हैं इतिहास ने यह साबित भी किया है कि आधी आबादी की शिरकत के बगैर क्रांतियाँ सफल नहीं हो सकती।

भारतीय राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में अपनी जातीय अस्मिता की पहचान और जनता के अधिकारों की माँग के साथ–साथ स्त्री मुक्ति का स्वपन भी देखा जा रहा था। औरत पर आर्थिक, सामाजिक, यौन उत्पीड़न अपेक्षतया अधिक गहरे, व्यापक, निरंकुश और संगठित रूप से कायम है। स्त्री आंदोलनों को इन समस्त चुनौतियों से लड़कर ही अपनी मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करना होगा। निश्चित रूप से इसका स्वरूप अन्य मुक्तिकामी आंदोलनों से किसी रूप में भिन नहीं है जो वर्गीय, जातीय, नस्लीय आधार पर समाज में हो

रही हिंसा एवं असमानता के प्रति संघर्षरत है तथा एक समतामूलक समाज निर्माण हेतु प्रतिबद्ध है।

हिन्दी साहित्य स्त्री समस्या

हिंदी साहित्य में स्त्री–विमर्श की शुरूआत छायावाद काल से माना जाता हैमहादेवी वर्मा की कविताओं में वेदना का विभिन्न रूप देखने को मिलता है। महादेवीवर्मा की रचना 'श्रृंखला की कड़िया' स्त्री सशक्तिकरण का सुंदर उदाहरण है। जिसमें नारी–जागरण एवं मुक्ति के सवाल को उठाया गया है। ऐसा साहित्य जिसमें स्त्री जीवन की अनेक समस्याओं का चित्रण ही स्त्री विमर्श कहलाता है।

प्रेमचन्द से लेकर राजेन्द्र यादव तक अनेक लेखकों ने नारी समस्या को उकेरा है। लेकिन उस रूप में नहीं जिस रूप में स्वयं महिला लेखिकाओं ने लेखनी चलायी है।हिन्दी कथा–साहित्य मे नारी मुक्ति को लकर स्त्री–विमर्श की गुंज 1960ई० में हुआ था। जिसमे चार नाम चर्चित है– उशा, प्रियवंदा, कृश्णा सोबती, मन्नू भण्ड़ारी एवं शिवानी। ये नारी मन के छिपे शक्तिओं को पहचान और नारी की दिशाहीनता, दुविधाग्रस्तता, कुण्ठा आदि का विश्लेशण किया।

हिंदी पद्य व गद्य में नारी विमर्श

समाज के दो पहलू स्त्री–पुरूष एक दूसरे के पूरक है। किसी एक के अभाव में दूसरे का अस्तित्व नहीं है। उसके बाद भी पुरूश ने महिला समाज को अपने बराबर की समानता से वंचित रखा। यही पक्षपात दृष्टि ने शिक्षित नारियों को आंदोलन करने को मजबूर किया जो आज ज्वलंत मुद्दानारी –विमर्श के रूप में दृष्टिगोचर है।

आदिकाल से ही नारियों की दशा दयनीय एवं सोचनीयथी। स्त्रियों की दशाको देखकर विवेकानंदकहते हैं– स्त्रियों की अवस्थाको सुधारे बिना जगत के कल्याण की कोई सम्भावना नहीं है। पक्षी के लिए एक पंख से उड़ना संभव नहीं है।''[1]

मां–बाप ने पैदा किया था गूंगा
परिवेश ने लंगड़ा बना दिया
चलती रही परिपाटी पर
बैसाखियां चरमराती है।
अधिक बोझ से अकुलाकर
विस्कारित मन हुंकारता है
बैसाखियों को तोड़ दूं।।''[2]

उपर्युक्त कविता स्त्री–जीवन की वास्तविकता को प्रदर्शित रही है। स्वातंत्रयोत्तर हिन्दी गद्यकार एवं कवि रघुवीर सहायजी नारी जीवन की वास्तविकता को दर्शाते है।

रघुवीर सहाय जी ने अपने काव्य में स्वतंत्रता के बाद स्त्री जीवन की अनेक समस्याओं को विषय बनाया है। जिस भारत में स्त्री वैदिक काल में ''यत्र नार्यस्तु पूज्यंते तंत्र रमंते देवता'' कहा जाता था। आज वही अनेक शोषण का शिकार हो रही है। वह कहता है–

''नारी बेचारी है
पुरूष की मारी
तन से क्षुदित है
लपक कर झपक कर
अंत में चित्त है।''[3]

प्रस्तुत पंक्ति में कविवर सहाय जी नारी को बेचारी कहकर दयनीय दशा का वर्णन करते है जो अपने अधिकारों के लिए लड़ नहीं पाती। लेकिन वर्तमान में यह स्थिति परिवर्तित नजर आती है।

नारी लेखिकाओं का योगदान

हिन्दी कथा साहित्य में नारी विमर्श का जोर आठवें दशक तक आते–आते एक आंदोलन का रूप ले लिया आठवे दशक के महिला लेखिकाओं में उल्लेखनीय है – ममता कालिया, कृष्णा अग्निहोत्री, चित्रा मुद्दल,मणिक मोहनी, मृदुला गर्ग, मैत्रेयी पुष्पा, रमणिका गुप्ता, प्रभा खेतान आदि ये सभी लेखिकाओं ने नारी मन की गहराईयों, अन्तर्द्वन्द्वों तथा अनेक समस्याओं का अंकन किया है

नारी की स्थिति में परिवर्तन लाने के लिए ब्रह्म समाज आर्य समाज थियोसोफिकल सोसायटी रामकृष्णमिशन तथा अनेक सरकारी संगठनों ने नारी शिक्षा पर जोर दिया, जिसका सकारात्मक परिणाम आया।

वंदना विथिका के शब्दों में

नारियों के लिए सबसे बड़ा अभिशाप उनकी अशिक्षा थी और उनकी परतंत्रका का प्रमुख कारण उनकी आर्थिक स्वतन्त्रता का अभाव था। आज स्थिति परिवर्तित हुई है। आज हर क्षेत्र का द्वार लड़कियों के लिए खुला है। वे हर जगह प्रवेश पाने लगी हैं– जमी से आसमां तक पृथ्वी से चांद तक (कल्पना चावला, सुनिता विलियम) उनकी पहुंच है।''[4]

स्त्री विमर्श वस्तुतः स्वाधीनता के बाद की संकल्पना है। स्त्री के प्रति होने वाले शोषण के खिलाफ संघर्ष है। डॉ. संदीप रणभिरकर के शब्दों में ''स्त्री–विमर्श स्त्री के स्वयं की स्थिति के बारे में सोचने और निर्णय करने का विमर्श है। सदियों से होते आए शोषण और दमन के प्रति स्त्री चेतन ने ही स्त्री–विमर्श को जन्म दिया है।''[5]

पितृसतात्मक व्यवस्था ने स्त्री समाज को हमेशा अंधकारमय जीवन जीने को मजबूर किया है। नारी अस्तित्व को लेकर अपने–अपने समय पर कई विद्वानों ने चिन्ता व्यक्त किया है। तुलसीदास जी ने ''ढोल गंवार, शूद्र पशु, नारी–सकल ताड़ना के अधिकारी'' कहकर नारी को प्रताड़ना के पात्र समझा है तो मैथलीशरण गुप्त जी ने–

''अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी

आंचल में है दूध और आंखों में पानी।''

कहकर नारी की स्थिति पर चिन्ता व्यक्त किया है।

डॉ ज्योति किरण के शब्दों में– इस समाज में जब स्त्रियाँ अपनी समझ और काबिलियत जाहिर करती है तब वह कुलच्छनी मानी जाती हैं, जब वह खुद विवेक से काम करती है तब मर्यादाहीन समझी जाती है। अपनी इच्छाओं, अरमानों के लिए जब वह आत्मविश्वास के साथ लड़ती है और गैर समझौतावादी बन जाती है, तब परिवार और समाज के लिए वहचुनौती बन जाती है।''[6]

निष्कर्ष

अतः कहा जा सकता है कि नारी आदिकाल से ही पीडित एवं शोषित रही है। पुरूष प्रधान समाज मान मर्यादा के आड़ में सदा उसे दबाकर रखना चाहा।कभी घर की इज्जत कहकर तो कभी देवी कहकर चार दीवारों के अन्दर कैद ही रखा। इन्हीं परम्परागत पितृसत्तात्यक बेड़ियों को लांघने की लड़ाई है स्त्री–विमर्श।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. आजकल मार्च 2013 –पृष्ठ 20
2. वहीं पृष्ठ 29
3. पंचशील शोध–समीक्षा –पृष्ठ– 82
4. आजकल मार्च 2013 पृष्ठ– 27
5. पंचशील शोध–समीक्षा पृष्ठ 87
6. पंचशील शोध समीक्षा पृष्ठ 61

रेनू पत्नी श्री सोनू मोर

एम०ए० (हिन्दी) Net,

गाँव–लुदाना,

जिल–जींद (हरियाणा)

फोन नं० –9728136065

बदलते भूमि उपयोग प्रतिरूप का कृषि पर प्रभावः रेवाड़ी जिले का एक भौगोलिक अध्ययन

19

अंजु, डॉ दीपा

सारांश

शोध सारः विविध आधारभूत प्राकृतिक संसाधनों में भूमि जिस पर सम्पूर्ण जीव–जगत् निर्भर करता है, एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है। यह मानव के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भूमि ही वह मंच है जिस पर मानवीय क्रियाकलाप होते हैं और मानव जाति का अस्तित्व और समृद्धि इसके इष्टतम उपयोग पर निर्भर है। भारत वर्ष में पर्याप्त भूमि क्षेत्र है लेकिन उसे उपयोगी और शाश्वत बनाये रखने के लिए उचित देखभाल की आवश्यकता है। इस शोध–पत्र में 2011–12 से 2021–22 के मध्य अध्ययन क्षेत्र के बदलते भूमि उपयोग प्रतिरूप का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। अध्ययन क्षेत्र मे अत्यधिक जनसंख्या दबाव के कारण भूमि उपयोग प्रतिरूप में असंतुलन बढ़ रहा है। चरागाह एवं अन्य चराई भूमि दिन–प्रतिदिन घट रही है। अकृष्य कार्यों में प्रयुक्त भूमि में 2.7ः की वृद्धि हुयी है। इस शोध–पत्र का मुख्य उद्देश्य अध्ययन काल (2011–12 से 2021–22) के दौरान भूमि उपयोग प्रतिरूप में परिवर्तन की रूपरेखा तैयार करना है।

शब्द कुंजी : प्राकृतिक संसाधनों, सांस्कृतिक, क्रियाकलाप, भूमि उपयोग प्रतिरूप, चरागाह,असंतुलन, समृद्धि, रूपरेखा।

प्रस्तावना :–

मानव एवं पशुओं की आवश्यक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु खाद्यान्न, ईंधन, चारे एवं विभिन्न अन्य उत्पादों के लिए भूमि एक अत्यन्त मूल्यवान प्राकृतिक संसाधन है (NRSA] 2007)। यह एक सीमित, खण्डित एवं अनव्यकरणीय संसाधन है। जिसका उपयोग मानव सभ्यता के विकास के साथ ही खाद्य आपूर्ति एवं आवास के रूप में किया जाने लगा। भूमि ही वह मंच है जिस पर मानवीय क्रियाकलाप होते हैं और मानव जाति का अस्तित्व और समृद्धि इसके इष्टतम उपयोग पर निर्भर है। भूमि विभिन्न प्रकार के उपयोगों की अनुमति देती है और विभिन्न प्रकार के उद्देश्यों को पूरा कर सकती है। भूमि उपयोग की एक क्रिया–आधारित (।बजपअपजल–ईंमक) परिभाषा आर्थिक और पर्यावरणीय दोनों प्रभावों के विस्तृत मात्रात्मक विश्लेषण की अनुमति प्रदान करती है, साथ ही विभिन्न भूमि उपयोगों को विशिष्ट रूप से पहचान करने में सक्षम बनाती है (ष्।६ 1998)।

भूमि उपयोग का स्वरूप मानव सभ्यता के विकास और मानव की आवश्यकता के अनुसार परिवर्तित एवं परिमार्जित होता रहा है और होता रहेगा। यह परिवर्तन कृषि विकास और कृषि की अवस्थाओं के रूप में लक्षित हुआ है और साथ ही भविष्य में भी होता रहेगा। कृषि कार्य की विविधता एवं विशिष्टता भूमि–उपयोग के विकास कार्य एवं कम को व्यक्त करती है, जो व्यक्ति के जीवन–यापन की आवश्यकताओं से लेकर उसके आर्थिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास को पूर्णतया प्रभावित किये हुए हैं (तिवारी, आर. सी. – सिंह, बी.एन. 2019)। रेवाड़ी क्षेत्रफल के आधार पर हरियाणा राज्य का बड़ा जिला है। भूमि संसाधनों पर बढ़ते भारी दबाव के फलस्वरूप कृषि के उत्पादन में गिरावट तथा भूमि की मात्रा एवं गुणवत्त में भी क्षय होता है जिससे भूमि प्राप्ति के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। भारत में भूमि उपयोग सर्वेक्षण का कार्य मुख्यतः प्रो० स्टाम्प द्वारा ब्रिटेन में प्रयुक्त की गई भूमि उपयोग सर्वेक्षण सम्बन्धी शास्त्रीय विधि द्वारा प्रेरित हुआ है। देश में सर्वप्रथम भूमि उपयोग सर्वेक्षण एवं शोधकार्य का सूत्रपात प्रो० एस०पी० पटजी (1945–1952) द्वारा पश्चिम बंगाल के चौबीस परगना और हावड़ा जिलों में किया गया। आगे चलकर प्रो० वी०एल०एस० प्रकाशराव, प्रो० ओ०पी० भारद्वाज, प्रो० एम० शफी आदि विद्वानों ने भूमि उपयोग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण शोध कार्य किये हैं। वर्तमान समय में भारत में भूमि उपयोग के अध्ययन में भौगोलिक सूचना प्रणाली और सुदूर संवेदन तकनीक का प्रयोग किया जाने लगा है। इस तकनीक द्वारा भूमि उपयोग का अध्ययन करने वाले भारतीय विद्वानों में प्रकासम (2010), त्रिपाठी – कुमार (2012, 2019), रावत एट.अल. (2013), जैसवाल – वर्मा (2013) आदि प्रमुख हैं।

इस शोध पत्र में रेवाड़ी जिले के भूमि उपयोग प्रतिरूप में हो रहे परिवर्तन का भौगोलिक अध्ययन करने का प्रयास किया गया है तथा इस शोध पत्र में भूमि उपयोग परिवर्तन की गतिशीलता और कारणों का भी विश्लेषण किया गया है।

अध्ययन क्षेत्र :– रेवाड़ी जिला भारत के हरियाणा राज्य के 22 जिलों में से एक है। इसे 1 नवम्बर 1989 को हरियाणा सरकार द्वारा गुडगांव जिले से अलग किया गया था। यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का भी हिस्सा है। जिले का प्रशासनिक मुख्यालय रेवाड़ी शहर है। जो जिले का सबसे बड़ा शहर भी है। मध्ययुगीन काल में, यह एक महत्वपूर्ण बाजारी शहर था। यह दक्षिणी हरियाणा में स्थित है। 2011 तक यह पंचकूला के बाद हरियाणा का दूसरा सबसे कम आबादी वाला जिला है। रेवाड़ी जिला 28°10′48′′ उत्तर से 76°3712′′ पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। रेवाड़ी जिले का कुल क्षेत्रफल 1594 वर्ग किलोमीटर (615 वर्ग मील) है। इसकी कुल जनसंख्या 900332 है। जनसंख्या घनत्व 560 प्रति वर्ग कि.मी. (1.500 वर्ग मील) है। रेवाड़ी जिले का इतिहास दिल्ली के इतिहास का समकालीन है। महाभारत काल में रेवत नाम के एक राजा थे उनकी एक बेटी थी जिसका नाम रेवती था। लेकिन राजा प्यार से उसे रीवा बुलाते थे। राजा ने अपनी बेटी के नाम पर ''रीवा वाड़ी'' नामक शहर की स्थापना की। रीवा का विवाह भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलराम के साथ हुआ और राजा ने ''रीवा वाड़ी'' शहर को अपनी बेटी को दहेज के रूप में दान कर दिया। बाद

में रीवा वाड़ी शहर रेवाड़ी बन गया। रेवाड़ी जिले में 7 ब्लाक खंड है, बावल, डहीना, धारूहेड़ा, जादूसाना, खोल, नाहर और रेवाड़ी है।

मानचित्र 1.1: अध्ययन क्षेत्र की अवस्थिति एवं विस्तार

स्रोत : आर्क जीआईएस पर आधारित

उद्देश्य =प्रस्तुत शोधपत्र के निम्नलिखित मुख्य उद्देश्य हैं

1. अध्ययन क्षेत्र में बदलते भूमि उपयोग प्रतिरूप का तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. भूमि उपयोग प्रतिरूप में आ रहे परिवर्तनों के कारणों को जानना ।
3. भूमि उपयोग प्रतिरूप और जनदबाव के बीच अन्तर्सम्बन्ध का अध्ययन करना।
4. भूमि उपयोग प्रतिरूप में आये परिवर्तन का कृषि पर प्रभाव जानना ।

ऑकड़ों के स्त्रोत तथा शोध विधि तंत्र :–

प्रस्तुत शोध पत्र द्वितीयक ऑकड़ों पर आधारित है। भूमि उपयोग प्रतिरूप संबंधी ऑकड़े सांख्यिकीय पुस्तिका, अर्थ एवं संख्या प्रभाग राज्य नियोजन संस्थान, रेवाड़ी से प्राप्त किये गये है। राष्ट्रीय जनगणना 2011 तथा आर्थिक सर्वेक्षण 2020–21, रेवाड़ी से भी ऑकड़े लिये गये है।

यह शोधपत्र व्याख्यात्मक और विश्लेषणात्मक अनुसंधान पर आधारित हैं। भूमि उपयोग प्रतिरूप में परिवर्तन 2020–21 वर्षों के अध्ययन से प्राप्त कर विश्लेषण किया गया है। सांख्यिकीय गणना,तालिका, पाई चार्ट और मानचित्र का निर्माण कम्प्यूटर द्वारा किया गया है। तालिका संख्या 1.1 में रेवाड़ी जिले में भूमि उपयोग का विवरण दिया गया है।

तालिका संख्या 1.1: रेवाड़ी जिले में भूमि उपयोग (2020–21)

क्रम संख्या	भूमि उपयोग संवर्ग	क्षेत्रफल (000 हेक्टेयर में)	कुल प्रतिशत
1	वन	2000	1.25
2	कृषि योग्य बंजर भूमि	4000	2.50
3	वर्तमान परती भूमि	12000	7.52
4	अन्य परती भूमि	2000	1.25
5	ऊसर एवं कृषि के अयोग्य भूमि	104000	6.83
6	चरागाह	960	0.60
7	उद्योनो, बागों, वृक्षों एवं झाड़ियों का क्षेत्रफल	1240	0.77
8	शुद्ध बोया गया क्षेत्रफल	114200	71.13
9	कृषि के अतिरिक्त अन्य भूमि उपयोग	13000	8.15
	कल प्रतिवेदित क्षेत्रफल	159400	100:

स्रोत : जिला सांख्यिकी कार्यालय रेवाड़ी

भूमि उपयोग प्रतिरूप में परिवर्तनः

वन : रेवाड़ी जिले में वनों का क्षेत्रफल 2000 हेक्टेयर है जो सम्पूर्ण क्षेत्रफल का 1.25 प्रतिशत है जिसमें ग्रामीण वनों का क्षेत्रफल 1638 हेक्टेयर तथा नगरीय वनों का क्षेत्रफल 362 हेक्टेयर है। सम्पूर्ण क्षेत्र में वनों के वितरण में असमानता देखने को मिलती है रेवाड़ी विकास खण्ड में सम्पूर्ण क्षेत्र के सर्वाधिक 1.21 प्रतिशत भाग पर वन है इसके बाद रेवाड़ी विकास खण्ड के 2.41 प्रतिशत, बावल विकास खण्ड के 6.43 प्रतिशत, नाहड़ विकास खण्ड के 5.62 प्रतिशत, जादुसाना विकास खण्ड के 5.20 प्रतिशत भाग पर वन है। इस क्षेत्र के सम्पूर्ण वनों का विकास भूमि संरक्षण के लिये किया गया है और उनको 'संरक्षित वनों की श्रेणी में रखा गया है।

कृषि योग्य बंजर भूमिः इसकी अंतर्गत वह भूमि आती है जो कृषि के लिए उपलब्ध थी अथवा जिस पर कृषि की जाती थी परंतु पिछले 5 वर्षों से उसे पर कृषि नहीं की जा रही है ऐसी भूमि प्रति होती है अथवा झाड़ियां जंगलों से ढकी होती है जिसका किसी कार्य हेतु प्रयोग नहीं करते हैं। 2020–21में यह 4000 हेक्टेयर जो कुल हेक्टेयर का 2.50: थी विभिन्न भूमि सुधार प्रक्रियाओं को अपनाकर इसे कृषि योग्य बनाया जा सकता है।

वर्तमान परती भूमिः इसके अंतर्गत वह कृषिगत क्षेत्र आता है जिस पर वर्तमान वर्ष में कृषि नहीं की गई है वर्तमान परती भूमि चक्रीय क्रम से किसानों द्वारा छोड़ी जाती है ताकि वह उन्हें अपनी उर्वरता को प्राप्त कर सके। रेवाड़ी जिले में 12000 हेक्टेयर क्षेत्र पर परती भूमि उपयोग में लाई जाती हैं जो कुल क्षेत्रफल का 7.52: हैं। वर्तमान परती वर्षा सिंचाई सुविधा एवं फसल चक्रण द्वारा प्रभावित होती है।

ऊसर एवं कृषि के अयोग्य भूमिः इसके अंतर्गत बंजर और कृषि के योग्य भूमियों जैसे पर्वत,मरुस्थलीय क्षेत्र, लवणीय मिट्टी आदि आती हैं ऐसी भूमि को कृषिगत भूमि में इन्हें परिवर्तित करने में अत्यधिक लागत आती है। अध्ययन क्षेत्र में अध्ययन क्षेत्र में ऊसर एवं कृषि की योग्य भूमि 104000 हेक्टेयर क्षेत्र पर पाई जाती है जो कुल क्षेत्रफल का जो कुल क्षेत्रफल का 6.83 प्रतिशत है।

चारागाहः जो भूमि चराई के लिए प्रयुक्त होती है चारागाह कहलाती है इस प्रकार की भूमि पर ग्राम पंचायत या सरकारों का स्वामित्व रहता है ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक भूमि पर चराई के लिए प्रयोग करते हैं।अध्ययन क्षेत्र में 0.60: क्षेत्रफल पर चारागाह पाई जाती है।

इसके अतिरिक्त उद्यानों, बागानों, वृक्षों आदि कृषि के लिए अन्य भूमि उपयोग किया जाता है।

निष्कर्षः

अध्ययन क्षेत्र में जनाधिक्य एवं उनकी कृषि पर निर्भरता ने भूमि उपयोग प्रतिरूप में परिवर्तन किया है घटना कृषिगत क्षेत्र और बढ़ती जनसंख्या खाद्य संकट का कारण बन रहा है वन क्षेत्र और उसकी सदांता में तेजी से कमी हो रही है जिस कारण मृदा अपरदन, जल चक्र में व्यवधान, जैव विविधता की हानि, बाढ़, सूखा एवं जलवायु परिवर्तन आदि जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं यह विदित है कि वन्य केवल पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हैं बल्कि

ग्लोबल वार्मिंग को भी नियंत्रित करते हैं चरागाह एवं अन्य चिरई भूमि दिन प्रतिदिन घट रही है जिस कारण ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन में समस्याएं आ रही हैं। एक कृषि कार्यों में प्रयुक्त भूमि में वृद्धि का मुख्य कारण औद्योगिकरण नगरीकरण एवं अवसंरचनात्मक विकास जैसे– सड़क, रेलवे, तालाब, बांध, आवास इत्यादि हेतु भूमि का प्रयोग करना है। निसंदेह नगरीकरण एवं विभिन्न विकास कार्यो ने लोगों के जीवन स्तर को सुधार है रोजगार दिए हैं परंतु इसके साथ कई समस्याएं जैसे कृषि भूमि वन क्षेत्र में कमी नगरीय जलाशयों पर अतिक्रमण प्रदूषण आदि भी उत्पन्न हुई हैं।

उपयुक्त समस्याओं से निपटने हेतु हमें योजना पर तरीके से भूमिका उपयोग करना होगा जिससे उपलब्ध भूमि का अनुकूलतम उपयोग किया जा सके सर्वप्रथम रेवाड़ी के निवासियों को परिवार नियोजन एवं प्रदेश सरकार की नई जनसंख्या नीति के विषय में जानकारी देकर जागरूक किया जाए जिससे जनसंख्या वृद्धि दर को कम से काम किया जा सके भूमि उपयोग प्रबंधन हेतु निम्नलिखित उपाय किए जा सकते हैं।

(प) नगरीय विस्तार को सीमित करना।

(पप) कृषि में रासायनिक खाद के स्थान पर जैविक खाद को बढ़ावा देना।

(पपप) औद्योगिक कार्यों हेतु उन भूमिका प्रयोग किया जाए जो बंजर एवं अकृष्य हैं।

(पअ) निर्वनीकरण को रोकना एवं वृक्षारोपण को बढ़ावा देना।

(अ) कृषि हेतु आधुनिकतम विधियों एवं तकनीक का प्रयोग।

(अप) भूमि उपयोग की मानिट्रिग करना।

सन्दर्भ सूची

1- Azharuddin] S-K- 2015& Land use pattern in wastern Uttar Pradesh] Indian Journal of Research] Vol- 4 ¼12½- ISSN% 2250&1991-

2- Economic survey U-P- 2020&211

3- FAO ¼1998½- Aquaculture Production on statistics] 1987&1996- FAO] Rome- FAO Fisheries Circular No- 815] Rev&10] 197-

4- FAO/UNEP ¼1999½- Terminology for integrated resources Planning and management- FAO Rome

5- Jaiswal] J-K- & Verma] N- 2013- Land use change detection in Baragaon Block] Varansi district using remote sensing]

6- Kumar] I- ¼1986½ Land usc analysis% A Case study of Nalanda District- Bihar] India Publication- New Delhi] 64-

7- Lal] R-- ¼1995½ Erosion & Crop productivity relationships for soil of Africa- Soil sci-soc- A-M-J-] Vol- 59] PP- 661&667

8- NRSA] ¼2007½ Nation Wide Mapping of Land Degradation Using Multitemporal satellite Manual] Data Soils Division] National Remote Sensing Agency] Hyde rapad-

9- Prakasam] C- 2010& Land used and Land cover change detection through Remote sensing Approach- A case study of Kodaikanal Taluk] Tamilnadu] India

10- Rawat] J-S-] Biswas] V- & Kumar] M- 2013- Quantifying land use/ cover dynamics of nainital town ¼India½ using remote sensing and GIS techniques- Asian J- Geoinf- 13¼2½ 7&12-

11- Sharma] V-N- & Tiwari] A-K- 2013- Land use Pattern% Eastern Uttar Pradesh- Radha Publications-

12- Tripathi] D-K- & Kumar] M- 2012- Remote Sensing based analysis of land use/land cover Dynamics in Takula block] Almora district ¼Uttarakhand½- Journal of human ecology] Vol- 38 ¼3½] pp- 207&2012-

13- Tripathi] D-K- 2019- Land use/Land cover change detection using remote sensing and geographic information system] International Journal of Research in social sciences] Vol- 9¼3½ ISSN% 2249&2496-

14- Young] A- ¼1998½- Land Resources% Now and for the future- Cambridhe University Press] 319-

15- चौरसिया, महीप (2020) जनपद जौनपुर (300) में भूमि उपयोग प्रतिरूप का एक भौगोलिक अध्ययन,प्श्रत्तै, टवस. 08.

16. तिवारी, आर सी० और सिंह, बी० एन0 (2018) कृषि भूगोल, प्रवालिका पब्लिकेशन, प्रयागराज पेज 75–971

अंजु[1], डॉ दीपा[2]

शोधार्थी[1], असिस्टेंट प्रोफेसर[2]

भूगोल विभाग

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय

अस्थल बोहर,रोहतक

20

विवेकानंद के शैक्षिक दर्शन में नारी सशक्तिकरण की आधारशिलाः सीता– एक समीक्षात्मक अध्ययन

रीतू रानी, प्रो० एस.के.वर्मा

सारांश

स्वामी विवेकानंद जी महिला सशक्तिकरण के समर्थक थे। स्वामीजी पर 'रामायण' की माता सीता के जीवन–दर्शन का विशेष प्रभाव था। इसलिए उन्होंने भारतकी नारीशक्ति को सशक्त बनाने के लिए माता सीता के विशेष गुणों जैसे ज्ञान, आत्मनिर्भर, वीरता,सहिष्णुता,सतीत्व,धर्म परायणता, ब्रह्मचारिणी बनने आदि की चर्चा अपने अनेक व्याख्यानों,पत्रों एवं वार्तालापों में की।उनका मानना था कि अगर हमारे देश की माँ, बेटी और बहनें माता सीता के जीवन से प्रेरणा लेकर और आधुनिक शिक्षा के माध्यमसे आत्मनिर्भर होकर जीवन पथ पर अग्रसर होंगी तो वे अपनी संतति,परिवार, समाज तथा राष्ट्र के लिए बेहतर संबल प्रदान करने का काम करेंगी।

स्वामी जी महिलाओं की शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। उनके अनुसार भारत में बालकों की शिक्षा के समान ही बालिकाओं को भी शिक्षा मिलनी चाहिए दोनों की शिक्षा में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए।

नारी शिक्षा की आवश्यकता क्यों?

स्वामी जी का जन्म गुलाम भारत में हुआ था। उस समय भारतीय नारियों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक थी। परंतु वे जानते थे कि वैदिक काल से लेकर लंबी अवधि तक भारत में महिलाएँ अत्यंत शिक्षित, आदरणीय, चरित्रवान, पवित्र और महत्त्वपूर्ण थीं परंतु विदेशियों के विचारों के संक्रमण से भारतीय महिलाओं की स्थिति दयनीय हो गई। उन्होंने भारतीय महिलाओं के उत्थान के लिए शिक्षा को सबसे महत्त्वपूर्ण हल बताया। शिक्षा में भारतीय धर्म को केंद्र में रखने की उन्होंने अनुशंसा की। महिलाओं के लिए आर्थिक दबाव, सामाजिक दबाव, चिंता, कुपोषण, अशुद्ध–वायु, व्यायाम का अभाव, अज्ञानता एवं अंध–विश्वास जैसी समस्याएँ रोग, विषाद तथा अकाल मृत्यु का कारण बनती हैं। सभी प्रकार की समस्याओं का निदान एवं सम्मानजनक जीवन प्राप्त करने के लिए उन्होंने महिलाओं से शिक्षित होने का आह्वान किया।

स्वामी विवेकानंद के नारी–शिक्षा संबंधी उपयोगी विचार :

उन्होंने सीता के गुणों के माध्यम से स्त्री चरित्र का वर्णन इस प्रकार किया–

पवित्र एवं शुद्ध चरित्र :

स्वामी जी ने कहा, "सीता पवित्र थीं, यह कहना ईश निंदा है, वह तो स्वयं साकार पवित्रता थीं, सुंदरतम चरित्र को कभी पृथ्वी पर हुआ। भारतीय स्त्रियों को उनके जैसा पवित्र और शुद्ध होना चाहिए– सीता की पवित्रता अद्वितीय थी। सीता ने विपरीत परिस्थितियों में भी पवित्रता का दामन नहीं छोड़ा।"**जानासि च यथा भुद्धा सीता तत्त्वेन राघव।**

अर्थात् रघुनंदन वास्तव में तो आप जानते ही हो कि सीता शुद्ध चरित्र है।

निश्पापिनी / निरपराधीः

स्वामी जी ने महिलाओं को पाप–कृत्यों से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने सीता के समान निश्पाप जीवन बिताने का संदेश दिया। सीता के द्वारा जीवन में किसी भी प्रकार का अपराध बोध दिखाई नहीं देता, वे स्वयं कहती हैं–

ईर्श्यां रोशं बहिश्कृत्य भुक्त□शमिवोदकम्।
नय वां वीर विस्त्रब्धंः पापं मयि न विद्यते।।8।।

अर्थात् वीर! आप ईर्श्या और रोश को दूर करके पीने से बचे हुए जल की भाँति मुझे बिना किसी शंका के अपने साथ वन में ले चलिए। मुझमें ऐसा कोई पाप–अपराध नहीं है, जिसके कारण आप मुझे यहीं अयोध्या में त्याग कर चले जाएँ।

पतिव्रता :

सीता ने अपने जीवन में किसी अन्य पुरुष के शरीर का स्पर्श तक नहीं किया। वह पतिव्रता स्त्री थीं। नारी में नारीत्व का जो गुण है, वह सीता है। वे पवित्रता, निर्मलता, धैर्य एवं शांति की साक्षात् देवी थीं।

भर्ता तु खलु नारीणां गुणवान् निगुणोऽपिवा।
धर्म विमृशमानानां प्रत्यक्षं देवि दैवतम्।।8।।

(राजा दशरथ रानी कौशल्या से कहते हैं) पति गुणवान हो या गुणहीन, धर्म का विचार करने वाली सती नारियों के लिए प्रत्यक्ष देवता है।

सहिष्णुता :

स्वामी जी ने विश्व के अनेक देशों की यात्रा की और वहाँ के स्त्री–पुरुषों की व्यवहारगत और दार्शनिक विशेषताओं का बारीकी से अध्ययन किया और पाश्चात्य तथा भारतीय महिलाओं के अंतर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि,'पश्चिम कहता है– कर्म करो,कर्म द्वारा अपनी शक्ति दिखाओ।' भारत कहता है,'सहिश्णुता द्वारा अपनी शक्ति दिखाओ।'मनुष्य कितने ज्यादा भौतिक पदार्थों का मालिक बन सकता है, इस विचारधारा का समर्थन पश्चिम ने किया और मनुष्य इतने कम साधनों में सुखी और संतुष्ट हो सकता है– इस प्रश्न का उत्तर भारत ने दिया।

न च मे भविता तत्र क□चत् पथि परिश्रमः।
पृश्ठतस्तव गच्छन्त्या विहार□ायनेश्विव।।11।।

(वन में राम के साथ जाने की जिद करने पर सीता कहती हैं) जैसे

है। भगवान बुद्ध के संदेश का उदाहरण देते हुए स्वामी जी कहते हैं– यदि तुम्हें कोई आहत करता है और तुम भी बदले की भावना से उसे नुकसान पहुँचाते हो तो क्या तुम्हारे घाव को इससे आराम मिलेगा? शायद नहीं। हाँ! दुनिया में एक पापकर्म में बढ़ोत्तरी अवश्य हो जाएगी। सीता इसी आदर्श की प्रतिनिधि थीं। पति के अत्याचारों का विरोध करने का उसके मन में तनिक भी विचार नहीं आया क्योंकि वह पतिव्रता थीं।

न पिता नात्मजो वात्मा न माता न सखीजनः।
इह प्रेत्य च नारीणां पतिरेको गतिः सदा।।

(सीता राम से प्रार्थना करते हुए कहती हैं) नारियों के लिए दोनों लोकों में एकमात्र पति ही आश्रय देने वाला है। पिता, पुत्र, माता, सखियां तथा स्वशरीर भी सच्चा सहायक नहीं है।

प्रासादाग्रे विमानैवां वैहायसगतेन वा।
सर्वावस्थागता भर्तुः पादच्छाया विशिश्यते।।9।।

(सीता राम से कहती हैं) ऊँचे–ऊँचे महलों में रहना, विमानों पर चढ़कर घूमना अथवा अणिमा आदि सिद्धियों के द्वारा आकाश में विचरना इन सबकी अपेक्षा स्त्री के लिए सभी अवस्थाओं में पति के चरणों की छाया में रहना विशेष महत्त्व रखता है।

भ्युश्रूशामेव कुर्वीत भर्तुः प्रियहिते रता।
एश धर्मः स्त्रिया नित्यो वेदे लोके श्रुतः स्मृतः।।27।।

(श्री राम वन में जाते समय माँ कौशल्या को पतिव्रता धर्म समझाते हुए कहते हैं) नारी को चाहिए कि वह पति के प्रिय एवं हित साधन में तत्पर रहकर सदा उनकी सेवा ही करें, यह स्त्री का वेदांत और सनातन धर्म है।

भर्ता तु खलु नारीणां गुणवान् निगुणोऽपि वा।
धर्म विमृशमानानां प्रत्यक्षं देवि दैवतम्।।8।।

(राजा दशरथ रानी कौशल्या से कहते हैं) पति गुणवान हो या गुणहीन, धर्म का विचार करने वाली सती नारियों के लिए प्रत्यक्ष देवता है।

सहिष्णुता

सीता ने कभी भी अपने दुःखों की चिंता नहीं की। वे सदा अपने पति के हित की मंगलकामना करती रहती थीं। उन्होंने अपने को राम में केंद्रीयभूत कर लिया था। वह समस्त दुःखों को झेलने वाली थीं। सीता में प्रतिहिंसा कभी नहीं थी। चाहे राम द्वारा इनका निर्वासन हो या वन में जंगली जानवरों और राक्षस–राक्षसियों का हिंसात्मक रवैया, उन्होंने कभी भी उग्र रूप धारण नहीं किया। वह भारतीय समाज के लिए सहिश्णुता के उच्चतम आदर्श के रूप में प्रतिष्ठित हैं।

स्वामी जी ने विश्व के अनेक देशों की यात्रा की और वहाँ के स्त्री–पुरुषों की व्यवहारगत और दार्शनिक विशेषताओं का बारीकी से अध्ययन किया और पाश्चात्य तथा भारतीय महिलाओं के अंतर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, 'पश्चिम कहता है– कर्म करो, कर्म द्वारा अपनी शक्ति दिखाओ।' भारत कहता है, 'सहिश्णुता द्वारा अपनी शक्ति दिखाओ।' मनुष्य कितने ज्यादा भौतिक पदार्थों का मालिक बन सकता है, इस विचारधारा का समर्थन पश्चिम ने किया और मनुष्य इतने कम साधनों में सुखी और संतुष्ट हो सकता है– इस प्रश्न का उत्तर भारत ने दिया।

न च मे भविता तत्र कि□चत् पथि परिश्रमः।
पृश्ठतस्तव गच्छन्त्या विहार□ायनेश्विव।।11।।

(वन में राम के साथ जाने की जिद करने पर सीता कहती हैं) जैसे बगीचे में घूमने और पलंग पर सोने में कोई कश्ट नहीं होता, उसी प्रकार आपके पीछे–पीछे वन के मार्ग पर चलने में मुझे कोई परिश्रम नहीं जान पड़ेगा।

कुशकाशशरेशीका ये च कण्टकिनो द्रुमाः।
तूलाजिनसमस्पर्शा मार्गे मम सह त्वया।।12।।

रास्ते में जो कुश–कास, सरकंडे, सींक और काँटेदार वृक्ष मिलेंगे, उनका स्पर्श मुझे रूई और हिरण के चमड़े के समान सुखद महसूस होगा।

सती–साध्वी

सीता सतीत्व की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सतीत्व की रक्षा की। राजा जनक की बेटी और राजा दशरथ की पुत्रवधू होकर भी उन्होंने वन में राजसी वस्त्रों के साथ जाना उचित नहीं समझा जबकि वनवास की आज्ञा तो केवल राम को दी गई थी। उन्होंने वन में पूर्ण रूप से साध्वी जीवन व्यतीत किया। रावण द्वारा अपहरण कर लिए जाने पर उन्होंने रावण की पत्नी बनना स्वीकार नहीं किया।

स्वयं तु भार्यां कौमारी चिरमध्युशितां सतीम्।
भौलूश इव माँ राम परेभ्यो दातुमिच्छसि।।8।।

श्री राम! जिनका कुमारावस्था में ही आपके साथ विवाह हुआ है और जो लंबे समय तक आपके साथ रही है उस मुझे अपनी सती–साध्वी पत्नी को आप औरत की कमाई खाने वाले नट की भाँति दूसरों के हाथ में सौंपना चाहते हैं?

अनुकरणीय एवं पूजनीय

छात्राओं के सामने सीता, सावित्री, दमयंती, अहिल्याबाई, मीराबाई जैसे आदर्श नारी चरित्रों को पढ़ाया जाना चाहिए जिससे वे भी उनके जैसा बनने का प्रयास करें। उनके त्याग का उपदेश देना होगा। युवक–युवतियों के अपरिपक्व मन के लिए सीता–राम तथा शिव–पार्वती उपासक प्रसंग सुनाना उपयोगी रहेगा, जिससे उनकी भी उच्चतम महत्त्वाकांक्षा सीता के समान शुद्ध, पवित्र और पतिपरायण बन जाए।

स्वामी जी के अनुसार देश में अन्य कोई पौराणिक कथा ऐसी नहीं है जिसने सीता की भाँति पूरे राष्ट्र को प्रभावित किया हो। सीता का चरित्र भारतीय जनमानस की नस–नस में, रक्त की एक–एक बूँद में प्रवाहित है। वह आगे कहते हैं, 'तुम संसार के समस्त प्राचीन साहित्य को छान डालो और भविष्य में भी संसार–साहित्य का मंथन कर सकते हो, किंतु तुम्हें सीता जैसा दूसरा चरित्र नहीं मिलेगा। यह अद्वितीय चरित्र भारत का केंद्रीय भाव है। इसलिए येसदा हमारी

बगीचे में घूमने और पलंग पर सोने में कोई कश्ट नहीं होता, उसी प्रकार आपके पीछे–पीछे वन के मार्ग पर चलने में मुझे कोई परिश्रम नहीं जान पड़ेगा।

सती–साध्वी :

सीता सतीत्व की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सतीत्व की रक्षा की। राजा जनक की बेटी और राजा दशरथ की पुत्रवधू होकर भी उन्होंने वन में राजसी वस्त्रों के साथ जाना उचित नहीं समझा जबकि वनवास की आज्ञा तो केवल राम को दी गई थी। उन्होंने वन में पूर्ण रूप से साध्वी जीवन व्यतीत किया। रावण द्वारा अपहरण कर लिए जाने पर उन्होंने रावण की पत्नी बनना स्वीकार नहीं किया।

स्वयं तु भार्यां कौमारी चिरमध्युशितां सतीम्।
भौलूश इव माँ राम परेभ्यो दातुमिच्छसि।।8।।

श्री राम! जिनका कुमारावस्था में ही आपके साथ विवाह हुआ है और जो लंबे समय तक आपके साथ रही है उस मुझे अपनी सती–साध्वी पत्नी को आप औरत की कमाई खाने वाले नट की भाँति दूसरों के हाथ में सौंपना चाहते हैं?

अनुकरणीय एवं पूजनीयः

स्वामी जी के अनुसार देश में अन्य कोई पौराणिक कथा ऐसी नहीं है जिसने सीता की भाँति पूरे राष्ट्र को प्रभावित किया हो। सीता का चरित्र भारतीय जनमानस की नस–नस में, रक्त की एक–एक बूँद में प्रवाहित है। वह आगे कहते हैं,'तुम संसार के समस्त प्राचीन साहित्य को छानडालो और भविष्य में भी संसार–साहित्य का मंथन कर सकते हो, किंतु तुम्हें सीता जैसा दूसरा चरित्र नहीं मिलेगा। यह अद्वितीय चरित्र भारत का केंद्रीय भाव है। इसलिए येसदा हमारी राष्ट्रीय देवी भी बनी रहेगीं। स्त्री–चरित्र में जितने गुण एवं आदर्श होने चाहिए वे सब सीता की ही देन हैं। राम अनेक हो गए पृथ्वी पर सीता एक ही हुई।'भारत का बच्चा–बच्चा सीता के चरित्र से अवगत है, इसलिए मुझे अधिक बताने की आवश्यकता नहीं है। स्वामी जी आगे कहते हैं, चाहे हमारे सारे पुराण नष्ट हो जाएँ, यहाँ तक की हमारे वेद विलुप्त हो जाएँ किंतु जब तक भारत में ग्रामीण भाषा बोलने वाले पाँच भी हिंदू रहेंगे, तब तक सीता की कथा विद्यमान रहेगी। सीता का प्रवेश हमारी अस्थि मज्जा में हो चुका है। हम भी सीता की संतानें हैं। हमारी नारियों को आधुनिक भावों में रँगने की जो चेश्टाएँ हो रही हैं, सीता–चरित्र के आदर्श से भ्रष्ट करने की जो चेष्टा हो रही है, वे इसमें कभी सफल नहीं होंगे।

धर्मज्ञ एवं धर्म–परायणाः

हिंदू स्त्रियाँ बहुत ही आध्यात्मिक और धार्मिक होती हैं। कुमारियों को धर्म–परायण और नीति–परायण बनाना पड़ेगा, जिससे वे भविष्य में अच्छी गृहणी बनें। जिनकी माताएँ शिक्षित, धर्म–परायण और नीति–परायण होती हैं, उनके घर में बड़े लोग (महापुरुष) जन्म लेते हैं और आगे चलकर उनकी संतानें इन विषयों में और भी उन्नति कर सकेंगी। ये महिलाएँ साक्षात् महामाया माता जगत जननी का ही प्रतिरूप हैं। इन स्त्रियों का उत्थान न होने से क्या समाज की उन्नति होगी?

समान शिक्षा परमावश्यक :

पॅसाडेना, कैलिफोर्निया के शेक्सपियर क्लब हाउस में 18 जनवरी, 1900 को 'हिंदू नारी' विषय पर दिए गए भाषण में स्वामी जी ने कहा–सनातन धर्म में तो स्त्रियों को शिक्षा देने का निषेध नहीं है। लड़कियों को भी लड़कों के ही समान पढ़ाना चाहिए पुराने ग्रन्थों में तो यह भी लिखा मिलता है कि विद्यापीठों में दोनों साथ–साथ पढ़ने जाते थे।

वेदों में नर–नारी के बीच भेद नहीं किया गया है। उन्होंने गार्गी जैसी महान विदुषी का प्रसंग छेड़ते हुए कहा, आपको याद होगा कि किस प्रकार राजा जनक के दरबार में ब्रह्मवादिनी गार्गी ने याज्ञवल्क्य से प्रश्नपूछे थे, जिन्हें सुनकर वहाँ उपस्थित सभी विद्वान पुरुष हतप्रभ रह गए थे। इस तरह के प्रसंग तत्कालीन विदुशियों के माध्यम से नारी शिक्षा की उच्च व्यवस्था की ओर इशारा करते हैं तथा हमें यह शिक्षा देते हुए कहते हैं कि बेटे और बेटियों की शिक्षा समान रूप से होनी चाहिएँ'अभिज्ञान शाकुंतलम्' की 'शकुंतला' की विद्वत्ता का उदाहरण क्या भारत में प्राचीन काल से नारी शिक्षा के समर्थक होने का पुश्ट प्रमाण नहीं है?

वे मानते थे कि माना भारतीय महिलाओं की अनेक समस्याएँ हैं, परंतु उनमें से एक भी ऐसी नहीं है, जिनका हल जादुई शब्द 'शिक्षा' से न हो, परंतु इसके लिए 'वास्तविक शिक्षा' की व्यवस्था करनी होगी। स्त्रियों की अवस्था को बिना सुधारे दुनिया के भले की कोई आशा नहीं दिखती क्योंकि पक्षी के लिए एक पंख से उड़ना संभव नहीं है।

आत्मशक्ति का विकास :

स्वामी जी से एक बार प्रश्न पूछा गया कि आप नारियों की स्थिति से पूर्णतया संतुष्ट हैं?तो उन्होंने कहा,'हमें केवल नारियों के लिए शिक्षा का प्रचार और व्यवस्था करनी चाहिए। उस शिक्षा से नारियों को इतना सामर्थ्यशाली बना देना चाहिए कि वे अपनी समस्याओं को अपने ढंग से सुलझा लें। उनको अपनी समस्याओं को सुलझाने का अवसर प्रदान करो। किसी को उनके बीच में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। अपने जीवन की बाधाओं को अल्पतम करने की क्षमता भारतीय महिलाओं में भी उतनी ही है जितनी संसार की अन्य नारियों में।'प्रत्येक बालिका में ब्रह्म का दर्शन करो, उनकी ब्रह्म शक्ति को पहचानो और उनका विकास करो। अब तक तो उन्होंने

पराश्रित भाव से जीवन–यापन करना, छोटी–छोटी समस्याओं की आशंका पर आँसू बहाना सीखा है– अब उन्हें शिक्षा द्वारा आत्मनिर्भर एवं स्वाभिमानी बनना होगा।

सतीत्व की भावना का विकास :

वे मानते थे कि हिंदू स्त्रियाँ 'सतीत्व' के अर्थ को भली–भाँति समझती हैं क्योंकि सतीत्व उन्हें परंपरागत विरासत के रूप में मिला हुआ है। नारी के हृदय में सतीत्व का आदर्श सर्वोपरि रहना चाहिए जिससे वे इतनी दृढ़चरित्र बन जाएँकि चाहें वे विवाहित हों या कुमारी जीवन की हर अवस्था में अपने सतीत्व को डिगने से बचा सकें।

ब्रह्मचारिणी बनो :

स्वामी जी महिलाओं की धार्मिक शिक्षा पर विशेष बल देते थे इसलिए महिलाओं को ब्रह्मचर्य का पालन करने की सलाह देते थे, परंतु उन्होंने कड़े शब्दों में यही बात पुरुषों के लिए भी कही कि उन्हें भी ब्रह्मचर्य का पालन करना होगा, तभी समान रूप से धर्म की स्थापना होगी।

वेदैश्च ब्रह्मचर्यैश्च गुरूभिश्चोपकर्शितः।
भोगकाले महत्कृच्छ्रं पुनरेव प्रपत्स्यते।।84।।

(कैकयी द्वारा राम को वनवास का वर माँग लिए जाने पर राजा दशरथ विलाप करते हुए कहते हैं) हाय! अब तक तो श्री राम वेदों का अध्ययन करने, ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करने तथा अनेकानेक गुरुजनों की सेवा करने में संलग्न रहने के कारण दुबले होते चले आए हैं। अब जब सुखोपभोग का समय आया तो वन चले जाएँगे।

भुञ्शूशमाणा ते नित्यं नियता ब्रह्मचारिणी।
सह रंस्ये त्वया वीर नवेशु मधुगन्धिशु।।13।।

(सीता द्वारा वन में अपने साथ ले चलने की राम से प्रार्थना करने पर) वीर! नियमपूर्वक रहकर ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करूंगी और सदा आपकी सेवा में लगी रहूँगी। आपके साथ सुगंध से भरे हुए वनों में विचरुँगी।

देशभक्तिनी बनो:

स्वामी जी से जब नारियों के लिए संदेश देने को कहा गया तो उन्होंने कहा,'पुरुषों की भाँति नारियों को भी भारतवर्ष में विश्वास करना चाहिए, भारतीय धर्म में विश्वास करो, शक्तिशाली बनो, आशावान बनो और संकोच छोड़ो।'

अस्माभिर्दे□धर्मस्तु पूज्यताम्।।

(सीताराम को वन में वन के अहिंसामय धर्म का पालन करने का निवेदन करते हुए कहती है) हम लोगों को देश धर्म का ही आदर करना चाहिए।

विज्ञान एवं इतिहास का अध्ययन करें:

महिलाओं को विज्ञान, तकनीकी, शिल्प एवं गृहविज्ञान जैसे विषयों का ज्ञान दिया जाए जिससे वे इन विशयों से अपना भी भला करें और समाज का भी कल्याण करें।

परोपकारी बनो :

बालिकाओं के सामने बाल्यावस्था से ही परोपकार के उदाहरण प्रत्यक्ष रूप से प्रस्तुत करने चाहिए जिससे उनके अंदर परोपकार की भावना पल्लवित हो जाए। कोई भी कार्य जो परोपकार की भावना से किया जाना हो ऐसे कार्य के लिए भारतीय महिलाएँ बड़ी प्रसन्नता से और सफलतापूर्वक कोई भी विषय आसानी से सीख लेंगी और दूसरों का उपकार करने में खुशी–खुशी योगदान देंगी।

मातृत्व की भावना :

नारी में मातृ–प्रकृति का विकास अधिक है। वे ईश्वर की उपासना भी बालस्वरूप में करना पसंद करती हैं। वे माँगने में नहीं, देने में विश्वास करती हैं। इसलिए प्राथमिक शिक्षा देने के लिए महिला शिक्षिकाओं का कार्य अत्यधिक सराहनीय होता है। भारत में स्त्री पहले माता है बाद में कुछ और। इन मातृरूपा स्त्रियों की पूजा, सम्मान एवं प्रमाण करने से ही मनुष्य को मुक्ति मिलती है। गृह–लक्ष्मियों की पूजा के उद्देश्य से, उनमें ब्रह्म विद्या के विकास के निमित्त उनके लिए मठ बनवाकर जाऊँगा।

स्वामी जी ने भारत के समस्त नारियों को शिक्षित करके एक ऐसे नारी वर्ग का सपना देखा जिसमें भारतमाता एवं स्वयं नारियों का संपूर्ण कल्याण निहित हो, वह सपना था–

- भारत की आवश्यकतानुरूप महान निर्भीक नारियाँ तैयार करेंगे, जो वीरों को जन्म देकर गौरवशाली माता बनाने के योग्य हों। स्वामी जी ने नारियों से ऐसी अपेक्षा इसलिए की क्योंकि वे पवित्र और आत्मत्यागी होती हैं और उस शक्ति से परिपूर्ण हैं, जो भगवान के चरण छूने से आती हैं।
- नारियों की मानसिक स्थितियों का विकास करेंगे (शब्दों का रटना मात्र नहीं) जिससे वह इच्छा अनुसार विषयों में दक्षता का प्रशिक्षण ले सकें।
- ऐसी नारियों को तैयार करेंगे जो संघमित्रा, अहिल्याबाई, लीलाबाई, सीता तथा मीराबाई जैसी परम विदुषियों की परंपराओं को चालू रख सकें।
- वे पुरुषों के समान नारियों की शिक्षा में भी 'धर्म' को अंतरतम एवं अनिवार्य अंग मानते थे तथा शिक्षकों से अपील करते थे कि वे बालिका शिक्षा के आरंभ के दिनों में ही धार्मिक शिक्षा का बीज बो दें और उसे इस योग्य बनाएँ कि उसके जीवन की बाधाओं को वह अल्पतम करने में समर्थ हो सकें।
- उन्हें बहादुर बनाना होगा इसलिए आत्मरक्षा के गुण

सिखाने होंगे जिससे वे भी लक्ष्मीबाई की भाँति वीरांगना बन सकें।

उपसंहारः

'रामायण' हिंदू धर्म का अत्यंत प्राचीन धर्म ग्रंथ है,परंतु उसमें वर्णित सीता का व्यक्तित्व वर्तमान समय की महिलाओं के लिए आज भी आदरणीय, पूजनीय एवं प्रासंगिक है। वर्तमान समय मेंविज्ञान और भौतिकता का बोलवाला है जिसकी वजह से महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं और उनकी स्थिति बेहतर वआधुनिक तोमानी जाने लगी है परंतु आज भी उनके जीवन में अनेक मनोवैज्ञानिक,सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक और आर्थिक समस्याएं चुनौती बनकर उनकी चिंता और परेशानियों को बढ़ा रही हैं।समाज महिलाओं से यहअपेक्षा करता है कि वे सीता की भांति गुणवती हों और महिलाएं समाज से यह अपेक्षा करती हैं कि वह उनको सीता के समान आदर, श्रद्धा, सम्मान और स्वाभिमानके साथ जीवन जीने का अधिकार दें। यह दोनों ही अपेक्षाएं तभी पूर्ण हो सकती हैं जब प्रत्येक नारी को सीता जैसी महान नारियों के व्यक्तित्व का अनुसरण करने का अवसर मिले। शिक्षा एक ऐसा हथियार है जिसमें किसी भी बालिका के सर्वांगीण विकास की पूर्ण क्षमता होती है इसलिए संपूर्ण शिक्षा–प्रक्रिया में नारी शिक्षा के न केवल व्यापक प्रबंध होने चाहिए बल्कि प्राचीन भारत की महान एवं विदुषी नारियों को पाठ्यक्रम में समुचित स्थान देकर वर्तमान नारियों के संतुलित व्यक्तित्व निर्माण में सहायता प्रदान की जानी चाहिए। पाठ्यक्रम में स्थान देने के साथ–साथ स्वयंमाताओं एवं महिला शिक्षिकाओं को सीता के गुणों को आत्मसात करके बालिकाओं के सामनेआदर्श प्रस्तुत करना होगा।

स्वामी जी के अनुसार सीता वास्तव में जन्मी थीं या नहीं, रामायण की कथा किसी ऐतिहासिक तथ्य पर आधारित है या कपोल कल्पित यह हम नहीं जानते पर इतना तो सत्य है कि सहस्त्रों वर्षों से सीता का चरित्र भारतीय राष्ट्र का आदर्श रहा है।

स्त्रियों की अवस्था को बिना सुधारेजगत के कल्याण की कोई संभावना नहीं है जगत् रूपी पक्षीके लिए एक पंख से उड़ना संभव नहीं है।

1.विवेकानंद साहित्य, खंड–1, पृष्ठ 301, खंड–7, पृष्ठ 144

2.श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण, उत्तरकांड, अड़तालीसवाँ, सर्ग, पृष्ठ 803

3.श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण,अयोध्याकांड, सत्ताईसवाँ सर्ग, पृष्ठ 312

4.श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण,अयोध्याकांड, बासठवाँ सर्ग, पृष्ठ 409

5.विवेकानन्द साहित्य, खण्ड–7, पृष्ठ 144

6.श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण,अयोध्याकांड, तीसवाँ सर्ग, पृष्ठ 318

7. विवेकानन्द साहित्य, खण्ड–7, पृष्ठ 144

8. विवेकानन्द साहित्य, खण्ड–6, पृष्ठ 37,181

9. विवेकानन्द साहित्य, खण्ड–4, पृष्ठ 267–268, 317

10. विवेकानन्द साहित्य, खण्ड–4 (267), खण्ड–7 (76),खण्ड–8 (277)

11. विवेकानन्द साहित्य, खण्ड–4, पृष्ठ 269

12. श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण,अयोध्याकांड, बारहवाँ सर्ग, पृष्ठ 262

13.श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण,अयोध्याकांड, सत्ताईसवाँ सर्ग, पृष्ठ 313

14.विवेकानन्द साहित्य, खण्ड–4, पृष्ठ 269

15.श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण,अरण्यकाण्ड, पृष्ठ 572

16.विवेकानन्द साहित्य, खण्ड–8, पृष्ठ 278

17.विवेकानन्द साहित्य, खण्ड–3, पृष्ठ 277

18.विवेकानन्द साहित्य, खण्ड–6, पृष्ठ 182

19विवेकानन्द साहित्य, खण्ड–4, पृष्ठ 268

20विवेकानन्द साहित्य, खण्ड–8, पृष्ठ 277

शोधकर्त्री

रीतू रानी

शिक्षा विभाग, मानविकी संकाय

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय

अस्थल बोहर, रोहतक

शोध–निर्देशक

प्रो० एस.के.वर्मा

शिक्षा विभाग, मानविकी संकाय

बाबा मस्तनाथ विष्वविद्यालय,

अस्थल बोहर, रोहतक

21

मॉरीशस में हिंदी और भारतीय संस्कृति,

डॉ0 उमेश कुमार सिंह

सारांश

मॉरीशस देश आप्रवासियों का देश है। मॉरीशसवासी किसी न किसी देश से विस्थापित रहे हैं। इस देश को आजादी बिना खून–खराबे के मिली थी 12 मार्च 1968 को मिली थी। इसलिए इस देश के लोग आपस में कभी नहीं लड़ते–झगड़ते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण इनके पूर्वजों ने बहुत सी मुसीबतों का सामना किया है तथा मॉरीशसवासी अपने पूर्वजों की उन मुसीबतों से अनभिज्ञ नहीं हैं। इस देश में अफ्रीकी, चीनी, फ्रेंच, ब्रिटिश और भारत के लोगों की मिश्रित जनसंख्या वाले लोग निवास करते हैं किन्तु भारतीय मूल के लोग की संख्या दूसरे देशों के आप्रवासियों की तुलना में कहीं अधिक है. इसीलिए यहाँ पर बहुतायत में भोजपुरी मिश्रित हिंदी, क्रियोल, फ्रेंच, और इंग्लिश आदि भाषाएँ बहुतायत से बोली और समझी जाती है।

भारतीयों के आगमन के संबंध में विदेशी लेखक बरन ग्रंट ने अपने लेखन में जिक्र किया है कि 1769 में हिन्दुस्तान से बहुत से मद्रासी पांडिचेरी से तथा सन 1758 में बंगाल से बंगाली लोग आकर मॉरिशस में बस गए थे किन्तु इस देश में हिंदी का प्रारम्भ 1834 से माना जा सकता है क्योंकि इस वर्ष पहले भारतीय आप्रवासी ने आप्रवासी घाट पर अपना कदम रखा था। हिन्दुस्तान से शर्तबंदी कुली मजदूर के रूप में पहले तीन वर्ष के गिरमिट करार पर किन्तु बाद में पांच वर्ष के करार पर लाए गए थे। आज पूरे देश में ग्यारह भाषाएँ बोली जाती हैं जिनमें भोजपुरी, खड़ी बोली, तमिल, उर्दू, तेलुगू, मराठी, गुजराती, अंग्रेजी, फ्रेंच, चीनी तथा मिश्रित भाषा क्रियोल आदि प्रमुख हैं।

मॉरीशस में, अथवा मिरिच देश में भारत वंशियों को अधिक मजदूरी और पत्थर खोदकर सोना निकलने की बात कहकर धोखे से लाया गया था। "सोनवा के खातिर गइली विदेशवा, गलि गैलन सोनवा सरीर " अपने दुख और असहनीय कराह, पीड़ा को व्यक्त करते हुये गिरमिटिया मजदूर भोजपुरी में कहता है। उनकी इस आत्मग्लानि, पीड़ा और संवेदना की कसक को हमारे पूर्वज ही समझ सकते हैं जिंहोने यह पीड़ा भोगी होगी। वे कहते हैं कि मैं और मेरे जैसे सभी जहाजिया भाई सोने और अधिक मजदूरी के लालच में परदेश आए थे। मुझे और मेरे साथियों को सोना तो नहीं मिला किन्तु अब यह मेरा सोने जैसा शरीर गल चुका गई।

समाजिकता भारतवासियों की प्रमुख विशेषता होती है समाजिकता के अभाव में उनका जीवन संभव नहीं हो सकता है इसी कारण भारतवंशी लोग बहुत सामाजिक थे। वे दिन भर खेतों में कठोर परिश्रम करते थे और फिर शाम के समय सभी साथ मिलते थे, किस्सा–कहानियाँ सुनाते थे। उनका बैठने यही स्थान बैठका के नाम से जाना जाने लगा था, यह एक प्रकार से सामाजिक–सांस्कृतिक संस्था की तरह ही विकसित हुई। जहां वे लोग एक दूसरे से मिलते, एक दूसरे के साझीदार बनाते और अपनी थकान मिटाते थे।

मोहनदास करमचंद गांधी सन 29 अक्तूबर 1901 को डरबन से लौटते समय नौशेरी नामक जहाज से मॉरीशस में आए थे। वे पोर्ट लुईस में बन्दरगाह के निकट 21 दिन तक रुके थे। इतिहास इसका गवाह है कि गांधीजी ने मॉरीशस में रह–रहे भारतवंशियों को उनकी हिंदुस्तानी भाषा अर्थात हिंदी में संबोधित किया था। इस भाषण में उन्होने मॉरीशस के भारतीय मजदूर रह–वासियों को कुछ महत्वपूर्ण बातें बतलाई थीं जिनमें प्रथम बात अपने बच्चों को उचित शिक्षा दिलवाना तथा दूसरी बात देश की राजनीति में सक्रिय रूप से भाग लेना। उनकी इन बातों का समावेश अभिमन्यु अनत से अपने उपन्यास "गांधीजी बोले थे" में किया गया है। उसी समय मोहनदास करमचंद गांधी ने मॉरीशस के मोका डिस्ट्रिक्ट में भी भारतीय कुली मजदूरों को भी संबोधित किया था, उसी स्थान पर सन 1978 में महात्मा गांधी संस्थान की स्थापना की गई है।

भारत से हमारे पूर्वज मॉरीशस में शर्तबंद अथवा गिरमिटिया मजदूर के रूप में 1834 से लाने प्रारम्भ हुये थे, और यह सिलशिला 1934 तक जारी रहा था। यहाँ पर 19 वीं सदी का सबसे बड़ा विस्थापन हुआ था जिसमें 4 लाख पचास हजार मजदूरों का यहाँ लाकर बसाया गया था। आज मॉरीशस वासियों की जनसंख्या 14 लाख हो गई है। मॉरीशस को आज मॉरीशस को कुल 09 जिले में विभक्त किया जा चुका हैं जिनमें 1 फलक 2 ग्रेंड पोर्ट 3 मोका, 4 पम्प्लेमुस, 5 रिव्योर ज्यू राम्पार, 6 रिव्योर नौयर (ब्लेक रिवर) 7 सावन, 8 पोर्ट लुईस 9 पलेनस विलहम तथा इन सभी जिलों में 150 के लगभग आधुनिक गाँव हैं।

भारत के अतिरिक्त देशों में बोली जाने वाली हिंदी की दृष्टि से मॉरिशस सबसे आगे है। यही वह देश है जहां सबसे पहले हिंदी भाषा और साहित्य के प्रति जागरूकता आई थी। इस देश में भारत से मोहनदास करमचंद गांधी द्वारा डॉक्टर मणिलाल को सन 1907 में भेजा गया था। देश का प्रथम हिन्दी समाचार पत्र 'हिन्दुस्तानी'डॉक्टर मणिलाल ने सन 1909 में पत्र प्रकाशित किया गया था। यह पत्र अंग्रेजी एवं हिंदी में एक साथ छपता था। इस पत्र के प्रथम संपादक डॉक्टर मणिलाल थे। इस समय तक गांधी जी की श्रीकृति से विश्व में फैल चुकी थी। इस पत्र के प्रकाशन से मॉरीशस के लोगों में अपने अधिकारों के प्रति अधिक जागरूकता आई थी। डॉक्टर मणिलाल वेरिस्टर होने के नाते कुली मजदूरों की बात, उनकी हिन्दी भाषा में सुनकार सरकार के समक्ष बात रखते थे। इस पत्र प्रकाशन के बाद मजदूरों पर कोठी के मालिकों के द्वारा होने वाले अत्याचारों में कुछ

कमी अवश्य आई थी।

आज इस देश में भारतीय मूल के गिरमिटिया भारतवंशियों की पाँचवीं और छठी पीढ़ी निवास कर रही है। इस देश के लोग 1968 तक अर्थात स्वतंत्र होने से पूर्व तक भारत का राष्ट्रीय गान "जन गण मन अधिनायक जय हो, भारत भाग्य विधाता" बड़े सोहार्द्र और प्रेम पूर्वक राष्ट्रगान को गा कर और मन में गुन गुनाकर गर्व का अनुभव किया करते थे। आज विश्व में मॉरीशस की एक देश रूप में तथा भारत के लिए सामरिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण एवं प्रजातांत्रिक देश है। इस देश के लोग मीठी बातें करते हैं इसका कारण संभवतः पूरे देश में गन्ने कि खेती करने का कारण समझा जा सकता है।

हिंदी के विकास के सन्दर्भ में मॉरिशस में "बैठका" कैसे अस्तित्व में आई और वह कैसे हिंदी के साथ जुड़ गई। 'बैठका' के अस्तित्व में आने के इतिहास पर एक दृष्टि डालना अति आवश्यक हो जाता है क्योंकि भारत में 'बैठक' वह स्थान है जहाँ पर पुरुष समाज के लोग अपने समाज के अन्य लोगों के साथ बैठकर चर्चा–परिचर्चा अथवा दूसरे शब्दों में विचार विनिमय किया करते हैं। मॉरिशस के लेखक पूजानंद नेमा ने बैठका की परिभाषा इस प्रकार दी है "बैठक भारतीय आप्रवासियों के सामाजिक जीवन में न केवल एक शैक्षिक संस्था है, बल्कि भारतवंशियों के सम्पूर्ण विकास का स्रोत भी है.

अब हम इस देश की हिंदी बैठकाओं के बारे में चर्चा करेंगे। इन चीनी मिलों में काम करने वाले गिरमिट कुली मजदूर शाम को काम के बाद खाने के उपरांत बैठक में मिलते थे, वही पर अपने दुःख दर्द और कथा भागवत, सलाह–मशबिरा और हिंदी की चर्चा आदि किया करते थे । यही वह बिंदु है जहां से हिंदी सीखने सिखाने का सूत्रपात हुआ था। इसी स्थान से हिंदी गई तो धर्म गया का नारा पैदा हुआ था। इस कार्य से चीनी कोठियों के मालिक नाराज रहा करते थे। उन्होंने कुछ समय उपरांत इस बैठका पर भी प्रतिबन्ध लगा दिया था किन्तु इस सबके बाद भी कुलियों ने आपस में मिलना जुलना नहीं छोड़ा था। पहले वे खुलकर एक दूसरे से मिलते थे, किन्तु प्रतिबन्ध लगाने के बाद वे सभी छिपकर मिला करते थे। इस बैठका की बदौलत आज मॉरिशस में हिंदी, भोजपुरी जीवित ही नहीं है बल्कि उनमें जागरूकता भी आई है. इस बात का जिक्र अभिमन्यु अनत ने अपने प्रसिद्ध उपन्यास लाल पसीना में भी किया है। इस प्रकार साहित्य में इन साक्ष्यों की उपस्थिति के प्रमाण देखे जा सकते हैं।

आज मॉरिशस में हिंदी की जो स्थिति और प्रचलन है, उसके पीछे सही मायने में 'बैठका' से हिंदी की शुरुआत हुई थी, इस बात की पुष्टि इतिहास के कुछ तथ्यों एवं साक्ष्यों के द्वारा की जा सकती है. इस देश में आज हिंदी के शिक्षण प्रशिक्षण के लिए चार संस्थाएं कार्य कर रही हैं जिनमें हिंदी प्रचारिणी सभा, आर्य सभा, आर्य रवि वेद सभा एवं महात्मा गाँधी संस्थान इत्यादि, हम इन संस्थाओं में से किसी के कार्य को कम अथवा अधिक नहीं माप सकते हैं क्योंकि हिंदी शिक्षण प्रशिक्षण के इस महायज्ञ में इन संस्थाओं ने भरपूर योगदान दिया है. इसके लिए पूरा समाज उनका ऋणी रहेगा । इन स्वयं सेवी संस्थाओं और सभाओं का संक्षिप्त विवरण जानकारी के लिए प्रस्तुत की जा रहा है।

इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि श्री तुलसीदास कृति श्री रांचरितमानस के सस्वर पाठ और महात्मा गांधी और उनके विचारों से ऊर्जा पाकर मॉरीशस वासियों में चेतना जाग्रत हुई थी, हिंदी प्रचारिणी सभा मॉरिशस की हस्तलिखित पत्रिका दुर्गा के प्रथम अंक फरवरी 1935 से लेकर 1937 तक के अंक हाथ से लिखकर निकाले गए थे। उस पत्रिका के मुख पृष्ठ पर "भाषा हिंदी गई तो संस्कृति गई" मूल संदेश लिखा हुआ है।यह संस्था मॉरीशस में आज तक निरूशुल्क हिंदी का प्रचार– प्रसार का कार्य करती है। इस हिंदी संस्था पर प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से गांधीजी का प्रभाव परिलक्षित होता है। इस संस्था को श्री मंगर भगत ने अपनी जमीन दान देकर 1934 में भारत वंशियों की संतानों के पठन पाठन के लिए स्थापित किया था।

'हिंदी प्रचारिणी सभा मॉरीशस' संस्था का मुख्यालय लोंग माउंटेन, मॉरिशस में स्थित है वर्तमान में इस संस्था के प्रधान श्री यंत्रदेव बुद्दू है जो हिंदी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं. इस संस्था के संस्थापक श्री रामलाल मंगर हैं जिन्होंने इस सभा की स्थापना 26 जून 1926 को की थी। किन्तु संस्था का पंजीकरण 1934 में हुआ था। उसके तत्काल बाद से यह संस्था हिंदी के प्रचार–प्रसार के लिए कार्य कर रही है पूरे देश में इसकी कुल 187 शाखाएं हैं जिनमें हिंदी के पठन–पाठन का कार्य किया जा रहा है।

आर्य सभा मॉरिशस का मुख्यालय पाई, मॉरिशस में स्थित है इसकी स्थापना वर्ष 1910 हुई थी। प्रारंभ में इसका उद्देश्य आर्य सभा के उद्देश्यों का प्रचार – प्रसार करना था और इस प्रचार के लिए उन्होंने हिंदी भाषा को अपनाया था। इसके लिए सन 1934 में तिलक विद्यालय को एक राष्ट्रीय संस्था का रूप दिया गया। बाद में इसका नाम परिवर्तित करके हिंदी आर्य सभा कर दिया गया था। वर्तमान में इसके प्रधान डॉ. उदय नारायण गंगू जी है. इसकी पूरे देश में 400 शाखाएं हैं जिनमें से 175 शाखाओं में हिंदी के पठन–पाठन का कार्य चल रहा है।

आर्य रविवेद प्रचारिणी सभा, के वर्तमान में प्रधान श्री सत्यम गती हैं। यह संस्था, सादे मांस, पोस्ट ऑफिस के सामने, पोर्ट लुईस, मॉरिशस में स्थित है इस संस्था की स्थापना 1934 में हुई थी परन्तु पंजीकरण सन 1956 में हुआ था। तब से लेकर यह संस्था हिंदी के प्रचार प्रसार में लगी हुई है इस संस्था की पूरे देश में 130 शाखाएं है जिनमें हिंदी शिक्षण का कार्य किया जाता है। उनकी संख्या कुल 42 है तथा 14 शाखाएं छात्र न मिलने के कारण बंद हो गई हैं आज हिंदी बैठाकाओं के बंद होने की स्थिति का सामना लगभग सभी संस्थाएं कर रही हैं।इस देश में हिंदी के भविष्य के लिए चिंता जनक स्थिति है । इसके लिए अधिक से अधिक स्वयं सेवकों की आवश्यकता है जो सेवा भाव से हिंदी का प्रचार –प्रसार

कर सकें ।

मॉरीशस में महात्मा गांधी संस्थान मोका में ही संस्थान के दूसरी तरफ एक विशेष प्रकार का प्रशिक्षण संस्थान खोला गया है। यह उन विद्यार्थियों के लिए जो अधिक शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते हैं अथवा अधिक पढ़ नहीं पते हैं। उनके शिक्षण प्रशिक्षण के लिए एक विशेष प्रकार का विद्यालय महात्मा गांधीजी के नाम पर सरकार द्वारा खोला गया है जिसमें विद्यार्थियों के लिए दस्तकारी का प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे छात्र भी समाज में अपना स्थान बनाने के साथ–साथ अपनी आजीविका कमाकर स्वावलंबी बन सकें।

मॉरिशस में मूर्त रूप से प्रत्यक्षतरू हिंदी तथा अन्य विषयों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए महात्मा गाँधी संस्थान, मोका का मॉरीशस का एकमात्र शिक्षण संस्था है इस संस्थान में सभी भाषाओँ के विशेषज्ञों की उपलब्धता है। यह संस्थान हिंदी के अतिरिक्त विभिन्न भाषाओँ और संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करता है. इसकी आधारशिला 3 जून 1970 को भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी तथा मॉरिशस के प्रधानमंत्री सर शिवसागर रामगुलाम के कर कमलों द्वारारखी गई थी. आज महात्मा गाँधी संस्थान, मॉरिशस में उच्च शिक्षा में हिंदी अध्ययन एवं अध्यापन के लिए पायोनीयर एवं अग्रणी संस्था मानी जाती है. वर्तमान में इस संस्थान के अध्यक्ष पद पर श्री जयनारायण मितू कार्यरत हैं. महानिदेशक के पद पर श्रीमती सूर्यकान्ति गयान, निदेशक के पद पर श्रीमती विद्योतमा कुंजल जी तथा रजिस्ट्रार के पद पर श्रीमती उमा कॉवलेसर जी सफलता पूर्वक कार्य कर रही हैं जिनके कुशल निर्देशन में यह संस्थान हिंदी शिक्षा के क्षेत्र में नित नए मानक स्थापित कर रहा है।

इस संस्थान की प्रगति के आकलन के आधार पर कहा जा सहता है कि आज यह संस्थान स्वतंत्र विश्वविद्यालय के रूप में कार्य करने की क्षमता रखता है तथा अध्ययन, अध्यापन और शोध के क्षेत्र में विकास की नित नई ऊंचाइया छू रहा है। आज यह संस्थान अपने छात्रों को मॉरिशस यनिवर्सिटी से डिग्री प्रदान करता है। इस संस्थान में बी. ए, एम. ए, एम. फिल तथा पी–एच.डी आदि की हिंदी की पढाई करने के लिए मॉरिशस में एकमात्र संस्था है इसके अतिरिक्त हिंदी के साथ–साथ उर्दू, तमिल, तेलगू, संस्कृत, फ्रेंच, इंग्लिश, भाषाओँ के विशेषज्ञ भी उपलब्ध हैं.

मॉरिशस में महात्मा गाँधी संस्थान, भारत सरकार के द्वारा स्थापित एक संस्था है परन्तु इसके अतिरक्त अन्य सभी संस्थाएं समाज द्वारा समाज के उत्थान के लिए खड़ी की गई थीं।

आज मॉरिशस में हिंदी के कई रूप देखने को मिल सकते हैं लेकिन आज जो रूप हिंदी का मॉरिशस में देखने को मिलता है उसमें फ्रेंच, अंग्रेजी,भोजपुरी और क्रियोल के शब्दों का प्रयोग भी यत्र तत्र दृष्टिगोचर होता है। मेरी दृष्टि में इस तरह का प्रचलन स्थानीय लोग अपनी सुविधा के लिए बेहिचक करते हैं। महात्मा गाँधी संस्थान में मुझे हिंदी चेयर के रूप में हिंदी पढ़ने और शोध कार्य किया था। संस्थान के वाहन चालक श्री के डू, श्री मांटू जी मुझसे हिंदी में ही बात करते थे, उनके द्वारा बोली जाने वाली हिंदी भी हिंदी का एक अलग रूप मां लिया जाय तो अतिशयोक्ति न होगी। जैसे – डोक्तेर पोर्ट लुईस में बड़का बड़का जहाज आता है।

मॉरीशस में गंगा तालाब को बहुत पवित्र माना जाता है जैसे भारत में गंगा को पवित्र माना जाता है. उसी तरह मॉरीशस में भी एक गंगा तालाब है। इन दोनों में अंतर इतना है। गंगा नदी है और गंगा तालाब एक तालाब है। उस तालाब को पवित्र मानते हुए शिवरात्रि के पवन पर्व के अवसर पर उस तालाब से पैदल जल लेकर, कांवर लेकर और कार से अपने गाँव में स्थित शिवालय में जल चढ़ाते हैं।उस अवसर पर पूरे मॉरीशस में वातावरण भक्तिमय हो जाया करता है। रास्तेभर खाना, फल, मिनरल वाटर, जूस, मिठाई, लोग बांटते हैं तथा उनके आराम करने के लिए शामियाने लगवाये जाते है। उस अवसर पर लोग पूजा अर्चना करते हैं। गंगा तलब पर ही शिवाजी की विशालकाय मूर्ति स्थापित की गई है। उस मूर्ति के पास की श्री नव दुर्गा की मूर्ति शेर पर सवार लगाई गई है। इतना ही नहीं गंगा तलब पर श्रीराम मंदिर, श्रीकृष्ण मंदिर, काली मंदिर, सरस्वती मंदिर आदि आने मंदिरों की स्थापना की गई है। उस दृश्य की देशकर भारत की छवि परिलक्षित होती है।

मॉरीशस में गंगा स्नान से तात्पर्य समुद्र पर समुद्र स्नान से होता है। सभी हिन्दू छुट्टी लेकर नहाने जाते हैं और खूब परिवार के साथ एंजॉय करते हैं।समुद्रतट पर भारत की तरह ही छोटे–छोटे तम्बू लगाए जाते है और अपनी धोतियाँ बांधकर एक घेरा बनाते हैं उसी में अपना खाना और कपड़े रखते हैं किंतु आज कुछ लोग समृद्धशाली हो गए हैं। वे अपना तम्बू लेकर आते हैं। यह सिलसिला शाम तक चलता है शाम को सभी अपनी अपनी करें लेकर अथवा बस द्वारा घर की ओर प्रस्थान करते हैं। समुद्र स्नान के समयऔर खाने के समय भारत की छवि उभरकर आती है। इस अवसर पर भारत में होने का भ्रम पैदा होता है

मॉरीशस में गणेशजी की पूजा भी बड़े भक्तिभाव के साथ की जाती है और प्रतिदिन आरती होती है। इसके बाद महाप्रसाद भोज भी दिया जाता है तथा अंतिम दिन श्रीगणेश प्रतिमा को सागर में सरकार की देख–रेख में सागर में अथवा किनारे पर प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है। सभी नर नारी सागर तट पर पूजा करते हैं और अपनी बारी का इंतजार बड़े धैर्य के साथ करते हैं।

मॉरीशस में हर तरफ भारतीय संस्कृति के दर्शन होते हैं। यहाँ भारतीय सांस्कृतिक रीति–रिवाजों और परंपरा के अनुसार ही भारतीय त्योहार मानाए जाते हैं, पूजा–पाठ, कथा–वार्ता, यज्ञ–हवन आदि करते हैं। शादी–विवाह भारतीय रीति–रिवाज के साथ करते हैं। भारत वासियों की तरह ही पहनावा कुर्ता–धोती, साड़ी, सलवार सूट पहने नर–नारियां हर तरफ परिलक्षित होते हैं। ऐसा नहीं लगता है कि हम भारत में नहीं हैं। होली दिवाली, महाशिवरात्रि गंगा स्नान, दुर्गा पूजा, आदि बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाये जाते हैं। आज उस समाज में उनकी एक बड़ी विशेषता लड़की और

लड़के की शादी में दहेज न लेना और देना कही जा सकती है।

निष्कर्षः

मॉरीशस के लोगों के आचार–विचार, रहन–सहन, खान–पान और इतिहास में उपलब्ध साक्ष्यों के साथ–साथ "गांधीजी बोले थे" उपन्यास आदि पूरी तरह से गांधी विचार और भारतीय जीवन के प्रति मॉरीशस वासियों की आस्था का चित्र ही नहीं प्रस्तुत नहीं करते हैं बल्कि यह उनके विचार, संकल्प, श्रम, त्याग और प्रेम संबंध उच्च मानवीय आदर्शों की स्थापना करते हैं और जो किसी भी संकरमणशील जाति के लिए प्रेरणाश्रोत हो सकते हैं। गांधी विचार के मूल आधार स्तम्भ सत्य और अहिंसा, सर्वोदय सत्याग्रह एवं रामराज्य तीन आदर्श थे। आज भी मॉरीशस में वहाँ के रहवासियों में भारतीय संस्कृति और धर्म के प्रति अटूट आस्था, विचारों में विश्वास, श्रद्धा, और गांधी विचारों में अटूट विश्वास परिलक्षित होता है। मोहनदास करमचंद गांधी के आगमन के बाद देश में कुली मजदूरों पर हो रहे अत्याचार और शोषण मुक्ति तो नहीं हुई थी किन्तु उनमें शिथिलता अवश्य आने के संकेत मिलने लगे थे। इतना ही नहीं श्रमिकों में जागरूकता की शक्ति का संचार हुआ था। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है।

संदर्भः

1 अभिमन्यु अनत, गांधी जी बोले थे, राजकमल प्रकाशन प्रा. लि. 1–बी, नेताजी सुभाष मार्ग,नई दिल्ली–110002, प्रथम संस्करण वर्ष 1984

2 अभिमन्यु अनत, लाल पसीना, राजकमल प्रकाशन, प्रा. लि. 1–बी, नेताजी सुभाष मार्ग, नई दिल्ली–110002, प्रथम संस्करण वर्ष 1984

3 अभिमन्यु अनत, हम प्रवासी, प्रभात प्रकाशन, 2ध्11, आसफ आली रोड, न्यू दिल्ली 110002 प्रथन संस्करण वर्ष 2004

4 अभिमन्यु अनत, और पसीना बहता रहा, राजकमल प्रकाशन प्रा. लि. 1–बी, नेताजी सुभाष मार्ग, नई दिल्ली–110002, प्रथम संस्करण वर्ष 2008

5 प्रहलाद रामशरण, रंसगरन मॉरीशस भारतीय संस्कृति का हरावल दस्ता,

6 पं. आत्माराम विश्वनाथ, मॉरीशस का इतिहास, सं प्रह्लाद रामशरण, आत्माराम एण्ड संस, कश्मीरी गेट, दिल्ली–110006 प्रथम संस्करण वर्ष–1923, द्वातीय वर्ष–1998

7 डॉ. उदय नारायण गंगू, मॉरीशस की संस्कृति और साहित्य, यश पब्लिकेशन्स, 1ध्10753, सुभाष पार्क, नवीन शाहदरा, दिल्ली 110032, वर्ष 2017

8 डॉ मुनीशवरलाल चिंतामणि, मॉरीशसीय हिन्दी साहित्य, एक परिचय, हिन्दी बूक सेंटर, 4ध्5–बी, नई दिल्ली–110002, संस्करण वर्ष–2001

9 डॉ. इन्द्रदेव भोला, इन्द्रनाथ, मॉरीशस हिन्दी लेखक संघ का इतिहास(1961–2017) स्टार पब्लिकेशन, प्रा. लि.4/5–बी, आसफअली रोड, नई दिल्ली–110002, प्रथम संस्करण वर्ष 2017

डॉ० उमेश कुमार सिंह

एसोशिएट प्रोफेसर, हिंदी साहित्य विभाग,
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय,
गांधी हिल्स, वर्धा–442001, महाराष्ट्र, भारत,
दूरभाषः 91–9423307797 (India)

जय हिन्द, जय भारत

प्रो० उमेश कुमार सिंह,

हिंदी चेयर,
महात्मा गांधी संस्थान, मोका,
(एम.जी.आई) मॉरीशस

22

बौद्ध प्रतीत्यसमुत्पाद का स्परूप : एक विश्लेषण

डॉ0 धन्नजय कुमार सिंह

सारांश

बोद्ध दर्शन भारत का एक प्राचीन और बृहत् दर्शन है। जिसका प्रभाव कभी पूरे भारत पर था और यही एक दर्शन है जो विदेशों मे भी जोरो से फैला। गौतम बुद्ध के उपदेशों से बौद्ध दर्शन की उत्पत्ति हुई है। भगवान बुद्ध मनष्य के रोग, बुढ़ापा, मृत्यु तथा अन्यान्य दुःखों को देखकर अत्यन्त पीडित हुए थे। जीव के दुःखों के कारण को समझने तथा उनकों दूर करने के उपायों को जानने के लिए उन्होने वर्षो तक अध्ययन, तप, और चिन्तन किया। अन्त में उन्हें बोधि या ज्ञान प्राप्त हुआ जिसका सार उनके चार आर्य सत्यों मे निहित है। ये सत्य है–दुःख है, दुःख का कारण है, दुःख का अन्त सम्भव है और दुःख दूर करने के उपाय है।

पंचस्कन्ध

सभी भरतीय दर्शनिको ने इस सत्य को किसी–न–किसी रूप मे स्वीकार किया है कि दुःख है। किन्तु बुद्ध को सुक्ष्म दृष्टि द्वारा यह अनुभव हुआ कि दुःख केवल विशेश अवस्थाओं में ही नहीं, प्रत्युत् संसार के सभी जीवों को सभी अवस्थाओं में विद्यमान है। सब कुछ दुःखमय है। जन्म में दुःख है, नाश में दुःख है, रोग दुःखमय है, अप्रिय से संयोग दुःखमय है तथा प्रिय से वियोग दुःखमय है। जीवन के कार्यो के पाँच साधक है– शरीर (Body), अनुभूति (Feeling), प्रत्यक्ष (Preception), इच्छा (Will), विचार शक्ति (Reason)। बुद्ध का विचार है कि ये पंचस्कन्ध अपने साथ दुःख ही लाते है अतः मानव तथा मानवेतर जीवन दुःखों से परिपूर्ण है।

दुःखसमुदाय

द्वितीय आर्यसत्य दुःखसमुदाय है। समुदाय का अर्थ है–कारण। यदि दुःख के कारण की हम पहचान कर लेते है और इसे दूर कर देते है तो दुःख स्वतः ही लुप्त हो जायेगा। भगवान बुद्ध के अनुसार दुःख का कारण सामान्यतः जीने की इच्छा अर्थात् तृष्णा है। मनुष्य को जहाँ सुख एवं आनन्द मिलता है, वहाँ उसकी प्रवृति होती है। उसकी यह प्रवृति या चाह ही तृष्णा कहलाती है। धम्मपद् में कहाँ गया है कि तृष्णा से शोक उत्पन्न होता है, उसी से भय उत्पन्न होता है, तृष्णा से मुक्त को शोक नहीं, फिर भय कहाँ से ?इस प्रकार मूल रूप से तृष्णा ही दुःख की उत्पत्ति का तात्कालिक कारण है, यही विशयो को भोगने की प्यास उत्पन्न करती है। यदि विषयों की प्यास हमारे हृदय में न हो, तो हम इस संसार में न पड़े और न दुःख भोगें। तृष्णा सबसे बड़ा बन्धन है जो हमें संसार तथा संसार के जीवों से बांधे हुए है। मकड़ी जिस प्रकार अपने ही अन्दर से सारा जाल बुनती है और स्वम् उसी में बंधी रहती है, उसी प्रकार लोग तृष्णा से जुड़े रहते है, तृष्णा नाना प्रकार के विशयों में राग उत्पन्न करता है और इसी राग में अपने को बाँधकर लोग दिन–रात कष्ट उठाते है। काम तृष्णा अर्थात नाना प्रकार के विषयों की कामना, भवतृष्णा अर्थात् संसार की सत्ता बनाये रखना और विभवतृष्णा अर्थात उच्छेद–दृष्टि, संसार का नाश। अतः तीनों तृष्णाऐं पृथक–पृथक रूप से दुःख के कारण कहे गये है।

प्रतीत्युसमुदाय का अर्थ

बुद्ध ने दूसरे आर्य सत्य के सहारे दृःख के कारण को जानने का प्रयास किया है जिसे 'प्रतीत्यसमुत्पाद' कहा जाता है। प्रतीत्य अर्थात इसके होने पर तथा समुत्पाद अर्थात् यह उत्पन्न होता है। दुसरे शब्दों में, इसके नही होने पर अर्थात् निरोध से यह नही होता है अर्थात निरूद्ध भी हो जाता है। अतः प्रत्येक उत्पत्ति सकारण है, अकारण नही। संसार का कोई विषय बिना कारण के नहीं है, सभी के कुछ–न–कुछ कारण हैं। प्रतीत्यसमुत्पाद का अर्थ है प्रत्ययों से उत्पत्ति का नियम। इसका तात्पर्य है कि प्रत्येक उत्पाद या उत्पत्ति का कोई प्रत्यय या कारण हैं। प्रत्यय या कारण वह है जो किसी वस्तु की उत्पत्ति में सहायक हो। यह नियम कारणतावाद का नियम है। इसे 'हेतु प्रत्ययवाद' भी कहा जाता है। जिसका सीधा अर्थ है–इसके होने पर ऐसा होता है, इसके नही होने पर ऐसा नही होता। अतः कहा जा सकता है कि प्रतीत्यसमुतपाद का सिद्धान्त ही संसारिक वस्तुओं की अनित्यता, क्षणभंगुरता का आधार है। चूँकि सभी वस्तुऐं कारणोत्पन्न हैं तथा उत्पन्न होने से विनाश भी हैं, इसलिए उत्पत्ति और विनाश से सभी वस्तुओं की अनित्यता तथा क्षणभंगुरता सिद्ध होती हैं।

प्रतीत्यसमुत्पाद का विश्लेशण

प्रतीत्यसमुत्पाद द्वारा ही बुद्ध ने संसारिक जीवन की सम्यक् व्याख्या की और दुःखों का कारण समझाया। इसी कारण प्रक्रिया के अन्वेषण का विकसित रूप 12 निदानों की श्रृंखला मे दिखलाई पड़ता है। इन 12 अंगो का वर्णन बौद्ध ग्रन्थों में इस प्रकार मिलता है–'' अविद्या प्रत्यय से संस्कार, संस्कार प्रत्यय से विज्ञान, विज्ञान प्रत्यय से नामरूप, नामरूप प्रत्यय से शड़ायतन, शड़ायतन प्रत्यय से स्पर्श, स्पर्श प्रत्यय से वेदना, वेदना प्रत्यय से तृष्णा, तृष्णा प्रत्यय से उपादान, उपादान प्रत्यय से भव, भव प्रत्यय से जाति, जाति प्रत्यय से जरामरण। इस प्रकार समस्त दुःख स्कन्ध का समुदाय होता है, यही प्रतीतयसमुत्पाद है।'' बुद्ध के उपदेशों मे द्वादशांग कहीं संक्षिप्त और कहीं विस्तृत है। '' कहीं एक से बारह, कहीं सात से बारह, कही बारह से एक, कहीं आठ से एक, कहीं तीन से बारह, और कही पाँच से आठ निदानों का वर्णन है।'' इन उद्धरणों से ऐसा लगता है कि तथागत ने विभिन्न समयों में दुःखोपत्ति के कारणों को विविध रूप में प्रस्तुत किया था और उन सभी को 12 निदानों में संकलित कर दिया गया। यह समूचा संकसन महानिदान सुत्तन्त में उपलब्ध होता है। एक अन्य

धारणा के अनुसार अविद्या और संस्कार अतीत से अर्थात भूत जीवन से सम्बन्धित हैं, जाति और जरामरण का सम्बन्ध भविश्य जीवन से है और शेश का सम्बन्ध वर्तमार जीवन से है। अतः सम्पूर्ण द्वादशांग अर्थात द्वादश निदान तीनों जीवन में व्याप्त रहता है जिसका विस्तृत विश्लेशण अपेक्षित है :–

1 अविद्या :– यह पूर्वजन्म की जटिल अवस्था है। अविद्या से केवल अज्ञान अभिप्रेत नही है, अपितु पूर्वजन्म की सन्तति अर्थात् अपने पाँच स्कन्धों के साथ अभिप्रेत है जो कलेशावस्था में होती है। दुसरे शब्दों में, जो वस्तु अवास्तविक है, उसे वास्तविक समझना, जो वस्तु दुःखमय है, उसे सुखमय समझना, जो वस्तु आत्मा नहीं है, अर्थात् अनात्मा है, उसे अत्मा समझना अविधा का प्रतीक है।

2 **संस्कार** :– यह पूर्वजन्म की कर्मावस्था है। अतीत जीवन के कर्मों के प्रभाव के कारण ही संस्कार निर्मित होते है।

3 विज्ञान :– यह प्रतिसन्धि क्षण के स्कन्धों की अवस्था है। उत्पति के क्षण में पाँच स्कन्ध ही विज्ञान हैं। जब नवजात शिशु माँ के गर्भ में रहता है तब विज्ञान के कारण ही नवजात शिशु का शरीर एवं मन विकसित होता है। यदि गर्भावस्था में विज्ञान (Consciousnen) का अभाव होता है तब संभवतः शिशु के शरीर एवं मन का विकास रूक जाता।

4 नामरूप :– विज्ञान क्षण से लेकर शड़ायतन की उत्पति तक पाँच स्कन्धों की अवस्था नामरूप है। दुसरे शब्दों में, मन और शरीर के समूह को नामरूप कहा जाता है। इन्द्रियों का निवास शरीर एवं मन में होता है। यदि नामरूप का अस्तित्व नहीं रहता तब इन छः इन्द्रियों का प्रादुर्भाव नहीं हो सकता था।

5 शड़ायातन :– पाँच ज्ञानेन्द्रियों और मन के संकलन को शडायतन कहा जाता है। पाँच बाह्मय इन्द्रियाँ है और मन आन्तरिक इन्द्रिय है। ये छः इन्द्रियां ही विशयों को ग्रहण करती है। इन्द्रियों के प्रादुर्भाव काल से इन्द्रिय, विशय और विज्ञान के सन्निपात काल तक शड़ायतन है।

6 स्पर्श :– सुख–दुःखादि के कारण ज्ञान की शक्ति के उत्पाद से पूर्व की अवस्था स्पर्श है। बालक सुख–दुःखादि को समझने में पूर्णतः समर्थ नहीं होता। उसकी ना समझी की अवस्था स्पर्श है।

7 वेदना :– जबतक मैथुनराग का उत्पाद नहीं होता तब तक की अवस्था वेदना है क्योंकि यहाँ वेदना के कारणों का प्रतिसंवेदन होता है।

8 तृष्णा :– यह भोग और मैथुन की कामना करने वाले पुद्गल की अवस्था है। इस अवस्था में काम भोग और मैथुन के प्रति राग का उदय होता है।

9 उपादान :– यह पुद्गल की अवस्था है जो भोगों को पाने के लिए यथेश्ट दौड–धूप करता है। दुसरे शब्दों में, संसारिक विशयों से लिपटे रहने की अभिलाशा अथवा संसारिक विशयों से आसक्त रहने की चाह ही उपादान है।

10 भव :– भोगने के लिए पुनः जन्म लेने की प्रवृति भव है। मानव को जन्म इसलिए ग्रहण करना पडता है कि उसमें जन्म ग्रहण करने की प्रवृति विद्यमान रहती है। यही प्रवृति उसे जन्म ग्रहण करने के लिए प्रेरित करती है।

11 जाति :– फिर से जन्म लेना जाति है। मरण के पश्चात् प्रतिसन्धि काल के पाँच स्कन्ध जाति है। यदि मानव शरीर नही धारण करता तब उसे संसारिक दुःखों का सामना नहीं करना पडता। मानव का सबसे बडा दुर्भाग्य जन्म ग्रहण करना अर्थात शरीर धारण करना।

12 जरा–मरण :– जाति से वेदना तक जरा–मरण है। जरा का अर्थ वृद्धावस्था और मरण का अर्थ मृत्यु होता है। यधपि जरा–मरण का शाब्दिक अर्थ बुढ़ापा और मौत है, फिर भी जरा–मरण संसार के समस्त दुःख अर्थात् रोग, निराशा, शोक, उदासी इत्यादि का प्रतीक है।

स्पष्ट है कि बुद्ध की दृष्टि में सभी वस्तुएँ प्रतीत्य समुत्पन्न हैं अर्थात् हेतु प्रत्ययों से उत्पन्न हैं। जो प्रतीत्यसमुत्पन्न नहीं है, वह वस्तु ही नहीं, अपितु अवस्तु है। फलतः आत्मा, ईश्वर आदि जो नित्य हैं, वे अवस्तु हैं, काल्पनिक हैं। जो हेतु प्रत्ययों से उत्पन्न होगा, वह अवश्य ही नश्वर होगा क्योंकि उत्पन्न का विनाश होना स्वाभाविक है। जो नश्वर हैं अनित्य है, वह अवश्य दुःखात्मक है। अतः सभी वस्तुएँ अनित्य, अनात्म और दुःखों से परिपूर्ण है। वस्तु का लक्ष्ण है अर्थक्रियाकारी होना। क्षणिक वस्तु ही अर्थक्रियाकारी हो सकती हैं। नित्य पदार्थ या तो अर्थक्रिया नहीं करेंगे या एक साथ करेंगे और दोनों ही स्थितियों अयुक्त संगत एवं विरूद्ध है। अतः जो क्षणिक नहीं, उसकी सत्ता ही बौद्ध–दृष्टि में नहीं मानी जाती। यह प्रतीत्यसमुत्पाद दृष्टि ही सम्यक् दृष्टि है और यही बौद्ध धर्म की विशेषता है।

तुलना :– बौद्ध धर्म में वर्णित प्रतीत्यसमुत्पाद की तुलना जैन धर्म से की जा सकती है। जैन साहित्य **उत्तराध्ययन सूत्र** भी मानता है कि दुःखों की अनुभूति प्रत्येक प्राणी को कटु मालूम पड़ती है। अतः वे दुःखों से छुटकारा पाने के लिए नाना प्रकार के यत्न करते देखे जाते हैं। जितने भी संसारिक प्रयास हैं, वे सब क्षणिक सुख देने के कारण वास्तव मे दुःख रूप ही हैं। सच्चे और अनश्वर सुख की प्राप्ति के लिए चेतन और अचेतन के संयोग और वियोग की आध्यात्मिक प्रक्रिया को जिन नौ तथ्यों या सत्यों में विभाजित किया गया है, उनमें पूर्ण विश्वास, उनका पूर्ण ज्ञान और तदनुसार आचरण आवश्यक है। उन नौ तत्त्वों के क्रमशः नाम हैं– चेतन अर्थात् जीव, अचेतन अर्थात् अजीव,चेतन और अचेतन की सम्बन्धावस्था अर्थात् बन्ध, अहिंसा ही शुभ कार्य अर्थात् पूण्य, हिंसादि अशुभ कार्य अर्थात् पाप, अचेतन का चेतन के साथ सम्बन्ध करानेवाला कारण का निरोध अर्थात् संवर, चेतन तथा अचेतन का अंशतः पृथक्करण अर्थात् निर्जरा तथा चेतन का पूर्ण स्वातंत्र अर्थात् मोक्ष। इन चेतन–अचेतन और उनके संयोग–वियोग की कार्यकारण–श्रृंखला के त्रिकाल सत्य होने इन्हें तथ्य या सत्य कहा गया है। संसार या दुःख

का कारण कर्म–बन्धन है और उससे छुटकारा पाना मोक्ष है। चेतन ही बंधन और मोक्ष प्राप्त करता है और अचेतन से बंधन और मोक्ष होता है। बंधन में कारण है पुण्य और पापरूप प्रवृत्ति जिससे प्रेरित होकर अचेतन (कर्म) चेतन के पास आकर बंध को प्राप्त होते हैं। इन अचेतन कर्मों के आने को रोकना तथा पहले से आये हुए कर्मों को पृथक करने रूप संवर और निर्जरा मोक्ष के प्रति कारण हैं। इस तरह बन्ध, मोक्ष, चेतन, अचेतन, पूण्य, पाप, आस्त्रव, संवर और निर्जरा–ये–नौ सार्वभौम सत्य होने से तथ्य कहे जाते है।

इसी तथ्य का साक्षात्कार भगवान बुद्ध ने भी किया और उन्होंने इसका ही एक दुसरे ढंग से चार आर्य सत्यों में उपदेश दिया कि दुःख सत्य है, दुःख के कारण सत्य हैं, दुःख निरोध सत्य है और दुःख निरोध के मार्ग सत्य हैं। इस तरह चेतन–अचेतन पुण्य हैं या नहीं, परमार्थ में सुख है या नहीं, इसका कोई समुचित उतर न देकर भगवान बुद्ध ने सिर्फ चार आर्य सत्यों पर बल दिया तथा कहा कि ये चार बातें सत्य हैं। यदि दुःख से छुटकारा चाहते हैं तो इन आर्य सत्यों पर विश्वास करके दुःख निरोध के मार्गे का अनुसरण करें–यही बुद्ध के उपदेश का सार है। जैन और बुद्ध के मतों में अन्तर इतना ही है कि जहाँ जैनाचार्य उपनिशदों की तरह आत्मा के सद्भाव पर जोर देता है वहाँ बौद्ध दर्शन आत्मा के अभाव(नैरात्म) की भावना पर बल देता है।

समीक्षा :– बौद्ध प्रतीत्यसमुतपाद के विरूद्ध आलोचकों की मान्यता है कि दुःखों के कारण का सिद्धान्त बुद्ध की निजी देन न होकर उपनिशद् दर्शन के ब्रह्म चक्र की नकल है। अतः प्रतीत्यसमुत्पाद की विवेचना उपस्थापित कर बुद्ध मौलिकता का दावा नहीं कर सकते। फिर, यह भी कहां जा सकता है कि यदि प्रत्येक निदान का कारण है तब अविद्या का भी कारण होना चाहिये। लेकिन बुद्ध अविद्या पर आकर रूक जाते है। जो भी वजह हो, पर बुद्ध का मौन रहना दार्शनिक दृश्टि से समीचीन नहीं लगता। पुनः तर्क दिया जाता है कि कारणता सिद्धान्त वैज्ञानिक खोज के लिए एक अवधारणा के रूप में है जिसे अनावश्यक समझ कर छोड़ा जा सकता है। यह सिद्धान्त ऐसा सर्वव्यापक और अनिवार्य नहीं है कि किसी भी घटना के स्पश्टीकरण के लिए इसकी मदद अनिवार्यतः ली जाय। इसके बिना भी घटना की व्याख्या संभव है। प्रत्येक व्यक्ति की माँ होती है पर समस्त मानव–जाति की माँ कहाँ है?अतः दुःख की व्याख्या के लिए कारणता सिद्धान्त की अवधारण अनावश्यक प्रतीत होती है। इसके अतिरिक्त, यह भी ध्यान देने की बात है कि कारणता–सिद्धान्त का सम्बन्ध व्यावहारिक जगत् से है और यह हमारी बुद्धि का एक विकल्प है, पर इस विकल्प को हर जगह काम में नहीं लाया जा सकता। इस जगह शोपेनहावर का कथन–द्रश्टव्य है कि कतिपय विद्वान कारणता–सिद्धान्त को वैसे ही इस्तेमाल करते हैं जिसे एक मुसाफिर टैक्सी गाडी को गंतंव्य स्थान पर पहुँचकर छोड देता है। लेकिन संगति बनाये रखने के लिए हमें आगे भी सोचना होगा।

निष्कर्ष :– इन आलोचनाओं से यह निश्कर्श निकालना अनुचित होगा कि प्रतीत्यसमुत्पाद महत्त्वहीन तथा अनुपयोगी है। प्रतीत्यसमुत्पाद का सन्दर्भ अत्यन्त व्यापक है। यह दुनिया की सभी वस्तुओं पर लागू होता है। प्रतीत्यसमुत्पन्न होना ही वस्तु का लक्षण स्वीकार किया गया। दुसरे शब्दों में, उस पदार्थ, की सत्ता ही नहीं है जो प्रतीत्यसमुत्पन्न नहीं है। इसलिए दार्शनिक क्षेत्र में यदि कोई बुद्ध को देन को एक शब्द में पूछना चाहे तो निस्संदेह यह कहां जा सकता है कि प्रतीत्यसमुत्पाद का सिद्धान्त ही भगवान बुद्ध के दर्शन का मूल है। कारण–कार्य का सिद्धान्त तो बुद्ध से पूर्व भी अन्य दार्शनिक सम्प्रदायों में ज्ञात था, किन्तु वह सभी वस्तुओं पर लागू नहीं था। ऐसे अनेक तत्त्व अछूते रह जाते थे जिन पर यह नियम प्रयुक्त नहीं होता था जैसे आत्मा, प्रकृति, ईश्वर, आकाश, दिक्काल आदि। बुद्ध ने सर्वप्रथम इस सिद्धान्त को गौरव प्रदान किय, उसे सब पदार्थों पर लागू किया और उसे सत्ता का पर्यायवाची बनाया। यह बहुत बड़ी बात थी। इसने दार्शनिक जगत में हलचल पैदा की और दार्शनिक विचारों के विकास की अनन्त संभावनाएं उद्भूत की। यही कारण है कि बौद्ध दर्शन गतिशीलता, क्रियाशीलता और प्रगतिशीलता का पर्यायवाची बन सका।

यह तथ्य भी रेखांकित करने योग्य है कि बुद्ध के आर्विभाव, काल में भरतीय दार्शनिक गगन–मण्ड़ल में सर्वत्र आत्मा का शाश्वतवाद एवं उच्छेदवाद व्यापत था। बुद्ध ने शाश्वतवाद एवं उच्छेदवाद का विध्वंस कर अपने स्वयं साक्षात्कार किये हुए ''प्रतीत्यसमुत्पाद'', ''अनात्मवाद'' एवं ''अनीश्वरवाद'' की स्थापना की। उनके उपदेशों की दार्शनिक भित्ति प्रतीत्यसमुत्पाद ही है। यह प्रतीत्यसमुत्पाद बौद्ध दर्शन की आधारशिला है। इसकी गहनता, व्यापकता और सूक्ष्मता समूचे बौद्ध साहित्य में द्रश्टव्य है। किसी वस्तु की प्राप्ति होने पर अन्य वस्तु की उत्पत्ति यह कारण–कार्य का नियम जगत् की वस्तुओं या घटनाओं में सर्वत्र देखा जाता है। एक वस्तु के रहने पर दुसरी वस्तु उत्पन्न होती है, वस्तु की उत्पति बिना किसी कारण के नही होती यह महत्वपूर्ण नियम बुद्ध की अपनी खोज है।

संदर्भ

1. विशुद्ध – भात्र, सत्रहवाँ पटिच्छेद
2. हेतुप्रत्ययापेक्षो भावनामुल्पादः प्रतीत्यसमुपादार्थः

डॉ0 धन्नजय कुमार सिंह
विभाग–दर्शनशास्त्र
वीर कुँवर सिंह
विश्वविद्यालय,
आरा (भोजपुर) ।

23

महाशिवरात्रि का तात्पर्य और माहात्म्य

डॉ0 जंग बहादुर पाण्डेय

सारांश

कर्पूर गौरं करुणावतारं,
संसार सारं भुजगेन्द्र हारम्।
सदा वसंतं हृदयार्विंदे,
भवं भवानी सहितं नमामि।

भारतीय वांग्मय के अनुसार 33 कोटि देवताओं में तीन प्रमुख है–ब्रम्हा, विष्णु और महेश और इनमें शिव ही महादेव कहलाते हैं। क्योंकि जगत हित के लिए इन्होंने समुद्र मंथन से निकले 14 रत्नों–
श्री,मणि,रंभा,वारुणी,अमिय शंख,गजराज।
कल्पतरु,शशि, धेनु,धनु, धनवंतरी, विष, वाज।
में विष का पान कर सृष्टि को बचा लिया था, जिसकी चर्चा रहीम ने अपने एक दोहे में की है –
मान सहित विष खाइ के, शंभु भरे जगदीश।
बिना मान अमृत भखयो,राहु कटायो सीस।
जगत हित में विषपान करने के कारण शिव देव नहीं महादेव कहलाए।इसी महादेव की जागृत रात्रि का नाम महाशिव रात्रि है।
महा शिवरात्रि शब्द का शाब्दिक अर्थ है शिव की महान रात। महाशिवरात्रि शिव पर्व है। हिंदू पंचाग कैलेंडर के अनुसार यह त्योहार प्रतिवर्ष फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को आता है। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 08 मार्च 2024 शुक्रवार के दिन यह त्योहार मनाया जाएगा। इस महापर्व के 10 रोचक तथ्यों पर प्रकाश डालना हमारा अभीष्ट हैः–

साथ नागार्जुन ने भारत की आजादी के बाद एक नई शुरुआत की। अपने पहले आंचलिक उपन्यास श्रतिनाथ की चाचीश (1948) से लेकर 1963 में प्रकाशित श्उग्रताराश तक नागार्जुन का कथा संसार आंचलिक संस्पर्श का विलक्षण उदाहरण हैं। श्बलचनमाश (1952) में अपनी असफल समाजवादी क्रांति के उपरांत वे युवा पीढ़ी के द्वारा श्नई पौधश (1953) में अहितकारी सामाजिक रूढ़ियों संग्राम छेड़ते हैं। श्बमपाटीश के युवक तिरहुतिया ब्राह्मणों की प्राचीन विवाह–प्रथा को तोड़कर नए प्रकार के विवाह का सुधारवादी रूप प्रस्तुत करते हैं। श्बाबा बटेश्वरनाथश (1954) में वे किसान और जमींदार के संघर्ष को ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में चित्रित करते हैं, जिसमें कथावाचक का काम एक पुराना बरगद का पेड़ करता है। श्दुखमोचनश (1957) में लेखक ने एक आदर्श सामाजिक कार्यकर्ता के माध्यम से गांव की समस्याओं का समाधान कराया है। दलगत संघर्षों का समाधान करते हुए दुखमोचन गांव में शांति और सामाजिक न्याय की स्थापना करता है। श्उग्रताराश (1963) में लेखक विधवा की समस्याओं को नए सिरे से उठाता है। इस उपन्यास में लेखक ने नए विचारों वाले नौजवानों का आह्वान किया है और दिखाया है कि जो बाल विधवा उग्रतारा परिस्थितियों में पढ़कर एक अधेड़ जेल के सिपाही से विवाह करती है और उसका गर्भ धारण करती है, अवसर पाकर अपने नौजवान प्रेमी कामेश्वर के साथ भाग जाती है। प्रगतिशील विचारों वाली भाभी इन दोनों का विवाह कराती है। इस प्रकार प्रगतिशील विचारों और नौजवान कामेश्वर के साहस से एक बाल विधवा का उद्धार होता है। विशेष रूप से उपन्यास में कथावस्तु–नियोजन ओर भी क्षीण है। केवल समस्या के रूप को उसके समाधान के साथ प्रस्तुत किया गया है। नागार्जुन सामाजिक एवं राजनीतिक समस्याओं को गंभीरता के साथ प्रस्तुत करने के लिए अपने उपन्यासों के पात्रों को कठिन एवं कठोर परिस्थितियों में रखते हैं और एक दो प्रगतिशील विचारों वाले साहसी नवयुवकों द्वारा उनका समाधान प्रस्तुत करते हैं।

इसके विपरीत रेणु के उपन्यासों में कथा–नायक प्रकट नहीं होता और जो नायक की भांति प्रतीत होता है, वह होता है आंचलिक जीवन का निरीक्षण बिंदु – जहाँ से स्थान विशेष के मानव समुदाय के विशिष्ट कार्यकलापों को विस्तार एवं स्पष्टता से देखा जा सकता है। श्मैला आंचलश (1954) के डॉ. प्रशांत और श्परती परिकथाश (1957) के जितन इन उपन्यासों के नहीं हैं, वे केवल माध्यम हैं, दूरबीन की तरह जिसके जरिए देखने से मेरीगंज और परानपुर गावों का श्पैनोरैमिकश दृश्य आँखों के सामने फैल जाती है। प्रशांत और जितन दोनों ही शिक्षित एवं अभिजात्य वर्ग के होने के कारण गांवों के सामान्य जीवन से पृथक ही रहते हैं जिसमें ग्रामीण जीवन पर दृष्टि निक्षेप करने के लिए आवश्यक दूरी और ऊंचाई प्राप्त हो जाती है। प्रशांत की अपेक्षा जितन ग्रामीण जीवन से अधिक संपृक्त हैं इसलिए श्परती परिकथाश में जीवन की ऊष्मा और संघर्षों की यथार्थता अधिक प्रभावशाली बन पड़ी है और आंचलिक जीवन अधिक प्रखरता से प्रस्तुत हुआ है। रेणु का तीसरा उपन्यास श्जुलूसश (1965) है, जिसमें लेखक ने बंगाली शरणार्थियों और स्थानीय बिहारियों के पारस्परिक संबंधों के आधार पर कथा की रचना की है। ऐसा करने के लिए लेखक ने दोनों पक्षो के पूर्वाग्रहों और संकीर्ण मूल्यों के बीच उत्पन्न संघर्षों का चित्रण किया है।

भैरव प्रसाद गुप्त ने श्गंगा मैयाश (1951), श्सती मैया का चौराश (1958) और श्धरतीश (1964) जैसे उपन्यासों की रचना ग्रामीण जीवन की पृष्ठभूमि पर की है। इनके उपन्यास प्रेमचंद के श्गोदानश की परंपरा में है जिनमें ग्रामीण जीवन को और भी अधिक विस्तार प्राप्त हुआ है। शिल्प की दृष्टि से इनके उपन्यास आंचलिक नहीं कहे जा सकते परन्तु श्गंगा मैयाश में आंचलिकता की कुछ विशेषताएं प्राप्त होती हैं। रेणु के बाद बलभद्र ठाकुर का नाम आंचलिक उपन्यासकारों में हैं। ठाकुर ने हिमाचल के लोक–जीवन पर अनेक रोचक उपन्यास लिखे हैं, जिन्हें अच्छे आंचलिक उपन्यासों की कोटि में रखा जा सकता है। इनके उपन्यास श्आदित्यनाथश (1958) और श्देवताओं के देश मेंश (1959) कुल्लू घाटी के जन –जीवन को प्रस्तुत करते हैंय जिनसे घाटी के लोगों के रहन–सहन और रीति–रिवाजों का अच्छा परिचय प्राप्त होता है। श्नेपाल की वो बेटीश (1959) में लेखक ने पश्चिमी नेपाल के मध्यवित्तीय लोगों का विस्तृत चित्रण किया है। ठाकुर एक अच्छे घुमक्कड़ हैं और इन्होंने हिमालय और मणिपुर की विस्तृत यात्राएं की हैंय जिनके फलस्वरूप इन्होंने इन स्थानों पर अन्य अनेक उपन्यासों की रचना की है। अल्मोड़ा और कुमायूँ के लोक–जीवन की पृष्ठभूमि संबंधी शैलेश मटियानी के अनेक उपन्यास हिन्दी जगत् में प्रख्यात हो चुके हैं। इनके उपन्यास हौलदार (1960) और श्चिट्ठीरसेनश (1961) श्सैटिंगश की दृष्टि से आंचलिक उपन्यासों के अंतर्गत आते हैं यद्यपि ये इन अंचलों के समग्र जीवन को नहीं प्रस्तुत करते। श्हौलदारश उपन्यास के प्रारम्भ में लेखक ने स्वंय स्वीकार करते हुए सूचित किया है कि हौलदार, चिट्ठीरसेन में मैंने अल्मोड़ा के जन–जीवन के सामाजिक–आर्थिक पहलुओं के गहन–व्यापक स्तरों को नहीं छुआ है। जिबूका, सरूली, सन्याल–कोसी और लाम और बुरूंश के फूलश आदि अपने नये उपन्यासों में मैं वहां के जनजीवन के सर्वांगीण बिम्बों को रूपायित करने का प्रयास कर रहा हूँ। अपने उपन्यास चौथी मुट्ठी में मटियानी ने कुमाऊं अंचल के लोगों की गोल्ल देवता में अगाध श्रद्धा को प्रस्तुत किया हैय जिनके आदेश के बिना वहां के लोग कोई भी महत्वपूर्ण काम नहीं करते।

रामदरश मिश्र का उपन्यास पानी के प्राचीर (1961) गोरखपुर जिले के एक छोटे गांव पांडेपुर की कथा है, जिसमें स्वतंत्रता प्राप्ति के पहले की अनेक समस्याओं और सामाजिक एवं आर्थिक स्थितियों का विस्तृत चित्रण हुआ है। इनका दूसरा उपन्यास जल टूटा हुआ (1969) पहले उपन्यास का पूरक है या दूसरे भाग की तरह आया हैय जिसमें कालांतर से स्वतंत्रता के बाद के इस क्षेत्र के ग्रामीण जीवन का अंकन हुआ है। लेखक ने ग्रामीण जीवन के सामाजिक एवं राजनीतिक तनावों, पारस्परिक वैमनस्य और लड़ाई–झगड़ों को विस्तार के साथ रुपयेत किया है। इन वर्णनों में ग्रामों का रोमानी, सुंदर और सरल जीवन वाला रूप न प्रस्तुत कर लेखक ने यथार्थवादी दृष्टि से काम लिया है और ग्रामीण जीवन के उन पक्षो को प्रकाश में रखा है जिनके कारण आजकल

गांवों में शांति से रहना असंभव हो गया है। इन उपन्यासों के पढ़ने से कुल मिलाकर जो प्रभाव पड़ता है वह यह है कि गांवों का जीवन न केवल दरिद्रता और अज्ञान का केंद्र है, प्रत्युत पारस्परिक कलह और संघर्ष के कारण विश्रृंखल हो गया है। यह प्रेमचंद की परंपरा के उपन्यास है।

शिवप्रसाद सिंह ने गांवों के इसी टूटते एवं बिखरते हुए रूप को अपने उपन्यास अलग–अलग वैतरणीश (1967) में और भी विस्तार देकर गांवों की स्थिति को निराशापूर्ण घोषित किया है। 1954 में डॉ. प्रशांत श्फॉरेन स्कॉलरशिपश का परित्याग कर (मैला आंचल–रेणु) पूर्णिया जिले के पिछड़े हुए गांव मेरीगंज में आता है और मलेरिया तथा कालाजार जैसी बीमारियों के संबंध में खोज करने तथा बीमारी का उपचार करने के लिए कटिबंध हैं और निराश होने पर भी पशुवत मनुष्य को मनुष्य बनाने के लिए वह फिर वहीं लौटाने की प्रतिज्ञा करता है। परंतु तेरह वर्षों में गांवों की हालत और भी बिगड़ गई मालूम होती है क्योंकि करैता गांव में पैदा हुआ। डॉ. देवनाथ हारकर अपने गांव की श्प्रैक्टिसश को छोड़कर पास के कस्बे में डॉक्टरी करने के लिए चला जाता है। यह स्थिति केवल डॉक्टर देवनाथ की ही नहीं है बल्कि किसानों की भी हालत बिगड़ रही है और वे मन मारे किसी तरह जिये जा रहे हैं। लेखक ने करैता को नाचिरागी मोजा कहा है। लेखक आंचलिकता से इतना डर गया है की तटचचा में कहता है– मैं चाहे लाख चाहूँ, पढ़ने वाले इसे यदि आंचलिक उपन्यासों की पंक्ति में डाल दें, तो मैं कर ही क्या कर सकता हूँ।आंचलिक सत्यांकन में लेखक को निश्चय ही सफलता प्राप्त हुई है क्योंकि रेणु के मानवतावादी आदर्श करैता के नितांत यथार्थवादी चित्रण की पृष्ठभूमि में स्वप्नवत लगते हैं। कथाकार चाहता है कि करैता गांव की कहानी को सभी गांवों की कहानी माना जाए। वह करैता गांव के माध्यम से भारतीय गांवों के संबंध में एक सार्वभौमिक सत्य प्रस्तुत कर रहा है। परंतु यदि ध्यान से देखा जाए तो यह सार्वभौमिक सत्य प्रस्तुत कर रहा है परंतु यदि ध्यान से देखा जाए तो यह सर्वोच्च सत्य नहीं है यक्योंकि सभी गांवों की ऐसी ही हालत नहीं है। आंचलिक रूप से करैता एक श्नाचिरागी मौजाश के रूप में विशिष्ट है परंतु भारतीय गांवों के पूर्ण प्रतिनिधित्व का दावा नहीं कर सकता। रचनात्मक दृष्टि से लेखक ने अपने भावबोध और ज्ञान की गहराई उपन्यास के रूप में प्रस्तुत की है जो उसके आंचलिक अथवा विशिष्टीकृत रूप में सत्य और सार्थक है। इससे बाहर या ऊपर उठकर और कुछ की मांग करना अपनी सृष्टि झुठलाना है।

मनहर चौहान का उपन्यास शहिरना सांवरीश (1962) भी एक रोचक उपन्यास हैय जिसमें छत्तीसगढ़ के गांव और कस्बे के पृष्ठभूमियों के साथ हिरना उर्फ लक्ष्मी के जीवन के चढ़ाव–उतारों को प्रस्तुत किया गया है। ग्वाला परिवार की हिरनी अपने मुंह से अपनी कथा सुनाती है यजिसमें उसकी अपनी कथा अधिक है और कुछ अन्य पात्रों के विवरण हैं जो उसके जीवन को बनाने–बिगाड़ने वाले हैं। आंचलिक उपन्यासों के संदर्भ में इस उपन्यास का उल्लेख कर दिया जाता है परंतु शिल्प और शैली की दृष्टि से यह केवल एक रोचक उपन्यास ही सिद्ध होता है। सुरेंद्र पाल के उपन्यास श्लोक लाज खोयीश (1963) का भी उल्लेख यहां किया जा सकता हैय जिसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश के गांव का चित्रण हुआ है। 16 कहानियों के माध्यम से लेखक ने अपने श्अंचलश के पृष्ठभूमीय जीवन का प्रामाणिक चित्र उपस्थित किया है। विवेकी राय का उपन्यास श्बबूलश (1967) डायरी शैली में लिखा गया है और महेसवा चमार की दरिद्रता का रोजनामचा लिखने के लिए लेखक ने चित्रगुप्त महाराज के श्प्राइवेट असिस्टेंटश (निजी सहायक) को स्कूल मास्टर के रूप में पच्चीस वर्ष के लिए अवतरित किया है। इन्हीं को डायरी के छब्बीस पन्ने श्बबूलश उपन्यास के रूप में प्रस्तुत हुए हैं। जितना प्रभावशाली बंधन विवेकी राय ने बांधा है यदि उपन्यास उसका आधा भी प्रभावशाली बन पड़ता, तो न केवल महेसवा चमार का कल्याण हो जाता, प्रत्युत गांव बाढ़नपुर का भी उद्धार हो जाता।

रघुवर दयाल सिंह का उपन्यास त्रियुगा (1967) में तिरहुत क्षेत्र में बहने वाले त्रियुग नदी के बदलते हुए किनारों पर बसे हुए जन–समुदाय का चित्रण हुआ है। नदी के पानी के उतार–चढ़ाव के साथ तट वासी से लोगों का जीवन दुख–सुख की लहरों में आंदोलित होता है। लेखक ने इस उतार–चढ़ाव का अच्छा चित्रण किया है और साथ ही एक शिक्षित युवक के अशिक्षित ग्रामबाला के साथ चलने वाले रोमांस को भी प्रस्तुत किया है। यह प्रेम–व्यापार पाठकों का ध्यान आंचलिकता से हटा देता है परंतु परिस्थितियों के संघर्ष से दूर नहीं ले जाता। तटवासी सभी कष्टों को सहन करते हुए भी नदी के किनारे से चिपके रहते हैं जो उनका सर्वस्व है। इसी प्रकार श्गगास के तटश पर उपन्यास का प्रकाशन जगदीश चंद्र पाण्डेय ने (1968) में किया जिसमें लेखक ने कुमाऊं अंचल के गगास के किनारे पर बसे हुए लोगों के नए भूमि सुधार के विधानों के कारण उत्पन्न समस्याओं का चित्रण किया है। ऐसे ग्राम केंद्रित उपन्यासों की श्रृंखला में ही विवेकी राय का उपन्यास श्सोनामाटीश (1983) है और जगदीश चंद्र का उपन्यास श्घास गोदामश (1985) है। श्याम बिहारी श्यामल के उपन्यास श्धपेलश (1999) में भी ग्रामांचल का ही सत्य अंकित हुआ है। कई आंचलिक उपन्यासों में क्षेत्र या अंचल की भौगोलिक सीमाओं पर विशेष ध्यान न देकर विशिष्ट समुदाय के सामाजिक परंपराओं, धार्मिक विश्वासों, विशेष मूल्यों एवं मान्यताओं, आचार–विचार, रीति–रिवाजों को निर्णायक तत्वों के रूप में प्रस्तुत किया गया है। भौगोलिक तत्व अनायास ही प्रस्तुत हो जाता है क्योंकि विशिष्टीकरण की प्रक्रिया में इसका महत्व सर्वाधिक है।

लोक साहित्य प्रेमी और उत्साही यात्री देवेंद्र सत्यार्थी ने मध्य प्रदेश के गोंड आदिवासियों से संबंधित उपन्यास श्रथ के पहिएश (1953) की रचना की, जिसमें लेखक की रोमानी और आदर्शवादी दृष्टि की प्रमुखता है। करंजिया गांव में सभ्य एवं शिक्षित आनंद और सोम नागरिक सभ्यता से आते हैं और आदिवासियों के जीवन में सुधार लाते हैं। आनंद का विवाह गांव के मुखिया की लड़की से हो जाता है और इस प्रकार प्राकृतिक सभ्यता का नागरिक सभ्यता से मिलन होता है और एक समन्वित सभ्यता के विकास की संभावनाएं प्रतीक रूप में उत्पन्न हो जाती है।

उदयशंकर भट्ट ने बारसोवा की कोली मछुआ जनजाति का विस्तृत निरूपण अपने प्रसिद्ध उपन्यास श्सागर लहरें और मनुष्य (1955) में किया है। इस उपन्यास की रचना के लिए लेखक ने तटवर्ती कोलियों के गांवों का विशेष अध्ययन किया और एक समाजशास्त्री की भांति सामग्री एकत्र करके कोलियों के जीवन का प्रामाणिक जीवनवृत्त प्रस्तुत किया। उपन्यास में कथा महत्वाकांक्षिणी नायिका रत्ना के साथ बारसोवा और बंबई के बीच भटकती रहती है जिससे आदिवासी जाति के सभ्य समाज के बढ़ते हुए संबंधों का भी परिचय प्राप्त होता है। यथार्थता लाने के लिए लेखक ने इन कोष्ठियों की भाषा श्बंबइया हिंदीश रखी है जबकि इस भाषा का प्रयोग केवल उन्हीं लोगों के साथ करते हैं जो उनकी भाषा मराठी नहीं जानते। श्ब्रह्मपुत्रश (1956) उपन्यास में देवेंद्र सत्यार्थी ने ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे पर रहने वाले असमी लोगों का चित्र प्रस्तुत किया है : ब्रह्मपुत्र नदी के अतिरिक्त इस उपन्यास में और कोई भी आंचलिक तत्व नहीं हैं। क्रांतिकारी राजनीति के समावेश से उपन्यास की सार्वभौमिकता को ही प्रश्रय मिला है और आंचलिक विशिष्टीकरण का अभाव हो गया है। नैसर्गिक सरलता, सौंदर्य और लोक साहित्य के प्रति विशेष अनुराग के कारण लेखक का दृष्टिकोण रोमानी हो जाता है और इसलिए सत्यार्थी अपने आंचलिक समाज के यथार्थ चित्र नहीं प्रस्तुत कर पाते।

इस संदर्भ में नागार्जुन, रांगेय राघव और राजेंद्र अवस्थी अधिक विश्वसनीय है। वरुण के बेटे (1957) में नागार्जुन ने मछुआ जाति के सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों का वर्णन किया है। लेकिन अपनी प्रतिबद्धता के कारण नागार्जुन ने इस शोषित जाति को जमींदारों के विरुद्ध संघर्ष करते हुए चित्रित किया है। रांगेय राघव ने अपने उपन्यास श्कब तक पुकारूँ (1958) में राजस्थान की नट जाति को चुना है। यह नट चोरी करते हैं और उनकी महिलाएं कुलीन हिंदुओं के साथ संबंध स्थापित करके पैसे कमाती हैं। परंतु इस कथा में एक नट यह अनैतिक जीवन नहीं जीना चाहता परंतु थानेदार उसकी पत्नी के साथ बलात्कार करता है और उसे एक सिपाही की रखैल बनने के लिए विवश होना पड़ता है। इस प्रकार लेखक ने इस जाति की विशेष परिस्थितियों को उभारा है। श्धरती मेरा घरश (1961) में रांगेय राघव ने राजस्थान की लोहार जिप्सी जाति को लेकर एक रोचक कथा कही है। इसमें बेईमानी से लोहार के बच्चे को उसे राजपूत बच्चे का स्थानापन्न बना दिया जाता है जिसे बघेरा खा गया है। किस प्रकार सवर्ण एवं समर्थ हिंदू इन गरीब लोहारों का शोषण करते हैं और इन्हें नगण्य समझते हैं, यह इस उपन्यास में प्रस्तुत किया गया है। कथा की प्रधानता के कारण आंचलिक तत्व दब जाते हैं।फिर भी जातिगत विशेषताएं उभरकर आती है। किस प्रकार ये जन–जातियाँ हिंदुओं के साथ आस–पास रहकर प्रभावित होती हैं और दुःख–सुख भोगती हैं – यह इन उपन्यासों में दृष्टव्य है।

श्सूरज किरण की छाँवश (1959) में राजेंद्र अवस्थी ने बस्तर के गोंडो के जीवन को ईसाई धर्म परिवर्तन की समस्या के सहारे प्रस्तुत किया है। मुखिया की लड़की के साथ ईसाई मिशनरी का लड़का विलियम बलात्कार करता है और फलस्वरूप उसे ईसाई धर्म स्वीकार करने पर विवश होना पड़ता है। लेकिन एक डॉक्टर की सहायता से जो धर्म परिवर्तन में विश्वासन नहीं करता, गोंड लड़की अपनी जाति में वापस लौटती है और ईश्वर से प्रार्थना करती है कि किसी भी निस्सहाय को अपना समाज छोड़कर ईसाई धर्म स्वीकार न करना पड़े। समस्त उपन्यास गोंडो के आचार–विचार और विशिष्ट प्रकार के नृत्यों और गीतों से सजा हुआ है जिससे इन जनजाति का समग्र रूप प्रस्तुत होता है। अपने दूसरे उपन्यास जंगल के फूल (1960) में अवस्थी ने गोंडो के जीवन को और भी विस्तृत रूप में प्रस्तुत किया है। घाटुल की विशिष्ट प्रथा के कारण यह जनजाति अन्य भारतीय जन समुदायों से भिन्न और विशिष्ट हो जाती है। विवाह पूर्ण युवा लड़के–लड़कियों में स्वतंत्र निर्वाचन और यौन संबंध इस जाति की एक विशेषता है जो इन घोटुलों में नियमित रूप से घटित होती है। एक ऐतिहासिक घटना के द्वारा लेखक ने अपने वर्णन को और भी प्रामाणिक बना दिया है और वह है गोंडो का अंग्रेजी अफसर के विरुद्ध संघर्ष। एक अन्य लोक–साहित्य–प्रेमी श्याम परमार ने मालवा के आदिवासी भीलों को अपने उपन्यास मोरझल (1963) का विषय बनाया है। परमार को इस जनजाति का अच्छा ज्ञान है और इसीलिए इनका चित्रण भी विश्वसनीय एवं प्रभावशाली बन पड़ा है। इसमें एक प्रेम कहानी प्रस्तुत की गई है जिसके माध्यम से लेखक ने समुदाय का रोचक चित्रण किया है। बस्तर के गोंडो और मालवा के भीलों, राजस्थान के नटों और बारसोवा के कोलियों की भांति सिंहभूम की श्होश जनजाति का चित्रण योगेंद्र सिन्हा के उपन्यास वन के मन में (1962) में हुआ है। श्फॉरेस्ट ऑफिसरश के रूप में सिन्हा ने इस जाति और जंगली जीवन का निकट से अध्ययन किया है और उसी अध्ययन एवं निरीक्षण के आधार पर लेखक ने इस उपन्यास में श्होश जनजाति का प्रामाणिक जीवन प्रस्तुत किया है। इस उपन्यास में भी एक प्रेम कथा रखी गई है। लेखक ने कुछ विशिष्ट प्रथाओं अथवा नामों के अतिरिक्त साधारण खड़ी बोली का प्रयोग किया है। माड़िया गोंडो से संबंधित शानी का उपन्यास सालवनों का द्वीप (1967) भी एक दिलचस्प आंचलिक उपन्यास है। लेखक स्वयं भी उपन्यास का एक पात्र है जिससे कथा के विस्तारों को और भी प्रामाणिकता प्राप्त हो गई हैं।कैलिफोर्निया स्टेट कॉलेज, हेवर्ड के एंथ्रोपोलॉजी के प्रोफेसर जे. जे. एडवार्ड के साथ शानी ने भी प्रचुर मात्रा में सामग्री एकत्र की ओर माड़िया या जनजाति का निकट से निरीक्षण किया। यह अध्ययन और निरीक्षण इस उपन्यास के लिए उपयोगी सिद्ध हुआ।

जयप्रकाश भारती ने अपने उपन्यास कोहरे में खोये चांदी के पहाड़श (1968) में हिमालय के जौनसार बाबर जिले के उस जनजाति को प्रस्तुत किया जो अपने को पांडवों का उत्तराधिकारी मानती है और बहुपति की प्रथा का आज भी पालन करती है। इस जनजाति में केवल सबसे बड़ा भाई विवाह करता है और सभी संतति उसी की मानी जाती है जबकि सभी भाइयों का बड़े भाई की पत्नी पर बराबर का अधिकार होता है। अतिथि सत्कार में ये अद्वितीय हैं जिसका अनुचित लाभ उठाया जाता रहा है। अब यह इतने अज्ञानी और अंधविश्वासी नहीं रह गए। सरकारी विकास योजनाओं और

एक शिक्षित पात्र के क्षरा सुधारों का समावेश करके लेखक ने एक नए परिप्रेक्ष्य को भी प्रस्तुत किया है। राही मासूम रजा का उपन्यास श्आधा गांवश (1966) में राही मासूम रजा ने मुसलमान समाज के ग्रामीण आंचलिक जीवन का चित्रण किया है। हिम्मत जौनपुरी (1969), दिल एक सादा कागज (1973), कटरा बी आरजू (1978) जैसे उनके उपन्यासों के संदर्भ में डॉक्टर आशाराम ने ठीक ही लिखा है – राही मासूम रजा के उपन्यासों का स्वर हिंदी के अन्य उपन्यासकारों से इसीलिए अलग है कि उन्होंने भारतीय मुसलमान की एक सार्थक अभिव्यक्ति देने का प्रयास किया है। ऐसा ही प्रयास शानी ने श्काला जलश (1965), मेहरुन्निसा परवेज के श्कोरजाश (1977) और नासिरा शर्मा के कोठरी की मंगनी (1979) जैसे उपन्यासों में भी लक्षित होता है।

निश्चय ही हिंदी में आंचलिक उपन्यासों की विकास यात्रा प्रभावित करती है और संभावनाओं के प्रति आश्वस्थ करती है। ऐसे उपन्यासों का युग समाप्त नहीं हो गया है। भविष्य में बेहतर आंचलिक उपन्यास सामने आएंगे, ऐसी आशा है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. डॉ. वंशीधर : हिन्दी के आंचलिक उपन्यास, पृष्ठ– 17
2. फणीश्वर नाथ रेणु : मैला आँचल, भूमिका
3. डॉ. रामदरश मिश्र : हिन्दी उपन्यास – एक अंतर्यात्रा, पृष्ठ – 304
4. डॉ. शिव प्रसाद सिंह : आधुनिक परिवेश और नवलेखन, पृष्ठ –99
5. राजेंद्र अवस्थी (सं.) – सत्रह आंचलिक कहानियाँ, पृष्ठ – 16
6. डॉ. इंदु प्रकाश पाण्डेय : हिन्दी के आंचलिक उपन्यासों में जीवन सत्य, पृष्ठ – 23
7. डॉ. रामविलास शर्मा : साहित्य मूल्य और मूल्यांकन, पृष्ठ –33
8. डॉ. आदर्श सक्सेना : हिन्दी के आंचलिक उपन्यास और उनकी शिल्पविधि, पृष्ठ – 109
9. डॉ. चंद्रशेखर कर्ण : आंचलिक हिन्दी कहानी, पृष्ठ – 33
10. डॉ. नगीना जैन : आंचलिकता और हिन्दी उपन्यास, पृष्ठ – 82

डॉ0 मेल्टिना टोप्पो
एसोसिएट प्रोफेसर,
हिन्दी विभाग,
संत जेवियर्स कॉलेज, राँची 834001
चलाभाष –8809910121

43

Rethinking Good Governance: Features, Development and Challenges

Ashish Alok

Introduction

An understanding of the concept 'Governance' will be of great assistance to the understanding of good governance concept. In both political and academic discourse the concept 'governance' has been used to refer to the task of running a government, or any other appropriate entity. To United Nations Economic and Social Commission for Asia and the Pacific- UNESCAP (2009), governance is the process of decision-making and the process by which decisions are implemented or not implemented. In this regard, governance, not only encompasses but transcends the collective meaning of related concepts like the state, government, regime and good government, hence an integral part of the meaning of governance are the elements and principles underlying good governance.

Good Governance

Good governance implies a high level of organizational effectiveness in relation to policy-formulation and the policies actually pursued, especially in the conduct of economic policy and its contribution to growth, stability and popular welfare, implying accountability, transparency, participation, openness and the rule of law. By implication, good governance portrays good management, good performance and good stewardship of public money. From this perspective, it suffices that good governance is an indeterminate term that describes how public institutions conduct public affairs and manage public resources. The concept pays attention to the process of decision- making and the process by which decisions are implemented or not implemented.The attention paid to the process of decision making and its implementation is in cognizance of abuse of human rights, corruption, lack of transparency, lack of responsiveness, and lack of accountability that pervade Africa and Nigeria is not excluded. These variables, Kalbaq (2015) regard as elements of bad governance which are the root causes of all evil and suffering within our societies and are the complete opposite of the elements of good governance. However, in an attempt to avert bad governance, development researchers and practitioners have focused on “good governance” as both means of achieving development and a development objective in itself. Thus, as an international development organization, the World Bank see good governance as “epitomized by predictable, open and enlightened policy making; a bureaucracy imbued with a professional ethos; an executive arm of government accountable for its actions; and a strong civil society participating in public affairs; and all behaving under the rule of law. It is characterized by participation, consensus orientation, rule of law, transparency, accountability, responsiveness, effectiveness and efficiency, equity and inclusiveness.

Origin of Modern Concept of Good Governance

The World Bank introduced the concept in its 1992 report entitled "Governance and Development". According to the document, good governance is an essential complement to sound economic policies and is central to creating and sustaining an environment which fosters strong and equitable development. For the World Bank, good governance consists of the following components: capacity and efficiency in public sector management, accountability, legal framework for development, and information and transparency.The World Bank's interest in governance arises from its concern forthe effectiveness of the development efforts it supports. A generaldefinition of governance is the "exercise of authority, control, management, power of government." A more relevant definition for Bank purposes is "the manner in which power is exercised in the management of a country's economic and social resources for development." 'The Bank's concern with sound development management thus extends beyond building the capacity of public sector management toencouraging the formation of the rules and institutions which providea predictable and transparent framework for the conduct of publicand private business and to promoting accountability for economicand financial performance.

Since governments carry out goals like the provision of public goods to its citizens, there is no better way to think about good governance other than through deliverables, which are precisely the one demanded by citizens, like adequate security, standard health care services, quality education, portable water, the enforcement of contracts, protection of property, protection of the environment and their ability to vote and get paid fair wages (Rotberg, 2014). According to Fukuyama (2013), there are two dimensions to qualify governance as good or bad: the capacity of the state and the bureaucracy´s autonomy. They both complement, in the sense that when the state is more capable, for instance through the collection of taxes, there should be more autonomy because the bureaucrats are able to conduct things well without being instructed with a lot of details. In less capable states, however, less discretion and more rules setting are desirable. Another way to think about good governance is through outcomes.

Good governance might be approximated to provision of public services in an efficient manner, higher participation given to certain groups in the population like the poor and the minorities, the guarantee that citizens have the opportunity of checks and balances on the government, the establishment and enforcement of norms for the protection of the citizens and their property and the existence of independent judiciary systems. Given the many variables in the definitions of Good Governance, identification of its characteristics becomes necessary.Thus, the United Nations Economic and Social Commission for Asia and the Pacific (UNESCAP) in 2009 has identified the major characteristics of good governance. These features are that good governance is participatory, consensus oriented, accountable, transparent, responsive, effective and efficient, equitable and inclusive and follows the rule of law. It assures that corruption is minimized, the views of minorities are taken into consideration and that the voices of the most vulnerable in society are heard in decision-making. It is also responsive to the present and future needs of society.

Features of Good Governance

Participation by both men and women is a key cornerstone of good governance. So, good governance is participatory. Anyone affected by or interested in a decision should have the opportunity to participate in the process for making that decision. Participation could be either direct or through legitimate and trusted intermediate institutions or representatives. It is important to point out that representative democracy does not necessarily mean that the concerns of the most vulnerable in society would be taken into consideration in decision making. Participation needs to be informed and organized. This means freedom of association and expression on the one hand and an organized civil society on the other hand.Good governance follows the **rule of law**. This means that decisions are consistent with relevant legislation or common law. Good governance requires fair legal frameworks that are enforced impartially. It also requires full protection of human rights, particularly those of minorities. Impartial enforcement of laws requires an independent judiciary and an impartial and incorruptible police force.

Transparency is cornerstone of good governance. Transparency means that decisions taken and their enforcement are done in a manner that follows rules and regulations. It also means that information is freely available and directly accessible to those who will be affected by such decisions and their enforcement. It also means that enough information is provided and that it is provided in easily understandable forms and media. This means that they will be able to clearly see how and why a decision was made, what information, advice and consultation council considered, and which legislative requirements was followed.

Good governance is **responsive**, thus requiring that institutions and processes should try to serve all stakeholders within a reasonable timeframe. Thus, to ensure good governance, government should always try to serve the needs of the entire community while balancing competing interests in a timely, appropriate and responsive manner.

There are several actors and as many view points in a given society. In this case, good governance is always **consensus oriented**. It requires mediation of the different interests in society to reach a broad consensus in society on what is in the best interest of the general public and how this can be achieved. This can only result from an understanding of the historical, cultural and social contexts of a given society or community.

Equity and Inclusiveness: A society's well being depends on ensuring that all its members feel that they have a stake in it and do not feel excluded from the mainstream of society. This requires all groups, but particularly the most vulnerable, have opportunities to improve or maintain their well being. Processes and institutions produce results that meet the needs of society while making the best use of resources at their disposal. There is always an element of **efficiency and effectiveness** in good governance. Government should implement decisions and follow processes that make the best use of the available people, resources and time to ensure the best possible results for their community. The concept of efficiency in the context of good governance also covers the sustainable use of natural resources and the protection of the environment.

Accountable is a key requirement of good governance that should not only focus on governmental institutions but also the private sector and civil society organizations must be accountable to the public and to their institutional stakeholders. This is because an organization or an institution is accountable to those who will be affected by its decisions or actions. But because accountability cannot be enforced without transparency and the rule of law, it becomes pertinent that government or organization leaders live up to their obligation to report, explain and be answerable for the consequences of decisions it has made on behalf of the community it represents. However, The UNDP added another one to make it nine.Leaders and the public should have a broad and long-term perspective on good governance and human development, together with a sense of what is needed for such development. There should also be an understanding of the historical, cultural and social complexities in which that perspective is grounded.

Good Governance and Development

The importance of good governance comes from its

relationship with the development of a country and the reduction of poverty, in particular. Setting an agenda for reaching good governance is of huge interest but also a complex task, hence while governments believe they apply the elements/principles of good governance in their decision-making, cultural differences do cause conflict especially in a heterogeneous society. Cultural theory of governance is a prominent approach to scrutinize government of developing or undeveloped countries. This theory is associated with the Rigg's theory of Prismatic Society and influenced by the work of Parsons (1951), who described a "traditional way of life" as including ethnocentricity; primordial rather than functional associations; the sanctification of customs beliefs, and practices; the discouragement of individualism; an emphasis on authority by birth rather than merit; customary rather than contractual relations; super-maturalism; the unwillingness to accept personalresponsibility for development; and social rather than legal sanctions. "Until people or particularly leaders can escape a traditional way of life, they cannot substantially improve governance and living conditions.

In governance, the people's differences are taken care of but where such care is elusive, the concept of good governance comes handy. In other words, good governance prevails where governance stands for genuine, optimistic, versatile, and ethical responsiveness that is non-partisan and upholds accountability and nurtures competent enterprising. However, achieving good governance is very difficult if not impossible when its meaning is difficult to pin down given different culture and backgrounds. But as a measuring index, good governance sets the target to enhance performance that improves the life of the people sustainably. This may be why UNDP reviewed their characteristics of good governance and added the **9th one- Strategic vision**. Thus, leaders and the public should have a broad and long-term perspective on good governance and human development, together with a sense of what is needed for such development. There should also be an understanding of the historical, cultural and social complexities in which that perspective is grounded. Whenever this understanding is achieved, then the effort at contextualizing 'good governance' would have gained momentum.

Development scholars have pointed out that good governance is a prerequisite for successful development which every country crave for. However, the meaning of the concept has been changing overtime. This is whya discourse on good governance has to be in cognizance of the paradigm shift in good governance discourse.In the 1980s for instance, the concept of good governance was taken up from a more normative perspective, with emphasis on development criteria which sought to guide the repair of the failures of the decreasingly legitimate top down governance structures, by focusing on alternative modes of actor constellations helping to resolve common issues from different perspectives. By the 1990s it was used from a more analytical perspective in the social sciences as a mean of assessing public policy arrangements. This perspective indicates that good governance as a concept has been in existence since the end of the cold war and its meaning has been changing in response to issues of dire importance. Hence before 1990, the International Monetary Fund (1997) used the concept to describe the economic standing of creditor countries. But in 1998, a study on Africa found out that even national economy that conformed to reasonable rules of economic management did not necessarily develop positively whenever negative governmental and administrative influences were present. In keeping with the paradigm shift consequent upon the evolving nature of the concept of good governance, the World Bank responded to that finding and formulated a more positive and proactive strategy for good governance that addressed four areas: the management of the public administration, responsibility and accountability in the public sector, legal framework conditions, and the transparency of public activities. Within this period, good governance was extendedly conceptualized to be applied to the political system, the exercise of governmental authority, and the ability of a government to formulate and implement political designs. But in 2002, the World Bank Institute developed governance indicators that included corruption control as its rider. The concept was expatiated by the Organization for Economic Co-operation and Development, the United Nation, and the European Union.

The Challenges of Good Governance in Indian democracy-

India is a country with ***"Unity in Diversity"*** in a sense that it is large enough in size with different geographical diversity and population and has a multicultural, multilingual, multiregional society and also having different religions, sects, ideologies and a federal parliamentary "sovereign socialist secular democratic republic" with multiparty system and having constitutional supremacy and judicial review to ensure and protect the fundamental rights of the people. In such diverse democracy, challenges to ensuring Good Governance may be identified as defined following -

A. Social Justice
B. Poverty
C. Empowerment
D. Employment
E. Soaring Prices
F. Red-tapism

G. Criminalization of Politics
H. Corruption
I. Administrative Responsiveness, Accountability and Transparency
J. Partisan Politics
K. Centre–State Conflicts

Beside, these there also may find some challenges to achieve the ideal of Good Governance or inclusive growth in India, which has been led dissatisfaction and disillusionment in the minds of the people, towards their Government. As following are -

A. Degeneration of values in society
B. Participation of the People in Political affairs
C. Political Awareness of the People
D. Responsiveness of the People on Governmental acts
E. Sense of Self-fulfilment
F. Illiteracy
G. Health & Medical facilities
H. Labour unrest
I. Communal tension

Conclusion

Good Governance is often spoken about as a panacea for all ills plaguing society and government. But there are few who can actually define Good Governance. Knowing the parameters, would facilitate comparison and understanding. The **Eleventh Five Year Plan**, outlined six characteristics of Good Governance in Indian democracy, as following are

1. Free, Fair and timely Elections in all spheres of Political Authority.
2. Transparency and Accountability of all Institutions of the state to its citizens.
3. Efficient and Effective delivery of Socio-Economic Public services.
4. Effective devolution of Authority, Resources and Capabilities to PRIs and Municipalities.
5. Rule of Law, where legal rights are clear and understood, and legal compliance and enforcements of those rights is time-bound and swift.
6. Needs and Interests of hitherto Excluded sections of society are privileged and included, with dignity

References:

1. UNESCAP, (2009). What is good governance? Accessed March 21, 2018.
2. Sahni, P. & Uma, M. (2003). Governance for development: issues and strategies, (edited) Prentice Hall of India, New Delhi, pp. 5
3. Kalbaq (2015). Bad governance and the suggested effective measures of Governance.
4. http://www.goodgovernance.org.
5. World Bank (1994). Governance: the World Bank's experience. Washington, D.C: World Bank, pp. 13
6. World Bank (1992). Governance and Development, A World Bank Publication, Washington, D.C: World Bank, pp. 3
7. Rotberg, R.I. (2014). Good Governance Means Performance and Results, Governance, xxviii, pp. 1-8.
8. Fukuyama, F. (2013). What is governance? Center for global development. Working paper 314, pp. 6
9. UNESCAP (2009). What is good governance? www.unescap.org/resources/what-good- governance Ibid.
10. UNDP (1997) Governance for sustainable human development, A UNDP policy paper, pp. 2–3; http://www.adb.org/documents/policies/governance/gov.
11. Asaduzzaman, M. & Virtanen, P. (2016). Governance Theories and Models. Springer International Publishing Switzerland, pp. 43
12. Werlin H.H. (2003). Poor nations, Rich nations: a theory of governance. Public Adm. Rev. 63(3), pp. 329– 342.
13. Dinesh, A. (nd). Good governance: A study of the concept in Indian context. paper room.ipsa.org/papers/paper_33195.pdf.
14. Pierre, J. (2000). Debating governance. Oxford: Oxford University Press, pp. 54
15. Anton, B. (n.d). Good Governance the paradigm of contemporary development policy. Bad governance and difficult partnerships – the challenges of the 21st Century. KAS, pp. 42-43
16. Boix, Carles and Stokes, Susan C. (2007)*The Oxford Handbook of Comparative Politics*, Oxford University Press, New York.

Ashish Alok
Research Scholar
Department of Political Science
Dr. Shyama Prasad Mukherjee University

44

एकता एवं समता के पोषकः संत रविदास

डॉ0 संजय कुमार

सारांश

तीन सजावत देश को,सती संत और शूर।
तीन लजावत देश को,कपटी,कायर, क्रूर।

भारत संतों, सतियों और शूर वीरों का देश रहा है।इनके कारण भारत विश्व गुरु बना और विश्व में सम्मानित हुआ।कपटी,कायर और क्रूर लोगों के कारण भारत पराजित और लज्जित हुआ।यूनान के सुप्रसिद्ध दार्शनिक अरस्तू ने कभी कहा था कि परम पिता परमेश्वर को जब अपने द्वारा निर्मित सृष्टि के लोगों से वार्तालाप करना होता है तो वह केवल दो को माध्यम बनाता है–या तो वह संतों के मुखारविंद से बोलता है या कवियों के मुखारविंद से। भारतवर्ष में अनेक संत महात्मा हुए हैं और भविष्य में भी होंगे लेकिन संत रविदास के समकक्ष होंगे या नहीं यह विचारणीय पहलू है।

संत गुरु रविदास भारत के महान संतों में से एक परम संत शिरोमणि रहे हैं, जिन्होंने अपना जीवन समाज सुधार कार्य के लिए समर्पित कर दिया। समाज से जाति विभेद को दूर करने में रविदास जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वो ईश्वर को पाने का एक ही मार्ग जानते थे और वो है 'भक्ति', इसलिए तो उनका एक मुहावरा आज भी बहुत प्रसिद्ध है कि, 'मन चंगा तो कठौती में गंगा'।

रविदास जी का जन्म
==========

रविदास जी के जन्म को लेकर कई मत हैं। लेकिन रविदास जी के जन्म पर एक दोहा खूब प्रचलित है–

चौदस सो तैंसीस की,माघ सुदी पन्दरास।
दुखियों के कल्याण हित,प्रगटे श्री गुरु रविदास।

इस पंक्ति के अनुसार गुरु रविदास का जन्म माघ मास की पूर्णिमा को रविवार के दिन संवत् 1433 (यानि सन् 1376 ई)को हुआ था। रविवार के दिन इनका जन्म हुआ, इसीलिए इनका नाम रविदास पड़ा। उत्तर प्रदेश मध्यप्रदेश और राजस्थान में इन्हें रैदास भी कहा जाता है। हर साल माघ मास की पूर्णिमा तिथि को रविदास जयंती के रूप में मनाया जाता है जो कि इस वर्ष 24 फरवरी 2024 को है।इनका निधन अनुमानतः 1518 में वाराणसी में हुआ।

संत रविदास जी का जन्म 15 वीं शताब्दी में उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में गोवर्धन पुर गांव में एक मोची परिवार में हुआ था। इनकी माता का नाम करमा देवी (कलसा) और पिता का नाम संतोख दास (रग्घू) था। इनके दादा का नाम श्री कालूराम और दादी का नाम श्रीमती लखपति देवी और पत्नी का नाम लोना देवी और पुत्र का नाम विजय दास है।इनके पिता श्री जाति के अनुसार जूते बनाने का पारंपरिक पेशा करते थे, जो कि उस काल में निम्न जाति का माना जाता था। लेकिन अपनी सामान्य पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद भी रविदास जी भक्ति आंदोलन, हिंदू धर्म में भक्ति और समतावादी आंदोलन में एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में उजागर हुए। 15 वीं शताब्दी में रविदास जी द्वारा चलाया गया भक्ति आंदोलन उस समय का एक बड़ा आध्यात्मिक आंदोलन था,जो समता मूलक था।

समाज के लिए संत गुरु रविदास का योगदान
==========

संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी एक महान संत और समाज सुधारक थे। भक्ति, सामाजिक सुधार, मानवता के योगदान में उनका जीवन समर्पित रहा।

धार्मिक योगदानरू– भक्ति और ध्यान में गुरु रविदास का जीवन समर्पित रहा। उन्होंने भक्ति के भाव से कई गीत, दोहे और भजनों की रचना की, आत्मनिर्भरता, सहिष्णुता और एकता उनके मुख्य धार्मिक संदेश थे। हिंदू धर्म के साथ ही सिख धर्म के अनुयायी भी गुरु रविदास के प्रति श्रद्धा भाव रखते हैं। रविदास जी की 41 कविताओं को सिखों के पांचवे गुरु अर्जुन देव ने पवित्र ग्रंथ आदिग्रंथ या गुरुग्रंथ साहिब में शामिल कराया था।

सामाजिक योगदानः– समाज सुधार में भी गुरु रविदास जी का विशेष योगदान रहा। इन्होंने समाज से जातिवाद, भेदभाव और सामाजिक असमानता के खिलाफ होकर समाज को समानता और न्याय के प्रति प्रेरित किया।संत रविदास के विचार धर्म,समाज और मानवता से जुड़े थे। उन्होंने समाज में असमानता, भेद–भाव, उत्पीड़न, उच्छृंखलता और अन्यान्य के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। उनके विचारों में धर्म और समाज के संबंधों का विस्तार पूर्वक उल्लेख मिलता है।संत रविदास के विचारों के मुख्य संदर्भों में श्रद्धा,सेवा, एकता,नेता, समानता,संयम, आदर्शों का पालन, प्रेम और समझौता शामिल हैं।वे सभी लोगों के साथ एक जैसे बराबरी की मांग करते थे।उनके अनुयायियों का कहना है कि संत रविदास जी के धर्म के महत्व का सभी लोगों तक पहुंचाने के लिए कई प्रचार यात्राएं भी की थी।वे एकता,समता, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय के पोषक थे।सच तो यह है कि आधुनिक भारत के आध्यात्मिक नेपोलियन कहे जाने वाले विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता डा बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर पर उनके विचारों का गहरा प्रभाव परिलक्षित होता है।

शिक्षा और सेवाः– गुरु रविदास जी ने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और अपने शिष्यों को उच्चतम शिक्षा पाने के लिए प्रेरित किया।अपने शिष्यों को शिक्षित कर उन्होंने शिष्यों को समाज की सेवा में समर्थ बनाने के लिए प्रेरित किया। मध्यकाल की प्रसिद्ध संत मीराबाई भी रविदास जी को अपना आध्यात्मिक गुरु मानती थीं।

रविदासजी अत्यंत धार्मिक प्रवृत्ति के तथा अत्यंत दयालु थे वे

जूते बनाने का कार्य करते थे ,ऐसा करने में उन्हें बहुत खुशी मिलती थी और वे पूरी लगन तथा परिश्रम से अपना कार्य करते थे।

रविदास का वैशिष्ट्यः—उनका जन्म ऐसे समय में हुआ था जब उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में मुगलों का शासन था, चारों ओर अत्याचार, गरीबी, भ्रष्टाचार व अशिक्षा का बोलबाला था। उस समय मुस्लिम शासकों द्वारा प्रयास किया जाता था कि अधिकांश हिन्दुओं को मुस्लिम बनाया जाए। संत रविदास की ख्याति लगातार बढ़ रही थी जिसके चलते उनके लाखों भक्त थे जिनमें हर जाति के लोग शामिल थे। यह सब देखकर एक मुस्लिम श्सदना पीरश उनको मुसलमान बनाने आया था। उसका सोचना था कि यदि रविदास मुसलमान बन जाते हैं तो उनके लाखों भक्त भी मुस्लिम हो जाएंगे। ऐसा सोचकर उनपर हर प्रकार से दबाव बनाया गया था, लेकिन संत रविदास तो संत थे उन्हें किसी हिन्दू या मुस्लिम से नहीं मानवता से मतलब था।

संत रविदासजी बहुत ही दयालु और दानवीर थे। संत रविदास ने अपने दोहों व पदों के माध्यम से समाज में जातिगत भेदभाव को दूर कर सामाजिक एकता पर बल दिया और मानवतावादी मूल्यों की नींव रखी। रविदासजी ने सीधे—सीधे लिखा किः—

श्रैदास जन्म के कारने, होत न कोई नीच।
नर कूं नीच कर डारि है, ओछे करम की नीच।

यानी कोई भी व्यक्ति सिर्फ अपने कर्म से नीच होता है। जो व्यक्ति गलत काम करता है वो नीच होता है। कोई भी व्यक्ति जन्म के हिसाब से कभी नीच नहीं होता। संत रविदास ने अपनी कविताओं के लिए जनसाधारण की ब्रजभाषा का प्रयोग किया है। साथ ही इसमें अवधी, राजस्थानी, खड़ी बोली और रेख्ता यानी उर्दू—फारसी के शब्दों का भी मिश्रण है। रविदासजी के लगभग चालीस पद सिख धर्म के पवित्र धर्मग्रंथ श्गुरुग्रंथ साहबश में भी सम्मिलित किए गए है।

स्वामी रामानंदाचार्य वैष्णव भक्तिधारा के महान संत रहे हैं। संत रविदास उनके शिष्य थे। संत रविदास तो संत कबीर के समकालीन व गुरु भाई माने जाते हैं। स्वयं कबीरदास जी ने श संतन में रविदास श कहकर इन्हें मान्यता दी है। राजस्थान की कृष्ण—भक्त कवयित्री मीराबाई उनकी शिष्या थीं। यह भी कहा जाता है कि चित्तौड़ के राणा सांगा की पत्नी झाली रानी उनकी शिष्या बनीं थीं। वहीं चित्तौड़ में संत रविदास की छतरी बनी हुई है। मान्यता है कि वे वहीं से स्वर्गारोहण कर गए थे। कहते हैं कि वाराणसी में 1540 ई. में उन्होंने देह छोड़ दी थी। वाराणसी में संत रविदास का भव्य मंदिर और मठ है। जहां सभी जाति के लोग दर्शन करने के लिए आते हैं। वाराणसी में श्री गुरु रविदास पार्क है, जो नगवा में उनकी स्मृति के रुप में बनाया गया है। ईश्वर के प्रति उनकी भक्ति अभिन्नता और अद्वैत की भक्ति है। उनका यह पद उनकी इसी भावना का डिम डिम महाघोष हैरू—

अब तो राम नाम रट लागी।
प्रभु जी तुम चंदन हम पानी।
जाकी अंग अंग वास समानी।
प्रभु जी तुम घन वन हम मोरा।
जैसे चितवत चंद चकोरा।
प्रभु जी तुम दीपक हम बाती।
जाकी जोत बरै दिन राती।
प्रभु जी तुम मोती हम धागा।
जैसे सोनहि मिलत सोहागा।
प्रभु जी तुम स्वामी हम दासा।
ऐसी भक्ति करै रैदासा।

संदर्भ ग्रंथः—

1. आचार्य रामचंद्र शुक्ल —हिंदी साहित्य का इतिहास,नागरी प्रचारिणी सभा वाराणसी,1995
2. डा नगेंद्र सं हिंदी साहित्य का इतिहास, नेशनल पब्लिशिंग हाउस नई दिल्ली 2005
3. डा विनय कुमार सं.मध्यकालीन काव्य,भारती भवन , पटना 1990

डॉ0 संजय कुमार
हिंदी विभाग
संत जेवियर्स कालेज, रांची
चलभाष —9431902923

45

जयशंकर प्रसाद की कालजयिता

डॉ0 चंद्र मणि किशोर

सारांश

आधुनिक हिंदी साहित्य के उन्नायकों में जयशंकर प्रसाद का नाम अग्रगण्य है। हिंदी के अधिकांश समालोचकों ने उन्हें आधुनिक युग का सर्वश्रेष्ठ महाकवि घोषित किया है। छायावाद नामक हिंदी के नवीन काव्यान्दोलन के उन्मेष का श्रेय उन्हें दिया जाता है। इसमें संदेह नहीं कि वे एक बहुमुखी प्रतिभा संपन्न साहित्यकार रहे हैं। आधुनिक हिन्दी के जनक भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के बाद प्रसाद जी का ही एकमात्र ऐसा व्यक्तित्व और कृतित्व रहा है,जिसने साहित्य के सभी पक्षों को अपनी तूलिका से अलंकृत किया। विशेष रूप से काव्य और नाटक के क्षेत्रों में तो उनकी समकक्षता का दावा कम ही मिलेंगे। उनकी कुछ प्रमुख कृतियां (कामायनी , स्कंदगुप्त आदि) साहित्य का प्रतिमान बनी बैठी हैं।

शिव पक्ष को साहित्य में साहित्य का मूलाधार मानकर चलने वाले द्विवेदी युग के चरमोत्कर्ष के समय उपदेशात्मक रूप का निषेद्ध कर प्रेम,सत्य और सौंदर्य के महत्व को प्रतिष्ठापित करने वाले जय शंकर प्रसाद जी का जन्म 31 जनवरी 1889 (सोमवार,माघ शुक्ल पक्ष दशमी) को उत्तर प्रदेश के वाराणसी के एक प्रतिष्ठित वैश्य परिवार (सुंघनी साहु) में हुआ था और अल्पायु में (47 वर्ष) ही क्षय रोग के कारण उनका वाराणसी में 15 नवंबर 1937 में निधन हो गया। उन्होंने तीन विवाह किये। प्रथम विवाह 1909 में विंध्यवासिनी देवी के साथ हुआ, जिनका आकस्मिक निधन 1916 में क्षय रोग से हो गया।दूसरा विवाह 1917 में सरस्वती देवी के साथ हुआ, उनका निधन भी क्षय रोग से 1919 में हो गया।अब वे अपने वैवाहिक जीवन से हताश और निराश हो गये थे, लेकिन वंश वृद्धि और अपनी भाभी के विशेष आग्रह पर उन्होंने तीसरा विवाह कमला देवी के साथ 1919 में किया; जिससे शिव कृपा से उनके एकलौते पुत्र रत्न शंकर प्रसाद का जन्म 1922 में हुआ।

प्रसाद जी की स्कूली शिक्षा आठवीं कक्षा तक हुई, लेकिन उन्होंने अपने घर पर स्वाध्याय से हिंदी, संस्कृत , फारसी और अंग्रेजी की शिक्षा अपने गुरुओं के सौजन्य से प्राप्त की। प्रसाद जी के आरंभिक गुरु मोहिनी लाल गुप्त रसमय थे, जिससे उन्होंने हिंदी पढ़ी। प्रसाद जी के व्यक्तित्व निर्माण में अनेक गुरुओं का योगदान रहा है। उन्होंने गोपाल बाबा और हरिहर महाराज से संस्कृत और दीनबंधु ब्रह्म चारी से संस्कृत और उपनिषदों का ज्ञान प्राप्त किया। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के संस्कृत प्राध्यापक महा महोपाध्याय पंडित देवी प्रसाद शुक्ल कवि चक्रवर्ती को प्रसाद जी का काव्य गुरु माना जाता है। प्रसाद जी ने इस तथ्य को झूठला दिया कि वास्तविक ज्ञान केवल विद्यालयों में ही प्राप्त किया जा सकता है।

प्रसाद जी का समय जागृति और नवचेतना का समय था। एक ओर खड़ी बोली काव्य–धारा में सुधार वाद की आवाज बुलंद थी,तो दूसरी ओर आधुनिक कवि रीतिकालीन श्रृंगार का आंचल छोड़ने को तैयार न थे। खड़ी बोली के सामने ब्रजभाषा चुनौती बनकर खड़ी थी और प्रेम के समकक्ष द्विवेदी युगीन सुधार वाद।बढ़ती हुई राष्ट्रीय चेतना के प्रभाव में खड़ी बोली गद्य की भाषा बनने की दिशा में डगमगाती हुई सी आगे बढ़ रही थी,ऐसे समय जय शंकर प्रसाद ने साहित्य जगत में प्रवेश किया।

हिंदी में बहुमुखी प्रतिभा संपन्न कलाकारों का अभाव नहीं है। परंतु प्रसाद जी उनमें शीर्ष स्थानीय माने जा सकते हैं। साहित्य की प्रायः सभी प्रमुख विधाओं पर उनकी लेखनी साधिकार चली हैरू–यथा कविता, कहानी, उपन्यास,नाटक, एकांकी, निबंध और आलोचना।पृथक –पृथक विधाओं की दृष्टि से उनके संपूर्ण रचना संसार को निम्न प्रकार से प्रस्तुत किया जा सकता हैरू–

(क) कवितारू–प्रेम –पथिक (खंड काव्य) चित्राधार (ब्रजभाषा काव्य संकलन) कानन–कुसुम,महाराणा का महत्व,प्राण–मादन,रस कण कनक ढरे,झरना,आंसू ,लहर और कामायनी (महाकाव्य 1936)

(ख) नाटकरू–1 सज्जन((1910–11) 2 प्रायश्चित (1914)3 राज्य श्री (1915) 4 विशाख (1921) 5 अजातशत्रु (1922) 6 जनमेजय का नागयज्ञ (1926)7 कामना (1927) 8 स्कंदगुप्त (1928) 9 एक घूंट (1930) 10 चंद्र गुप्त (1931) 11 ध्रुवस्वामिनी (1933)

(ग) गीति नाट्यरू–करुणालय (1912)

(घ) एकांकीरू–अग्नि–मित्र।

(ड़)चंपू काव्यरू– उर्वशी

(च) उपन्यास रू–ककांल, तितली और इरावती (अपूर्ण)।

(छ) कहानी संग्रहरू–छाया, प्रतिध्वनि,आकाश –दीप,आंधी, इंद्रजाल,देवरथ।

(ज) निबंध एवं आलोचनारू काव्य और कला तथा अन्य निबंध।

प्रसाद जी के समग्र साहित्य को देखें तो एक बात स्पष्ट है कि उन्होंने साहित्य में बराबर नये प्रयोग किये।काव्य की दृष्टि से वे सही अर्थों में छायावाद के उद्भावक थे।उनकी कविताओं में सर्वप्रथम छायावाद की विशिष्टताएं उजागर हुईं। इसीलिए झरनाश को छायावाद की प्रथम प्रयोग शाला कहा गया है।उनकी कृति आंसू भी बेहद चर्चित हुई। आंसू की ये पंक्तियां कितनी मार्मिक और संवेदना पूर्ण हैंरू–

जो घनीभूत पीड़ा थी,
मस्तक में स्मृति सी छाई।
दुर्दिन में आंसू बनकर,
वह आज बरसने आई।

प्रेम संदर्भों में वेदना की गहराई में जितना प्रसाद डूबे, उतना कोई अन्य छायावादी कवि नहीं। सुमित्रानंदन पंत विरह में प्रेम के विभिन्न सामाजिक संदर्भों को अभिव्यक्त करने लगते हैं। महादेवी वर्मा वियोग में तन्मय होकर संयोग की कल्पना करने लगती हैं। सूर्य कांत त्रिपाठी निराला आध्यात्म में डूबे जाते हैं, लेकिन प्रसाद की वेदना अनुभूति को कोई आध्यात्मिक अर्थ न दिया जाए तो भी उसकी उत्कृष्टता में किसी

प्रकार का व्याघात नहीं पहुंचता।

संदर्भ ग्रंथः–

1. हिंदी साहित्य का इतिहास –आचार्य राम चंद्र शुक्ल,नागरी प्रचारिणी सभा वाराणसी,1990
2. हिंदी साहित्य का इतिहास सं.डा नगेंद्र, नेशनल पब्लिशिंग हाउस नई दिल्ली 2005
3. कामायनी विमर्श –डा किशोर साहु, अरविन्द प्रकाशन, पटना 2015
4. प्रसाद के नाटक –डा सिद्ध नाथ कुमार,अनुपम प्रकाशन पटना 1990
5. कामायनी का प्रवृत्ति मूलक अध्ययन –डा कामेश्वर प्रसाद सिंह, अनुसंधान प्रकाशन आचार्य नगर कानपुर 1965
6. प्रसाद की गद्य भाषा का अर्थ सौंदर्य –डा बलराम मिश्र,समीक्षा प्रकाशन, मुजफ्फरपुर 2017

डॉ0 चंद्र मणि किशोर
वरीय हिंदी शिक्षक
जिला स्कूल, रांची
चलभाषरू7979852019
9431595318